(1)

राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक 6] सप्तम् विधान सभा के षष्टम् सत्र का बाइसवां दिवस [संख्या 16

बृहस्पतिवार

दिनांक 10 मार्च, 1983

(विधान सभा की बैठक म. पू. 11.00 बजे विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई)

(श्री पूनम चन्द विश्नोई, अध्यक्ष, पदासीन)

तारांकित प्रश्नोत्तर

श्री अध्यक्ष : प्रश्न। श्री बालचन्द्र आर्यवीर। श्री अनंग कुमार जैन।

श्रम न्यायालय की संख्या में वृद्धि

396. श्री बालचन्द्र आर्यवीर (डग) व श्री अनंग कुमार जैन (झालरापाटन) : क्या विधि एवं न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) राज्य में कितने श्रम न्यायालय किन-किन स्थानों पर हैं ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) उनमें श्रमिकों के कितने मामले किस-किस स्तर के चल रहे हैं और उनमें कुल कितने-कितने मामले पेन्डिग हैं ?

(3) क्या यह सही है कि केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती राम दुलारी सिन्हा ने राज्य सरकार को श्रम न्यायालयों की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया था ? यदि हां, तो उस पर राज्य सरकार ने कितनी क्रियान्विति की ?

विधि एवं न्याय मंत्री (श्री अहमद बक्श सिन्धी) : (1) राज्य में निम्न 5 स्थानों पर श्रम न्यायालय हैं :

1. जयपुर,
2. जोधपुर,
3. बीकानेर,
4. उदयपुर व
5. कोटा।

(2) उक्त पांचों न्यायालयों में श्रमिकों के निम्न स्तर के मामले विचाराधीन हैं :-

1.	श्रम विवाद रेफरेन्स	772
2.	श्रम प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 33 (सी) 2	1341
3.	श्रम प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 33 ए	5
4.	श्रम प्रार्थना-पत्र मुतफरिक	5
5.	औद्योगिक विवाद रेफरेन्स	204
6.	औद्योगिक प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 33 (2) बी	43
7.	औद्योगिक प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 33 ए	54
8.	औद्योगिक प्रार्थना-पत्र मुतफरिक	8
	कुल योग :	2432

(श्री अहमद बक्श सिंधी)

(3) जी हां। विचाराधीन प्रकरणों की संख्या को देखते हुए वर्तमान में न्यायालयों की संख्या बढ़ाना आवश्यक नहीं समझा गया है।

श्री बालचन्द्र आर्यवीर : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदय से तीन प्रश्न पूछना चाहता हूं। न्यूनतम मजदूरी नहीं मिलने के कितने केस बनाये गये और कितने लोगों को न्यूनतम मजदूरी दिलायी गयी ? दूसरा, राज्य सरकार के अन्तर्गत चलने वाले जिन विभागों में न्यूनतम वेतन नहीं दिया जाता, उदाहरण के लिए अकाल राहत कार्य विभाग, खनिज विभाग व सिंचाई विभाग, उनके विरुद्ध न्यायालय में कितने मुकदमे बनाये गये ? क्या यह सच है कि कई श्रम न्यायालयों में सम्बन्धित अधिकारी नहीं होने से लोगों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है ? यदि हां, तो कितने समय से श्रम न्यायालयों में कितने पद रिक्त पड़े हुए हैं ?

श्री अहमद बक्श सिन्धी : माननीय अध्यक्ष महोदय, जहां तक न्यूनतम मजदूरी का सवाल है यह इस विभाग से सम्बन्ध नहीं रखता, यह लेबर डिपार्टमेन्ट से सम्बन्ध रखता है। आपने दूसरा सवाल यह किया कि क्या राजकीय विभागों में न्यूनतम मजदूरी मिलती है, अगर नहीं मिलती है तो कितने मुकदमे बनाये हैं ? यह सवाल लेबर डिपार्टमेन्ट से सम्बन्ध रखता है, मेरे से नहीं रखता।

श्री अनंग कुमार जैन (झालरापाटन) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं प्रश्न यह पूछ रहा हूं माननीय मन्त्री महोदय से कि श्रम न्यायालयों में न्यूनतम मजदूरी नहीं देने के कितने केसेज पैण्डिग हैं ? दूसरा, कुछ ऐसे केसेज भी हैं जो 8–8, 10–10 वर्षों से पैण्डिग हैं ? यदि हां, तो इतने लम्बे समय से क्यों पैण्डिग है ? इसका क्या कारण है ?

श्री अहमद बक्स सिंधी : अध्यक्ष महोदय, Computation of rights of claims of labour के मामले, जो 33 सी के अन्तर्गत प्रार्थना-पत्र हैं, 1341 हैं।

श्री अनंग कुमार जैन : मैंने पुराने केसेज के बारे में पूछा है।

श्री अहमद बक्श सिंधी : वह सवाल भी इसमें शामिल है जो आप फर्मा रहे हैं।

श्री अनंग कुमार जैन : मेरा मतलब है ऐसे कई केसेज हैं जो 8–10 वर्ष पुराने हैं और अभी भी चल रहे हैं। उनका इतना लम्बा चलने का क्या कारण है ?

श्री अहमद बक्श सिंधी : दोबारा कहिए।

श्री बालचन्द्र आर्यवीर : सम्बन्धित अधिकारियों के पास कितने केसेज पैण्डिग हैं ?

श्री अहमद बक्श सिंधी : आप दोबारा फर्मायें।

श्री अध्यक्ष : बातें नहीं करें, माननीय सदस्य। शांत रहें।

श्री अनंग कुमार जैन : कुछ केसेज ऐसे हैं जो 8–10 वर्ष पुराने हैं और न्यायालय में अभी तक पैन्डिग हैं। उन केसेज का इतने लम्बे समय तक न्यायालय में पैण्डिग रखने का क्या कारण है ?

श्री अहमद बक्श सिंधी : माननीय सदस्य, यदि मुझे कुछ डिटेल्स दें ऐसे मामलों की तो मैं जांच करा सकता हूं। ऐसी कोई डिटेल नहीं हैं, न सवाल के अन्दर हैं।

श्री अनंग कुमार जैन : भाग संख्या (2) के अन्दर मैंने पूछा है, उनमें श्रमिकों के कितने मामले किस-किस स्तर के चल रहे हैं और उनमें कुल कितने-कितने मामले पेंडिंग हैं ?

श्री अहमद बक्श सिंधी : इसकी डिटेल दे दें।

श्री अध्यक्ष : कितने समय से या अधिक समय से चल रहे हैं, उसके बारे में स्पेसिफिक क्वेश्चन नहीं पूछा।

श्री अनंग कुमार जैन : किस स्तर के चल रहे हैं, यह पूछा है।

श्री अध्यक्ष : अस्पष्ट है।

श्री अनंग कुमार जैन : केसेज 8-10 साल से चल रहे हैं तो क्या राज्य सरकार श्रम न्यायालयों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है ?

श्री अहमद बक्श सिंधी : माननीय अध्यक्ष महोदय, अगर माननीय सदस्य मुझे उन केसेज की लिस्ट देंगे तो मैं उनको सक्रियता से निपटवाने का प्रयास करूंगा।

श्री मेघराज तावड़ (गोगुन्दा) : एक प्रश्न यह पूछना चाहता हूं कि श्रम न्यायालयों में कितने पद रिक्त पड़े हैं जिनकी पूर्ति नहीं की ? दूसरा, अध्यक्ष महोदय, यह उत्तर दिया गया कि मिनिमम वेजेज के कितने केसेज हैं, इसकी जानकारी नहीं है। यह लेबर डिपार्टमेंट से सम्बन्धित है। मैं कहना चाहता हूं कि श्रमिकों के मामले में राजस्थान सरकार ही नीति बनाती है उस नीति के अनुसार उनको मिनिमम वेजेज नहीं मिलती है तो नीति को लागू करवाने के लिए क्या आप अपने डिपार्टमेंट को निर्देश देंगे ?

श्री अहमद बक्श सिन्धी : आप जरा दोबारा कहें। मुझे तो आपकी आवाज में लगता है कि कुछ...

श्री मेघराज तावड़ : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैंने स्पष्ट पूछा कि कितने पद रिक्त हैं श्रम न्यायालयों में, और वह पद कब तक भर दिये जायेंगे ? क्या आप इसकी कमी महसूस करते हैं ? दूसरा है, मिनिमम वेजेज श्रमिकों को नहीं मिलती हैं। आपने कहा कि उसका सम्बन्ध मेरे विभाग से नहीं है श्रम डिपार्टमेंट से है। तो मैं कहना चाहता हूं, राजस्थान सरकार नीति बनाती है तो सरकार का कर्तव्य हो जाता है कि जहां मिनिमम वेजेज नहीं मिलती है वहां उसको लागू कराने के लिए कोई आदेश दे।

श्री अहमद बक्श सिन्धी : अध्यक्ष महोदय, श्रम न्यायालयों में कोई पद खाली नहीं है। सब भरे हुए हैं।

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न।

श्री रघुवीर सिंह कौशल (बारां) : अध्यक्ष महोदय, एक प्रश्न पूछूंगा। साढ़े तीन हजार केसेज 8–8 साल से पेंडिंग हैं। केन्द्रीय सरकार सुझाव दे रही है कि श्रम न्यायालय बढ़ाये जाय। तो, अध्यक्ष महोदय, यह दोनों बातें क्या इसके लिए मजबूर नहीं कर रही हैं कि श्रम न्यायालय बढ़ाये जायं ?

(५)

श्री अहमद बक्श सिन्धी : माननीय अध्यक्ष महोदय, 2432 केसेज पैण्डिंग हैं, इनके लिए 5 न्यायालय खुले हुए हैं। इससे ज्यादा न्यायालय खोलने की सम्भावना नहीं है।

श्री रघुवीर सिंह कौशल : 8 साल से जो केस पैण्डिंग हैं उनका क्या होगा ?

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, उत्तर दे दिया।

अगला प्रश्न। श्री मेघराज तावड़।

गोगुन्दा तहसील को ट्राइबल सब प्लान में लेना

397. श्री मेघराज तावड़ (गोगुन्दा): क्या जन जातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) उदयपुर जिले की गोगुन्दा तहसील में आदिवासी आबादी कितने प्रतिशत है ?

(2) क्या राज्य सरकार गोगुन्दा तहसील की आदिवासी आबादी को देखते हुए इसे ट्राइबल सब-प्लान में लेने का इरादा रखती है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उप मंत्री, जन जातीय क्षेत्रीय विकास (श्री गोविन्द आमलिया) : (1) 1981 की जनगणना के अनुसार गोगुन्दा तहसील में आदिवासी वहां की कुल आबादी के 39.69 प्रतिशत हैं।

(2) जी नहीं, भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार जन जाति उपयोजना में सम्मिलित करना संभव नहीं है।

श्री मेघराज तावड़ : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा क्वेश्चन इसलिए था कि गोगुन्दा तहसील को, पहले जो ट्राइबल सब-प्लान बना उस प्लान के नक्शे में लाया गया। वहां आदिवासियों की आबादी 50.10 पर्सेन्ट है। मेरी समझ में नहीं आता कि क्यों और किन कारणों से आबादी कम कर दी गयी। ट्राइबल सब-प्लान को जान बूझकर वहां नहीं ले जा रहे हैं। मैं उदाहरण के लिए कहना चाहता हूं कि सलूम्बर में आदिवासियों की आबादी गोगुन्दा से कम है फिर भी सलूम्बर को ट्राइबल सब-प्लान के अन्तर्गत लिया गया है। तो क्या आप गोगुन्दा के लोगों को ट्राइबल सब-प्लान में लेने का प्रयास करेंगे ?

श्री गोविन्द आमलिया : अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार के मापदण्ड के अनुसार किसी भी तहसील की आबादी में जब तक जन-जाति की आबादी पचास प्रतिशत या उससे अधिक नहीं हो तब तक उसको ट्राइबल सब प्लान में नहीं लिया जा सकता है। गोगुन्दा की आबादी पिछली 1981 की जनगणना के अनुसार भी कुल आबादी की 37% प्रतिशत है। इसलिए जो माननीय सदस्य यह कह रहे हैं कि गोगुन्दा की आबादी में पचास प्रतिशत से अधिक है यह गलत है। सलूम्बर की जनजाति की आबादी कुल आबादी की पचास प्रतिशत से अधिक है इसलिए उसको लिया गया है।

श्री मेघराज तावड़ : अध्यक्ष महोदय, सरकार ने जो नक्शा प्रकाशित किया है उसके अनुसार गोगुन्दा के आदिवासियों की संख्या 51.10 प्रतिशत है। इसी तरह से नाथद्वारा और कुम्भलगढ़ व आसपास के क्षेत्र

(श्री मेघराज तावड़)

हैं उनको मिला कर आदिवासियों की आबादी पचास प्रतिशत से अधिक है। इन सब को मिला कर गोगुन्दा तहसील को ट्राइबल सब-प्लान में लिया जा सकता है ?

जन जातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री (श्री दुलाराम) : माननीय अध्यक्ष महोदय, गोगुन्दा तहसील के 20 ग्राम और कुम्भलगढ़ के 28 गांव हैं। उसको जनजाति बहुल होने की वजह से मांडा योजना के अन्तर्गत लिया गया है। जहां तक माननीय सदस्य जनसंख्या की बात करते हैं 1971 की जनगणना के अनुसार वहां की कुल जनसंख्या 83175 थी जो कि 1981 में बढ़कर 105282 हो गई। उसमें एस. टी. की जनसंख्या 41746 है जो कि 39.69 पर्सेन्ट आती है। तो जब तक पचास पर्सेन्ट तक आबादी नहीं बढ़ेगी तब तक गोगुन्दा को इस प्लान, इस योजना के अन्तर्गत नहीं लिया जा सकता है।

श्री अध्यक्ष : श्री सी.पी. जोशी।

श्री सी.पी. जोशी (नाथद्वारा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदय से एक प्रश्न पूछना चाहता हूं। क्या मंत्री महोदय इस बात से अवगत हैं कि जब भारत सरकार ने यह आधार बना रखा है कि ट्राइबल सब-प्लान के अन्तर्गत उसी एरिया को लिया जा सकता है जिसमें जनजाति की आबादी पचास पर्सेन्ट से अधिक है ? यदि हां, तो आसपास के क्षेत्र नाथद्वारा, गोगुन्दा और कुम्भलगढ़ को मिला कर जनजाति की आबादी पचास पर्सेन्ट से अधिक हो जाती है। क्या राज्य सरकार भारत सरकार को यह स्पेशल रिकमण्डेशन करने का विचार रखती है कि चूंकि उस एरिया में जन जाति के लोग स्केटर्ड बसे हुए है, उनको इस प्लान का फायदा नहीं मिल रहा है इसलिए उन सब को मिला कर ट्राइबल सब-प्लान में इन्क्लूड किया जाय ?

श्री दुलाराम : माननीय अध्यक्ष महोदय, इस सम्बन्ध में जैसा मैंने निवेदन किया कि एरिया को इन्क्लूड करने के लिए पचास प्रतिशत से अधिक आबादी होने का प्रावधान है। जब तक पचास प्रतिशत से अधिक आबादी नहीं हो उसको ट्राइबल सब-प्लान में शामिल नहीं किया जा सकता। जहां तक आदिवासियों को व्यक्तिगत फायदा मिलने की बात है, उसके लिए राज्य सरकार भारत सरकार को चिट्ठी लिखेगी।

श्री सी. पी. जोशी : ट्राइबल सब-प्लान के दो उद्देश्य हैं, एक एरिया और दूसरा इण्डिविजुअल बेनिफिट। अभी तक नाथद्वारा, वल्लभनगर और मावली के इलाकों में भी ट्राइबल सब-प्लान का फायदा नहीं मिल रहा है। इसलिए मेरा प्रश्न यह था कि क्या राज्य सरकार भारत सरकार को यह स्पेशल रिकमंडेशन करने का विचार रखती है कि इन इलाकों के आदिवासियों को फायदा मिलना चाहिए ? इण्डिविजुअल बेनिफिट तो मिल जाएगा लेकिन जब तक एरिया डवलप नहीं होता तब तक आदिवासियों को पूरा फायदा नहीं मिल सकता। इसके लिए राज्य सरकार की क्या मंशा है ?

श्री दुलाराम : राज्य सरकार की यह नीति है कि आदिवासियों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिले। हमारे देश की प्रधान मंत्री भी यह चाहती हैं कि आदिवासियों को अधिक से अधिक फायदा मिले। हमारी कांग्रेस पार्टी की नीति भी यही है कि जनजाति के व्यक्तियों

(6)

(श्री दुलाराम)

और आदिवासियों का अधिक से अधिक भला हो। इसीलिए यह ट्राइबल सब-प्लान लागू किया गया है। आज ही नहीं पूर्व में भी हमारी यही नीति रही है। जनता पार्टी के शासन से पहले भी यही नीति रही है और अभी भी हमारी यही नीति है कि आदिवासियों को फायदा मिले। इस बारे में···

श्री सी. पी. जोशी : मेरा प्रश्न यह नहीं है। जब राज्य सरकार यह मानती है कि आदिवासियों को अधिक से अधिक फायदा मिले तो जो पचास प्रतिशत आबादी का आधार बना रखा है उससे उस एरिया का बहुत बड़ा भाग, बहुत बड़ी जनसंख्या ट्राइबल सब-प्लान के फायदे से वंचित है। इसलिए जो आबादी स्कैटर्ड है, आस पास के क्षेत्र में बसी हुई है उसको फायदा मिल सके इसलिए नाथद्वारा, कुम्भलगढ़, मावली आदि एरिया को इन्क्लूड करने के लिए क्या राज्य सरकार भारत सरकार को रिकमण्ड करने का विचार रखती है ?

श्री दुलाराम : आप एरिया बढ़ा दीजिए··

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : श्री तावड़।

श्री मेघराज तावड़ : माननीय अध्यक्ष महोदय, जैसा मंत्रीजी उत्तर दे रहे हैं आप मंशा रख रहे हैं लेकिन वास्तव में आदिवासियों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। कल ही मुझे जो सूची दी गई है उसके अनुसार नाथद्वारा और कुम्भलगढ़ क्षेत्र में 81 गांवों में आदिवासी स्कैटर्ड बसे हुए हैं। उनको मांडा योजना में लिया गया है। उसके अनुसार वहां पर तीन हैंड पम्प लगाने थे लेकिन एक हैंड पम्प लगा है। मेरा निवेदन करना यह है कि जब तक आसपास के एरिया को इन्क्लूड करके ट्राइबल सब-प्लान में एरिया डवलपमेंट के अन्तर्गत नहीं लिया जाएगा तब तक आदिवासियों को इसका पूरा बेनिफिट नहीं मिल सकता है। इसलिए आप क्या यह मंशा रखते हैं कि भारत सरकार को यह स्पेशल रिकमण्डेशन की जावे कि इस आसपास के एरिया को मिलाकर गोगुन्दा को ट्राइबल सब-प्लान में लिया जावे ताकि उस एरिया को बेनिफिट मिल सके और आदिवासियों को फायदा मिल सके।

श्री नन्दलाल मीणा (प्रतापगढ़) : अध्यक्ष महोदय, एक प्रश्न।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : अब और प्रश्नों की इजाजत नहीं दूंगा। अगर मंत्री महोदय चाहें तो इसका उत्तर दे दें।

श्री दुलाराम : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैंने यह पहले ही निवेदन कर दिया है कि नियमों की प्रक्रिया में जो भी आयेंगे हम उसके लिए भारत सरकार को लिखेंगे।

श्री सी. पी. जोशी : अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं आ रहा है।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : उत्तर दे दिया है मंत्री महोदय ने।

अगला प्रश्न। माननीय सदस्य।

श्री नन्दलाल मीणा : अध्यक्ष महोदय, मैं एक नीतिगत सवाल पूछना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न, माननीय सदस्य।

ग्राम अंगनेऊ (बीकानेर) की अवाप्त भूमि

398. श्री देवीसिंह भाटी (कोलायत) : क्या राजस्थान नहर मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि राजस्थान मुख्य नहर, सड़क व भट्टों के निर्माण के दौरान ग्राम अंगनेऊ जिला बीकानेर के निम्नलिखित किसानों को उनकी भूमि की अवाप्ति से पूर्व कोई नोटिस नहीं दिया गया:–

1. चैनसिंह पुत्र माधोसिंह आर. डी. 832
2. जोगसिंह पुत्र हीरसिंह, आर. डी. 837
3. डूंगरसिंह पुत्र हीरसिंह, आर. डी. 837
4. पोलाराम कुमार पुत्र भभूताराम, आर. डी. 837
5. भोपालसिंह पुत्र अलसीदानसिंह, आर. डी. 824
6. गोविन्दसिंह पुत्र अमरसिंह, आर. डी. 820
7. जैससिंह पुत्र सुल्तानसिंह, आर. डी. 820
8. बनेसिंह पुत्र सुल्तानसिंह, आर. डी. 815 व 840
9. सुगनसिंह पुत्र नवलसिंह, आर. डी. 827

(2) क्या यह भी सही है कि उपरोक्त काश्तकारों को अभी तक भूमि का मुआवजा या बदले में अन्य भूमि नहीं दी गई है? यदि हां, तो क्यों?

(3) राज्य सरकार का अवाप्त भूमि के बदले में उक्त किसानों को कब तक मुआवजा अथवा भू-आवंटन करने का विचार है?

(4) क्या यह सही है कि विधान सभा के 1982 के बजट सत्र में तत्कालीन राजस्थान नहर मंत्री द्वारा 26 जून, 1982 तक सारे मामले निबटाने के घोषणा की गई थी? यदि हां, तो अभी तक कार्यवाही न होने के क्या कारण हैं?

राजस्थान नहर परियोजना मंत्री (श्री चन्दनमल बैद) : (1) जी हां। परन्तु भूमि की अवाप्ति राजस्थान नहर के आवश्यक कार्यों के लिए जहां तक सम्भव हो किसानों को जमीन के बदले जमीन देने की कार्यवाही सहमति से की गई है।

(2) ग्राम अंगनेऊ जिला बीकानेर के श्री जलसीदान सिंह पुत्र बोडदसिंह, राजपूत, जालसिंह पुत्र हरिसिंह चैनसिंह वगैरह राजपूत, जोगसिंह पुत्र हीरसिंह राजपूत, उदय सिंह पुत्र भूरसिंह राजपूत, सुल्तानसिंह पुत्र बाडेदसिंह राजपूत को उनकी 34 बीघा 6 बिस्वा, 38 बीघा 10 बिस्वा, 7 बीघा 10 बिस्वा, 2 बीघा 8 बिस्वा, 5 बीघा 7 बिस्वा अवाप्त की गई जमीन के बदले जमीन क्रमशः 31 बीघा, 28 बीघा, 7 बीघा 10 बिस्वा, 2 बीघा 8 बिस्वा व 5 बीघा 7 बिस्वा 31-8-82 को दे दी गई है। इसके अतिरिक्त श्री चैनसिंह व जोगसिंह को एक एक कुण्ड के मुआवजे की रकम 1800 रुपये व 1700 रुपये क्रमशः दिनांक 11-10-77 व 5-4-78 को चुका दी गई है। बाकी के मामलों में जमीन के बदले जमीन देने की कार्यवाही की जा रही है।

(8)

(श्री चन्दनमल बैद)

(3) शीघ्र ही।

(4) जी हां। 30 जून तक का आश्वासन था। भूमि अवाप्ति अधिनियम की विभिन्न धाराओं के प्रकाशित करने, उनके अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही करने व नियमानुसार भूमि के बदले भूमि देने की कार्यवाही करने में समय लगने के कारण सारे मामले निपटाये नहीं जा सके है।

श्री देवीसिंह भाटी (कोलायत): अध्यक्ष महोदय, मेरा इसमें निवेदन करना यह है..

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी: यह आपने गले में क्या बांध रखा है?

श्री देवीसिंह भाटी :....कि इस सदन के अन्दर पिछले बजट सैशन में मंत्री महोदय ने यह आश्वासन दिया था कि 30 जून तक सब मामलों को निपटा दिया जाएगा और भूमि के बदले भूमि दे दी जाएगी। एक वर्ष हो गया परन्तु अभी तक किसानों को न तो भूमि के बदले भूमि दी गई है और न उनको मुआवजा ही दिया गया है। यह तो मैंने कुछ व्यक्ति की लिस्ट दी है, ऐसे सैकड़ों केसेज हैं जिनकी पूरी की पूरी जमीन अवाप्त कर ली लेकिन उसके बदले में न तो भूमि दी है और न ही मुआवजा। मैं फिर मंत्री महोदय से आश्वासन चाहता हूं कि अब आप इनको किस तारीख तक मुआवजा या भूमि दे देंगे?

श्री चन्दनमल बैद: मैं निवेदन कर चुका हूं, यह बात सही है कि उनको जितनी भूमि देनी चाहिये थी उतनी नहीं दे सके। यह भी सही है कि जो आश्वासन दिया था कि 30 जून तक पूरा कर देंगे वह नहीं कर सके। इसका मुझे दुःख है। परन्तु इसमें कई दिक्कतें हैं। उसके बावजूद बराबर कोशिश कर रहे हैं कि यह मामले जितने जल्दी निपटाये जा सकें, निपटाये जावें।

श्री देवीसिंह भाटी: माननीय अध्यक्ष महोदय, गत बजट सैशन में मंत्री महोदय, ने यह आश्वासन दिया था कि 30 जून तक निपटा देंगे। इसके अलावा यह भी आश्वासन दिया गया था कि जो भी भूमि नहरों के लिए या भट्टों के लिये अवाप्त की जायेगी उस भूमि का मुआवजा या भूमि के बदले भूमि देने के बाद ही वह भूमि अवाप्त की जायेगी। क्या यह आश्वासन नहीं दिया गया था?

श्री चन्दनमल बैद: मैंने यह निवेदन किया, यह आश्वासन दिया गया था कि 26 जून तक सारे मामले निबटा दिये जायेंगे। बाकी बातें जो आप कह रहे हैं मेरे ध्यान में नहीं हैं।

श्री देवीसिंह भाटी: मैंने सप्लीमेंट्री किया था, प्रश्न के भाग (4) में मैंने पूछा है, 26 जून, 1982 तक सारे मामले निबटा देने का क्या आश्वासन दिया गया था जान बूझ कर इसका उत्तर नहीं दे रहे हैं। हाउस में आश्वासन दिया था कि जो भूमि अवाप्त की जायगी उसके पूर्व काश्तकारों को भूमि या मुआवजा दिया जायगा।

श्री अध्यक्ष: मंत्री महोदय कह रहे हैं कि आश्वासन दिया था वह कार्यवाही करेंगे। हमको मान कर चलना चाहिये उनके साथ न्याय होगा।

श्री देवीसिंह भाटी : यह कहा था कि आइन्दा भूमि अवाप्त करेंगे उसके पहले काश्तकारों को भूमि या मुआवजा देंगे।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, कई बार कठिनाई हो जाती है। मंत्री महोदय ने आश्वासन दिया है तो विश्वास करके चलना चाहिये, ठीक होगा, न्याय होगा।

श्री देवीसिंह भाटी : एक मंत्री तो इतने सालों में कर नहीं सके।

श्री अध्यक्ष : उसके कारण थोड़ी देर हो गई।

अगला प्रश्न।

बिडला सीमेंट वर्क्स, चित्तौड़गढ़ से प्राप्त रॉयल्टी

399. **श्री रामकिशोर मीणा (सिकराय) व श्री रंगजी मीणा (सपोटरा)** : क्या खनिज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:--

(1) क्या यह सही है कि बिड़ला सीमेंट वर्क्स, चित्तौड़गढ़ द्वारा सन् 1964 से सन् 1977 तक 1-4-1977 से 31-3-1978 तक उनके द्वारा खनन् किये गये खनिज सीमेंट ग्रेड लाइम स्टोन पर रॉयल्टी चुकाने का आधार उनके द्वारा खनन् ढोने हेतु प्रयोग में लाये जाने वाले डम्पर्स को माना गया था?

(2) क्या यह भी सही है कि उनके द्वारा मेक कम्पनी के डम्पर प्रयोग में लाना बताया जाता रहा जिनकी कैपेसिटी 10 टन की बताई गई और उसी के अनुसार उन्होंने रॉयल्टी चुकाई?

(3) क्या यह भी सही है कि विभाग द्वारा इस मेक के डम्पर्स की कैपेसिटी 15 टन की होने के बारे में शंका होने पर वर्क्स से इन डम्पर्स का उत्पादन करने वाली फर्म का लिटरेचर मांगा गया था? यदि हां, तो क्या वह लिटरेचर विभाग को प्राप्त हो गया? कृपया उसकी प्रति सदन की मेज पर रखें।

(4) 1-4-1977 से 31-3-1978 तक इन डम्पर्स के कितने-कितने ट्रिप किस-किस माह में किये गये और उन पर कितनी रॉयल्टी प्रति माह चुकाई गई? कृपया विवरण सदन की मेज पर रखें।

राज्य मंत्री, खनिज (श्री जयकृष्ण शर्मा) : (1) जी हां।

(2) जी हां, यह सही है कि उनके द्वारा मेक कम्पनी के डम्पर प्रयोग में लाना बताया गया लेकिन उनकी कैपेसिटी 10 टन नहीं बता कर उन्होंने यह बताया कि वे डम्पर में औसतन 10 टन खनिज ही ले जाते हैं और उसी के अनुसार रॉयल्टी चुकाई।

(3) जी हां, लिटरेचर मांगा गया था पर उपलब्ध न होने पर प्रति ट्रिप 12 टन के हिसाब से रॉयल्टी लगाने के आदेश दिये। पार्टी ने भारत सरकार में अपील कर इन आदेशों को निरस्त करवा दिया। भारत सरकार के आदेशानुसार जांच जारी है।

(4) सूची सदन की मेज पर रख दी गई है।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 1 देखें)

श्री रामकिशोर मीणा : माननीय अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे :–

बिड़ला सीमेंट वर्क्स द्वारा खनन् के निष्क्रमण की मात्रा क्या है? कितनी मात्रा

(श्री राम किशोर मीणा)

जारी की जाती है ? इस बारे में विभाग ने क्या क्या मापदण्ड निर्धारित किये जिसके हिसाब से पता लग सके कि इतनी मात्रा में खनन् किया जाता है ? क्या विभाग को शंका हुई ? क्या विभाग ने डम्पर्स का लिटरेचर मांगा था तथा पार्टी ने यह कहा कि कम्पनी जो डम्पर्स बनाती है, उसका इस तरह का कोई लिटरेचर नहीं होता है ? आपने उन डम्पर्स की कैपेसिटी 12 टन औसतन मानी है। क्या इस तरह के केसेज पकड़े गये हैं जिनके आधार पर 12 टन कैपेसिटी तय की गई ?

श्री जयकृष्ण शर्मा : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए कह दूं, मैंने खुद उत्तर में कहा है, ऐसा कहीं नहीं माना है। उन्होंने यह माना था, दस टन औसतन ले जाते हैं। उसके आधार पर हमारे विभाग ने पूछा था और खनन् में 12 टन के हिसाब से रॉयल्टी लगाई थी। इस पर पार्टी भारत सरकार के पास गयी, उसने अपील की। भारत सरकार ने इस बात में कोई वजन पाया होगा इसलिए भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया। अब इस पर जांच चल रही है। जो सीमेंट पैदा की है, जो सीमेंट का प्रोडक्शन हुआ है और जितना उन्होंने खनिज निकाला है, इन दोनों का तालमेल निकाला जाता है। यदि 16 टन लाइम स्टोन ले गये तो 10 टन सीमेंट बैठनी चाहिए। उसके आधार पर जांच चालू है। यदि जांच में यह सही पाया गया तो रॉयल्टी नियमानुसार वसूल कर ली जायेगी।

श्री कैलाश मेघवाल (अजमेर पूर्व) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं। कम्पनी मेक डम्पर्स की कैपेसिटी 15 टन से कम की नहीं है। मैं इसलिए पूछना चाहता हूं, क्या विभाग ने मेक कम्पनी से सीधी यह जानकारी की या नहीं कि आपके डम्पर्स, जो बिड़ला वर्क्स को सप्लाई किये हैं, की कैपेसिटी क्या है ? एक बात। दूसरा, यह जो पार्टी का कहना है कि हम 10 टन औसतन ले जाते हैं जब कि वह डम्पर्स इस तरह के हैं कि करीब 15 टन ले जा सकते हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि 15 टन के आधार पर अगर यह मान लिया जाय कि इतनी कैपेसिटी होती है तो जो सूची दी है उसके आधार पर एक साल में 7,38 412 रुपये कम मिले हैं विभाग को। इसी आधार पर पिछले सालों का देखा जाय तो उसमें 31,97,946 रुपये कम मिले हैं विभाग को। क्या इसकी जांच की है ?

केन्द्रीय सरकार के पास मामला गया जब पार्टी ने अपील की तो राजस्थान की सरकार ने अपना क्या पक्ष प्रस्तुत किया ?

श्री जयकृष्ण शर्मा : माननीय सदस्य ने जैसा कि कहा है कि 15 टन की उसकी कैपेसिटी होती है। मेक कम्पनी से हमने नहीं पूछा कि उसकी कितनी कैपेसिटी होती है। डम्पर्स अलग-अलग तरीके के बनते हैं, उनकी कैपेसिटी इस प्रकार अलग होती है। पार्टी ने बताया कि एवरेज लाइम स्टोन 10 टन ले जाते हैं जब कि विभाग ने 12 टन का लगाया। मैं कह चुका हूं, बिड़ला सीमेंट वर्क्स जो सीमेंट बनाती है उसका वहां रिकार्ड है। जो रिकार्ड है वह प्रति वर्ष का, प्रतिदिन का है। जो भी उसका हिसाब है,

(श्री जयकृष्ण शर्मा)

जितनी सीमेंट बनी और जितना खनिज निकाला है, उन दोनों में तालमेल होने की बात होती है। यदि खनन् करके 16 टन लाइम स्टोन ले गये, तो उसकी 10 टन सीमेंट निकलेगी। उसके हिसाब से अगर ज्यादा सीमेंट का प्रोडक्शन हुआ है तो अपने आप जानकारी हो जायेगी कि ज्यादा खनन् किया है और जो रॉयल्टी होगी वह नियमानुसार वसूल की जायगी। इसलिये प्रश्न ही पैदा नहीं होता कि किसी प्रकार की बात हो। अगर कोई ट्रक है उसके टायर खराब हैं तो कम खनिज ले जाते हैं, अगर अच्छे हैं तो ज्यादा ले जाते हैं। अब कोई कहे, 15 टन, 14 टन, 12 टन, 13 टन ले जाते हैं, तो उसका कोई मापदण्ड नहीं हो सकता है। यह बात तो इसी से जानी जा सकती है कि सीमेंट का कितना प्रोडक्शन हुआ और लाइम स्टोन कितना गया। अगर उसमें तालमेल नहीं बैठता है तो उसके हिसाब से रॉयल्टी ली जायगी।

श्री अध्यक्ष : उत्तर विस्तृत हो गया।

श्री कैलाश मेघवाल : इतनी गंभीर बात कही है। खनन् किया जाता है उसके आधार पर रॉयल्टी नहीं लेकर के···

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, मंत्री महोदय ने कह दिया···

श्री कैलाश मेघवाल : सरकार को, माननीय अध्यक्ष महोदय, लाखों का घाटा हो रहा है।

श्री अध्यक्ष : यह जो आप फर्मा रहे हैं...

श्री जयकृष्ण शर्मा : आप 1978 में खुद थे, यह बात करनी होती, शर्म होती, तो 1978 में करवायी जानी थी। उस वक्त की नहीं···

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : कृपया, माननीय सदस्य।

श्री कैलाश मेघवाल : उसकी कैपेसिटी क्या है? क्या निर्देश दिये हैं?

श्री अध्यक्ष : आसन पैरों पर है। कृपया बैठ जायं।

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज। बैठ जायं। ऐसा है, माननीय सदस्य, मंत्री महोदय ने कह दिया कि भारत सरकार ने यदि दस टन की बात मान ली तो सीमेंट का उत्पादन कितना होता है और उसमें कितना रॉ मेटीरियल लगेगा, वह बात उन्होंने कह दी, उसकी जांच हो रही है। मैं समझता हूं अब कोई विवाद का विषय नहीं है।

श्री कैलाश मेघवाल : केन्द्रीय सरकार के सामने राजस्थान सरकार ने अपना क्या पक्ष रखा?

श्री अध्यक्ष : अंकित न हो।

श्री कैलाश मेघवाल : XXX

श्री अध्यक्ष : कृपया समय न लें। माननीय सदस्य, प्रश्न का उत्तर आ गया।

XXX माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अंकित नहीं किया गया।

(श्री अध्यक्ष)

अगला प्रश्न। श्री फतेसिंह !

कुशलगढ़ (बांसवाड़ा) में महाविद्यालय खोलना

400. श्री फतेसिंह (कुशलगढ) : क्या विश्वविद्यालय शिक्षा राज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

क्या राज्य सरकार बांसवाड़ा जिला के आदिवासी बहुल क्षेत्र कुलशगढ़ में महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

राज्य मंत्री, शिक्षा (श्री सुरेन्द्र व्यास) : जी नहीं। राज्य सरकार ने छठी पंचवर्षीय योजना में कहीं पर भी नया राजकीय महाविद्यालय खोलने का प्रावधान नहीं रखा है।

श्री फतेसिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं पूछना चाहता हूं, क्या महाविद्यालय खोलने के लिये प्रस्ताव राज्य सरकार के पास विचाराधीन है ? दूसरे, क्या श्री गोविन्द आमलिया जब कुशलगढ़ राजकीय प्रोग्राम में दौरे पर गये थे उस समय उन्होने वहां की जनता को आश्वासन दिया था कि कुशलगढ़ में महाविद्यालय खोला जायेगा ? क्या यह भी सही है कि कुशलगढ़ की जनता ने उस आश्वासन के आधार पर वहां महाविद्यालय का भवन बनाया ?

श्री सुरेन्द्र व्यास : छठी पंचवर्षीय योजना में महाविद्यालय खोलने का प्रावधान नहीं होने के कारण राज्य सरकार के पास प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

श्री बहादुर सिंह (दानपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं मन्त्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि क्या जन जातीय क्षेत्रीय विकास योजना के तहत ट्राइबल इलाके में महाविद्यालय खोलना चाहते हैं ?

श्री नन्दलाल मीणा : अध्यक्ष महोदय, श्री गोविन्द आमलिया, उप मंत्री जब वहां दौरे पर गये तो उन्होंने ग्राम सभा में घोषणा की थी कि महाविद्यालय खोला जायेगा।

श्री अध्यक्ष : कब खोला जायेगा, यह कहा था क्या ? खोला जायेगा, यह कहा है।

श्री मेघराज तावड़ : अध्यक्ष महोदय, ट्राइबल एरिया में आदिवासियों को शिक्षित करने की दृष्टि से क्या राज्य सरकार ट्राइबल सब-प्लान में आज नहीं तो आगे आने वाले समय में प्रायोरिटी के आधार पर कॉलेज खोलना चाहती है ?

श्री सुरेन्द्र व्यास : अध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने निवेदन किया, छठी पंचवर्षीय योजना में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। आगे आने वाले समय में राज्य सरकार क्या निर्णय ले, यह आज कैसे निवेदन कर सकता हूं।

श्री मेघराज तावड़ : विद्यालय खोलने के लिये भी नहीं कह सकते . . .

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। कृपया बैठ जाइये। उत्तर आ गया। अगला प्रश्न।

श्री मेघराज तावड़ : लाखों करोड़ों रुपये ट्राइबल सब-प्लान में होते हुए भी शिक्षा के लिये नहीं कह सकते, डूब मरना चाहिए।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। श्री बहादुर सिंह !

श्री बहादुर सिंह : आदिवासी क्षेत्र में कुशलगढ़ सलूम्बर की बात हुई है इस संबंध में जन जातीय क्षेत्रीय विकास योजना के तहत कॉलेज खोलने का प्रावधान है या नहीं ? और है तो कब तक खोला जायेगा ? जब इसमें भारत सरकार राजस्थान सरकार को पैसा दे रही है तो आपको क्या दिक्कत है ।

श्री सुरेन्द्र व्यास : अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न जन जाति कल्याण विभाग से संबंधित है । शिक्षा विभाग से सम्बन्धित नहीं है ।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न ! श्री चुन्नी लाल !

श्री घनश्याम तिवाड़ी (सीकर) : मुंह में अंगूठा रखकर भाषण दे आते हैं. . .

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न । 401.

सवाई माधोपुर-बून्दी वाया इन्द्रगढ़ बस सेवा

401. श्री चुन्नीलाल (खण्डार) : क्या यातायात राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) सवाई माधोपुर बून्दी वाया इन्द्रगढ़ के लिये राज्य पथ परिवहन निगम की कितनी बसों की स्वीकृति इस समय है ? इनमें से कितनी बसें रोजाना आती जाती हैं ?

(2) क्या यह सही है कि सवाई माधोपुर, बूंदी वाया इन्द्रगढ़ रूट की बसें केवल बूंदी, इन्द्रगढ़ के बीच ही चल रही हैं ? यदि हां, को सवाई माधोपुर तक क्यों नहीं जा रही है ?

(3) क्या सरकार अब इस रूट पर चलने वाली बसों को सवाई माधोपुर, बूंदी वाया इन्द्रगढ़ नियमित रूप से चलाना चाहती है ? यदि हां, तो कब तक ? नहीं, तो क्यों ?

राज्य मंत्री, यातायात (श्री जयकृष्ण शर्मा) : (1) सवाई माधोपुर–बूंदी वाया इन्द्रगढ़ मार्ग पर परिवहन निगम की 2 अप व 2 डाउन बसें स्वीकृत हैं और ये बसें ही नियमित आती जाती हैं ।

(2) जी नहीं ।

(3) इस मार्ग पर वाहन नियमित रूप से चल रहे हैं ।

श्री चुन्नीलाल : अध्यक्ष महोदय, इन्द्रगढ़ 25–30 हजार की आबादी का महत्वपूर्ण कस्बा है । बसें वहां तक न जाकर वापस रिटर्न हो जाती हैं । क्या इतने बड़े रूट पर दो बसें ही पर्याप्त हैं ? क्या सरकार और बसें बढ़ाने का विचार रखती है ? क्या आप रोडवेज कर्मचारियों को बाध्य करेंगे कि शहर तक बसें ले जावें ?

श्री जयकृष्ण शर्मा : सवाई माधोपुर से इन्द्रगढ़ मार्ग राष्ट्रीयकृत मार्ग नहीं है । अगर यह मार्ग राष्ट्रीयकरण में आया तो इसके ऊपर बसें चलाने की व्यवस्था करने की अपने नियमों से कोशिश करेंगे ।

श्री चुन्नीलाल : इस मार्ग पर कोई प्राइवेट बस भी नहीं है, अध्यक्ष महोदय ।

श्री जयकृष्ण शर्मा : मैंने आश्वासन दिया है । वहां तक चलाने की व्यवस्था के लिए मैंने आपको आश्वासन दिया है ।

श्री हीरालाल आर्य (पीपल्दा) : अध्यक्ष महोदय, वहां प्राइवेट बसें भी नहीं

(14)

(श्री हीरालाल आर्य)

चलती है। केवल दो बसें चलाई जा रही हैं जो बहुत कम हैं। इसको देखते हुए क्या बसों की संख्या बढ़ाने का आदेश देंगे ?

श्री जयकृष्ण शर्मा : अगर वहां पैसेन्जर्स की संख्या ज्यादा है तो बसों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा।

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न। श्री रामनारायण डूडी।

पीपाड़ कस्बे के मिट्टी के तेल के डीलर

402. श्री रामनारायण डूडी (बिलाड़ा): क्या खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) जोधपुर जिले में पीपाड़ शहर के केरोसीन डीलर्स को कितना-कितना मिट्टी का तेल मार्च, 1982 से दिसम्बर, 1982 तक दिया गया ? कृपया पृथक-पृथक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) पीपाड़ सिटी के किस केरोसीन डीलर का लाइसेंस निलम्बित किया और उन्हें किस आधार पर पुनः स्थापित किया गया ?

राज्य मंत्री, खाद्य एवं आपूर्ति (श्री घासीराम यादव) : (1) सूची सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

(2) जिन जिन केरोसीन डीलर्स के लाइसेन्स निलम्बित किये गये तथा उन्हें किस आधार पर पुनः स्थापित किया गया, का विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

(सूची व विवरण के लिए कृपया परिशिष्ट 2 देखें)।

श्री रामनारायण डूडी : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने यह सूची तो रखी है, लेकिन मैं यह पूछना चाहूंगा कि पीपाड़ सिटी का निर्धारित कोटा कुल कितना केरोसीन का है, और उसके अगेंस्ट मन्थली कितना मिला ? अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर में कितना डीजल मिला और जून, जुलाई में कितना मिला ?

श्री घासीराम यादव : अध्यक्ष महोदय, यह दूसरा प्रश्न है। मूल प्रश्न के अनुसार तीन आदमियों को सस्पेन्ड किया गया उसका जवाब दे दिया गया है। और जो सूची मांगी है वह भी मैंने दे दी है।

श्री रामनारायण डूडी : सवाल यह है कि सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर और जनवरी के अन्दर इन लोगों ने डी. सी. ओ. से मिल कर जोधपुर में केरोसीन सस्ते भाव पर लेकर उसे डीजल में मिला कर दुगुने रेट में बेचा है। केरोसीन डीजल में मिलाया गया है। इसलिये जून, जुलाई, अगस्त के बाद में ज्यादा मिला है। लाखों लीटर केरोसीन वहां लाकर, डी. सी. ओ. और दुकानदारों की मिली भगत से बेचा गया। इस मिलावट से लोगों के इन्जन खराब हुए। इसकी शिकायत मंत्री महोदय को की गयी। जांच होने के बाद शिकायत सही पाये जाने पर भी कुछ नहीं हुआ है। गांवों में त्राहि-त्राहि मच रही है। केरोसीन नहीं मिल रहा है।

श्री सूरजपाल सिंह (भीनमाल) : यह सब जगह हो रहा है।

श्री घासीराम यादव : आपने डीजल में केरोसीन की मिलावट का प्रश्न नहीं पूछा,

(श्री घासीराम यादव)

है। आपने तो यह प्रश्न किया है कि क्यों निलम्बित किये गये और क्यों बहाल किये गये। आप जो कह रहे हैं, उसकी सूचना, जानकारी लिख कर भेजें, मैं कार्यवाही करूंगा।

श्री सूरजपाल सिंह : अमूमन केरोसीन की शार्टेज इसलिए है कि होलसेल डीलर्स डीजल में केरोसीन मिलाकर बेचते हैं।

श्री महाराम चौधरी (नागौर) : ट्रैक्टर चलने का सीजन शुरू होता है उस वक्त यह मिलावट होती है। इससे काश्तकारों का भारी नुकसान होता है।

श्री रामसिंह विश्नोई (लूनी) : अध्यक्ष महोदय, इस प्रकार की कम्पलेन्ट बड़े पैमाने पर हैं। डीजल में केरोसीन मिलाकर बेचने से लोगों के ट्रैक्टर खराब होते हैं।

श्री अध्यक्ष : यह सवाल नहीं पूछा गया है।

श्री रामनारायण डूडी : अध्यक्ष महोदय, हमारे कहने का मतलब यह है कि डी.सी.ओ. से मिलकर यह हो रहा है। 50 हजार लीटर, डेढ़ लाख लीटर केरोसीन सीजन में लेकर डीजल में मिलाकर बेचा जाता है। इसलिए वहां के ट्रैक्टरों को नुकसान हुआ है, यह प्रूफ हो चुका है। डी.सी.ओ. जांच के लिए आया भी परन्तु वह इनसे पैसा लेकर वापस चला गया और कोई केस नहीं बनाया। यह मन्त्री महोदय को भी मालूम है। इन्होंने विश्वास दिलाया था कि जांच करेंगे, लेकिन तीन चार महीने के बाद इसकी जांच की गयी। इसलिये मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जिन लोगों के खिलाफ जांच की गयी है और मिलावट प्रूव हो गई है उनके खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं की गयी है? अब मन्त्री महोदय यह दोहरी नीति क्यों अपना रहे हैं? अब केरोसिन का वितरण मार्केटिंग सोसायटी को दे दिया है और जब सीजन आयेगा तो वापस इन प्राइवेट डीलर्स को दे देंगे।

श्री घासीराम यादव : अध्यक्ष महोदय, यह अलग प्रश्न है। माननीय सदस्य ने एक दरख्वास्त दी थी। उसकी जांच करायी गयी है। माननीय सदस्य ने यहां यह आरोप लगाया कि हमारे अधिकारियों ने पैसा खाकर इन्क्वारी को खतम कर दिया, मुझे मालूम है, यह गलत है।

श्री भैरूंसिंह गुर्जर (खारची) : यह अमूमन बात है। आप ऐसे व्यक्तियों को बचाइये मत।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आसन पैरों पर है। आॅर्डर प्लीज। यह जो मिलावट की शिकायत है, ऐसी शिकायत कई बार आती रहती है। इस प्रश्न को आप अन्य किसी तराके से उठावें तो अवसर दे सकता हूं।

श्री घनश्याम तिवाड़ी (सीकर) : यह कोई तरीका नहीं है।

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। बैठ जायें आपको काफी मौका मिलेगा। आपको भी सदन में काफी मौका मिलता है। यदि आप रचनात्मक सुझाव से लाभान्वित करें तो शायद अच्छा परिणाम निकल आयेगा। इस प्रश्न की परिधि में यह पूरक प्रश्न नहीं आता है।

(श्री अध्यक्ष)

(व्यवधान)

माननीय सदस्य, नियमों का ध्यान रखें।

अगला प्रश्न।

श्री हेमाराम चौधरी। प्रश्न संख्या 403

(व्यवधान)

अन्य किसी अवसर पर इस विषय को उठावें। मैंने निवेदन किया, यह शिकायत आती है। इसको अन्य किसी तरीके से उठावें।

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज ! अंकित न हो !

अनेक माननीय सदस्य : XXX

श्री रामसिंह विश्नोई : इस प्रश्न से कौन सी रिलीफ मिल गया है ?

श्री अध्यक्ष : यह तो प्रश्न पूछने का ढंग है। यदि मिलावट का मामला लाते तो उसका जवाब भी आता। प्रश्न को किस परिप्रेक्ष में करना है, यह माननीय सदस्यों के ऊपर है। यहां उत्तर उसी का दिलाया जा सकता है जो आपने प्रश्न पूछा है। इस प्रकार की शिकायत काफी आती हैं। दूसरे लोगों की भी आती हैं कि मिलावट के कारण डीजल से चलने वाले इन्जिन खराब हो जाते हैं, यह सब होता है। इसको अन्य किसी तरीके से उठावें। यह मेरा निवेदन है।

(व्यवधान)

आप इस प्रश्न को इसी तरह से प्रारूपित करते तो उस पर भी विचार हो सकता था।

श्री जाव खां (कामां) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक सुझाव देना चाहता हूं ...

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज।

अगला प्रश्न। श्री हेमाराम चौधरी !

बाड़मेर में सत्र न्यायालय का मुख्यालय रखना

403. श्री हेमाराम चौधरी (गुढ़ामालानी): क्या विधि एवं न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) बाड़मेर एवं बालोतरा उपखण्ड के पुलिस स्टेशनों के कितने-कितने मुकदमे सत्र न्यायालय, बालोतरा में विचाराधीन हैं ?

(2) बाड़मेर एवं बालोतरा उपखण्ड के कितने दीवानी एवं अन्य प्रकार के दावे सत्र न्यायालय बालोतरा में विचाराधीन हैं ? कृपया पृथक-पृथक सूची सदन की मेज पर रखें।

विधि मंत्री (श्री अहमद बक्श सिन्धी): (1) बाड़मेर उप खण्ड के पुलिस स्टेशनों के विभिन्न प्रकार के फौजदारी मुकदमों की कुल संख्या 213 तथा बालोतरा उप-खण्ड के पुलिस स्टेशनों के विभिन्न प्रकार के फौजदारी मुकदमों की कुल संख्या 182 है जो सत्र न्यायालय, बालोतरा में विचाराधीन हैं।

(2) सत्र न्यायालय बालोतरा में दीवानी एवं अन्य प्रकार के मुकदमे, जो बाड़मेर एवं बालोतरा उपखण्ड के हैं, की संख्या इस प्रकार हैं :-

बाड़मेर उपखण्ड दीवानी, 149, अन्य प्रकार के 43, बालोतरा उपखण्ड दीवानी 80 और अन्य प्रकार के 33।

XXX माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अंकित नहीं किया गया।

(श्री अहमद बक्श सिंधी)

(3) यह मामला राज्य सरकार के विचाराधीन है और माननीय उच्च न्यायालय की टिप्पणी अपेक्षित है।

श्री हेमाराम चौधरी : अध्यक्ष महोदय, यह जो मुकदमों की संख्या बतायी है उसके अनुसार बाड़मेर उपखण्ड के मुकदमों की संख्या अधिक है। ऐसी स्थिति में क्या आप स्वयं यह उचित समझते हैं कि जहां मुकदमों की संख्या अधिक है वहां पर मुख्यालय हो और मुकदमों की कम संख्या है वहां पर कैम्प रखे कर अगर उनका फैसला किया जाये तो ज्यादा अच्छा रहेगा। लोगों को लाभ मिलेगा और जल्दी मुकदमे निपट सकते हैं।

श्री अहमद बक्श सिन्धी : राज्य सरकार यह जानती है कि बालोतरा में सैशन जजी उस समय खोली गयी थी जब जालौर में सैशन जजी नहीं थी। बालोतरा जालौर और बाड़मेर के बीच में पड़ता है इसलिये वहां पर सैशन जजी रखी गयी। अब चूंकि जालौर में सैशन जजी कायम हो चुकी है इसलिए राज्य सरकार विचार कर रही है कि सैशन जजी बाड़मेर हैड क्वार्टर पर खोली जाये और कैम्प बालोतरा हो या वहां पर ए. डी. जे. का कोर्ट खोल दें। जब तक राज्य सरकार उच्च न्यायालय से परामर्श नहीं कर लेती उस वक्त तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता।

श्री अमराराम चौधरी (पचपदरा) : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा, आप 1982 के दिसम्बर के महीने में जब बालोतरा पधारे थे और बालोतरा में जब यह विवाद खड़ा हुआ था तो आपने यह कहा था कि आप बाड़मेर का कैम्प सात दिन के बजाय 10 दिन कर देंगे लेकिन इस कोर्ट को कहीं ले जाने का विचार नहीं है। ऐसा कोई विचार नहीं है कि इसको बाड़मेर ले जाया जायेगा। सैशन कोर्ट बालोतरा में 40 साल से है और गुढ़ामालानी के हिसाब से आज भी बालोतरा नजदीक है।

श्री अध्यक्ष : इसके बाद मंत्री महोदय, बाड़मेर जाकर कोई और बात कह आये होंगे।

श्री अमराराम चौधरी : उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस जब आये थे उस समय भी यह बात चली थी कि वहां पर सैशन कोर्ट 20 दिन ही रहता है और बाकी के 10 या 7 दिन बाड़मेर में जाता है। तो यह बात हुई थी कि यह हैड क्वार्टर यहीं पर रहेगा बाड़मेर में नहीं जायेगा। यह उनकी भी घोषणा थी कि यहां पर यह इतने सालों से है इसलिए यह यहां पर ही रहेगा। जब इसको वहां से हटाने की बात चल रही थी तब हमने यह कहा था तो मंत्री महोदय ने कहा कि बाड़मेर में कैम्प 10 दिन का हो सकता है लेकिन हैड क्वार्टर बालोतरा में ही रहेगा। इन मंत्रीजी और चीफ जस्टिस हाई कोर्ट दोनों ने यह घोषणा की थी कि हैड क्वार्टर बालोतरा में रहेगा, 40 साल से जो कोर्ट वहां पर है उसको कहीं और ले जाने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता है।

इसके अलावा, अध्यक्ष महोदय, बाड़मेर पाकिस्तान की सीमा के नजदीक है। सीमा के इतना नजदीक है कि वहां पर हर समय लड़ाई की सम्भावना है तो ऐसी जगह पर ऐसे महत्वपूर्ण कोर्ट को ले जाना ठीक नहीं

(श्री ग्रमराराम चौधरी)
रहेगा। इस ग्राधार पर हम यह नहीं कह सकते हैं कि हाई कोर्ट की बैंच बीकानेर रखी जाय या जैसलमेर में रखी जाय। इसलिये कोर्ट बालोतरा में ही रखी जाय। वहां की जनता इसको कहीं ग्रौर ले जाना बर्दाश्त नहीं करेगी।

श्री ग्रध्यक्ष : श्री ग्रमीन खां।

श्री ग्रमीन खां (शिव) : ग्रध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय को पता है कि बाड़मेर जिले की 70 प्रतिशत ग्राबादी बाड़मेर उपखण्ड में रहती है, सब-डिविजन हैड क्वार्टर बाड़मेर में है, जिलाधीश का हैड क्वार्टर बाड़मेर में है तो क्या एक सैशन जज की ही सुरक्षा नहीं हो सकेगी ग्रौर बाकी सब बच जायेंगे ? ग्रध्यक्ष महोदय, अगर बाड़मेर पर खतरा ग्राया तो बालोतरा भी बच नहीं सकता है। ग्रध्यक्ष महोदय, 28 हजार वर्ग किलोमीटर कुल बाड़मेर जिले का क्षेत्र है जिसमें से 20 हजार वर्ग किलोमीटर का एरिया बाड़मेर सब-डिविजन में है। यह भी ग्राप जानते हैं कि सैशन कोर्ट के ज्यादा मुकदमे बाड़मेर के ही हैं। सीमा के नजदीक होने के कारण वहां पर एक्साइज के केस ज्यादा होते हैं, पासपोर्ट एक्ट के केस ज्यादा होते हैं, कस्टम एक्ट के केस ज्यादा होते हैं। इसलिये सीमा का कोई सवाल नहीं है बल्कि बाड़मेर जिला हैड क्वार्टर है इसलिये सैशन कोर्ट वहीं पर ही होना चाहिए। पुलिस वालों की सहूलियत के लिये ग्रौर ग्राम जनता के फायदे के लिये, ग्राराम के लिये बाड़मेर जिला हैड क्वार्टर पर ही सैशन कोर्ट होना चाहिए।

श्री अहमद बक्श सिंधी : माननीय ग्रध्यक्ष महोदय, यह सही है कि 1982 के ग्रन्त में मैं बालोतरा गया था। वहां पर वकीलों का एक शिष्ट मंडल मुझ से मिला था। उन्हीं के सामने यह दलील पेश की गई थी जो कि ग्रभी पेश की है कि बाड़मेर इतना बड़ा उप खण्ड है, भाखासर तक के लोगों को बालोतरा ग्राने में तकलीफ होती है, ग्रसुविधा होती है। चूंकि बाड़मेर में हमारे पास कोर्ट का कोई ऐसा भवन बना हुग्रा नहीं है जहां पर कि सैशन जजी को कायम किया जा सके इसलिये जब तक कि ग्रावास समस्या का हल नहीं हो उस वक्त तक के लिये यह तजवीज पेश की गयी थी कि वहां पर कैम्प खोल दिया जाय 10 दिन या 15 दिन के लिये। यह मैंने कहा था। यह हमेशा के लिये बालोतरा में रहेगा, ऐसा नहीं है। इसका ग्रौचित्य यह है ग्रौर राज्य सरकार की पालिसी यह है कि जहां पर डिस्ट्रिक्ट हैड क्वार्टर हो वहीं पर सैशन जज का कोर्ट होना चाहिए। ग्रब केवल तीन जगह पर ही ऐसा नहीं है–बालोतरा, नागौर ग्रौर चित्तौड़गढ़ में। तीनों के लिये ही राज्य सरकार ने यह तय किया है कि उच्च न्यायालय से परामर्श करके निर्णय लिया जायेगा।

श्री ग्रमराराम चौधरी : ग्रध्यक्ष महोदय, जब यह विवाद खड़ा हुग्रा था उस समय हमने कहा था कि बालोतरा वालों को बाड़मेर वालों के लिये कैम्प खोलने पर एतराज नहीं है। मंत्रीजी ने कहा था कि कोर्ट यहीं पर रहेगा, कहीं नहीं जायेगा। तब बालोतरा वालों ने यह बात रखी थी कि वहां पर कैम्प रख दें तो हमको एतराज नहीं है। हमारे यहां पर ए.डी.एम. कोर्ट नहीं है। हम यह तो नहीं कहते कि हमारे यहां पर यह कोर्ट होना चाहिए, यह भी नहीं कहते हैं कि उच्च न्यायालय की बैंच

(श्री ग्रमराराम चौधरी)

बीकानेर में होनी चाहिए। यह सवाल बालोतरा के जीवन-मरण का सवाल है। हमारे वकीलों ने कैम्प रखने की बात मान ली थी। उसके बाद भी कोर्ट वहां जाता है तो यह नहीं होना चाहिए, कोर्ट बालोतरा में ही रहना चाहिए। अगर आप कैम्प रखते हैं 10 दिन का; तो हमको निश्चित तौर पर कोई एतराज नहीं है। लेकिन हम इस प्रकार आपको कोर्ट नहीं ले जाने देंगे••

श्री यदुनाथसिंह (नदबई) : भरतपुर में भी हाई-कोर्ट की बेंच भेज दें।

श्री अहमद बक्श सिंधी : राज्य सरकार वकीलों की सुविधा-असुविधा के ऊपर अपना ध्यान नहीं रखती है, न रखेगी। राज्य सरकार सिर्फ जनता की तकलीफों का ध्यान रखेगी। लोगों का आने-जाने में कम खर्चा हो और लोगों को सस्ता न्याय मिले, यह आवश्यक है; इसी पर विचार करेंगे।

श्री भैरूंसिंह गुर्जर : मैंने सुना है कि आप हाई कोर्ट की बेंच पाली में ला रहे हैं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 404।

हरिजनों के आर्थिक व सामाजिक कल्याण की योजना

404. श्री नन्दलाल मीणा (प्रतापगढ़) : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) हरिजनों के आर्थिक व सामाजिक कल्याण के लिये विशेष रूप से बनाई गई समन्वित योजना के अन्तर्गत वर्ष 1981-82 एवं 1982-83 में कितना प्रावधान था और अब तक कितनी राशि व्यय की गई ? कृपया वर्षवार ब्यौरा सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त दोनों वर्षों में हरिजनों के आर्थिक और सामाजिक कल्याण के लिये किन-किन कार्यों पर राशि खर्च की गई ?

समाज कल्याण मंत्री (श्री दुलाराम) : (1) सूचना सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) सूचना परिशिष्ट "क" में दे दी गई है।

(सूचना के लिये कृपया परिशिष्ट 3 देखें)

श्री नन्दलाल मीणा : माननीय मंत्री जी, सुनाई नहीं दे रहा है।

श्री दुलाराम : (2) सूचना परिशिष्ट (क) में दे दी गई है।

श्री नन्दलाल मीणा : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह निवेदन करना चाहता हूं•••

श्री दुलाराम : अब मुझको सुनाई नहीं आ रहा है।

श्री नन्दलाल मीणा : अब आपके कानों में तेल डालना पड़ेगा सरसों का।

मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं, हरिजन की परिभाषा क्या है ?

श्री दुलाराम : उसके लिये तो मैं खुद खड़ा हूं, परिभाषा की क्या जरूरत है।

(20)

श्री नन्दलाल मीणा : आप सबको हरिजन मानते हैं तो फिर सफाई करने वाला हरिजन क्या है ? हरिजन कौन है ? ×××

श्री भैरूंसिंह गुर्जर : ×××

श्री दुलाराम : हरिजन दो ही हैं, एक तो आप हैं, एक मैं हूं । एस. टी. के आप हैं और एस.सी. का मैं हूं ।

एक माननीय सदस्य : ×××

श्री अध्यक्ष : प्रश्नकर्ता ।

श्री नन्दलाल मीणा : दूसरा सवाल यह है कि उनके आर्थिक और सामाजिक कल्याण के लिये समन्वित विकास योजना बनायी गयी है उसके लिए भारत सरकार से 1981-82 और 1982-83 में कितना रुपया प्राप्त हुआ है और उसमें से कितना खर्च किया गया ?

जो सूची दी गई है उसके अनुसार 1982-83 के लिये जितना पैसा आवंटित किया गया था उसमें से दिसम्बर, 1982 तक केवल 50 प्रतिशत ही खर्च हुआ है बाकी पचास प्रतिशत पैसा किस आधार पर खर्च किया जायेगा ?

क्या यह सही है कि छठी पंचवर्षीय योजना की समीक्षा के दौरान भारत सरकार ने माना है कि हरिजनों के आर्थिक और सामाजिक कल्याण के लिए जो राशि भारत सरकार द्वारा दी जा रही है उसमें से अभी तक यही खर्च हो पाया है ? इसलिये मैं पूछना चाहता हूं कि राजस्थान की स्थिति उसमें क्या है ?

श्री दुलाराम : माननीय अध्यक्ष महोदय 1980-81 में 97 प्रतिशत पैसा खर्च हुआ । सन् 1982-83 में दिसम्बर तक 56 प्रतिशत खर्च हुआ । तीन महीने और बाकी पड़े हैं । 31 मार्च को पता लगेगा कि कुल कितना पैसा खर्च हुआ है । आप कह रहे हैं, 50 प्रतिशत ही खर्च हुआ है, यह बिल्कुल गलत है । दिसम्बर तक 56 प्रतिशत खर्च हुआ है ।

श्री नन्दलाल मीणा : अध्यक्ष महोदय, कुल आवंटन 927.10 लाख का है, जिसमें 475.70 लाख खर्च हुआ । आपने बताया है 51 प्रतिशत, यह 51 प्रतिशत नहीं बनता । गणित सीख कर आओ दूसरी जगह ।

श्री दुलाराम : कौनसी बात कर रहे हैं?

श्री रामकिशोर मीणा (सिकराय) : गणित का ज्ञान आपको नहीं है, यह कह रहे हैं ।

श्री दुलाराम : मेरा निवेदन है कि कम्पोनेन्ट प्लान में अलग-अलग पैसा अलग-अलग मदों में जाता है ।

श्री नन्दलाल मीणा : भारत सरकार से जो पैसा मिला···

श्री दुलाराम : मेरी बात सुन लीजिये, डिपार्टमेंट अपना-अपना पैसा खर्च करते हैं । जब 1978 में यह कम्पोनेण्ट प्लान लागू हुआ उसमें, जनता पार्टी के शासन में सबसे बड़ी

××× अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई ।

(श्री दुलाराम)

कमजोरी यह रही, माननीय अध्यक्ष महोदय, इन्होंने डिपार्टमेण्ट्स को यह हिदायत नहीं दी कि प्लान का एस.टी. के कौन कौन से व्यक्तियों को फायदा दे रहे हैं, यह सारे डिपार्टमेंट्स आपको सूचना दें। अब मैंने इस प्रकार की व्यवस्था कर दी है कि कोई भी डिपार्टमेंट, जिसको कम्पोनेन्ट प्लान का पैसा मिलेगा, हमारे डिपार्टमेंट को सूचना भेजेगा कि एग्रीकल्चर में कुल कितने व्यक्तियों को, कौन-कौन से व्यक्तियों को फायदा मिला, है, इण्डस्ट्री में कौन-कौन से व्यक्तियों को फायदा मिला, एक जिले में कितने व्यक्तियों को फायदा दिया। यह मैं घोषणा कर रहा हूं। आपने व्यवस्था नहीं की, उसका दण्ड मुझे नहीं मिलेगा।

श्री नन्दलाल मीणा : बहुत-बहुत धन्यवाद। आप बहुत जागरूक हैं। आप तो यह बताइये कि 1982-83 में भारत सरकार से कितना रुपया आपको मिला, उसमें से कितना खर्च हुआ?

श्री दुलाराम : भारत सरकार का एक भी पैसा बचने नहीं देंगे, सब खर्च कर देंगे।

श्री नन्दलाल मीणा : अध्यक्ष महोदय, यह कोई जवाब नहीं है। आज भी यह साबित कर सकता हूं कि भारत सरकार को स्कीम बनाकर प्रस्तुत नहीं की। उसका परिणाम यह हुआ कि जो पैसा भारत सरकार ने कृपा करके राजस्थान सरकार को दिया था, वह भी खर्च नहीं हुआ। आप बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, हरिजनों के सामाजिक उत्थान की, आर्थिक उत्थान की लेकिन आपने कुछ नहीं किया। जो बसें दी गयी थीं, उनकी क्या हालत हो रही है? वह बाहर घरने पर बैठे हैं। सामाजिक क्षेत्र में अस्पृश्यता निवारण के बारे में मैं, मंत्री महोदय, जानना चाहता हूं कि कितना आवंटन किया था और कितना खर्च किया? उसके लिए क्या क्या स्कीम्स बनायीं? आज हरिजनों के साथ अत्याचार हो रहा है जब कि असमानताओं को हम दूर करना चाहते हैं...

श्री अध्यक्ष : उत्तर आने दीजिए। उसके पश्चात् समाप्त होगा प्रश्नकाल।

श्री मांगीलाल आर्य (जालोर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में छात्रों को प्रवेश देने में 5 स्थान मेहतर जाति के लिए रिजर्व रखे हैं, क्या यह सही है?

श्री दुलाराम : यह तो प्रश्न ही नहीं है।

श्री अध्यक्ष : अलग प्रश्न है, माननीय सदस्य।

श्री नन्दलाल मीणा : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान सरकार की समस्या के आधार पर भारत सरकार ने यह कहा कि...

श्री अध्यक्ष : पूरक प्रश्न पूछा है, उसका उत्तर आने दीजिये। तत्पश्चात् प्रश्न-काल समाप्त हो जायेगा।

श्री मांगीलाल आर्य : अध्यक्ष महोदय, मुझे मौका दें।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज, माननीय सदस्य।

(व्यवधान)

(22)

(श्री अध्यक्ष)
मैंने आपको अवसर दे दिया, आपने दूसरा प्रश्न पूछ लिया। कृपया समय की बचत करें। ऑर्डर प्लीज।

(व्यवधान)

पहले प्रश्नकर्ता ने प्रश्न पूछा है, उसका उत्तर··

श्री दुलाराम: माननीय अध्यक्ष महोदय, जहां तक बसें ऑपरेट करने वाले एस.टी., एस.सी. की हालत की बात है, इसका मुझे पता नहीं कि वह हड़ताल पर बैठे हैं। यह तो मानिये, जनता पार्टी के शासन ने पैसा भी नहीं दिया। कांग्रेस शासन ने एस.टी., एस. सी. को बसें खरीदने के लिए पैसा तो दिया है।

(व्यवधान)

श्री रामकिशोर मीणा : जनता राज की दलील आप कब तक देते रहेंगे ?

(व्यवधान)

जनता को गुमराह कब तक करेंगे ?

श्री नन्दलाल मीणा : भारत सरकार के सामने योजना प्रस्तुत नहीं की। भारत सरकार ने पैसा दिया, फिर भी हरिजनों की उन्नति नहीं हो।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : प्रश्न काल समाप्त हुआ। कृपया। आर्डर, आर्डर।

(व्यवधान)

माननीय सदस्य, अब किसी पूरक प्रश्न की इजाजत नहीं दूंगा। माननीय सदस्य, समय अधिक हो गया है।

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज। कृपया बैठ जायं। माननीय सदस्य, आर्डर प्लीज। आसन पैरों पर है।

श्री हीरालाल आर्य (पीपल्दा) : पैसा हरिजनों के लिए खर्च नहीं किया गया है।

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर।

श्री हीरालाल आर्य : हरिजनों के साथ छुआछूत हो रहा है। वे गरीब हैं, उनकी आर्थिक स्थिति खराब है··

श्री अध्यक्ष : आसन पैरों पर है··

(व्यवधान)

माननीय सदस्य, आसन पैरों पर है। कृपया बैठ जायें।

श्री हीरालाल आर्य : हरिजनों पर पैसा खर्च नहीं हुआ, माननीय अध्यक्ष महोदय।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। स्थगन प्रस्तावों पर व्यवस्था।

(व्यवधान)

माननीय सदस्य।

श्री हीरालाल आर्य : नाम हरिजनों का लेते हैं···

श्री अध्यक्ष : अंकित न हो।

श्री हीरालाल आर्य : XXX

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। भाषण नहीं होगा। कोई लाभ नहीं इससे। स्थगन प्रस्तावों पर व्यवस्था।

श्री हीरालाल आर्य : XXX

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। भाषण नहीं होगा। माननीय सदस्य, अनधिकृत भाषण नहीं होंगे।

श्री छीतरलाल आर्य (अटरू) : भारत सरकार ने जितना पैसा दिया है, वह सारा लैप्स हो गया है। माननीय अध्यक्ष महोदय, यह कांग्रेस सरकार हरिजन विरोधी सरकार है।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य।

प्रश्न काल समाप्त हुआ।

(शेष तारांकित प्रश्नोत्तर के लिये कृपया परिशिष्ट 4 देखें)

अतारांकित प्रश्नोत्तर

भूतपूर्व सैनिकों को राजस्थान नहर में भू-आवंटन

448. श्री कनकराज मेहता (सांचौर):

श्री देवीसिंह भाटी (कोलायत): क्या उपनिवेशन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) क्या भूतपूर्व सैनिकों व सीमा सुरक्षा दल के भू. पू. कर्मचारियों को राजस्थान नहर में कमाण्ड भूमि आवंटन करने का सरकार विचार रखती है ? यदि हां, तो उनको किस प्रक्रिया से किस क्षेत्र में कितनी भूमि कब तक आवंटन की जाएगी ? कृपया विस्तृत विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) भू. पू. सैनिकों व सीमा सुरक्षा दल के भूतपूर्व कर्मचारियों के कितने प्रार्थना पत्र विचाराधीन हैं तथा राज्य सरकार उस पर क्या विचार कर रही है ?

उत्तर

(1) जी हां। राज्य सरकार ने रक्षा सेवा से निवृत तथा रक्षा सेवा के विकलांग कर्मियों एवं संघर्ष में मारे गये रक्षा कर्मियों के आश्रितों, जो राजस्थान के निवासी हों, के लिये राजस्थान नहर क्षेत्र के द्वितीय चरण के उपनिवेशन क्षेत्र में 50,000 बीघा भूमि आरक्षित करने का राजस्थान उपनिवेशन (राजस्थान नहर उपनिवेशन क्षेत्र में सरकारी भूमि का आवंटन एवं विक्रय) नियम, 1975 के नियम 12 एवं 13 के साथ पठित नियम 67 के उपनियम (3) के खण्ड का एवं छ के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रावधान किया है। इस प्रक्रिया के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों के आवेदन-पत्र आमंत्रित कर आवंटन शीघ्र किया जावेगा। इस संबंध में जारी अधिसूचना सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) भूतपूर्व सैनिकों से अभी तक प्रार्थना-पत्र ही आमंत्रित नहीं किये गये, अब विचाराधीन होने का प्रश्न ही नहीं उठता। सीमा सुरक्षा दल के भूतपूर्व कर्मचारी इस श्रेणी में आवंटन के पात्र नहीं है। (अधिसूचना के लिये कृपया परिशिष्ट 5 देखें)

XXX माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अंकित नहीं किया गया।

(२५)

तहसील कोलायत में सिंचित व असिंचित भूमि

449. श्री देवीसिंह भाटी (कोलायत) : क्या उपनिवेशन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) राजस्थान नहर क्षेत्र में उपनिवेशन विभाग द्वारा बीकानेर जिले की तहसील कोलायत नं. 1 से 4 कुल आवंटित रकबा कितना है ?

(2) तहसील कोलायत के उपनिवेशन क्षेत्र में सिंचित व असिंचित भूमि कितनी है ? कृपया ग्रामवार सिंचित व असिंचित भूमि की सूची सदन की मेज पर रखें।

(3) उपरोक्त उपनिवेशन क्षेत्र में कितनी सिंचित व असिंचित राजकीय भूमि बिना आवंटन के पड़ी है ? उसका आवंटन कब तक कर दिया जावेगा ?

उत्तर

(1) राजस्थान नहर क्षेत्र में उपनिवेशन तहसील कोलायत नं. 1 से 4 में कुल आवंटित क्षेत्रफल 43382 बीघा है जिसमें से कमाण्ड 37328 बीघा तथा अनकमाण्ड 6054 बीघा है।

(2) तहसील कोलायत के उपनिवेशन क्षेत्र में सिंचित 172000 बीघा व असिंचित 141819 बीघा भूमि है। भू-अभिलेख ग्रामवार तैयार न होकर चकवार तैयार किये जाते हैं, इसलिए चकवार सिंचित व असिंचित भूमि की सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(3) तहसील कोलायत नं. 1 से 4 तक के क्षेत्र में अब तक चक प्लान प्राप्त होकर भू-अभिलेख तैयार हुए क्षेत्र में 154829 बीघा सिंचित व 145195 बीघा असिंचित राजकीय भूमि आवंटन से शेष है। इस भूमि के आवंटन करने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 6 देखें)

ग्राम पंचायतों को राजस्थान नहर क्षेत्र में भू-आवंटन

450. श्री वीरेंद्र प्रताप सिंह (गुढ़ा) :
श्री देवीसिंह भाटी (कोलायत) : क्या उपनिवेशन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) क्या यह सही है कि उपनिवेशन विभाग द्वारा पूर्व में ग्राम पंचायतों को 25 बीघा सिंचित भूमि राजस्थान नहर क्षेत्र में आवंटन करने का प्रावधान किया गया था? यदि हां, तो अब ऐसा आवंटन क्यों नहीं किया जा रहा है ?

(2) क्या सरकार ग्राम पंचायतों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ऐसे आवंटन करने का विचार रखती है ?

(3) क्या यह भी सही है कि उपनिवेशन क्षेत्र में ग्राम पंचायत को भू-खण्ड आवंटन का अधिकार नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार अधिकारों के विकेन्द्रीकरण के अन्तर्गत ग्राम पंचायत को पुरानी आबादी में आवासीय भू-खण्ड आवंटन करने का अधिकार देने का विचार रखती है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) जी हां। अब आवंटन का मामला राज्य सरकार के विचाराधीन है।

(उपनिवेशन मंत्री)

(2) यह मामला अभी विचाराधीन है।

(3) ग्राम पंचायतों को उपनिवेशन क्षेत्र में पुरानी आबादी, जिसे चक आबादी घोषित नहीं किया है, को आवासीय भू-खण्ड आवंटन करने का अधिकार है, लेकिन नई आबादी, जो चक आबादी घोषित कर दी गई है, के लिए यह अधिकारी नहीं है। यह अधिकार ग्राम पंचायतों को देने का उस समय विचार सम्भव होगा जबकि संबंधित आबादी चक पर्याप्त रूप से विकसित हो जायेगा।

चम्बल परियोजना में सिंचित भूमि

451. श्री रघुवीरसिंह कौशल (बारां): क्या सिंचित क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) चम्बल की नहरों से कितने हैक्टेयर भूमि सिंचित हो रही है?

(2) चम्बल परियोजना में कितने हैक्टेयर भूमि सिंचित होने योग्य पानी की उपलब्धता दर्शायी गयी है?

(3) क्या इन नहरों के पानी का समुचित उपयोग किया जा रहा है?

(4) अतिरिक्त पानी के उपयोग के लिए सरकार क्या विचार कर रही है?

उत्तर

(1) चम्बल सिंचित क्षेत्र में पानी की उपलब्धता के अनुसार सिंचाई होती है।

(2) राजस्थान के चम्बल परियोजना क्षेत्र में 2.834 लाख हैक्टेयर में पानी देने की क्षमता है।

(3) जी, हां।

(4) चम्बल की नहरों में राजस्थान के भाग के अतिरिक्त पानी के उपयोग हेतु 40,000 हैक्टेयर भूमि में लिफ्ट से सिंचाई करने की योजना बनाई गई है, जो स्वीकृति हेतु केन्द्रीय जल आयोग में विचाराधीन है। फिर भी राज्य सरकार द्वारा 6 ब्लॉकों की 16901 हैक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई के लिये दो पॉयलट स्कीमों की स्वीकृति दी गई है जिसमें से 4 ब्लॉकों का निर्माण लगभग पूर्ण हो गया है अन्य दो पर कार्य प्रगति पर है।

सिंचित एवं असिंचित भूमि का वितरण

452. श्री घनश्याम तिवाड़ी (सीकर): क्या उपनिवेशन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) राजस्थान नहर परियोजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल कितनी भूमि आवंटन के लिये उपलब्ध हुई?

(2) प्रथम एवं द्वितीय चरण में सिंचित और असिंचित भूमि कितनी वितरित की जायेगी? प्रथम चरण में कितनी भूमि आवंटित की गई?

(3) भूमि आवंटन के लिए कुल कितने प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए? द्वितीय चरण के लिये कितनी भूमि आवंटित की गई? भूमि आवंटन के अन्दर किन किन लोगों के लिए भूमि का आवंटन सुरक्षित है?

(4) अब कितनी भूमि आवंटित करनी शेष है और कितने प्रार्थना-पत्र विचाराधीन हैं?

(26)

(उपनिवेशन मंत्री)

उत्तर

(1) राजस्थान नहर परियोजना के प्रथम चरण में 0.61 लाख एकड़ तथा द्वितीय चरण में 2.19 लाख एकड़ भूमि उपलब्ध है।

(2) प्रथम चरण में 0.37 लाख एकड़ सिंचित तथा 0.24 लाख एकड़ असिंचित भूमि का तथा द्वितीय चरण में अब तक चक प्लान प्राप्त होकर भू-अभिलेख तैयार हुए। 1.01 लाख एकड़ सिंचित भूमि तथा 1.18 लाख एकड़ असिंचित भूमि एवं आगे जैसे जैसे चक प्लान प्राप्त होंगे वैसे वैसे भू-अभिलेख तैयार कर उपलब्ध भूमि का आवंटन किया जावेगा। प्रथम चरण में 7.77 लाख एकड़ सिंचित 6.09 लाख एकड़ असिंचित अर्थात् कुल 13.86 लाख एकड़ भूमि का आवंटन दिया जा चुका है।

(3) प्रथम चरण में भूमि आवंटन के लिए कुल 240362 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। द्वितीय चरण में 0.60 लाख एकड़ भूमि का आवंटन किया जा चुका है। द्वितीय चरण में कुल भूमि का 50 प्रतिशत भूमि विशेष आवंटन हेतु, 50,000 बीघा भूमि सेवा निवृत्त रक्षा कर्मियों, विभिन्न युद्धों के शहीदों के आश्रितों एवं विकलांग प्रतिरक्षा कर्मियों के लिए आरक्षित है।

प्रथम चरण में 0.61 लाख एकड़ तथा द्वितीय चरण में 2.19 लाख एकड़ भूमि आवंटन से शेष है। प्रथम चरण में 8236 प्रार्थना-पत्र निर्णय से शेष हैं और 18967 पात्र घोषित प्रार्थना-पत्र आवंटन से शेष हैं।

बारां (कोटा) में हरे वृक्षों की कटाई

453. श्री रघुवीर सिंह कोशल (बारां): क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) तहसील बारां, जिला कोटा में अनधिकृत रूप से हरे वृक्ष काटने के कितने मामले अब तक विचाराधीन हैं?

(2) "प्रशासन गांवों की ओर" अभियान में इनमें से कितने मामलों का निस्तारण किया गया?

उत्तर

(1) तहसील बारां में अनधिकृत रूप से हरे भरे वृक्ष काटने के 17 मामले विचाराधीन हैं।

(2) इन मामलों में नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही विचाराधीन होने से राजस्व अभियान के दौरान किसी मामले का निस्तारण नहीं किया गया है।

मिश्रोती हल्का पटवारी (झालावाड़) द्वारा राजस्व वसूली

454. श्री बालचन्द्र आर्यवीर (डग): श्री अनंग कुमार जैन (झालरापाटन): क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) क्या यह सही है कि जिला झालावाड़ के मिश्रोती हल्का पटवारी श्री मथुरालाल ने फर्जी रसीद बुक छपवाकर वर्ष 1981-82 में किसानों से राजस्व वसूली की? यदि हां, तो कितनी धनराशि की वसूली किन-किन किसानों से की गई? कृपया नामजद सूची सदन की मेज पर रखें।

(श्री बालचन्द्र आर्यवीर)

(2) क्या सरकार द्वारा उक्त प्रकरण की जांच की गई ? यदि हां, तो क्या जांच में उक्त पटवारी दोषी पाया गया ?

(3) क्या सरकार ने दोषी पटवारी के विरुद्ध कोई कार्यवाही की ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) जी हां, 7121,46 रु. वसूल किये गये हैं। सूची सदन की मेज पर रख दी गई है।

(2) जी हां। मामला प्रथम दृष्ट्या (Prima facie) सम्भाव्य पाया गया है। परगना अधिकारी झालावाड़ द्वारा जांच की जा रही है।

(3) जी हां। सम्बन्धित पटवारी को निलम्बित करने के आदेश प्रसारित कर दिये गए हैं। पटवारी हल्का का समस्त सम्बन्धित रिकोर्ड सीज कर दिया गया है। उक्त पटवारी के विरुद्ध अन्य सभी सम्बन्धित तथ्य एकत्रित कर फौजदारी कार्यवाही हेतु प्रथम सूचना रिपोर्ट पुलिस में दर्ज किये जाने के आदेश तहसीलदार पचपहाड़ को कर दिये गये हैं। पटवारी द्वारा सम्भाव्य गबन शुदा राशि में से 6189.84 रुपये राजकोष में जमा करवा दिये गए हैं।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 7 देखें)

जिला बूंदी में भू-आवंटन

456. श्री गोपाल पचेरवाल (पाटन): क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

क्या यह सही है कि 1 जनवरी, 1983 से चालू राजस्व अभियान के दौरान जिला बूंदी के सामान्य क्षेत्र तथा उपनिवेशन क्षेत्रों में कुछ व्यक्तियों को राजकीय भूमि आवंटित की गई है ? क्या उन आवंटियों को नियमानुसार खातेदारी के अधिकार दिये गये हैं ? यदि हां, तो कितने व्यक्तियों को ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

जी हां। आवंटियों को खातेदारी अधिकार आवंटन की शर्तें पूरी करने पर सामान्य क्षेत्र में 10 वर्ष पश्चात् तथा कमाण्ड क्षेत्र में 7 वर्ष पश्चात् खातेदारी अधिकार देय होंगे। राजस्व अभियान के दौरान किसी काश्तकार को खातेदारी अधिकार नहीं दिये गये, अतः सूची सदन के पटल पर रखने का प्रश्न नहीं उठता।

तहसील बसवा (जयपुर) में भू-आवंटन

457. श्री नाथूसिंह (बांदीकुई): क्या राजस्व मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) "प्रशासन गांवों की ओर" अभियान के अन्तर्गत तहसील बसवा जयपुर में कितनी-कितनी जमीन किन-किन व्यक्तियों को कहां-कहां आवंटित की गई तथा किन-किन को कहां-कहां कितनी-कितनी जमीन नियमित की गई ? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि कुछ लोगों को चरागाहों में से भी भूमि आवंटित या नियमित की गई है ? यदि हां, तो कहां व

(२८)

(श्री नाथूसिंह)

किन-किन व्यक्तियों को कितनी-कितनी जमीन आवंटित या नियमित की गई है ? सूची सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकारी भूमि को आबादी में भी परिवर्तित किया गया है ? यदि हां, तो कहां-कहां व कितनी भूमि को ?

उत्तर

(1) सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) जी नहीं।

(3) जी नहीं।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 8 देखें)

अजयराजपुरा (सांगानेर) के स्कूल को भू-आवंटन

458. श्रीमती विद्या पाठक (सांगानेर): क्या राजस्व मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) क्या इस वर्ष हुए राजस्व अभियान में राज्य सरकार ने सांगानेर तहसील के ग्राम अजयराजपुरा के स्कूल के लिए खेल के मैदान के लिए भूमि उपलब्ध कराई है ? यदि हां, तो कब और कहां ? यदि नहीं, तो क्यों ?

(2) क्या स्कूल की यह मांग बहुत समय से है ? यदि हां, तो जमीन अलाट नहीं कराने का क्या कारण है तथा अब कब तक अलाट करा दी जावेगी ?

उत्तर

(1) जी नहीं, जिस भूमि की मांग की जा रही है वह दिनांक 30-10-77 से व्यक्तिगत खाते की है।

(2) जी हां, स्कूल के खेल मैदान के लिए भूमि ख. नं. 128 रकबा 2 बीघा 3 बिस्वा एवं ख. नं. 129 रकबा 3 बिस्वा को आवंटित करने के लिए ग्राम सभा ने दिनांक 6-7-78 को प्रस्ताव पारित किया था लेकिन यह भूमि एक काश्तकार के नाम इससे पूर्व ही नियमन कर दी गई थी। नियमन के विरुद्ध मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जब तक न्यायालय का निर्णय नहीं हो जाता इस भूमि का आवंटन सम्भव नहीं है।

प्रतापगढ़ में राजस्व अभियान

459. श्री नन्दलाल मीणा (प्रतापगढ): क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) वर्ष 1982 में प्रतापगढ़, जिला चित्तौड़गढ़ के उप जिलाधीश ने कितनी बार राजस्व अभियान चलाये ? कृपया विस्तृत ब्यौरा सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या राज्य सरकार ने भू-आवंटन के लिए एक समिति का गठन किया है ? यदि हां, तो आवंटन के पूर्व इस समिति की बैठक कब कब की गई ?

(3) क्या यह भी सही है कि समिति के कोरम के अभाव में भी भू-आवंटन किया गया ? यदि हां, तो क्यों ?

(4) वर्ष 1982 में कितने कृषकों को भू-आवंटन किया गया जिसमें से मौका कब्जा कितने को नहीं दिया ? आवंटियों में अनु-

(श्री नन्दलाल मीणा)
सूचित जाति एवं जन जाति का कितना प्रतिशत रहा ?

उत्तर

(1) वर्ष 1982 में उप जिलाधीश प्रतापगढ़ ने उप खण्ड प्रतापगढ़ में कोई राजस्व अभियान नहीं चलाया।

(2) राजस्थान भू-राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन) नियम, 1970 में भू-आवंटन सलाहकार समिति का गठन किया हुआ है। समिति की बैठक में भूमि आवंटन किया जाता है, इससे पूर्व समिति की बैठक आयोजित करने का नियमों में प्रावधान नहीं है।

(3) भू-आवंटन सलाहकार समिति की बैठक कोरम के अभाव में एडजोर्न होने पर दो सदस्यों से कोरम पूर्ण माना जाकर आवंटन किया जा सकता है। ऐसा नियमों में प्रावधान है। उप खण्ड अधिकारी द्वारा दो सदस्यों की उपस्थिति में आवंटन किया गया है।

(4) वर्ष 1982 में 414 व्यक्तियों को भू-आवंटन किया गया है इनमें से 27 व्यक्तियों को मौके पर कब्जे नहीं दिये गये हैं। कब्जे नहीं देने का कारण कतिपय मामलों में जमीन मौके पर काश्त योग्य न होना तथा आवंटी खेतीहर का मजदूरी, रोजगार हेतु अन्यत्र चले जाना है। इस आवंटन में अनुसूचित जाति का 12 एवं जनजाति का 31 प्रतिशत रहा है।

उदयपुर में पायलट प्रोजेक्ट की स्थापना

460. श्री नन्दलाल मीणा (प्रतापगढ़): क्या श्रम एवं नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

क्या यह सही है कि जन जाति क्षेत्रीय विकास योजना के अन्तर्गत उदयपुर में एक पायलट प्रोजेक्ट आरम्भ किया गया है ? यदि हां, तो इस प्रोजेक्ट द्वारा अब तक कितने जन जाति के आशार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन, स्वनियोजन एवं नियोजन उपलब्ध करवाया गया ? कृपया तहसीलदार ब्यौरा वर्ष 1981-82 एवं दिसम्बर, 82 तक का सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

जी हां। ब्यौरा संलग्न है। यह ब्यौरा जिलेवार दिया गया है क्योंकि तहसीलवार सूचना विभाग द्वारा संकलित नहीं की जाती है।

(ब्यौरे के लिये कृपया परिशिष्ट 9 देखें)

तहसील बौंली (सवाई माधोपुर) में राजस्व अभियान

461. श्री हंसराज शर्मा (सवाई माधोपुर): क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

क्या यह सही है कि वर्ष 1983 के राजस्व अभियान के दौरान सरकार द्वारा मौके पर कैम्प लगाकर इन्द्राज दुरुस्ती तथा बंटवारा संबंधी कार्यों को निपटाने का आदेश दिया गया था ? यदि हां, तो तहसील बौंली में 31-1-1983 तक होने वाले उक्त कैम्पों में इस प्रकार के कुल कितने केस निपटाये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? कृपया पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखें।

(30)

(राजस्व मंत्री)

उत्तर

जी हां, तहसील बोंली से प्राप्त सूचना के अनुसार सह-खातेदारान की रजामंदी से तहसील बोंली में राजस्व अभियान के दौरान दिनांक 31-1-83 तक बंटवारा संबंधी 20 मामलों का निस्तारण किया गया है व इन्द्राज दुरुस्ती के 50 मामले निपटाये गये ।

सुल्ताना (जैसलमेर) का डावर पार पेयजल स्रोत

462. श्री चन्द्रवीर सिंह भाटी (जैसलमेर): क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) क्या यह सही है कि जिला जैसलमेर के ग्राम सुल्ताना का डावर पार सार्वजनिक पेयजल स्रोत है ?

(2) क्या यह सही है कि उक्त पेयजल स्रोत को बोर्डर सिक्योरिटी फोर्स की चौकी हेतु हस्तानान्तरित किया गया है ?

(3) क्या यह सही है कि माह अगस्त 1982 में जिले के मन्त्रि-मण्डल के दौरे के समय मौके पर मुख्य मंत्री महोदय ने यह निर्देश दिये थे कि बी.एस. एफ. की चौकी हेतु अलग से भूमि आवंटित कर दी जाय। यदि हां, तो क्या उक्त सार्वजनिक पेयजल स्रोत से बी.एस. एफ. चौकी हटा दी गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों व कब तक हटा दी जायेगी ।

उत्तर

(1) जी हां ।

(2) जी नहीं। उक्त स्रोत के समीप स्थित धोरे पर बी.एस. एफ. एवं इससे पूर्व आर. ए.सी. की पिछले 36 वर्षों से चौकी स्थापित है ।

(3) जी हां। मुख्य मंत्री महोदय ने समस्या के निवारण हेतु अपने दौरे के समय निर्देश दिये थे। ग्राम सुल्ताना डावर में भूतपूर्व आर. ए. सी. के समय से खसरा नं. 1141 की 8 बीघा 9 बिस्वा भूमि 36 वर्षों से चौकी हेतु उनके अधिकार में है। बाद में बी. एस. एफ. को खसरा नं. 11484 में 18 बीघा 11 बिस्वा भूमि चौकी हेतु और आवंटित कर कुल 25 बीघा भूमि का आवंटन किया गया है। खसरा नं. 1141 रकबा 8 बीघा 9 बिस्वा, जो कि बेरियों के खसरों के समीप धोरे पर स्थित है, के स्थान पर उतनी ही भूमि समीप के दूसरे खसरे में देने हेतु ग्रामवासियों की मांग है। इस सम्बन्ध में राजस्व (ग्रुप–4) विभाग के पत्र क्रमांक प. 4 (45) राज (ग्रुप-4) 82, दि. 23-8-82 के अनुसरण में उप खण्ड अधिकारी, जैसलमेर व समादेष्टा, बी. एस. एफ., 50 वीं बटालियन को स्थल का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर अन्यत्र भूमि देने की संभावना हेतु प्रस्ताव भिजवाने हेतु लिखा गया है। स्थल निरीक्षण हेतु दिनांक 9-3-83 तय की गई है। उक्त प्रतिवेदन प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

तहसील सोजत में नामान्तरण संबंधी इन्द्राज

464. श्री माधवसिंह दीवान (सोजत): क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) क्या यह सही है कि ग्राम पंचायतों को नामान्तरण के अधिकार राज्य सरकार ने दे रखे हैं ?

(श्री माधव सिंह दीवान)

(2) क्या यह भी सही है कि तहसील सोजत में तहसीलदार ने पंचायतों द्वारा स्वीकृत नामान्तरकरण के इन्द्राज को रोक दिया है? यदि हां; तो सन् 1982 में तहसीलदार सोजत ने किस किस नामान्तरकरण के इन्द्राज को रोका है व इन्द्राज रोकने का क्या कारण है ? नामान्तरकरण एवं उस पर पंचायत के आदेश की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या उक्त तहसीलदार ने पंचायत के आदेश पर अनुप्रमाणन अधिकारी के विरुद्ध कोई कार्यवाही की ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ?

(4) क्या जिन-जिन मामलों में तहसीलदार ने नामान्तरकरण के इन्द्राज को रोका उनमें से कुछ में पटवारी ने जमाबन्दी में इन्द्राज कर लिया ? यदि हां, तो क्या इन्द्राज करने के बावजूद भी इन्द्राज न करने का नोट जमाबन्दी में लगाया गया व क्या इस तरह का नोट नियमानुसार है ? यदि नहीं, तो क्या इस तरह के मामलों का 'प्रशासन गांवों की ओर' कार्य में निपटारा किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार अब इनका इन्द्राज शीघ्र करवायेगी ?

उत्तर

(1) जी हां, परन्तु राज्य सरकार के आदेश एफ. (21) राज/ग्रुप-4/8:/35 दिनांक 4-9-82 के अनुसार न्यायालयों से पारित आदेश एवं भू-आवंटन के आदेशों से नामान्तरकरण फैसल करने के अधिकार ग्राम पंचायतों को नहीं हैं।

(2) जी हां। तहसीलदार, सोजत द्वारा पटवार मण्डल खारिया सोड़ा के ग्राम वासनी मदावता के नामान्तरकरण संख्या 32, 33, 34, 35 ग्राम पंचायत के अधिकार क्षेत्र से परे होते हुए भी पंचायत द्वारा फैसले किये जाने के कारण उनका अमलदरामद रोक दिया गया है। आदेश की प्रति सदन के पटल पर रख दी गई है।

(3) तहसीलदार द्वारा अनुप्रमाणित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई क्योंकि अनुप्रमाणित अधिकारी द्वारा नाक पर जो तथ्य अंकित किये गये हैं, वे बाद जांच सही अंकित किये गये हैं।

(4) जी हां। नामान्तरकरण संख्या 32 का इन्द्राज पटवारी हल्का द्वारा जमाबन्दी में कर दिया गया था परन्तु तहसील कार्यालय के आदेश भू. अ. 1383 दि. 31-7-82 द्वारा इन्द्राज रोकने पर उक्त आदेश का भी नोट जमाबन्दी में लगाया गया है, जो नियमानुसार है। उक्त मामले का निस्तारण 'प्रशासन गांवों की ओर' अभियान में करने हेतु कोई प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत नहीं हुआ है। मामले में नियमानुसार उचित निर्णय ले लिया जावेगा।

(आदेश की प्रति के लिये कृपया परिशिष्ट 10 देखें)

खान एवं भू-गर्भ विभाग की कार्यशाला

465. श्री रंगजी मीणा : (सपोटरा)
श्री कैलाश मेघवाल (अजमेर पूर्व) :
क्या खनिज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि खान एवं भू-गर्भ विभाग में यांत्रिकी कार्य एवं मशीनों की दुरुस्ती के लिए एक कर्मशाला कार्यरत है ?

(श्री रंगजी मीणा)

(2) इस कर्मशाला में कौन प्रभारी अधिकारी, कितने यांत्रिक अभियन्ता, सहायक यांत्रिक अभियन्ता, मैकेनिक व अन्य स्टाफ है ? कृपया विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या इस कर्मशाला हेतु विभाग में पर्याप्त कार्य है और मशीनरी इत्यादि की दुरुस्ती की जाती है ?

(4) यदि हां, तो वर्ष 1981-82 एवं 1982-83 में दिनांक 31-1-83 तक क्या क्या मशीनरी इत्यादि दुरुस्त की गई ? कृपया विवरण सदन की मेज पर रखें।

(5) इस कर्मशाला का वार्षिक संस्थापन खर्च कितना है ? कृपया 1981-82 एवं 1982-83 का बजट सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी, हां। यह सही है कि खान एवं भू-विज्ञान विभाग में यांत्रिकी कार्य एवं मशीनों की दुरुस्ती के लिए एक कर्मशाला कार्यरत है।

(2) इस कर्मशाला में प्रभारी अधिकारी, यांत्रिक अभियन्ता है। सहायक यांत्रिक अभियन्ता एवं अन्य स्टाफ का विवरण निम्नानुसार है:--

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या
1.	यांत्रिक अभियन्ता	1
2.	सहायक यांत्रिक अभियन्ता	2
3.	यांत्रिक कार्यदेशक	3
4.	वरिष्ठ यांत्रिक	3
5.	कनिष्ठ यांत्रिक	5
6.	कारपेन्टर	1
7.	लेथमेन	2
8.	टर्नर	1
9.	फिटर	4
10.	वेल्डर	1
11.	इलेक्ट्रिशियन	2
12.	जनरेटर चालक	1
13.	ब्लेकस्मिथ	2
14.	सहायक	12
15.	चालक	1
16.	क्लीनर	1
17.	वरिष्ठ लिपिक	1
18.	कनिष्ठ लिपिक	2
19.	आशुटंकण	1
20.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	3
21.	कम्प्युटर वर्कचार्ज	1
22.	पेन्टर वर्कचार्ज	1
23.	सहायक वर्कचार्ज	8
24.	चौकीदार वर्कचार्ज	1
25.	गेटकीपर दैनिक वेतनभोगी	1
	कुल योग	62

(3) जी, हां। इस कर्मशाला में पर्याप्त कार्य है और इसमें मशीनरी इत्यादि की दुरुस्ती की जाती है।

(4) विभागीय कर्मशाला में अभिलेखानुसार वर्ष 1981-82 में 654 एवं वर्ष 1982-83 में दिनांक 31-1-83 तक 405 रिपेयर कार्य किये गये। जिन मशीनों को रिपेयरिंग का कार्य किया गया उनकी सूची निम्नानुसार है :--

1. डायमण्ड ड्रिलिंग मशीन
2. पम्पस
3. कम्प्रेसर
4. ट्रक
5. ट्रेक्टर्स

(खनिज मंत्री)

6. जीप व कार
7. मोटर साइकिल
8. जेक हेमर्स
9. डीजल इन्जिन
10. टेंकर व ट्राली
11. तुलायंत्र
12. विभाग की अन्य कई छोटी बड़ी मशीनें

13. छिद्रए मशीनों के उपसाधन व अन्य सम्बन्धित कार्य। इस कर्मशाला का वार्षिक संस्थापन खर्च अभिलेखानुसार निम्न प्रकार है :—

वर्ष 1981–82 में रुपया 5,17,700.00 व वर्ष 1982–83 में रुपया 7,98,600.00 रहा है। (जनवरी, 83 तक)

जयपुर स्थित मानसिक पीड़ित महिला गृह का आडिट

466. श्रीमती विद्या पाठक (सांगानेर): क्या समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) क्या यह सही है कि गत 3 वर्षों में जयपुर स्थित मानसिक पीड़ित महिला गृह का स्पेशल आडिट हुआ था ?

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त आडिट में उक्त गृह का बहुत सा सामान गायब पाया गया और लगभग 80,000/- (अस्सी हजार रुपया) की अनियमितता भी पाई गई ?

(3) यदि हां, तो उक्त दोनों अनियमितताओं के लिए राज्य सरकार ने किसको दोषी पाया और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

उत्तर

(1) जी हां।

(2) जी हां।

(3) अनियमितताओं के लिए मूल रूप से दोषी गृह की अधीक्षिका श्रीमती कमला भार्गव को पाया गया जिसको स्पेशल आडिट की रिपोर्ट के आधार पर राजस्थान असैनिक सेवायें (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत दोषारोपण पत्र जारी किये जा चुके हैं। सम्बन्धित अधिकारी से आरोप/दोषारोपण पत्रों का प्रति उत्तर प्राप्त हो गया है और इस प्रकरण में जांच अधिकारी को नियुक्त भी किया जा चुका है। जांच की कार्यवाही जारी है।

भंगी कष्ट मुक्ति सूत्र के तहत कार्य

467. श्री हंसराज शर्मा (सवाई माधोपुर): क्या समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) क्या यह सही है कि राजस्थान में 20 सूत्री कार्यक्रम में भंगी कष्ट मुक्ति भी कोई सूत्र है ? यदि हां, तो इस सूत्र के तहत जनवरी, 1982 से जनवरी, 1983 तक किन-किन नगरपालिका क्षेत्रों में इस योजना की क्रियान्विति की गई ?

(2) क्या यह भी सही है कि राज्य में भंगी कष्ट मुक्ति के अन्तर्गत कई कार्यक्रम निर्धारित किये गये थे ? यदि हां, तो वह क्या-क्या तथा अब तक उनमें कितना प्रतिशत कार्य किया जा चुका है ?

(श्री हंसराज शर्मा)

(3) क्या यह भी सही है कि सरकार ने उपरोक्त कार्य हेतु अलग से कोई बजट निर्धारित किया हुआ था ? यदि हां, तो कितना और उसमें से किस-किस जिले में कितना-कितना खर्चा किया गया है ?

उत्तर

(1) जी नहीं।

(2) समाज कल्याण विभाग द्वारा भंगी कष्ट मुक्ति के अन्तर्गत मेहतरों एवं अन्य अस्वच्छ कार्य करने वाले परिवारों के छात्र-छात्राओं हेतु 30 छात्रावास स्थापित करने के लक्ष्य रखे गये थे जिसके मुकाबले 40 छात्रावास स्थापित किये जा चुके हैं।

(3) यह कार्यक्रम केन्द्रीय प्रवर्तित योजना के अन्तर्गत प्रारम्भ किया गया है जिसमें 50 प्रतिशत राशि केन्द्रीय सहायता की तथा शेष 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा व्यय की जाती है। वर्ष 82-83 में इसके लिए राज्य की योजना में 7.80 लाख रुपये का तथा केन्द्र प्रवर्तित योजना के अन्तर्गत 7.80 लाख रुपये का प्रावधान है। व्यय की सूचना वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर उपलब्ध हो सकेगी।

चौमू में आवासन मण्डल की योजना

468. श्री तेजपाल यादव (चौमू) : क्या आवासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

क्या चौमू कस्बे में राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा मकान निर्माण किये जाने हेतु योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो 31 जनवरी, 1983 तक कितने प्रार्थना-पत्र जमा हो चुके हैं ? क्या मकान निर्माण के लिये भूमि का चयन कर लिया गया है ? यदि हां, तो मकान निर्माण कार्य कब तक चालू कर दिया जावेगा ?

उत्तर

जी हां। मकान निर्माण हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 मार्च, 1983 है। दिनांक 15-2-83 तक कुल 144 आवेदन-पत्र प्राप्त हुए हैं। अभी भूमि का चयन नहीं किया गया है। कम से कम 200 प्रार्थना-पत्र प्राप्त होने पर ही मकान निर्माण हेतु भूमि का चयन कर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

रामगंज मंडी (कोटा) में पोषाहार केन्द्र

469. श्री हरीश शर्मा (रामगंज मंडी): क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) क्या यह सही है कि रामगंज मंडी जिला कोटा में पोषाहार केन्द्र चलाये जा रहे हैं ? यदि हां, तो कुल कितने ?

(2) क्या सरकार पोषाहार केन्द्र को संचालित करने वाले व्यक्ति को प्रति माह वेतन या मानदेय देती है ? यदि हां, तो क्या ?

(3) क्या अनेक केन्द्र बन्द पड़े हैं ? यदि हां, तो ऐसा क्यों ?

उत्तर

(1) जी हां। रामगंज मंडी में कुल पांच पोषाहार केन्द्र चलाये जाते हैं।

(समाज कल्याण मंत्री)

(2) केन्द्र संचालन करने वाले व्यक्ति, जो बच्चों की उपस्थिति, खाद्यान्न की आवक-जावक आदि का इन्द्राज करता है, को 20/ रुपये प्रतिमाह तथा खाद्यान्न बनाने वाले को 40/-रु. प्रतिमाह अलाउन्स दिया जाता है।

(3) माह फरवरी, 83 से पांचों केन्द्र ट्रांसपोर्टर द्वारा सामान नहीं पहुंचाने के कारण बंद है। इन्हें अति शीघ्र प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

अनुसूचित जाति व जन जाति के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति

470. श्री नन्दलाल मीणा (प्रतापगढ़): क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) अनुसूचित जाति व जनजाति के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए राज्य के किस किस पब्लिक स्कूल में कितने-कितने स्थान सुरक्षित हैं ?

(2) वर्ष 1982-83 में कितने छात्रों को विशेष छात्रवृत्ति देकर प्रवेश दिलाया गया? कृपया छात्र-छात्राओं के स्थायी पतों सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) अनुसूचित जाति व जन जातियों के छात्रों के लिए किसी पब्लिक स्कूल में कोई स्थान सुरक्षित नहीं कराये गये हैं। प्रवेश आवश्यकतानुसार करा दिया जाता है।

(2) वर्ष 1982-83 में 212 छात्रों का चयन छात्रवृत्ति पर प्रवेश दिलाने के लिए किया गया जिनमें से 174 छात्रों ने प्रवेश लिया। उनकी सूची स्थायी पतों सहित संलग्न है।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 11 देखें)

समाज कल्याण के अन्तर्गत बाल विकास केन्द्र

471. श्री दाऊदयाल जोशी (दीगोद)

श्री हीरालाल आर्य (पीपल्दा): क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:

(1) क्या समाज कल्याण विभाग बाल विकास केन्द्र की कोई योजना चलाता है ? यदि हां, तो राज्य में यह योजना कहां कहां चालू है ?

(2) कोटा जिले की कितनी व किन किन पंचायत समितियों में यह योजना कहां कहां व कितने केन्द्रों पर चालू है ? इस योजना पर जिले में गत एक वर्ष में कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया व इस राशि में से कितना व्यय किस-किस मद में हुआ ?

उत्तर

(1) जी हां। सूची संलग्न है। (परिशिष्ट "1")

(2) कोटा जिले की निम्न 3 पंचायत समितियों में यह योजना चालू है:—

क्र.सं.	नाम पंचायत समिति	चालू केन्द्रों की संख्या
1	2	3
1.	छबड़ा	64
2.	किशनगंज	50
3.	शाहबाद	50

(36)

(समाज कल्याण मंत्री)

इस योजना पर गत वर्ष में किये गये धनराशि का प्रावधान एवं वास्तविक व्यय मदवार निम्न प्रकार है :—

क्र. सं.	परियोजना	वर्ष	स्वीकृत राशि	वास्तविक व्यय
1	2	3	4	5
1.	प्रशासन एवं चिकित्सा			
1.	किशनगंज	82–83	60,500	21,302
2.	शाहबाद	82–83	60,500	23,648
3.	छबड़ा	78–79 से 82–83	8,84,570	9,98,445
2.	प्रौढ़ महिलाओं के लिए कार्यात्मक साक्षरता योजना			
1.	किशनगंज	82–83	23,500	03,779
2.	शाहबाद	82–83	23,500	13,192
3.	छबड़ा	78–79 से 82–83	2,39,700	1,45,406
3.	पोषाहार (स्थानीय खाद्यान्न)			
1.	किशनगंज	82–83	50,000	—
2.	शाहबाद	82–83	50,000	36,851
3.	छबड़ा	78–79 से 82–83	15,15,000	5,25,670

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 12 देखें)

तहसील सांगानेर व चाकसू में मांडा योजना के तहत कार्य

472. श्रीमती विद्या पाठक (सांगानेर): क्या जन जाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) जयपुर जिले की तहसील सांगानेर व चाकसू में मांडा योजना के अन्तर्गत किस-किस को कहां-कहां व क्या-क्या लाभ गत 3 वर्षों में दिया गया ? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) इस योजना के अन्तर्गत उक्त तहसीलों में किये गये सार्वजनिक विकास कार्यों की सूची भी सदन की मेज पर रखें।

(जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री):

उत्तर

(1) मांडा योजना के अन्तर्गत सांगानेर व चाकसू तहसील में गत तीन वर्षों में लाभान्वित परिवारों की सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) सूची सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

(सूचियों के लिये कृपया परिशिष्ट 13 देखें)

न्यायिक सेवा में स्वीकृत पद

473. श्री नन्दलाल मीणा (प्रतापगढ़): क्या विधि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) राजस्थान न्यायिक सेवा में कुल कितने पद स्वीकृत हैं? वर्तमान में स्वीकृत पदों में से कितने पद रिक्त चल रहे हैं व किन कारणों से?

(2) सरकार इनकी पूर्ति के बारे में क्या कार्यवाही करेगी?

उत्तर

(1) राजस्थान न्यायिक सेवा के कुल 299 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 23 पद रिक्त हैं। ये पद वरिष्ठ अधिकारियों के राजस्थान उच्च न्यायिक सेवा में पदोन्नति के कारण रिक्त हुए हैं।

(2) रिक्त पदों पर नियुक्ति लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जाती है। लोक सेवा आयोग से चयन कर सिफारिश करने का अनुरोध किया जा चुका है और ये नियुक्तियां इस वर्ष में होने की सम्भावना है।

झुन्झुनू नगर में बगड़ के रास्ते पर स्थित जमीन पर अवैध कब्जा

475. श्री कमलेन्द्र सिंह (वल्लभनगर): क्या वक्फ मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि झुंझुनू नगर में बगड़ के रास्ते पर स्थित कुआ मरीदान व उस के पास की जमीन वक्फ बोर्ड की है?

(2) क्या यह सही है कि इस वक्फ बोर्ड की जमीन पर इस समय किसी व्यक्ति का कब्जा है? यदि हां, तो वह कौन है और सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है?

उत्तर

(1) जी हां।

(2) इस जायदाद पर श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री पुष्करलाल जांगिड़ का कब्जा है। इसको वक्फ बोर्ड की पूर्वानुमति बिना श्री मोहम्मद अली मोलाबक्ष, श्री मुनीर पुत्र श्री रहमान, श्री बशीर पुत्र श्री मोला, श्री हनीफ पुत्र श्री मोलाबक्ष द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार जांगिड़ को जरिये बेचान पत्र दिनांक 30-7-81 से विक्रय किया गया है। वक्फ बोर्ड ने इस अवैध बेचान के लिये वक्फ अधिनियम की धारा 36 (बी) के अन्तर्गत वापस कब्जे दिलाने हेतु रिक्वीजीशन जिलाधीश झुंझुनू को प्रस्तुत किया है। सरकार का वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति हस्तान्तरण में वक्फ अधिनियम के अन्तर्गत हस्तक्षेप अपेक्षित नहीं है। अतः राज्य सरकार द्वारा कार्यवाही करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

गंगानगर शुगर मिल में चीनी का उत्पादन

476. श्रीमती विद्या पाठक (सांगानेर): क्या राजकीय उपक्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) पिछले तीन वर्षों में गंगानगर शुगर मिल के शुगर यूनिट में चीनी का कितना उत्पादन हुआ ?

(2) वहां के शुगर बीट प्लान्ट को पूरी क्षमता पर चलाने के लिये कितना कितना गन्ना और चुकन्दर की आवश्यकता प्रति माह होती है ?

(3) क्या उक्त चुकन्दर की आवश्यकता वहां के फार्म उत्पादन से हो जाती है ? वहां चुकन्दर क्या क्या और कितना कितना उत्पन्न होता है ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि इसे केवल कर्मचारियों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिये चलाया जा रहा है ?

उत्तर

(1) पिछले 3 वर्षों में गंगानगर शुगर मिल्स की शुगर यूनिट में चीनी का उत्पादन निम्नानुसार हुआ:—

वर्ष	चीनी उत्पादन (क्वि.)
1979–80	49000
1980–81	31000
1981–82	53000

(2) शुगर बीट प्लान्ट को पूरी क्षमता से चलाने के लिए प्रतिदिन 6000 क्वि. चुकन्दर की आवश्यकता होती है। चुकन्दर से चीनी के उत्पादन का सत्र अप्रेल के प्रथम सप्ताह से मई के अन्तिम सप्ताह तक होता है जो 50 दिवस चलता है जिसके लिये 3 लाख क्वि. चुकन्दर की आवश्यकता होती है। गन्ना शुगर बीट प्लान्ट के काम में नहीं लिया जाता है।

(3) जी नहीं।

गंगानगर शुगर मिल्स के प्रायोगिक फार्म के उत्पादन से चुकन्दर की आवश्यकता पूरी नहीं होती है। गत 3 वर्षों में इस फार्म में चुकन्दर उत्पादन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	प्राप्त चुकन्दर की मात्रा (क्वि.)
1979–80	729.480
1980–81	873.350
1981–82	481.330

(4) जी नहीं।

गंगानगर शुगर मिल्स को चलाने का मुख्य कारण क्षेत्र के गन्ना एवं चुकन्दर उत्पादकों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराना है।

राज्य परिवहन निगम की बसें

478. श्री कनकराज मेहता (सांचौर) श्री देवी सिंह भाटी (कोलायत) : क्या यातायात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे.—

(1) राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अन्तर्गत कुल कितनी बसें स्वीकृत हैं ? कुल कितनी बसें कार्यरत हैं ? कृपया आगारवार सूची सदन के पटल पर रखें ?

(श्री कनकराज मेहता)

(2) निगम द्वारा स्वीकृत बसों की कमी की पूर्ति हेतु क्या योजना है ?

(3) राज्य में कुल कितनी डीलक्स अथवा वातानुकूलित बसें किस किस रूट पर चल रही हैं ? सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) परिवहन निगम के अन्तर्गत 1991 अनुसूचित सेवाओं के संचालन हेतु कुल 2190 बसें (1991 तथा 10 प्रतिशत अतिरिक्त-199 सहित) स्वीकृत हैं तथा 2190 बसें ही संचालन हेतु विभिन्न आगारों को आवन्टित हैं। उनमें से 2042 वाहन कार्यरत हैं। आगारवार बसों की सूची संलग्न है।

(2) स्वीकृत अनुसूचित सेवाओं के संचालन हेतु वान्छित संख्या में वाहन आगारों को आवन्टित हैं तथा आफ रोड वाहनों की संख्या भी 148 ही है जो 10 प्रतिशत सामान्य रख रखाव के विरुद्ध आवंटित बसों से कम है। अतः बसों की कमी की पूर्ति का प्रश्न ही नहीं है।

(3) परिवहन निगम द्वारा चलाई जा रही डीलक्स व वातानुकूलित बस सेवाओं की मार्ग सहित सूची संलग्न है।

(सूचि के लिये कृपया परिशिष्ट 14 देखें)

राज्य परिवहन निगम में मेहतर महा-सम्मेलन द्वारा बसों का जमा किराया

479: श्री गोपाल पचेरवाल (पाटन) : क्या यातायत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) क्या यह सही है कि 9 व 10 मई, 1981 को राजस्थान मेहतर महा सम्मेलन के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसें किराये पर आवंटित की गई थीं ? यदि हां, तो कितनी और उनका कितना किराया बना ?

(2) उक्त महा सम्मेलन की संयोजन समिति द्वारा निगम में कितनी राशि अग्रिम रूप से जमा कराई गई ?

(3) क्या यह सही है कि मेहतर महा सम्मेलन द्वारा जमा कराई गई अग्रिम राशि में से किराया वसूल करने के बाद कुछ राशि शेष बची ? यदि हां, तो कितनी ?

(4) क्या शेष राशि मेहतर महा सम्मेलन को लौटा दी गई है ? यदि नहीं तो क्यों ?

उत्तर

(1) जी हां। 2 बसें अनुबन्ध पर दी गई थीं जिनकी कुल किराया राशि 1215.00 रुपये बनी।

(2) महा सम्मेलन की संयोजन समिति द्वारा 2030.00 रुपये अग्रिम जमा कराये गये थे।

(3) उक्त दोनों वाहनों के किराये की राशि वसूल करने के बाद 815.00 रुपये शेष बचे थे।

(4) जी नहीं। शेष जमा राशि पार्टी द्वारा अभी तक नहीं उठाई गई है। जब कि उक्त शेष राशि की वापसी की स्वीकृति के

(40)

(यातायात मंत्री)
आदेश दिनांक 29-6-81 को ही जारी कर दिये गये हैं तथा श्री बन्शी लाल, प्रान्तीय संयोजक, राजस्थान प्रदेश मेहतर महा सम्मेलन को पत्र क्रमांक 323 दिनांक 29-6-81 द्वारा भुगतान लेने हेतु निवेदन कर दिया गया था।

राज्य में बसों के फिटनेस मापदण्ड

480. श्री जीतमल जैन (अलवर) : क्या यातायात मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) क्या राजस्थान में बसों के फिटनेस सम्बन्धी नियम बने हुए हैं ? यदि हां, तो नियमों की प्रति सदन की मेज पर रखने का कष्ट करें।

(2) क्या राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की समस्त बसें निर्धारित माप दण्डों को पूर्ण करती हैं ? यदि नहीं, तो माप दण्डों की पालना की अवेहलना में वर्ष 1981 व 1982 में कितनी बसों का चालान हुआ है एवं निगम ने कितना रुपया दण्ड स्वरूप दिया है ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां, नियमों की प्रति संलग्न है।

(2) फिटनेस प्रमाण-पत्र निर्धारित माप दण्ड पूरा करने पर ही दिया जाता है, लेकिन वाहन के साथ फिटनेस प्रमाण-पत्र उपलब्ध न होने तथा कुछ छोटी मोटी कमियां होने के कारण वर्ष 1981 व 1982 में कुल 407 बसों का चालान हुआ है एवं निगम ने कुल 29,097.00 रुपया दण्ड स्वरूप दिया है। विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

(नियमों की प्रति व विवरण के लिये कृपया परिशिष्ट 15 देखें)

झालावाड़ जिले में खाद्य सामग्री की आपूर्ति

481. श्री बालचन्द आर्य वीर (डग)
श्री अनंग कुमार जैन (झालरापाटन): क्या खाद्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

झालावाड़ जिले में सन् 1980 से फरवरी 1983 तक के लिये मिट्टी का तेल, कपड़ा, सीमेंट व चावल कितनी कितनी मात्रा में आवंटित किया गया ? विवरण सदन की मेज पर रखें ?

उत्तर

झालावाड़ जिले को वर्ष 80 से 83 तक मिट्टी का तेल, कपडा, सीमेंट व चावल के किये गये आवंटन की सूची सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 16 देखें)

मुगांणा (धरियावद) सहकारी समिति द्वारा नियंत्रित कपड़े का लाइसेन्स

482. श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर) : क्या रसद मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) क्या यह सही है कि मुंगाणा त. धरियावद, जिला उदयपुर की सहकारी समिति ने नियंत्रित मूल्य के कपड़े का लाइसेन्स ले रखा है ? यदि हां, तो उसने जनवरी, 1981 से जनवरी, 1983 तक

(श्री गुलाब चन्द कटारिया)

कितना कपड़ा उठाया ? माहवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या मुंगाणा के लोगों से जिलाधीश उदयपुर एवं सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी विभाग, उदयपुर को शिकायत-पत्र प्राप्त हुए हैं ? क्या उक्त शिकायतों की जांच करवा ली गयी है ? यदि हां, तो जांच रिपोर्ट सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां, मुंगाणा, तहसील धरियावद, जिला उदयपुर की सहकारी समिति ने प्राधिकार पत्र ले रखा है। जनवरी, 1981 से फरवरी, 1982 तक निम्नांकित मात्रा में नियन्त्रित कपड़ा उठाया गया :—

1. जनवरी, 81	2691 मीटर
2. फरवरी, 81	1080 मीटर
3. मार्च, 81	1040 मीटर
4. अप्रेल, 81	750 मीटर
5. जून, 81	1404 मीटर
6. अक्टूबर, 81	1000 मीटर
7. फरवरी, 82	1400 मीटर

मार्च, 82 से जनवरी, 83 तक समिति द्वारा नियन्त्रित कपड़ा नहीं उठाया गया।

(2) जी नहीं। कोई शिकायत प्राप्त नहीं होने के परिणामस्वरूप जांच करवाये जाने का प्रश्न ही नहीं उठता।

जिला जैसलमेर में आवश्यक वस्तुओं की दुकानें

483. श्री चन्द्रवीर सिंह भाटी (जैसलमेर): क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) जैसलमेर जिले में आवश्यक वस्तुओं के वितरण की कितनी दुकानें हैं व किन-किन स्थानों पर खुली हुई हैं ? इनमें से कितनी दुकानें सहकारी समितियों के पास हैं ?

(2) वर्ष 1981-82 व 1982-83 में जैसलमेर जिले को कितना कितना गेहूं, चीनी, कपड़ा, चावल व सीमेंट का कोटा आवंटित किया गया ? कृपया पंचायत समितिवार सूचना सदन की मेज पर रखने की कृपा करें।

उत्तर

(1) जैसलमेर जिले में आवश्यक वस्तुओं के वितरण की 111 दुकानें जहां-जहां खुली हुई हैं, उनकी सूची सदन के पटल पर प्रस्तुत है। इन दुकानों में से 36 दुकानें सहकारी समितियों द्वारा संचालित हैं।

(2) सूची सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

(सूचियों के लिए कृपया परिशिष्ट 7 देखें)

राज्य के कारागारों में बन्दी

484. श्रीमती विद्या पाठक (सांगानेर) : क्या कारागृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) राज्य में कौन-कौन सी जेलों में कितने-कितने विचाराधीन बंदी हैं और कब कब से ? जेलवार महिला व पुरुष बंदियों की संख्या सदन की मेज पर रखने का कष्ट करें।

(४२)

(श्रीमती विद्या पाठक)

(2) विचाराधीन महिला बन्दियों के साथ किस-किस आयु के कितने बच्चे कब-कब से हैं ?

(3) उनमें कितने-कितने पुरुष व महिलाएं बंदी मानसिक रोग से पीड़ित हैं व कब कब से ? जेलवार संख्या सदन की मेज पर रखने का कष्ट करें।

उत्तर

(1) जेलवार महिला व पुरुष बन्दियों की दिनांक 31-12-82 की सूचना सदन की मेज पर रख दी गई है।

(2) दिनांक 31-12-82 को 10 विचाराधीन महिला बन्दियों के 17 बच्चे थे जिनमें एक माह से कम, 3 से 6 माह, 1 से 3 वर्ष, 3 से 5 और 6 वर्ष की आयु के सम्मिलित हैं। इन बच्चों के कारागृह में व्यतीत की गई अवधि का विवरण निम्न भांति है :–

बच्चों द्वारा कारागृह में व्यतीत की गई अवधि	विचाराधीन महिला बंदियों के साथ कारागृह में प्रविष्ट हुए बच्चों की आयु समूह					
	1 माह से कम	3 से 6 माह	1 से 3 वर्ष	3 से 5 वर्ष	6 वर्ष	योग
1 से 3 माह	1	–	1	–	–	2
3 से 6 माह	–	1	3	–	–	4
6 से 12 माह	–	–	2	5	1	8
12 से 18 माह	–	–	1	2	–	3
योग :—	1	1	7	7	1	17

दिनांक 31-12-82 को राज्य के कारागृहों में 3,315 पुरुष और 45 महिलाएं विचाराधीन बन्दी के रूप में थीं। इनमें 37 पुरुष और 1 महिला विचाराधीन बन्दी मानसिक रूप से पीड़ित थी जिनका जेलवार व जेल में व्यतीत की गई अवधि की सूचना सदन की मेज पर रख दी गई है।

(सूचना के लिए कृपया परिशिष्ट 18 देखें)

राजस्थानी भाषा में फिल्में

485. श्री बालचन्द्र आर्यवीर (डग): क्या जनसम्पर्क मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) अभी तक राज्य में राजस्थानी भाषा में कितनी फिल्में बन चुकी हैं व राजस्थानी भाषा में बनने वाली फिल्मों पर सरकार ने कितना टैक्स माफ किया व अन्य क्या सहयोग दिये ? कृपया विवरण सदन की मेज पर रखें।

(श्री बाल चन्द्र आर्यवीर)

(2) क्या यह सही है कि पिछले सत्र में आमेर को फिल्म नगरी बनाने की घोषणा सरकार ने की थी ? यदि हां, तो इस कार्य में कितनी प्रगति हुई ?

उत्तर

(1) राज्य में कोई फिल्म स्टूडियो नहीं है, अतः राज्य में राजस्थानी भाषा में फिल्में बनने का प्रश्न नहीं उठता। अभी तक राजस्थानी भाषा में बनने वाली किसी फिल्म को राज्य सरकार ने मनोरंजन कर से मुक्त नहीं किया है। शूटिंग स्थलों पर शांति व व्यवस्था का प्रबन्ध आवश्यकतानुसार किया जाता है।

(2) जी नहीं। गत विधान सभा सत्र में यह कहा गया था कि आमेर के पास के स्थान को फिल्म नगर के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के उपकुलपति के विरुद्ध शिकायतें

486. श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): क्या विश्वविद्यालय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सच है कि सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के उपकुलपति डा. राजनाथ सिंह को जो आरोप-पत्र दिया गया उसमें एक यह भी था कि सिंह कमीशन की सिफारिशों के अनुसार सर्व श्री के. जी. माथुर तथा सेवेस्टीन को असिस्टेन्ट इन्जिनियर के पद से क्यों नहीं हटाया गया ? जब कि उक्त दोनों ही व्यक्तियों के पास न्यूनतम मान्यता प्राप्त योग्यता नहीं है ?

(2) क्या दोनों को नौकरी से तुरन्त हटाने की कार्यवाही की जावेगी ?

उत्तर

(1) जी हां।

(2) सहायक अभियन्ताओं के पदों को स्थायी रूप से भरने के लिए विज्ञापन सं. 1/83 दिनांक 3-1-83 जारी किया गया है। चयन की प्रक्रिया जारी है। नियमित चयन समिति द्वारा चयनित व्यक्ति को उक्त पदों पर लगाया जावेगा।

स्थगन प्रस्तावों पर अध्यक्षीय व्यवस्था

श्री अध्यक्ष : स्थगन प्रस्तावों पर व्यवस्था।

मुझे माननीय सदस्यों को सूचित करना है कि निम्नांकित स्थगन प्रस्तावों की सूचना प्राप्त हुई है :-

(1) श्री अनंग कुमार जैन- ग्राम अर्जुनपुरा व देवरी तहसील अजमेरा की सरकारी जंगलात की भूमि पर पंचायत समिति, छीपाबड़ोद के प्रधान द्वारा पेड़ कटवाकर बेच दिये जाने के सम्बन्ध में,

(2) श्री मालाराम-खेतड़ी विधान सभा क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने के विषय में,

(3) सर्वश्री राजबहादुर, चाव खां, यदुनाथसिंह-भरतपुर जिले की पंचायत समितियों के पशुधन सहायकों के पदों को समाप्त कर अन्य जिलों की पंचायत समिति में विलय करने के सम्बन्ध में,

(५५)

(श्री अध्यक्ष)

(4) श्री हंसराज शर्मा व श्री चुन्नीलाल जेलिया – सवाई माधोपुर के गोदाम में सड़ा गला गल्ला व्यापारियों को देने के विषय में,

(5) श्री हरीश शर्मा – कोटा जिले की अन्ता पंचायत समिति की काचरी लिफ्ट सिंचाई योजना के कार्य हेतु 1981 में टेण्डर प्राप्त होने पर भी अब तक वर्क आर्डर न देने के विषय में,

(6) श्री भगवान दास शास्त्री – अजमेर नगर की पेयजल व्यवस्था ठप्प हो जाने के विषय में,

(7) श्री देवीसिंह भाटी– राजस्थान नहर की बरसलपुर शाखा के आर.डी. 142 से 145 तक नहर निर्माण में मिट्टी का दाब सही न होने व आर.डी. 20 से 22 1/2 तक मिट्टी का कार्य स्वीकृत मात्रा से कम होने के विषय में,

(8) श्री बंशीलाल पटवा – राज्य के विभिन्न भागों में कार्यरत डिप्लोमा होल्डर, कनिष्ठ अभियन्ता व डिग्री होल्डर वरिष्ठ अभियन्ताओं के पदोन्नति के मामले पिछले 10 वर्षों से अटके होने के विषय में;

(9) श्री हीरालाल आर्य – पीपल्दा क्षेत्र के भूतपूर्व महाराज द्वारा कुछ स्थानों पर बनाये गये चैक डेम्स के क्षतिग्रस्त होने से उत्पन्न स्थिति के विषय में,

(10) श्री छीतरलाल आर्य – गत 24 जनवरी को अटरू क्षेत्र में एस.डी.ओ. द्वारा कुछ हरिजनों को जमीन के आवंटन से वंचित करने के विषय में,

(11) श्री कमलेन्द्रसिंह – गत 3 मार्च को ग्राम इब्राहिमपुर, थाना रूपवास, जिला भरतपुर के सरपंच द्वारा गोली चलाने से 4 आदमियों के घायल होने के विषय में,

(12) श्रीमती विद्या पाठक– सांगानेर कस्बे में जयपुर विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत आई भूमि में खसरा नम्बर 548 व 550 पर पुलिस की कार्यवाही के बावजूद अनधिकृत निर्माण कार्य करवाये जाने के विषय में,

(13) श्री मेघराज तावड़ –एस.डी.आई. पंचायत समिति अलसीसर जिला झुन्झुनू का पद लम्बे अर्से से रिक्त होने के विषय में,

(14) श्री रामकिशोर मीणा –पिछले दिनों करौली के निकट लौंगटपुर गांव में एक डकैती की घटना के विषय में,

(15) श्री दाऊदयाल जोशी – रावत भाटा एवं जवाहर सागर के डेम क्षेत्र में पानी में से ठूंठ निकालने के मामले में हुई अनियमितताओं पर सम्बन्धित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही न करने के विषय में,

(16) श्री कैलाश मेघवाल व श्री ललित किशोर चतुर्वेदी – पीपाड़ क्षेत्र के नगरपालिका अध्यक्ष श्री बदनाराम को गत 8 मार्च को पुलिस द्वारा गिरफ्तार, हथकड़ी लगाकर पुलिस द्वारा बाजार में घुमाने के विषय में,

(17) सुश्री पुष्पा जैन –ग्राम मोरोली डाग तहसील रूपवास, जिला भरतपुर के एक निवासी द्वारा माया पुत्री हट्टी जाटव को उठाकर ले जाने और उसके साथ दुर्व्यवहार करने के विषय में,

(श्री अध्यक्ष)

इन स्थगन-प्रस्तावों पर राज्य सरकार से जानकारी प्राप्त की जा रही है और जानकारी प्राप्त होने पर निर्णय लिया जायेगा।

निम्नांकित स्थगन प्रस्ताव स्वीकृति योग्य नहीं हैं :–

(18) श्रीमती उजला अरोड़ा – भरतपुर सहकारी बैंक के प्रशासक के पद पर एक सेवा निवृत्त संयुक्त रजिस्ट्रार की नियुक्ति।

यह एक व्यक्तिगत मामला है और इसमें जो आरोप लगाये गये हैं वह अस्पष्ट हैं।

(19) श्री बालचन्द्र आर्यवीर-झालावाड़ जिले के मिसरोली स्कूल को क्रमोन्नत करने की मांग।

इस विषय पर माननीय सदस्य आज शिक्षा विभाग की मांगों पर चर्चा कर सकते हैं।

निम्नांकित स्थगन प्रस्तावों पर राज्य सरकार से तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त हुई है:–

(1) श्री घनश्याम तिवाड़ी – इण्डस्ट्रियल अर्बन को-आपरेटिव बैंक, सीकर के संचालक मण्डल द्वारा अनियमितताएं।

इस विषय पर सरकार की ओर से कल दिनांक 11–3–1983 को सदन में एक वक्तव्य दिया जायेगा।

(2) सुश्री पुष्पा जैन–जयपुर विकास प्राधिकरण फायरिंग रेंज के लिए जमीन अवाप्ति।

इस बारे में सदन में सरकार की ओर से एक वक्तव्य दिया जायेगा, जिसकी तिथि बाद में तय की जायेगी।

(3) श्री समर्थ लाल-सीरावास रोध तहसील अलवर के अनुसूचित जाति के लोगों की जमीन अन्य लोगों द्वारा छीने जाने के विषय में।

सरकार ने सूचित किया है कि इसमें से कुछ भाग पर किये गये आवंटन का प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और 3 अतिक्रमी काश्तकारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। जो जमीन वन विभाग द्वारा प्राप्त की गई वह नियमानुसार है।

(4) श्री छीतर लाल आर्य-अटरू क्षेत्र में पार्वती नहर के गत 18 फरवरी को बन्द कर देने से किसानों को हुई कठिनाइयों के विषय में।

सरकार ने सूचित किया है कि विभिन्न नहरों से पानी चलाने व बंद करने की तारीखें निश्चित की गई थीं। इनमें से रजवाह शाखा में पिलाई पूरी हो जाने के कारण पानी बंद किया गया। इससे पूर्व कहीं भी सिंचाई के अभाव में फसल का सूखना नहीं पाया गया तथा 10 मार्च को यह शाखा पुनः खोल दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः मैं इन स्थगन-प्रस्तावों को स्वीकृति देने में असमर्थ हूं।

मुझे कुछ अन्य स्थगन-प्रस्तावों पर भी राज्य सरकार से तथ्यात्मक सूचनायें प्राप्त हुई हैं, जिनका अध्ययन किया जा रहा है। उन पर मैं बाद में व्यवस्था दूंगा।

(46)

(श्री अध्यक्ष)

माननीय डा. उजला अरोड़ा–भरतपुर सहकारी बैंक के बारे में कहेंगी।

व्यवस्था का प्रश्न

श्री देवीसिंह भाटी के गले में लटकती हुई तख्ती

श्री भैरूंसिंह गुर्जर (खारची) : अध्यक्ष महोदय, बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न है। मुख्य मंत्री शिवचरण जी माथुर हमारे सदन के नेता हैं, उनकी गरिमा के खिलाफ यदि विपक्ष के कोई माननीय सदस्य इस प्रकार की प्लेट गले में लटका कर आयेंगे तो कदापि वर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कृपया आप इन्हें प्रताड़ित करें और सदन के बाहर इस प्लेट को भेजने की व्यवस्था करें।

श्री देवीसिंह भाटी (कोलायत) : अध्यक्ष महोदय, इस सरकार को शर्म आनी चाहिये। आप तो बात करते हैं मुख्य मंत्री की गरिमा की···

(व्यवधान)

सदन की गरिमा की बात···

(व्यवधान)

पिछले महीने सेना के जवानों ने सामूहिक बलात्कार किया···

(व्यवधान)

7 तारीख को, अध्यक्ष महोदय···

(व्यवधान)

बलात्कार किया है। उसके ऊपर भी सरकार कार्यवाही नहीं करती है। केन्द्रीय सरकार से क्या उन्होंने सम्पर्क किया ?

श्री भैरूंसिंह गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, हम कदापि इसको वर्दाश्त नहीं करेंगे। आप इसकी लैंग्वेज को पढ़िये। इसकी भाषा को तो पढ़िये···

श्री देवीसिंह भाटी : 7 तारीख को मास रेप हुआ है बीकानेर के अन्दर...

श्री भैरूंसिंह गुर्जर : भाषा तो पढ़ो। यह भाषा सही नहीं है।

(व्यवधान)

श्री देवीसिंह भाटी : इनको शर्म आती नहीं और माथुर की बेटी मंजू···

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आसन पैरों पर है। कृपया बैठ जायं। आर्डर प्लीज।

एक माननीय सदस्य : एक व्यवस्था का प्रश्न है।

श्री अध्यक्ष : इस पर क्या लिखा हुआ है। मैं यहां से पढ़ नहीं सकता।

श्री देवीसिंह भाटी : अध्यक्ष महोदय, इस पर यह लिखा है कि राजस्थान के मुख्य मंत्री माथुर की बेटी मंजू का सामूहिक बलात्कार। सेना के जवानों द्वारा 7 मार्च को सामूहिक बलात्कार व हत्या···

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : यह बात कदापि शोभा नहीं देती···

(व्यवधान)

श्री भैरूंसिंह गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, हम इसको कदापि वर्दाश्त नहीं करेंगे। यह

(श्री भैरूंसिंह गुर्जर)
प्लेट इस सदन के बाहर फिंकवाई जाय।

श्री सुजान सिंह यादव (बहरोड़) : इससे बढ़ कर और शर्मनाक बात क्या हो सकती हैं, अध्यक्ष महोदय ? सदन में इस तरह का नाटक करना बिल्कुल गलत है।

श्री देवीसिंह भाटी : सही बात को नाटक कहना...

श्री सुजान सिंह यादव : यह सदन की गरिमा के विरुद्ध है...

(व्यवधान)

सदन के...

(व्यवधान)

जिम्मेदार होने के बाद भी इस तरह का नाटक करते हैं, यह सही नहीं है....

(व्यवधान

यह सदन की गरिमा के विरुद्ध है...

(व्यवधान)

श्री भैरूंसिंह गुर्जर : XXX

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : और हम भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य। आर्डर, आर्डर। कृपया बैठ जाइये।

(व्यवधान)

श्री मेघराज तावड़ (गोगुन्दा) : अध्यक्ष महोदय, बहुत ही गम्भीर मामला है। क्या हत्यायें नहीं हो रही हैं ? बलात्कार नहीं हो रहे हैं, यह कह दो,

श्री अध्यक्ष : कृपया बैठ जायं।

(व्यवधान)

श्री मेघराज तावड़ : या मंजूर करो कि XXX सरकार में हत्या नहीं हो रही है। बलात्कार नहीं हो रहा है।

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : अध्यक्ष महोदय, इनको ताड़ना दी जाय।

(व्यवधान)

श्री कैलाश मेघवाल (अजमेर पूर्व) : इस प्रकार की स्थिति होती है और इसके बारे में सरकार कतई चिन्तित नहीं है। अगर इनको चिन्ता होती तो पिछले महीने के अन्दर मज्जा देवी के साथ रेप हुआ था...

(व्यवधान)

उस के ऊपर आपकी सरकार ने क्या किया....

(व्यवधान)

आपको शर्म नहीं आती।

श्री भैरूंसिंह गुर्जर : XXX कांग्रेस (आई) की शक्ति को कमजोर मत समझो....

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : कृपया स्थान ग्रहण कीजिए।

श्रीमती विद्या पाठक [illegible]र) : अध्यक्ष महोदय, [illegible]र है।

XXX अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित [illegible] गई।

एक माननीय सदस्य : इस तरह की बात कहना किसी माननीय सदस्य के लिए कि×××

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज ।

श्री देवीसिंह भाटी : ये शब्द सदन की कार्यवाही से एक्सपंज किये जायं ।

श्री सुजानसिंह यादव : यह सदन की मानहानि है सीधी ।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज । अंकित नहीं हो ।

अनेक माननीय सदस्यः +++

श्री सुजानसिंह यादव : इनको दण्डित किया जाय, अध्यक्ष महोदय ।

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : बलात्कार हो रहा है, सामूहिक बलात्कार हो रहा है । इस सरकार को डूब मरना चाहिए ।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : कृपया स्थान ग्रहण कीजिए ।

(व्यवधान)

माननीय सदस्य, बैठ जायं ।

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज !

(व्यवधान)

××

[illegible] र्यवाही आधे घण्टे के [illegible]

(तदनन्तर सदन की कार्यवाही म. प. 12.17 बजे आधे घण्टे के लिए स्थगित हुई)

विधान सभा की बैठक पुनः म. प. 12.48 बजे प्रारम्भ हुई ।

(श्री पूनमचन्द विश्नोई, अध्यक्ष, पदासीन)

श्री अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही पुनः आधे घन्टे के लिए स्थगित की जाती है ।

(तदनन्तर सदन की कार्यवाही म. प. 12.48 बजे आधा घण्टे के लिए स्थगित हुई)

विधान सभा की बैठक पुनः म.प. 1.18 बजे प्रारम्भ हुई

(श्री पूनमचन्द विश्नोई, अध्यक्ष, पदासीन)

श्री अध्यक्ष : जिन माननीय सदस्यों के मैंने स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार कर दिये हैं उनमें से जिन माननीय सदस्यों के नाम अब मैं पुकारूं, वे अपनी बात दो-दो मिनट में कहने का कष्ट करें ।

श्री भैरूंसिंह गुर्जर : अध्यक्ष महोदय; मेरा व्यवस्था का प्रश्न था उस पर आपने कोई व्यवस्था नहीं दी है । आप कोई व्यवस्था दीजिये । मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियम 291 के तहत ऐसे माननीय सदस्य, जो सदन की गरिमा के खिलाफ, किसी माननीय सदस्य के खिलाफ ऐसी कोई कार्यवाही करते हैं, के बारे में पूर्व में भी व्यवस्था दी गई है इसलिये ऐसी व्यवस्था दी जाकर यह जो

[illegible] ननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई ।

+++मान[illegible] के आदेशानुसार अंकित नहीं किया गया ।

(श्री भैरूंसिह गुर्जर)
सत्र चल रहा है, इस सत्र के दौरान, इस सत्र के काल तक मैं आपसे निवेदन करूंगा कि उनको सदन की कार्यवाही से निलम्बित किया जाय।

(व्यवधान)

अनेक माननीय सदस्य : सदन की गरिमा के खिलाफ कार्य किया है, निलम्बित किया जाय।

(व्यवधान)

श्री भैरूंसिह गुर्जर : यह कोई तरीका है आवाज रखने का।

(व्यवधान)

यह कोई तरीका नहीं है।

(व्यवधान)

अगर बात वाजिब तरीके से रखी जाती तो हम मानते।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : शान्त रहें, माननीय सदस्य। आर्डर प्लीज। बैठ जायं।

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : ऐसे आदमी को तो पूरे सत्र के समय के लिये निकाल दिया जाय।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, बैठ जायं। कृपया बैठ जायं।

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज, आर्डर प्लीज।

(व्यवधान)

विपक्ष के नेता महोदय कुछ कहना चाहते हैं।

श्री भैरोंसिह शेखावत (नेता प्रतिपक्ष) : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यों में जिस प्रकार का रोष है, मैं समझता हूं, यह बहुत ही स्वाभाविक है। इस सदन के किसी भी माननीय सदस्य को इस प्रकार की घटना के बाद में रोष निश्चित रूप से होगा। उस रोष का निराकरण भी बहुत आवश्यक है। अध्यक्ष महोदय, जो घटना हुई उस की कोई प्रशंसा नहीं करूंगा। आप लोगों को जितनी वेदना है उससे ज्यादा मुझे भी है। आज कोई शिवचरण जी माथुर की लड़की की तख्ती लगा लें तो मैं समझता हूं, कल मेरी लड़की की भी तख्ती लगाई जा सकती है और किसी मैम्बर की लड़की की तख्ती लगाई जा सकती है। किसी भी रूप में...

(व्यवधान)

मैं आपसे कोई दुहाई मांगने के लिए खड़ा नहीं हुआ हूं। आप कोई कृपा करें मुझ पर, इसकी भी आवश्यकता नहीं है।

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, आपने सदन की कार्यवाही जैसे ही स्थगित की, उस तख्ती को मैंने भी पढ़ा। उस समय तक मैं इस इम्प्रेशन में था कि माननीय सदस्य ने राजस्थान कैनाल के मंत्री श्री चन्दनमल बैद जी के बारे में प्रश्न पूछा है, हो सकता है कि सी.ए.डी. के संबंध में किसी प्रकार की कोई तख्ती लगा रखी

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

हो। उस वक्त उस तख्ती को मैंने ध्यान से नहीं देखा था और न मैं इतनी दूर से पढ सकता हूं। लेकिन जब तख्ती को पढ़ा, मुझे निश्चित रूप से वेदना हुई है। मुझे इस बात का दुःख है कि विरोधी दल के माननीय सदस्य ने इस प्रकार का व्यवहार किया। उसको किसी भी रूप में मैं डिफेन्ड करने के लिए तैयार नहीं हूं। इस सदन की गरिमा केवल इसी बात मे नहीं बढ़ती है कि सदन में किस प्रकार का सुन्दर आचरण किया जाय, सदस्यों के व्यवहार का असर सदन की गरिमा के संबंध में भी होता है और सदन की बैठकों में किसी माननीय सदस्य का सदन मे किस प्रकार से व्यवहार है, इसका भी रिफ्लेक्शन टोटल डैमोक्रेटिक सैट-अप से संबंधित है। आज हम यदि इस सदन में ठीक प्रकार से आचरण नहीं करते तो जनता केवल यहां 200 विधायक, यहां बैठे हैं उनका मजाक उड़ायेगी, ऐसी बात नहीं है, बल्कि लोकतन्त्र के प्रति लोगों की आस्था निश्चित रूप से कम होगी। लोकतन्त्र में जन-सामान्य की आस्था बनी रहे और उसको बनाये रखने के लिए हम किस प्रकार से व्यवहार करें यह सामूहिक रूप से हमारी जिम्मेदारी है, व्यक्तिशः भी हर मेम्बर की जिम्मेदारी है। इस आधार पर, अध्यक्ष महोदय, मैं ज्यादा न कह कर इतना ही निवेदन करना चाहूंगा कि माननीय सदस्य ने जो कुछ किया वह अच्छा नहीं है। विरोधी पक्ष के नेता की जो जिम्मेदारी आपने मुझे दी है उस नाते मैं इस बात के लिए खेद प्रकट करता हूं कि विरोधी दल के एक सदस्य की तरफ से इस प्रकार का व्यवहार हुआ और मैं आशा करता हूं कि माननीय सदस्य भी इसके ऊपर खेद प्रकट करेंगे। मैं ही नहीं मेरे अन्य साथियों, जो विभिन्न दलों के नेता हैं, ने बैठ कर भी इस प्रश्न पर विचार किया। गम्भीरता से इस सारी स्थिति को देखा। स्थिति देखने के बाद हमारी सबकी यह मान्यता है कि इस प्रकार का आचरण नहीं होना चाहिये। जो आचरण माननीय सदस्य ने किया है उसकी तो मैं निन्दा करता हूं और जो घटना घटी उसके लिए मैं सदन से खेद प्रकट करता हूं। साथ ही मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहता हूं कि यह केवल शिवचरण माथुरजी का ही अपमान नहीं है यह मेरा भी उतना ही अपमान है और जिन माननीय सदस्य ने इस प्रकार की तख्ती लटकाई है उनका भी इसी मात्रा में अपमान है।

अध्यक्ष महोदय, अब प्रश्न आता है कि माननीय सदस्य को इस सदन से इस सैशन के खतम होने तक के लिए निकाला जाय या नहीं निकाला जाय। यह तो मैं अपनी तरफ से कोई निवेदन नहीं करना चाहता। इसे तो मैं आपके विवेक और बड़प्पन पर छोड़ना चाहता हूं। आप फैसला करें। यदि आप निकाल कर सदन की गरिमा बढ़ा सकते हैं तो बढ़ायें, यदि सस्पेन्ड करके आपके सदन की गरिमा बढ़ाना चाहें और बढ़ती हो तो आप बढ़ायें, लेकिन मेरा ऐसा विश्वास है . . .

(व्यवधान)

मेरा अपना अनुभव है कि सदन जो बड़प्पन दिखाता है, जो प्रेस दिखाता है उससे सदन की गरिमा बढ़ती है। यह सदन अपने आप में सुप्रिम कोर्ट है, इसमें कोई दो राय नहीं है। यह सुप्रिम कोर्ट जो चाहे जो फैसला कर सकता है। यह मेम्बर को इस सदन से ही नहीं, मेम्बरशिप से भी हटा सकते हैं

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)
जिस संगठन को या जिस संस्थान को इतने बड़े पावर्स मिले हुए हों, वह पावर्स जल्दी में यूज करें तो इससे कोई सदन की शोभा बढ़ेगी इस प्रकार की बात मुझे नहीं लगती····

(व्यवधान)

ऐसा मैं समझता हूं कि बार-बार रिपीट करने की कोई बात, आवश्यकता नहीं है। मैं खुद कह चुका हूं कि शोभा नहीं बढ़ती है इस प्रकार की घटना से। मैं इसलिए निवेदन करना चाहता हूं कि बहुमत में जो पार्टी बैठी है उस पार्टी की ज्यादा जिम्मेदारी होती है। ज्यादा जिम्मेदारी इस बात की हो जाती है कि वह किस प्रकार की परम्परा निभायेंगे। यह परम्परा न चले चूंकि एक मैम्बर ने ठीक प्रकार का व्यवहार नहीं किया तो उनको सत्र से बाहर निकाल दिया जाय, सदन की मैम्बरशिप उनकी समाप्त कर दी जाय। परम्परायें तो हम ऐसी बनाकर चलें कि इन परम्पराओं के आधार पर···

एक माननीय सदस्य : श्रीमती गांधी को सदन से निकाला था तब क्या परम्परायें डाली थी।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : वह परम्परा आपने निभाई है। अगर उसी परम्परा से आप इन्दिरा गांधी की तुलना में इनको लाना चाहते हैं, तो इनको निकाल दीजिए।

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : उस समय वह सदन की नेता थी।

(व्यवधान)

श्री भैरोंसिंह शेखावत : क्या ?

एक माननीय सदस्य : वह भी उस समय सदन की नेता थीं। यह भी सदन के नेता हैं क्या ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : घटनायें अलग अलग हैं। इन्दिरा गांधी का संदर्भ यहां लाने की आवश्यकता नहीं है। इन्दिरा गांधी के साथ जो हुआ या उनको सदन से पहले निकाला उस उदाहरण के आधार पर यदि आप देवीसिंह जी को निकालना चाहें, उस परम्परा को निभाना चाहें··

(व्यवधान)

हमें कोई आपत्ति नहीं है।

यदि इन्दिरा गांधी को आज के तीन वर्ष पहले निकाला उसका बदला देवीसिंह जी को सदन से बाहर निकाल कर लिया जाय··

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर !

विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

श्री देवीसिंह भाटी के गले में लटकी हुई तख्ती व उस पर अंकित इबारत के सम्बन्ध में विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

श्री खेतसिंह राठौड़ (मुख्य सचेतक) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहा हूं।

श्री अध्यक्ष : पहले आसन की अनुमति चाहिए। मुझे एक विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है और प्रस्तुतकर्ता यह चाहते हैं कि उस प्रस्ताव को इस सदन में प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाय। नियम 157 और 158 के तहत इस प्रस्ताव को मैंने देखा। नियम 157 और 158 के

52

(श्री अध्यक्ष)

तहत उस प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की प्रस्तावकर्ता को अनुमति देता हूं।

श्री खेतसिंह राठौड़ : अध्यक्ष महोदय, आज दिनांक 10-3-83 को सदन में कोलायत से आने वाले माननीय सदस्य, श्री देवीसिंह भाटी अपने गले में एक तख्ती लटका कर आये थे जिसमें सदन के नेता के परिवार के विषय में निम्नलिखित अंकित किया गया था–

"राजस्थान के मुख्य मंत्री, माथुर की बेटी मंजू के साथ सामूहिक बलात्कार सेना के जवानों के द्वारा"।

यह बातें अत्यधिक अशोभनीय एवम् सदन की गरिमा को गिराने वाली हैं। अतः मैं प्रस्ताव करता हूं कि कोलायत से आने वाले माननीय सदस्य, श्री देवीसिंह भाटी को सप्तम विधान सभा की सदस्यता से शेष अवधि के लिए निष्कासित किया जाय।

श्री अहमद बक्श सिन्धी (विधि मन्त्री): माननीय अध्यक्ष महोदय, सदन की गरिमा इससे गिरती है इसमें दो राय नहीं हैं। यह कहना कि खेद प्रकट करते है काफी नहीं है। एक आदमी कत्ल करके आता है और वह माफी मांग लेता है, क्या उसको माफी दे दी जायेगी····

(व्यवधान)

ठहरिये, सुनिये····

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर। माननीय सदस्य आवेश में न आयें।

श्री अहमद बक्श सिन्धी : माननीय अध्यक्ष महोदय, यह ऐसा झूठा और अशोभनीय इल्जाम लगाया गया है जिसमें माफी नहीं दी जा सकती। जो प्रस्ताव माननीय मुख्य सचेतक महोदय ने पेश किया है उसका मैं समर्थन करता हूं। मैं सोचता हूं कि इससे सदन की गरिमा बढ़ेगी। आयन्दा किसी को हिम्मत नहीं होगी इस किस्म की जलील हरकत करने की।

श्री अध्यक्ष : श्री कमलेन्द्र सिंह।

श्री कमलेन्द्र सिंह (बल्लभनगर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मुख्य सचेतक महोदय ने जो प्रिविलेज मोशन मूव किया है प्रिविलेज के हिसाब से तो मैं समझता हूं कि इतना एक्सट्रीम स्टेप लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। जो घटना घटी है, जैसा प्रतिपक्ष के नेता ने कहा, देवीसिंह जी मेरे दल के मेम्बर होने के कारण माननीय देवीसिंह जी की तरफ से मैं खेद प्रकट करता हूं। उनको यह नहीं करना चाहिये था। अगर मुझे पता होता कि वे ऐसा करने वाले हैं या करेंगे, ऐसी तख्ती लटकायेंगे, इस तख्ती को पहले देख लेता तो मैं कहता कि भाई ऐसी तख्ती····

(व्यवधान)

सुन लीजिये।

तो मैं उनको रोकता। किन्तु उन्होंने लटका दी। जो कुछ भी उन्होंने उस पर लिखा है उसमें चीफ मिनिस्टर की लड़की के ऊपर कोई तरह का रिफ्लेक्शन नहीं है।

श्री दीपेन्द्र सिंह (श्री माधोपुर) : चीफ मिनिस्टर की बेटी लिखा है। कैसे नहीं है।

श्री कमलेन्द्र सिंह : वह तो प्रोसीडिंग्स में है। आप देख लीजिए।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। उनको आप अपनी बात कहने दीजिए।

श्री कमलेन्द्र सिंह : कोई रिफ्लेक्शन नहीं था। उन्होंने तो चीफ मिनिस्टर को राजस्थान के एक फादर के रूप में, बाप के रूप में मानकर क्योंकि यह घटना एक हरिजन लड़की के साथ घटी थी उसको पाइन्ट आउट करने के लिए किया था। मेथड उन्होंने जो काम में लिया वह गलत है।

(व्यवधान)

जो मेथड काम में लिया था वह गलत है, मैं मानता हूं।

श्री अहमद बक्श सिन्धी : अच्छा गलत मान कर बहाने बनाने की कोशिश मत कीजिए।

श्री अध्यक्ष : आर्डर आर्डर।

श्री कमलेन्द्र सिंह : उसके लिए मैं खेद प्रकट करता हूं। किन्तु जैसा अभी लॉ मिनिस्टर ने कहा कि कत्ल कर दिया है, कोई कत्ल जैसी बात नहीं है। इतना सीरियस लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्रिविलेज मोशन मूव करके उनको पूरे टर्म के लिए सातवीं विधान सभा से सस्पेंड करना मैं समझता हूं कि बहुत ही एक्सट्रीम स्टेप ले रहे हैं। आप थोड़ा सा ठण्डे दिमाग से सोचेंगे तो कोई न कोई रास्ता ऐसा मिलेगा जिसमें वह रिग्रेट भी शो कर सकते हैं। इससे हाउस की गरिमा भी बढ़ेगी। जो मेजोरिटी पार्टी इस पर इंसिस्ट कर रही है कि इनको यहां से निकाल देना चाहिये, इस सदन से सस्पेंड कर देना चाहिये, पनिश करना चाहिये, उस चीज के लिये मैं यही रिक्वेस्ट करूंगा, उनको रिग्रेट करने दें। वह यहां सदन के सामने क्षमा मांग लें। उसके बाद उनको छोड़ देना चाहिये।

श्रीमती कमला (कृषि मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं दो शब्द निवेदन करना चाहती हूं।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष। मैं इजाजत दे दूंगा सभी माननीय सदस्यों को।

श्रीमती कमला।

श्रीमती कमला : माननीय अध्यक्ष महोदय, विरोधी पक्ष के नेता महोदय ने जिस सफाई के साथ में इस इतने शर्मनाक वाकिये को सिर्फ खेद प्रगट करके टालने की कोशिश की है और यह कहा है कि अगर हम कम सजा देंगे तो सदन में एक बहुत भारी गरिमा की हम अनुपालना करेंगे। मैं समझती हूं कि यह गरिमा शब्द का खुद का अपमान है। सदन के जिस जिम्मेदार सदस्य ने अपनी बहिनों और बेटियों की इस तरह की बेइज्जती की है उनको माफ करने का विचार भी करें तो किस प्रकार से वह समाज में निकलेंगे और किस प्रकार से वह सड़कों पर जायेंगे और किस प्रकार से अपने घरों में जायेंगे। यह अपने आप में सोचने की बात है कि गरिमा बढ़ाने के नाम पर इस प्रकार के कुकृत्य को, इस प्रकार के अशोभनीय, जिससे नीच कृत्य कोई भी हो नहीं सकता

(54)

(श्रीमती कमला)

महिला समाज के लिये, हमारे समाज के लिये नहीं हो सकता, इस प्रकार का कृत्य हमारे सदस्य ने किया है उनको माफ करने की बात की जाय, मैं तो इनको माननीय कहने में भी सकुचाती हूं लेकिन आपकी परम्परा है इसलिये मैं कहती हूं। लेकिन आज का दिन इस विधान सभा और राजस्थान के इतिहास में, इस प्रजातांत्रिक ढांचे के इतिहास में अपने आप में सबसे काला दिन है। आज के दिन माननीय सदस्य ने इतनी जुर्रत की, वह सबसे ज्यादा काला दिन इसलिये भी है कि सामने बैठे हुए भाई, जिनके बहिने भी हैं, भाई भी हैं, बेटियां हैं, सभी हैं, आज इस कुकृत्य को छुपाने के लिये राजनैतिक पर्दे के पीछे इस तरह की दलीलें देते हैं। मैं समझती हूं कि उनको कुछ भी नहीं कहना चाहिये था। उनको साफ यह कहना चाहिए था कि यह हमारे लिये बहुत गलत काम हुआ है, बहुत गलत परम्परा पड़ रही है। इसमें जितनी सख्त से सख्त कार्यवाही की जा सकती है उसके लिये विरोधी पक्ष तैयार है। लेकिन इनको बचाने के लिये इस तरह की दलीलें दे करके इसको कम सजा देने का, सजा कम करने का मतलब यह है कि इस हाउस के अन्दर ऐसा कोई भी व्यक्ति रहने के लायक नहीं है जो इसके बाद भी इसका समर्थन करे कि इनको कम सजा दी जानी चाहिये। इसलिये, माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहती हूं कि अगर राजस्थान के समाज में बहिनों और बेटियों की इज्जत के ऊपर इस तरह के हमले किये और राजनीति के नाम पर किसी को, क्योंकि वह किसी पर्टीक्यूलर राजनैतिक पार्टी का सदस्य है, बचाने के लिये माननीय सदस्यों का यही स्तर बना रहा तो यह प्रजातंत्र और समाज की मर्यादा, यह नैतिक और सामाजिक मूल्य टूट टूट करके बिखर जायेंगे। मैं नहीं मानती कि मेरी पार्टी के माननीय सदस्य किसी भी प्रकार के कम एक्शन को मंजूर करेंगे क्योंकि वह हम स्वयं पर रिफ्लेक्ट करेगा कि हम इस प्रकार किसी भी हरकत का हम निराकरण करने की क्षमता में नहीं थे और मन में नहीं थे। इसलिये इससे कम कोई भी एक्शन होना मैं समझती हूं कि इस हाउस की गरिमा के विपरीत होगा, अनुकूल नहीं होगा। इसलिये इस हाउस की गरिमा को रखने के लिये और इस प्रकार हरकतों को सदा सदा के लिये दफनाने के लिये यह जरूरी है कि जो माननीय मुख्य सचेतक जी ने प्रस्ताव रखा है उसको हाउस पूरी एक राय से मंजूर करे। जो मंजूर नहीं करेंगे वह समाज में अपनी स्थिति को बचाने की स्थिति में नहीं रहेंगे, किसी प्रकार से भी अपना मुंह इस समाज में दिखाने के लायक नही रहेंगे। मैं समझती हूं कि यह होगा आपने अगर इस प्रकार की बात पर गौर की।

श्री अध्यक्ष : श्री पचेरवाल।

श्री गोपाल पचेरवाल (पाटन) : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय श्री खेतसिंहजी साहब ने कोलायत से आने वाले माननीय सदस्य के निलम्बन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, निष्कासन प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। मैं सदन में लेट आया था। वह मैंने माननीय विरोधी पक्ष के नेता महोदय के पास देखा था। मुझे इस बात का तो अफसोस है, माननीय देवीसिंहजी को इस तरह नहीं करना चाहिये था। प्रस्ताव के पक्ष में माननीय कमलाजी, माननीय हमारे

(श्री गोपाल पचेरवाल)

विधि मंत्री महोदय, अन्य माननीय सदस्य भी हैं, वह उसकी पुष्टि में या पक्ष में माननीय सदस्य के निष्कासन के लिये अपनी जोरदार पैरवी करेंगे। मुझे इसमें भी कोई दिक्कत नहीं है कि माननीय देवीसिंहजी का निष्कासन किया जावे। मेरे कहने का मतलब यह है, माननीय अध्यक्ष महोदय, सभी सदस्यों को बड़ी पीड़ा महसूस हो रही है। उसको सदन की बड़ी गरिमा का देश की मां बहिनों की इज्जत का सवाल समझा जा रहा है। उन्होंने यह अच्छा काम नहीं किया कि सदन के नेता के लिये इस तरह के शब्दों का प्रयोग किया। मैं भी उसकी आलोचना करता हूं लेकिन, माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि सारे माननीय सदस्य अपने बहुमत के आधार पर फैसला करेंगे.....

(व्यवधान)

पॉलिटिक्स नहीं है यह।

श्रीमती कमला : आप कह दीजिये कि मां बहिनों की इज्जत का सवाल नहीं है।

श्री गोपाल पचेरवाल : इस देश की नारियों के लिये माननीय सदस्यों को बड़ी पीड़ा हो रही है, माननीय नेता महोदय के नाम पर अप-शब्दों का प्रयोग करते हुए एक तख्ती अपने गले में डाल कर यहां आये, यह निश्चित रूप से दुखद बात है। लेकिन अध्यक्ष महोदय, इससे ज्यादा दुखद बात इसमें है कि जिन वर्गों को दलित वर्ग, पिछड़ा हुआ वर्ग, शोषित वर्ग सामाजिक आधार पर माना जाता है, जिसको राजनैतिक आधार पर भी...

(व्यवधान)

आप सुन लीजिये।

श्री अध्यक्ष : आर्डर आर्डर। माननीय सदस्य, शांत रहे। कृपया बाधा नहीं पहुंचायें। अपनी बात कहने का सभी माननीय सदस्यों को अधिकार है। कृपया इन्हें अपनी बात कहने दीजिए।

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज !

श्री गोपाल पचेरवाल : माननीय अध्यक्ष महोदय, उनकी कितनी सुरक्षा कांग्रेस कर रही है, मुझे पता है ...

श्री अहमद बक्श सिंधी : आप बहिनों और बेटियों की इज्जत के सवाल को इस तरह से मत करो ...

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : विधि मंत्रीजी कृपया कृपया।

श्री गोपाल पचेरवाल : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य बड़े उत्तेजित हो रहे हैं, होना स्वाभाविक है। क्योंकि वह घटना ऐसे वर्ग की लड़की के साथ घटी है जिसको सदियों से सामाजिक आधार पर, राजनैतिक आधार पर उपेक्षित रखा गया है, धार्मिक स्तर पर उपेक्षित रखा गया है। यही घटना यदि आज किसी और वर्ग की लड़की के साथ घटती वह अगर हरिजन की लड़की होने के बजाय वह ब्राह्मण की लड़की होती, किसी जागीरदार की लड़की होती और उसके लिए माननीय देवीसिंहजी सदन में यह बात उठाते तो मैं

56

(श्री गोपाल पचेरवाल)

समझता हूं कि इस तरह का सवाल पैदा नहीं किया जाता। मैं कहता हूं कि यह बहुत अशोभनीय बात है कि माननीय देवीसिंहजी ने इस तरह का पट्टा अपने गले में डाला लेकिन उससे भी ज्यादा नीचता का सवाल यह है, ज्यादा निन्दनीय सवाल यह है कि एक गरीब परिवार की, एक अछूत परिवार की लड़की के साथ, सामाजिक दृष्टि से उपेक्षित परिवार की लड़की के साथ बलात्कार हो, इस तरह की घटना घटे, बजाय इसके कि उन दोषियों को दण्डित किया जाता कांग्रेस के सदस्य ऐसा रुख अपना रहे हैं। मैं कहता हूं कि माननीय देवीसिंह जी को फांसी की सजा दे दीजिए लेकिन आप उनके लिए क्या कर रहे हैं।

(व्यवधान)

आज मुख्य मन्त्री राजस्थान का पिता है। आप समाजवाद की दुहाई देते हैं तो राजस्थान का हर दलित आदमी, पिछड़ा हुआ व्यक्ति इन्दिरा गांधी को अपने देश की नेता मानता है तो राजस्थान के मुख्य मंत्री को भी हरिजन अपना संरक्षक मानता है। श्री देवीसिंह ने यह कहा है, यह राजस्थान के मुख्य मंत्री की लड़की है। यह बात नहीं है। मुझे दुख इस बात का है, राजस्थान के मुख्य मंत्री एक भंगी की लड़की को अपनी लड़की मानने के लिये तैयार नहीं हैं, मुझे इस बात का दुःख है। मुझे माननीय मुख्य मंत्री का..

श्री अहमद बख्श सिंधी (विधि मंत्री): आप हाउस में सवाल पेश करते फिर कहते।

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। विधि मंत्री जी, कृपया।

श्री गोपाल पचेरवाल : वक्तव्य यह होता कि मेरे प्रदेश की लड़की के साथ, उस सारे शहर की लड़की के साथ एक गरीब लड़की के साथ अन्याय हुआ है तो माननीय मुख्य मंत्री का बड़प्पन होता। माननीय सत्ता पक्ष के सदस्यों का बड़प्पन होता, अगर वे कहते, राजस्थान की बेटी के साथ अन्याय हुआ है, समाज के उपेक्षित वर्ग की बेटी के साथ अन्याय हुआ है, राजस्थान के मुख्य मंत्री की बेटी है, मेरी बेटी के साथ अन्याय हुआ है। उस अन्याय करने वाले और ज्यादती करने वाले को दण्ड दिया जायगा, तो माननीय मुख्य मंत्री का बड़प्पन होता और आप लोगों का बड़प्पन होता। लेकिन माननीय मुख्य मंत्री शब्द को जोड़ दिया गया तो आपको पीड़ा हो गई। आपके घर में आग लगेगी तब आपको पता चलेगा। यह उस बेटी का बाप जानता है, जिसकी बेटी के साथ अन्याय हुआ है। यह उस बेटी का भाई जानता है, वह लड़की जानती है जिसके साथ बलात्कार हुआ है। आपके घर में आग लगती है तो आपको पता चलता है। आपको पता नहीं है। क्योंकि आपके लोग यह जुर्म करने वाले हैं, आपके समाज के लोग हैं, वह सवर्ण समाज के लोग हैं। जब सवर्ण समाज के लोग गरीबों के साथ अन्याय करेंगे, देवीसिंह जी भाटी ने जो काम किया श्रीमन् वह काम तो गोपाल पचेरवाल को, मांगीलाल आर्य को, दुलारामजी को, छीतरलाल जी को करना चाहिये था। मुझे तो इस बात की खुशी है, फिर चाहे माननीय देवीसिंह जी को आप

(श्री गोपाल पचेरवाल)
निष्कासित कीजिये, फांसी की सजा दीजिये,

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर।

श्री गोपाल पचेरवाल : मुझे खुशी होगी इस बात पर कि माननीय देवीसिंह जी, जो जनता पार्टी के विधायक हैं, को एक भंगी की बेटी का सवाल उठाने पर सदन से निष्कासित किया जा रहा है। मुझे इस बात का बहुत गर्व है कि जनता पार्टी का विधायक इस प्रकार की बात करे तो यहां जय प्रकाश नारायण की नीतियों में विश्वास रखने वाले, गांधीजी के सिद्धान्तों में आस्था रखने वाले आदमी को भंगी की आवाज उठाने पर आज सदन से निलम्बित किया जाता है। मुझे इस बात की खुशी है। मैं देवीसिंह जी भाटी का अभिनन्दन करूंगा कि उनको गरीब हरिजन की बेटी की बात को लेकर सदन से निष्कासित किया गया। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं, माननीय अध्यक्ष महोदय, आज जो समाज की रचना है उसमें हरिजन वर्ग की लड़की के साथ ऐसा हुआ...

(व्यवधान)

आप कहें, यह आपके साथ हो तब आपको पता चलता।

माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारे विधायक दल के नेता ने जो प्रस्ताव किया है मैं उसका समर्थन करता हूं। उसके बावजूद जो देवीसिंह जी ने किया, अशोभनीय तरीके से किया मैं उसकी निन्दा करना चाहूंगा, फिर भी हमारे विधायक दल के नेता ने जो कहा, उनको आप पूरे सदन से निष्कासित नहीं करें। दोषियों को दंडित किया जाना चाहिये। माननीय देवीसिंह जी के लिये हमारे दल के नेता ने जो प्रस्ताव किया है मैं उसका समर्थन करता हूं। आप उत्तेजित हो रहे हैं, उत्तेजित आप इसमें होइये। आपकी जिम्मेदारी है, आप राज चला रहे हो। आप आये दिन बीस सूत्री कार्यक्रम का नारा देते हो, आप गरीबों और हरिजनों के उत्थान की बात करते हो, आप हरिजन उत्थान और उनकी रक्षा की बात करते हो, अल्प संख्यक समुदाय की रक्षा की बात करते हो लेकिन आप उनकी रक्षा तो कीजिये। आये दिन बहिन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है, माननीय कमला जी को उसमें कोई परेशानी नहीं है। माननीय कमला जी को सिर्फ परेशानी इसलिये है कि उनके नेता के नाम से उसको जोड़ दिया गया है। आये दिन बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, आये दिन महिलाओं की हत्याएं हो रही हैं ...

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज। माननीय सदस्य

श्री गोपाल पचेरवाल : इसमें पीड़ा नहीं है, समाज में उनको लेकर कोई आपत्ति नहीं है। मैं कहना चाहता हूं। मैं आपसे ज्यादा जोर से बोलना जानता हूं। माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगा कि जितनी चिन्ता उस दोषी को दंडित करने के लिये आपको होनी चाहिये थी, माननीय अध्यक्ष महोदय...

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज। कृपया शांत रहें।

58

श्री गोपाल पचेरवाल : आप देखेंगे, आपका सर्वोच्च पद है, आपके आदेश की पालना सदन करेगा। आपका आदेश क्या होगा, हम तो उसके लिये कुछ नहीं कह सकते हैं, वह तो आपके बड़प्पन के ऊपर निर्भर है। फिर भी इस पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिये। रहा सवाल आप इन्दिरा गांधी से देवीसिंह जी की तुलना करते हो इसमें मुझे कोई ऐतराज नहीं है।

श्री अध्यक्ष : श्री बी. डी. कल्ला। आर्डर प्लीज।

श्री बुलाकीदास कल्ला (राज्य मंत्री, पर्यटन) : अध्यक्ष महोदय, मुझे बड़ा अफसोस है कि विरोधी दल के लोग सदन की गरिमा को ताक में रख कर..

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर।

सुश्री पुष्पा जैन : क्या होता है 'लोग' ?

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज।

मैं माननीय सदस्यों को निवेदन करूंगा कि सदन के समक्ष एक बहुत ही गंभीर मसला विचाराधीन है। कृपया इसमें धैर्य वरतें दोनों पक्ष की ओर से जो बातें कही जा रही हैं, उनको ध्यान से सुनें।

श्री बुलाकी दास कल्ला : राजनीतिक उपयोग न करें। जिस तरीके से माननीय देवीसिंह भाटी जी ने यहां सदन को गुमराह किया, सदन के सामने जो गलत तथ्य रखे उसकी मैं भर्त्सना करता हूं। माननीय पचेरवाल जी ने अभी जो बातें कही, उस संदर्भ में पुलिस ने तत्काल कार्यवाही की। इससे संबंधित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है, इसलिये इस संबंध में इस तरह की चर्चा करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। ख्वाहमख्वाह इन्होंने हमारे सदन के नेता के बारे में गलत तरीके से जो तथ्य रखे वह इस सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं हैं। मैं उसकी भर्त्सना करता हूं। जिस घटना का जिक्र अभी पचेर-वाल जी ने किया उसके ऊपर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही की। 6 घंटे के अन्दर अन्दर अपराधी को गिरफ्तार करके शिकंजे में ले लिया, इसलिये इसकी कोई बात ही नहीं थी। जिस प्रकार से उस घटना के बारे में अभी बढ़ा चढ़ा करके कह कर सामूहिक रूप से रक्षा कर्मचारियों के बारे में आरोप लगाये गये हैं वह भी गलत हैं। एक व्यक्ति इस घटना से संबंधित था। मेजर, चूंकि उस जगह नहीं था, वह छुट्टी पर गया हुआ था उसकी अनुपस्थिति के समय में किसी व्यक्ति द्वारा यदि अपने व्यक्तिगत कारणों से कोई घटना की गई है तो उसकी हम भर्त्सना करते हैं। उसके खिलाफ कार्य-वाही की गई है। फिर इस घटना से उसका कोई ताल्लुक नहीं है। इन्होंने गलत तरीके से सदन को जो सूचना दी है उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिये।

श्री अध्यक्ष : श्री लच्छू राम।

श्री लच्छू राम (मण्डावा) : अध्यक्ष महोदय, आज सदन के सामने यह जो मसला है, यह न कोई बहस का है, न कोई कानून दिखाने का है। वास्तव में यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। सदन में किसी भी प्रकार की कोई घटना, समस्याएं या बातें रखने के बहुत से माध्यम हैं, उन माध्यमों के द्वारा घटनाएं और बातें रखी जा सकती

(श्री लच्छूराम)

हैं। लेकिन विरोध पक्ष के हमारी जनता पार्टी के माननीय विधायक देवीसिंह जी ने जिस तरीके से अपने विचारों को उजागर किया वह तरीका उपयुक्त नहीं था। उनकी मंशा एक हरिजन लड़की के साथ बलात्कार को उजागर करने की थी लेकिन उसके माध्यम और बहुत हैं।

श्री अहमद बक्श सिंधी : वह हाउस में लाते।

श्री लच्छू राम : इसके दूसरे दूसरे कई साधन हैं। मेरा इस सदन से यह अनुरोध है कि देवीसिंह जी ने जो कुछ किया पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी के अन्दर, प्रजातंत्र के अन्दर सदन की गरिमा के लिये कोई उपयुक्त बात नहीं है, न अच्छी है, इसका सदन के अन्दर और बाहर प्रतिकूल ही असर पड़ेगा। परन्तु सम्माननीय सदन को यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो घटना हुई है, हमें ज्यादा बहस में, कानून में नहीं जा कर के सहृदयता के साथ, बहुत ही लिबरल तरीके से इस घटना पर विचार करना चहिये। जैसे हमारे विरोध पक्ष के माननीय नेता ने कहा, इसके लिए हम खेद प्रकट करते हैं। खेद प्रकट करने वाली बात हां है। खेद न प्रकट करने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है, लेकिन इसके साथ-साथ मेरा सदन से यह अनुरोध है, जैसा कि प्रस्ताव रखा गया है पूरी सातवीं विधान सभा के सत्र के अन्त तक, 85 तक सदन से निष्कासित किया जाय, उसके सम्बन्ध में पुन: विचार करें। इस प्रकार से अगर उन्होंने यह कर दिया सदन के सामने तो कोई सदन की गरिमा का सवाल नहीं है, अब क्या इसीलिए एक सदस्य को पूरे सत्र के लिए निकालें ? यह हो सकता है, हमारे माननीय सदस्य खेद प्रकट कर सकते हैं। खेद तो प्रकट करेंगे ही। इस प्रकार का कठोर स्टेप सम्माननीय सदन लेता है तो सदन के लिये भी गरिमापूर्ण नहीं होगा। तो मैं माननीय अध्यक्ष महोदय के माध्यम से इस सदन से अनुरोध करूंगा कि माननीय सदस्य ने जो आचरण इस सदन में किया वह उपयुक्त नहीं है, उसके लिये मैं खेद प्रकट करता हूं, मेरा दल भी खेद प्रकट करता है। मैं अध्यक्ष महोदय के माध्यम से सदन से निवेदन करना चाहता हूं कि इस पर विचार किया जाय, सदस्य से विधान सभा के सामने खेद प्रकट करवा लिया जाय तो ज्यादा उपयुक्त होगा।

श्री अध्यक्ष : श्री सी.पी. जोशी।

श्री सी. पी. जोशी (नाथद्वारा) : अध्यक्ष महोदय, आज जो घटना घटी उस घटना घटने के बाद मुझे "मे" की पार्लियामेंट्री प्रेक्टिस की किताब और संसदीय प्रणाली तथा व्यवहार, शकधर और कौल की किताब, दोनों पढ़ने का अवसर मिला। संसदीय प्रणाली तथा व्यवहार, जो महेश्वर नाथ कौल तथा श्यामलाल शकधर ने लिखी है, में यह लिखा है "सदस्यों द्वारा सदस्यों के रूप में अपने कर्तव्य के निर्वहन में कोई अवांछनीय, गरिमा रहित और अशोभनीय आचरण या अपने कर्तव्य की अवहेलना या उल्लंघन और उससे संबंधित अपराध सभा द्वारा कदाचार समझे जा सकते हैं। 18 फरवरी, 1963 को संसद में जब राष्ट्रपति जी संयुक्त सदन को एड्रेस कर रहे थे तो पांच संसद सदस्यों का जो व्यवहार था उसके ऊपर इसमें कोट किया गया है। उनके आचरण को संसद ने गलत समझा और उनका एक्सपल्शन किया। ठीक इसी प्रकार इस "मे" की पार्लियामेंट्री प्रेक्टिस में · · ·

श्री राजबहादुर : Expulsion for life of the House.

श्री सी.पी.जोशी : No. I am not telling that I am quoting that.

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी : Expulsion is expulsion.

श्री सी.पी. जोशी : "The purpose of expulsion is not so much disciplinary as remedial not so much to punish members as to rid the House of persons who are unfit for membership."

यह जो माननीय मुख्य सचेतक महोदय ने प्रस्ताव रखा इसमें एक्सपल्शन का क्लाज रखा है इसकी मंशा यही है कि माननीय सदस्य का व्यवहार इस सदन की गरिमा के अनुरूप तो नहीं है लेकिन यदि इनको एक्स-पेल नहीं करेंगे तो यह व्यवहार भविष्य में री-इन्फोर्स और होगा। ऐसा न हो, इसके प्रोटेक्शन के लिए, प्रिवेंशन के लिए हम यह मानते हैं कि भविष्य में जो सदस्य चुन कर आयें उनके सामने यार्डस्टिक और स्टेण्डर्ड होना चाहिये। इस तरह के व्यवहार पर केवल मात्र कह दें कि भर्त्सना करते हैं तो ऐसा व्यवहार वापस री-इन्फोर्स होगा, री-आकरेन्स ज्यादा होगा। मैं समझता हूं कि मेज की पार्लियामेन्ट्री प्रेक्टिस में भी माननीय सदस्यों के व्यवहार के बारे में एक्स-पल्शन का क्लाज है। ऐसे व्यवहार और आचरण के लिए समय-समय पर सदन ने ऐसे सदस्यों को प्रताड़ित किया है, बाहर निकाला है। इसलिए आज जो आचरण किया है इसके लिए इनको सदन से बाहर नहीं निकालेंगे तो फिर पब्लिक लाइफ और प्राइवेट लाइफ में कोई आदमी सार्वजनिक जीवन में काम करना ही बन्द कर देगा। इसलिए मैं चाहूंगा कि जो मेज पार्लियामेंट्री प्रेक्टिस है और जो कोल एण्ड शकधर की लिखी हुई है, और जो राजस्थान विधान सभा में राम प्रसाद जी लढ्ढा और मथुरा दास जी माथुर के सम्बन्ध में रूलिंग दी हुई है उन सब को ध्यान में रखते हुए माननीय मुख्य सचेतक ने जो प्रस्ताव रखा है उसको इस रूप में न लेकर कि विरोधी दल के किसी सदस्य ने यह व्यवहार कर दिया है, बल्कि चाहे सत्ता पक्ष का ही कोई सदस्य हो यदि ऐसे व्यवहार को किसी तरीके से कण्डेम नहीं करेंगे तो यह री-इन्फोर्स होगा। यह सब समझते हुए मैं सदन से निवेदन करूंगा कि हमें कोई न कोई यार्ड-स्टिक और मापदण्ड निर्धारित करने के लिए कहीं न कहीं से प्रारम्भ करना पड़ेगा। इसलिए हम निश्चित तौर पर जो प्रस्ताव रखा है उसका समर्थन करते हैं।

श्री हरिसिंह (कुम्हेर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान विधान सभा के समक्ष: . .

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। श्री यदुनाथ सिंह। मैं एक एक माननीय सदस्य को समय दूंगा।

श्री यदुनाथ सिंह (नदवई) : अध्यक्ष महोदय, जो घटना सदन में घटी वह न सिर्फ बुरी थी, अशोभनीय भी थी। विधान सभा या लोक सभा में जो सदस्य जाते हैं उनका कर्तव्य होता है कि जनता की तकलीफों को सदन के समक्ष रखें और यह सदन उन पर कार्यवाही करे। लेकिन उसका तरीका हमारे रूल्स एण्ड प्रोसीजर में दर्शाया गया है। जो तरीका देवीसिंह जी ने अपनाया वह निश्चित

(श्री यदुनाथ सिंह)

रूप से गलत था लेकिन जिस बात को लेकर उन्होंने बात उठाई वह किसी दूसरे माध्यम से उठाई जा सकती थी। इसका मुझे भी खेद है और सारे सदन को भी इसके बारे में खेद है। लेकिन, अध्यक्ष महोदय, हम प्रिविलेज मोशन पर इस समय बहस कर रहे है। इस समय सदन सुप्रीम कोर्ट से भी बड़ा है। जब सर्वोच्च न्यायाधीश के रूप में सदन बैठा हुआ है तो हम किसी राजनीतिक भावना से, राजनीतिक बहुमत को आधार बना कर कोई फैसला कर लेंगे तो निश्चित रूप से आगे के समय के लिये गलत परिपाटी हो जायेगी, पार्लियामेन्ट्री डेमोक्रेसी को मजाक का विषय बना दिया जायेगा। निश्चित रूप से उनका जिस प्रकार का कर्म है, जिस प्रकार का उन्होंने व्यवहार किया, वह निंदनीय है। उसको न हमारी ओर से, न आपकी ओर से कोई उचित बता रहा है। उनका कर्म निंदनीय है लेकिन फिर भी इस पर विचार करते समय सदन राजनीतिक भावना से ग्रसित होकर बात न करे। सदन चूंकि सर्वोच्च न्यायालय से भी बड़ा है जो इस समय बैठा हुआ है इसलिये इस जगह पर न्यायाधीश होता तो क्या फैसला करता, उनकी भावना का क्या मतलब निकालता उस हिसाब से सोचने का काम करें। पूरे विधान सभा सत्र, पूरे टर्म के लिये एक्सपल्शन करने का जो प्रस्ताव सरकार की ओर से माननीय मुख्य सचेतक जी ने रखा है वह बहुत कड़ा कदम होगा। कल को मैं कोई भी पट्टी लगा कर आ जाऊंगा तो इसका रेफरेन्स देकर, इसको आधार बना कर न सिर्फ राजस्थान विधान सभा में बल्कि और राज्यों की विधान सभाओं में भी कार्यवाहियां करना शुरू किया जा सकेगा। इसको आधार बना कर सदन से बाहर निकाल देना बड़ी कड़ी सजा होगी। इसलिये सदन इस पर फिर से विचार करे। मैं रूलिंग पार्टी से निवेदन करूंगा, आपके पास तो बहुमत है, बहुमत के आधार पर फैसला कर सकते हैं। लेकिन वह हमारी परंपरा के अनुसार अच्छी शुरुआत नहीं होगी। इसलिये सदन इस पर पुनर्विचार करे और इस सजा को कम करने का काम करे। यह निश्चित रूप से बुरा काम किया है। उनको इसके लिये ताड़ना भी मिलनी चाहिये और मामूली से मामूली सजा हो इस व्यवहार के बारे में, यह मैं चाहूंगा। माननीय सदस्य भी अपने बारे में कुछ कहें अपनी तरफ से, यह भी चाहूंगा। इतना ही कह कर सदन से निवेदन करूंगा कि एक जज की हैसियत से सदन अपने आपको समझे और उसी हिसाब से सोचे, किस तरह का फैसला एक जज करता है। एक हरिजन लड़की के साथ बलात्कार हुआ, उसको प्रोटेस्ट करने का तरीका था विधान सभा के बाहर इस प्रश्न को उठाया जाता। वह तरीका उचित था लेकिन हाउस में जिस प्रकार का आचरण किया इसकी कोई सराहना नहीं करता। इसका आपसे ज्यादा हमे खेद है क्योंकि यह हमारी बैंच की तरफ से हुआ है। इसलिये मैं चाहूंगा कि सदन इसमें नरमी का रुख अपनाये। कोई गलत परंपरा संसदीय प्रणाली में न पड़े, इसका ख्याल रखते हुए पुनः विचार करके इस प्रस्ताव को परिवर्तित करने का काम करे।

श्री अध्यक्ष : श्री हरिसिंह -

श्री हरिसिंह (कुम्हेर) : श्रीमन, राजस्थान विधान सभा की निर्णय लेने की शक्ति;

(श्री हरिसिंह)

सूझ-बूझ और तर्क कसोटी पर है। आज राजस्थान की जनता ही नहीं, समस्त भारत वर्ष की विधान सभाएं देखेंगी कि राजस्थान विधान सभा की गरिमा की धज्जियां उड़ाई जा रही थी उस समय राजस्थान की विधान सभा ने क्या कदम उठाया। जहां तक प्रश्न इस बात का है कि राजस्थान विधान सभा की गरिमा पर आंच आई या नहीं, उसकी धज्जियां उड़ी या नहीं, कंटेम्प्ट हुआ या नहीं, इस सम्बन्ध में तो इस सदन में दो राय अभी आई नहीं। पक्ष और विपक्ष दोनों इस बात पर सहमत हैं कि राजस्थान की विधान सभा में जो कृत्य हुआ है वह इसकी गरिमा के प्रतिकूल है, प्रजातन्त्र के नियमों के और डेमोक्रेसी के बिल्कुल प्रतिकूल है और इस सम्बन्ध में सजा राजस्थान की विधान सभा को देनी चाहिये। प्रश्न इस बात का है कि वह सजा क्या हो? वैसे विपक्षी दल की ओर से कहा गया, निश्चित रूप से हम कोई रोषपूर्ण कदम नहीं उठा रहे हैं, संयम से काम ले रहे हैं। विधान सभा माफ भी कर सकती है। जब उसकी गरिमा पर आंच आती है, कोई कृत्य ऐसा हो जाता है तो माफ भी कर देते हैं। लेकिन देखना यह पड़ता है कि जो कृत्य किया गया वह अनायास, अचानक ही हो गया। अगर ऐसा काम हो जाता है तो माफ कर भी देते हैं, टच ही नहीं करते लेकिन यह जो कृत्य किया गया यह कोई अनायास नहीं हुआ है। यह तो जान बूझ कर, प्लान करके, सोच समझ कर किया गया है। यदि ऐसा कदम उठाया गया है तो विधान सभा को भी मजबूत कदम उठाना पड़ेगा। ऐसी सजा देनी पड़ेगी ताकि आइन्दा ऐसा करने की कोई हिम्मत न कर सके। हम सजा ऐसी देना चाहते हैं जिसका कोई मतलब हो, जिसका कोई नतीजा निकले। यह एक माननीय सदस्य ने किया है। इस सदन के जितने भी सदस्य बैठे हैं वे इस सदन के जिम्मेदार सदस्य हैं, जिम्मेदार सदस्य को ही यहां रहने का अधिकार है। जो व्यक्ति अपने को गैर-जिम्मेदार करार दे देता है अपने एक्शन से उस व्यक्ति को इस सदन में रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसलिये ऐसे व्यक्ति के लिये मैं यह निवेदन करूंगा कि जो एक्सपल्शन की सजा विधान सभा दे रही है यह कोई ज्यादा सजा नहीं है, मुनासिब सजा है। यही निवेदन करना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री चतुर्भुज।

श्री चतुर्भुज (टोडारायसिंह) : अध्यक्ष महोदय, आज के हाउस में जो घटना हुई उसके लिये ...

श्री अध्यक्ष : आर्डर। आपस में बातें न करें।

श्री चतुर्भुज : उस घटना की मैं भर्त्सना करता हूं। मेरी राय यह है कि विरोधी दल के नेता का हम सम्मान करते हैं, करते आये हैं और यह हमारा कर्तव्य भी है। हमारे नेता से अधिक सम्मान करते हैं प्रति-पक्ष के नेता का, यह हमारा फर्ज और कर्तव्य भी है। आज ही नहीं आज से पहले भी मैंने सुझाव दिये हैं, कहा है और कहता रहा हूं कि आसन और हाउस की परम्परा के विपरीत भाषा का आये दिन उपयोग किया जा रहा है। हमारा जो कर्तव्य है, राजस्थान की 3 करोड़ जनता की समस्याओं का समाधान

(श्री चतुर्भुज) —
करने के लिये यहां बैठे हैं, उनकी ओर कोई ध्यान नहीं। तेरी-मेरी की नुक्ताचीनी में पूरा दंगा होता रहता है। इसलिये पहले भी मैंने सुझाव दिये थे। जो घटना आज हुई वह हमारे राजस्थान की ही नहीं हिन्दुस्तान की परम्परा और प्रजातन्त्र के खिलाफ हुई। विरोधी दल के माननीय सदस्य भी इसे अच्छा नहीं बता रहे हैं, उनके नेता भी अच्छा नहीं बता रहे हैं। यदुनाथसिंह जी ने जो कुछ कहा कि आप बहुमत के आधार पर जो चाहते है, कर सकते हैं। मैं यदुनाथसिंह जी से कहना चाहता हूं कि आपका बहुमत होगा तो क्या ऐसा कर्म करेंगे आप ? ऐसे ही राज चलायेंगे आप ? इससे क्या देश और राजस्थान की जनता का भला हो सकता है ? क्या यह हमारी परम्परा है ? क्या भारत-वर्ष के इतिहास में ऐसा है। यह सबके लिये निंदनीय बात है। हमें तो ऐसे को विधान सभा में रखने में भी तकलीफ होती है।

श्री अध्यक्ष : श्री देवीलाल।

श्री देवीलाल (शाहपुरा) : माननीय अध्यक्ष जी, इस विधान सभा के मायने विधायक अपने-अपने क्षेत्र की बात लेकर आते हैं। इस विधान सभा के मायने देश का विधान बनता है। जो देश की कार्यवाही होवे वह इस विधान सभा के अन्तर्गत होवे। आज इस विधान सभा के मायने श्री देवेन्द्र सिंह भाटी एक तख्ती लटका कर आये...

(व्यवधान

एक थोड़ा नाग का बदला हो गया...

श्री अध्यक्ष : आर्डर आर्डर।

श्री देवीलाल : श्री देवीसिंह जी भाटी एक तख्ती लटका कर आये। तो यह बड़े दुःख की बात है। वे तख्ती को लटका कर हाउस के मायने बैठा है। बड़ा-बड़ा ने बांचा होगा और जो छोटी बैठा वे उसको बांच नहीं सका। यह बड़े दुःख की बात है कि उन्होंने खड़े होकर के भाषण दिया इस विधान सभा के मायने कि 'राजस्थान' के मुख्य मंत्री की लड़की मंजू है उसके साथ में बलात्कार हुआ। यह बड़े दुःख की बात है। मुख्य मंत्री पद के कोई छाप नहीं होती। मुख्य मंत्री, जो यहां बैठे हैं उनमें से कोई भी बन सकता है। मुख्य मंत्री के नाम से ऐसी बुरी बात कोई कहता है, ऐसी बुरी घटना करता है, लाछन लगाता है तो बड़े दुःख की बात है। यह दुःख की बात है कि कोई आदमी गलत वचन, गलत शब्दों का प्रयोग करता है। मैं समझता हूं कि जो वचन है जो रत्न है, ये वचन तीन भव तक खण्डित नहीं होते हैं। जब तक यह विधान सभा है, यह धरती रहेगी, जठा तक यह आवाज रहती है, वह खण्डित न होवे है। मैं आपको अर्ज करूं कि उठे भी कम से कम 50 कोस के ऊपर वायरलेस है। उस वायरलेस का स्टेशन अगले 50 कोस पर है। यह वचन अगला वायरलेस का स्टेशन पकड़ता है। वहां भी यह बात बोलते हैं। न तो गेला में तार लगा हुआ है और गेला में ही पकड़ कर ले जा रहे हैं। कोई बात कभी गलत निकली, सही निकली वह खण्डित न होगी, कई उम्र तक, यह धरती और यह आसमान जब तक है तब तक वचन खण्डित न होगा। तो आज यह वचन गलत निकले, यह गलत वचनों का इस सदन के मायने प्रयोग किया गया है यह बड़े दुःख की बात है। आज इस सदन में कम से कम 8-10 हमारी माता-बहिनें महिला हैं। दो-दो मन्त्री—

(84)

(श्री देवीलाल)

भी हैं और सदस्या हैं। वे भी आज इस हाउस में बैठी हैं। ऐसी बात का प्रयोग होश में किया हैं तो बड़े दुःख की बात है। हम लोग गांवों से चुन-चुन कर यहां पर आये हैं और एक लाख आदमियों ने चुन कर यहां भेजा है। यहां पर ऐसे शब्दों का प्रयोग करें तो हमें धिक्कार है। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि ऐसे आदमी चाहे इस पार्टी का हो, चाहे विरोधी पार्टी का हो, किसी भी पार्टी का हो, को ऐसी गलती पर सजा जरूर देनी चाहिये। मैं यही निवेदन करूं, ज्यादा समय न लेऊंगा। यह बड़े दुःख की बात हैं। मेरे तो दिल में खटक रही है कि मैं तो ई हाउस से इस्तीफा देकर घर चलो जाऊं।

श्री अध्यक्ष : श्री चाव खां।

श्री सुखलाल सेणचा (रायपुर) : अध्यक्ष महोदय, परम्परा तो नहीं है। ×××

श्री अध्यक्ष : Expunged.

श्री चाव खां (कामां) : अध्यक्ष महोदय, अभी हमारे सदन के नेता ने और हमारे माननीय सदस्यों ने जो अपने विचार रखे हैं...

श्री अध्यक्ष : शान्त रहे, माननीय सदस्य, आपस में बात न करें।

श्री चाव खां : और जो कुछ यह हुआ है हर माननीय सदस्य यह मानता है कि वाकई में बहुत बुरा है। कोई आदमी यह नहीं कह सकता है कि यह गलत नहीं है। वाकई में यह गलत है। सदन इस वक्त इस पर विचार कर रहा है और सदन का वक्त हर आदमी अपनी बात कहने में ले रहा है इससे सदन का वक्त खराब होगा। मेरी मान्यता है और मेरा यह कहना है कि मुल्जिम जो होता है, उस मुल्जिम की नीयत को हमेशा अदालत देखती है। आदमी कत्ल होता है 302 में चालान होता है और आखिरकार अदालत देखती है और 304 में भी सजा दे सकती है। मतलब इसका यह है, देखना सदन को यह है कि किसी आदमी ने गलती की है तो उसको क्या सजा दे। हमेशा सजा नीयत पर दी जाती है। नीयत को हमें देखना पड़ेगा। हमारे विपक्ष के नेता ने जो प्रस्ताव रखा है, मेरी भी यह राय है, मैं विपक्ष के सभी साथियों से दरख्वास्त करूंगा कि वे न बोलें और हमारा जो सदन है, जिसके हाथ में सरकार है वह जो भी फैसला करे वह हमें मंजूर हो।

श्री अध्यक्ष : श्री त्रिलोक सिंह

श्री त्रिलोक सिंह (फतेहपुर) : माननीय अध्यक्ष, जनता के नुमाइन्दगान, जो आज सदन के सामने मसला आया है वह हमारी परम्परा, हमारी गरिमा के लिये अच्छा नहीं है। इस पर हम सब लोग, भले ही हम किसी लाबी में बैठे हों, सरकारी लाबी में बैठें हों या विरोधी लाबी में बैठे हों, संजीदगी से गौर कर लें। संजीदगी से हम शब्दों का इस्तेमाल करें। यह सब कुछ है। पर सबसे पहले मैं अध्यक्ष महोदय को कहना चाहूंगा, यह दुखद है कि जो ××× और फलां बात कही गई, वह हम नहीं सुनना चाहते हैं। यह बात कतई ऐसी है जो सदन के लायक नहीं है। जो कांड हुआ है वह

××× अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई।

(श्री त्रिलोक सिंह)

सदन की इज्जत के खिलाफ हुआ है। कोई भी ऐसा यहां सदस्य नहीं होगा जो इसकी ताईद करेगा। हम सख्त मुखालफत करेंगे। जो हम लोग हैं, राजस्थान के दूर दूर क्षेत्रों से लोगों ने हमको यहां भेजा है। उनके प्रति हमारी बड़ी जिम्मेदारी है। न तो यहां धमकियों से काम चलेगा और न कोई मारपीट से काम चलेगा। यहां तो संजीदगी से गौर करना चाहिये। कुछ मसले ऐसे होते हैं जिनका हम सब एक होकर फैसला करते हैं। बहुत बार ऐसा वक्त आया है। कल रावी-व्यास के पानी का सवाल आया था। मैं पूछना चाहता हूं कि हमारे में कोई डिविजन था क्या? हम सबने एक राय से कहा कि यह हमारे प्रदेश की जिन्दगी और मौत का सवाल है। आज भी मैं आप से बहुत संजीदगी से कहना चाहता हूं कि यह हमारे प्रदेश की जो विधान सभा है, सदन है, इसकी इज्जत का सवाल है। जिस साथी ने इस तरह का प्रदर्शन किया, यह नाकाबिले बर्दाश्त है। इन बातों के साथ इस पर जिस तरह का भी सदन फैसला करे वह एक राय से होना चाहिये। उसमें यह नहीं होना चाहिये। हमारी बात बाहर जायेगी और कई तरह से फैलेगी। हमारे देश में, हमारे प्रदेश में इस तरह की हालत है आज, कल हो सकता है हम यहां न बैठ कर कहीं और फैसला करें, जैसा दुनियां के मैदान में हुआ है। पर इस तरह की ओछी हरकत के साथ नहीं करेंगे। शानदार तरीके से हम फैसला करेंगे। तो मैं यह बहुत ही संजीदगी से कहना चाहता हूं कि जो कुछ हुआ वह एक बहुत बड़े खेद की चीज है। उसके लिये मैं खेद जाहिर करता हूं और सदन से बहुत जोर से अपील करता हूं कि कोई भी दुनियां का कितना भी बड़ा अपराध होता है वह इरीदतन हुआ या नहीं, उसके इरादे में जाना होता है।

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी (ओसियां) : अब किस अधिकार से आप बोल रहे हैं? तब क्या हुआ था?

श्री त्रिलोक सिंह : उसकी इन्टेन्शन क्या है, उसको मद्देनजर रखते हुए जो अपराध करता है, उसको सजा दी जाय। उसके लिए सदन जो फैसला करे, वह एक राय से करे, सदन की गरिमा के साथ करे, इसमें कोई एतराज नहीं है पर सबसे बड़ा जो मुझे ऐतराज है वह धमकियों से है। अगर धमकियां कोई यह कह कर देता है कि हम बहुमत में हैं और सदन से उनको निष्कासित कर देंगे तो मैं कहना चाहता हूं हम ऐसे कोई सदन के शौकीन नहीं होंगे...

एक माननीय सदस्य : × × ×

श्री अध्यक्ष : आॅर्डर आॅर्डर! माननीय सदस्य!

श्री त्रिलोक सिंह : सुनिये। अगर सदन आप लोगों की जागीर है, अगर सदन किसी पार्टी की जागीर है तो हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैं इस तरह के करतब की, इस तरह के एक्शन की ताईद नहीं करता हूं, समर्थन नहीं करता हूं, निन्दा करता हूं। पर उसके साथ इन बातों की भी मैं निन्दा करता हूं जो ताकत इस्तेमाल करने की बात कहते हैं। सदन किसी पार्टी की जागीर है तो याद रखिए इस बात के खिलाफ सदन हम आज ही छोड़

× × × अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई।

66

(श्री त्रिलोक सिंह)

देंगे। और याद रखिये, मैं कहना चाहता हूं, दुनियां का कोई फैसला सदन में नहीं हुआ है, अवाम में हुआ है। इसलिए मैं दुबारा सदन के तमाम जिम्मेदार मेम्बरान से अपील करता हूं कि जो कोई फैसला हो वह सदन की एक राय से होना चाहिए। इसके साथ ही जो कुछ हुआ उसकी मैं निन्दा करता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री राम नारायण !

श्री रामनारायण डूडी (बिलाड़ा) : अध्यक्ष महोदय, श्री देवीसिंह भाटी ने इस सदन के अन्दर तख्ती लटकाकर उस पर जो अशोभनीय शब्द लिखे, यह केवल सदन का ही अपमान नहीं पूरे राजस्थान का अपमान है। हम सदन के अन्दर आते हैं, हमारे अधिकार हैं हमारे कर्तव्य हैं और उन कर्तव्यों और अधिकारों की रक्षा के लिए हम हमारे अधिकारों और कर्तव्य की परिधि में रहकर यदि किसी बात का यहां विरोध करना चाहें तो उसके तौर तरीके हैं। माननीय देवीसिंह जी को यदि यह वेदना होती कि हरिजनों के साथ अत्याचार हुआ या कोई दूसरी बात की किसी प्रकार की उनको वेदना होती और वह उनका प्रोटेक्शन करने को कोई धरना देते, मुख्य मंत्री की कोठी पर जाकर बैठ जाते या आपके यहां आकर बैठ जाते तो मैं समझता कि वह उनका प्रोटेक्शन कर रहे हैं। मगर इस प्रकार की तख्ती लटकाकर उन्होंने इस सदन की गरिमा के साथ खिलवाड़ किया है। अध्यक्ष महोदय, आज तक इस प्रकार की अशोभनीय बात इस सदन में और हिन्दुस्तान की किसी भी विधान सभा में शायद ही हुई होगी। हमारे नियम हैं और नियमों के अनुसार नियमों की परिधि में रहकर कार्यवाही करनी चाहिए। सस्ती लोकप्रियता को हासिल करने के लिए इस प्रकार का जो माननीय सदस्य ने आचरण किया है, मैं चाहूंगा कि माननीय चीफ व्हिप महोदय ने जो प्रस्ताव रखा है उस प्रस्ताव को पारित करके जो इस प्रकार की अशोभनीय कार्यवाही करते हैं, उनको निकाला जाय। इतना ही कहना चाहूंगा।

श्री खेत सिंह राठौड़ : मेरा खयाल है, काफी विचार विमर्श हो चुका है, माननीय अध्यक्ष महोदय।

श्री अध्यक्ष : अभी बहुत से माननीय सदस्य अपने विचार रखना चाहते हैं।

मास्टर जी दीपचन्द जी !

श्री भैरों सिंह शेखावत : मैं, अध्यक्ष महोदय, यह निवेदन करना चाहता हूं कि चीफ व्हिप महोदय ने कहा है कि बहुत समय हो गया। यह इस तरह का प्रश्न है जिस पर मैं समझता हूं कि पक्ष और विपक्ष के कोई भी माननीय सदस्य बोलें, माननीय सदस्यों को धैर्य के साथ सुनना चाहिए। आखिर हम सर्वोच्च न्यायालय के रूप में बैठे हैं, किसी को सजा भी देंगे। इसलिए पक्ष और विपक्ष दोनों की बातें सुननी चाहिए। मैं निवेदन करना चाहूंगा, माननीय मुख्य सचेतक महोदय इसमें समय की पाबन्दी लगाने के लिये अध्यक्ष महोदय से निवेदन न करें। जो विचार मेम्बर एक्सप्रेस करना चाहें, अपनी भावनाएं व्यक्त करना चाहें, जो अपनी बात कहना चाहें उनको कहने का पूरा मौका मिलना चाहिए।

श्री अध्यक्ष : ऐसा ही होगा।

मास्टर दीपचन्द !

श्री दीपचन्द (सादुलपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, अपने समाज में बहन और बेटी की इज्जत का ज्यादा महत्व है। बाप बेटे का अपमान, भाई भाई का अपमान बर्दाश्त कर सकता है लेकिन बाप बेटी का और भाई बहन का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता। जिस तरह की घटना घटी, जो तख्ती पर लिखा था माननीय श्री भाटी साहब ने उसके सम्बन्ध में माननीय सदस्य जो भी फैसला करेंगे वह लोकतांत्रिक प्रणाली, नियम और कानून के अनुसार होगा। अगर बाहर हरिजन हो, कोई हो, देवी सिंह किसी बहन बेटी के लिए लिखें तो लोग गोली मार दें-फड़ाक। माननीय अध्यक्ष महोदय, राजस्थान के इतिहास में कोई भी ऐसी घटना नहीं हुई होगी। मैं तो यह बात भी कहूंगा कि भाटी साहब ने जो कुछ भी लिखा, यह राजस्थान की सरकार की कमजोरी है। माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं एक सैकण्ड बात कहना चाहता हूं। माननीय अध्यक्ष महोदय, राजस्थान की कैबिनेट की कमजोरी है कि विरोधी लोग इस तरह की बेतुकी और बेढंगी बात राजस्थान विधान सभा भवन में लिखकर आते हैं। यह बिल्कुल कमजोरी मन्त्री महोदयों की है नहीं तो इनकी हिम्मत ही नहीं पड़े इस तरह की बातें लिखने की। माननीय अध्यक्ष महोदय, यह पवित्र स्थान है। भैरों सिंह शेखावत साहब, माननीय अध्यक्ष महोदय, जो कुछ विचार रखें वह उनके अपने विचार हैं। यह बहुत दिनों से यहां माननीय सदस्य हैं, इनकी अपनी परम्पराएं, इनकी अपनी भाषा, इनकी अपनी बोली है उसके हिसाब की बात करते हैं लेकिन मैं सदस्य नया हूं। मैं यह कहता हूं सख्ती से इस आदमी को सजा देनी चाहिए। एक महीने की सजा देनी चाहिए ताकि आइन्दा तक सदस्यों को इस बात की जानकारी मिले।

श्री अध्यक्ष : श्री मेघराज तावड़ !

श्री मेघराज तावड़ : माननीय अध्यक्ष महोदय, आज सदन में जिस तरह की घटना घटी इसके सम्बन्ध में सदन के चीफ व्हिप ने सदन के सामने एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया, उस पर मैं दो शब्द कहना चाहता हूं। माननीय अध्यक्ष महोदय, प्रजातन्त्र में हम लोग चुन कर आते हैं। इस सदन में हमारा सब का एक दायित्व है, जहां से हम चुन कर आते हैं वहां के हम प्रतिनिधि हैं वैसे राजस्थान के हम प्रतिनिधि हैं, हमारे क्षेत्र की घटना हो या राजस्थान में किसी भी जगह कोई घटना घटित हो रही हो, तो जनता की आवाज को हम यहां पर लायें। माननीय देवी सिंह जी ने जो तख्ती लटकायी, यह उनकी एक भावना थी। उन्होंने इसके पहले स्थगन प्रस्ताव के जरिये जो घटना घटी उसकी ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। वह चाहते थे इस पर कुछ उत्तर मिले। माननीय कल्ला जी ने यह बात कही कि हमने इसका जबाब मंगवा लिया है। लेकिन सदन में मन्त्री जी की तरफ से या सरकार की तरफ से कोई वक्तव्य नहीं आया। इसका उनके दिल में दर्द था उस दर्द की वजह से उन्होंने इस तरह की बात की

(2.20 म. प.)

(श्री माधव सिंह दीवान, सभापति, पदासीन)

क्योंकि मुख्य मंत्री को राजस्थान का पिता तुल्य माना। हरिजनों की बेटियों के साथ जिस तरह बलात्कार हुआ है, सामूहिक तौर पर वह भी प्रजातंत्र में अशोभनीय है। प्रजातन्त्र में इस सदन में उन्होंने तख्ती

(68)

(श्री मेघराज तावड़)

लगा कर जो प्रदर्शन किया उससे ज्यादा कहीं कलंकित वह है मौके पर, जिस तरीके से बलात्कार हुआ है। माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि कोई सरकार भी आयी हो, मैं इस समय भी यह बात कहने में भी नहीं चूकना चाहता कि सरकार उधर की रही हो, चाहे वह सरकार इधर बैठने वालों की रही हो लेकिन, सभापति महोदय, हरिजनों के अधिकारों, जिसके लिये संविधान में लिखा है, की रक्षा नहीं हुई। चाहे कोई भी सरकार आयी हो और जो सत्ताधारी पार्टी है या जो सत्ता में पार्टी है उसे आज हरिजनों और आदिवासियों के नाम पर अधिक वोट मिलते हैं। वह उन को इस धोखे में रख कर वोट लेते हैं कि उनकी रक्षा करेंगे। माननीय सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि इस सदन में 34 विधायक तो ऐसे माननीय सदस्य हैं जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति क्षेत्र से चुनकर आते हैं। अनुसूचित जाति और जन जाति के लोग हैं वह उन पर विश्वास करते हैं कि ये लोग जायेंगे तो हमारी रक्षा करेंगे। माननीय सभापति महोदय, यही नहीं आज तक आदिवासियों और हरिजनों के साथ जिस तरह की घटना हुयी है उसका मैं उदाहरण देना चाहूंगा...

श्री सभापति : माननीय सदस्य, आपस में बातें धीरे धीरे कर लें।

श्री मेघराज तावड़ : माननीय सभापति महोदय, एक उदाहरण देना चाहूंगा, फलासिया थाने में एक आदिवासी सिपाही, जो खेरवाड़ा का रहने वाला था, की डेथ हो गयी..

श्री भैरूंसिंह गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, जिस पर मामला चल रहा है उसी पर बुलवायें।

श्री मेघराज तावड़ : उसी पर आ रहा हूं।

मैं, सभापति महोदय, कहना चाहता हूं कि वह आदिवासी सिपाही था जिसकी डेथ हो गयी.....

(व्यवधान)

माननीय सदस्य सुने जरा।

उसकी डेथ होने पर पुलिस इन्सपेक्टर ने एस. पी. उदयपुर को वायरलेस किया, उसको पहुंचाने के लिये गाड़ी भिजवायी जाय। लेकिन, माननीय सभापति महोदय, गाड़ी नहीं भेजी और कहा कि किसी तरह से उसको गांव पहुंचा दो। फिर ट्रक के 400 रु. किराया लगाकर उसको उसके गांव पहुंचा दिया। अगर उसकी जगह पर कोई सवर्ण होता या कोई और दूसरा होता और वह मर जाता तो उसके साथ गार्ड जाता, गाड़ी जाती, ड्रेस लगाकर लोग जाते परन्तु यह नहीं हुआ। माननीय सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं माननीय सदस्यों से और सदन से कि हरिजनों और आदिवासियों के नाम पर सुरक्षा का जो अधिकार संविधान में मिला हुआ है प्रजातंत्र में मिला हुआ है आज एस सी और एस टी कमिश्नर की रिपोर्ट है उसके अन्दर कहा गया है, उन्होंने भी यह माना है, कि हरिजन और आदिवासियों की रक्षा नहीं हो रही है। माननीय सभापति महोदय, माननीय सदस्य के पास इस बात को रखने का और कोई तरीका नहीं था। कोई हंसी खेल नहीं है, सदन सर्वोच्च है परन्तु माननीय देवीसिंह जी ने किसी को गाली नहीं दी, किसी को

(श्री मेघराज तावड़):

गोली नहीं मारी। माननीय कमला जी कह रही थीं कि यह बर्दाश्त करने काबिल बात नहीं है। तो 302 का भी जो मुजरिम होता है उसको भी 302 को 304 में कन्वर्ट करके फांसी की सजा से बचाया जा सकता है, उस पर विचार किया जा सकता है। XXX हिन्दुस्तान में बहुत सी जगह देखा जायेगा, प्रजातंत्र से चुनकर आने वाले लोग, प्रजातंत्र के नाम पर चुनकर आने वाले लोग, वोटों से चुनकर आने वाले सदस्य जनता के अधिकारों के लिए नहीं बोल सकते हैं। जनता के अधिकारों की रक्षा नहीं हो सकती है और जन प्रतिनिधि को यहां पर सुना नहीं जाता है तो फिर क्या होगा? सभापति महोदय, कोई तरीका, कोई माध्यम है; जिससे कि बात कह सकें? माननीय सदस्य को अपना गुस्सा जाहिर करना था तो माननीय सदस्य ने अपना गुस्सा जाहिर किया है। मैं चाहूंगा कि माननीय सदस्य को सुना जाय, उनको सुनकर ही कोई फैसला किया जाय। उनकी कोई इंटेशन नहीं थी। किसी की बच्ची, मुख्य मंत्री की बच्ची का नाम लेकर कोई बात कहें; उनका नाम कलंकित करें। जनता को न्याय नहीं मिलता है तो माथुर साहब राजस्थान के हैड हैं; हैड होने के नाते सब उनके पुत्र हैं, लड़के और लड़कियां हैं। किस तरह से उनके साथ बलात्कार किया जाता है, किस तरह से उनके ऊपर गोलियां चलायी जाती हैं, किस तरह से आदिवासियों का अपमान किया जाता है, किस तरह से उनको जाने से रोका जाता है इस पर विचार हमको करना चाहिए। हम चाहे जिस क्षेत्र से जीतकर आते हों हमारा कर्तव्य हो जाता है कि हम उनके अधिकारों की रक्षा के लिये यहां पर बोलें। हम यहां पर केवल हाथ खड़ा करने के लिये नहीं आते हैं। क्या हम अपने मुंह पर ताले लगा लें? सदन की गरिमा है इसलिये हमको बोलने का अधिकार नहीं हो सकता है? तो देवीसिंह जी भाटी के सम्बन्ध में फैसला लेने से पहले मैं यह चाहूंगा कि इस पर पुनः विचार किया जाय। आप उनको सदन से निकाल सकते हैं लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि आप उनको राजस्थान से नहीं निकाल सकते हैं, उनको यहां से बाहर निकाल कर राजस्थान से बाहर नहीं निकाल सकते हैं, उनके जीने के अधिकार को नहीं छीना जा सकता है। उनको हिन्दुस्तान से नहीं निकाला जा सकता है। हम इस देश के नागरिक हैं। हमको अपनी बात कहने का अधिकार है। यह बात कहेंगे तो सत्ता पक्ष के लोगों को गुस्सा आयेगा, वे आवेश में आयेंगे परन्तु अगर वह किसी सवर्ण जाति की होती तो क्या होता? किसी बड़े आदमी की बच्ची के साथ यह घटना होती तो क्या आपका खून नहीं उबलता? आप उनको यहां से निकाल देंगे क्योंकि आपके हाथ में सत्ता है, बहुमत है। लेकिन मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं, मैं सदन से और सदन के माननीय सदस्यों से कहना चाहूंगा कि सदन की गरिमा की बात तो यहां पर ही रह गयी है पर अगर सदन इस तरह का फैसला लेता है प्रजातंत्र में बोलने वाले को, प्रजातंत्र में अपनी बात रखने वाले को यदि इस तरह निकाला जाता है, तो मैं एक बात कहता हूं कि यह डिक्टेटरशिप है जो किसी

XXX अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई।

70

(श्री मेघराज तावड़)
की सुनना नहीं चाहते हैं। कोई बात उनको नहीं कहनी चाहिए, यह कह कर उनके अधिकारों का हनन करना चाहते हैं। यही नहीं, माननीय सभापति महोदय, सबसे बड़ी बात यह है कि सातवीं विधान सभा की शेष अवधि के लिये निकाल दें तो मैं यह मानूंगा कि प्रजातन्त्र की हत्या हम इस सदन में बैठ कर करेंगे। हम चुनाव लड़ने के अधिकारी नहीं होंगे तो प्रजातंत्र ही नहीं रहेगा। प्रजातन्त्र के नाम पर कोई चीज नहीं रहेगी। मैं सदन के माननीय सदस्यों से अपील करूंगा कि माननीय सदस्य के साथ इस प्रकार का व्यवहार नहीं किया जाय। उन्होंने कोई कत्ल नहीं किया है, किसी की बहन बेटी को पकड़ा नहीं है। उन्होंने तो अपनी भावना जाहिर की है और न्याय की आशा की है। जिन लोगों ने यह किया है उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए, उन्हें जेल के सींकचों में बंद करना चाहिए, यह भावना थी माननीय सदस्य की। इसी के तहत उन्होंने यह तख्ती लटकायी थी। मैं यह मानता हूं कि सदन की जो गरिमा है, यहां पर बोलने का जो तौर तरीका है वह अलग है लेकिन वह सदस्य अभी चुनकर आये हैं। मेरे को भी इस सदन के जितने कानून कायदे हैं उनका अभी तक पूरा ज्ञान नहीं है। संविधान की जितनी बातें हैं हम नहीं समझते हैं। हम तो जनता की बात कहना चाहते हैं। धीरे धीरे सीख जायेंगे। इसलिये मैं, सभापति महोदय, निवेदन करूंगा सदन से कि सदस्य इस पर पुनः विचार करें और विचार करके इस तरह का जो मामला है उसको समाप्त किया जाय। परन्तु अगर इस तरह का फैसला सदन करता है तो मैं कहना चाहूंगा कि प्रजातंत्र की हत्या इसी सदन में करेंगे। मैं पुनः विनम्र अपील करूंगा कि इस पर पुनः विचार करें, इस पर सोचा जाय और इनकी भावना को समझा जाय। माननीय सदस्य को सुना जाय। यही निवेदन करना है।

श्री सभापति : श्री मांगीलाल आर्य।

श्री मांगीलाल आर्य (जालोर) : माननीय सभापति महोदय, यहां पर जिस घिनोनी घटना का जिक्र चल रहा है पक्ष और विपक्ष दोनों ही इसको निदनीय मानते हैं। वास्तविक रूप में यह निन्दनीय है, और निंदनीय ही नहीं असहनीय है। इसको मानवता से देखा जाय। इस पर विचार कर जो निर्णय देना है वह तो आसन देगा...

श्री राजबहादुर : हाउस देगा।

श्री मांगीलाल आर्य : हां जी, आसन के माध्यम से निर्णय तो सदन ही करेगा। परन्तु इसके साथ ही साथ जिस प्रकार किसी कुरूप मुखड़े को घूंघट खींचकर छुपाने का प्रयास करते हैं उसी प्रकार यहां पर भी किया जा रहा है साथ ही जो परिभाषा और इसकी जो भूमिका का वर्णन किया जा रहा है मैं समझता हूं कि इसके अन्दर सरासर एक राजनैतिक पक्षपात है। सभापति महोदय, जिस घटना को हरिजनों की बात कहकर हरिजनों की इज्जत और उनके साथ खिलवाड़ बताकर बदलने का प्रयास किया जा रहा है, मैं समझता हूं कि हरिजनों के नाम पर इस तरह मखौल किया जा रहा है। सभापति महोदय, जिस घटना को इस तख्ती से जोड़ा जा रहा है, वह कोई आज की नहीं है। सदन काफी समय से चल रहा है अगर उसी घटना को ही लेकर इस तरह की बात कही जाती तो सदन

(श्री मांगीलाल आर्य)

में उस वक्त लायी जा सकती थी परन्तु ऐसा नहीं किया है। मेरे साथी केशोरायपाटन से आने वाले पचेरवाल जी यहां नहीं है, उन्होंने एक बात कही थी कि इस प्रकार का तो मांगीलाल आर्य, दुलाराम, पचेरवाल को करना चाहिए। यह मेरे साथी ने बड़ी चतुराई से बात कही परन्तु मांगीलाल आर्य इतना विवेकहीन नहीं है कि इस प्रकार का एक निन्दनीय काम करे। मैं समझता हूँ कि कोई भी माननीय सदस्य जो एक लाख जनता का मत लेकर इस सदन में आता है उनके विचारों को जनता का मत माना जाता है व जनता की सहमति उसके साथ होती है। इसलिए इस प्रकार का कोई घिनौना कार्य सदस्य करे यह उनकी गरिमा, मानवता के विपरीत बात है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस पर ऐसी कार्यवाही की जाये जो भविष्य के अन्दर कोई इस तरह हाउस को मखौल न बनावे। वरना यह जो घटना है इसका प्रचार प्रसार तो पूरे हिन्दुस्तान में होगा और हिन्दुस्तान के अन्दर राजस्थान की विधान सभा का निर्णय उदाहरण बनेगा इसलिये इसके अन्दर विशेषता हो ताकि हर जगह हिन्दुस्तान के अन्दर एक उदाहरण के तौर पर राजस्थान की इस घटना को, इस निर्णय को पेश किया जा सके, ऐसी मैं आशा करता हूँ।

श्री सभापति : श्री रतन लाल जी ताम्बी।

श्री रतन लाल ताम्बी (जहाजपुर) : माननीय सभापति महोदय, आज सदन में जिस प्रकार की घटना का प्रदर्शन हुआ है, मैं समझता हूं, राजस्थान की साढ़े तीन करोड़ जनता का हम जहां प्रतिनिधित्व करते हैं, उसमें राजस्थान की जनता और संसदीय प्रणाली में विश्वास रखने वाला कोई व्यक्ति किसी भी मूल्य पर इसे पसन्द नहीं कर सकता। प्रजातन्त्र का एक तौर तरीका होता है, किसी भी घटना को प्रस्तुत करने की सीमायें होती हैं। जहां तक घटना का सवाल है, चाहे हरिजन महिला हो, चाहे दूसरे वर्ग की महिला हो, बलात्कार कोई भी करे, किसी भी प्रकार की घटना हो उस मामले में सरकार की ओर से अपराधी को बख्शा नहीं जाना चाहिये। इस प्रकार की जानकारी मिली कि बलात्कार करने वाला अपराधी गिरफ्तार किया जा चुका है। यह माननीय सदस्य को भी ज्ञात होगा क्योंकि वह उसी क्षेत्र से, उसी जिले से चुन कर आते हैं। किन्तु उस घटना को लेकर जिस घृणित तौर तरीके से, संसदीय गरिमा को एक तरफ रख कर जो प्रदर्शन की पराकाष्ठा सामने आयी, उसकी निश्चित रूप से, मैं समझता हूं, सभी व्यक्तियों ने, विरोधी दलों के लोगों ने भी आलोचना और निन्दा की है। उसके साथ-साथ बिल्कुल निश्चित रूप से राजनीति से प्रेरित इस घटना को जिस प्रकार समर्थन देकर इस बात का प्रयास किया जाता है, दूसरे शब्दों में इस महान और दुखद कृत्य को किसी प्रकार मामूली सी सजा देकर एक सदन की गरिमा को, महत्व को, मैं समझता हूं, घटाया जाता है, यह एक अच्छी बात नहीं। आज राजस्थान विधान सभा सर्वोच्च न्यायालय की हैसियत में ली जा सकती है। सारा देश इस घटना को देखेगा, सारे देश के समाचार पत्रों में यह घटना छपेगी इसलिये आज हम सब का विवेक, हम सब की दूरदर्शिता, हम सब का विचार इस बात के लिए प्रेरित करता है कि हम इस सम्बन्ध में इस तरह का निर्णय

(72)

(श्री रतन लाल तांबी)

करके दिखायें जिस से सारे देश में एक अच्छी परम्परा डालें। अभी कुछ बंधुओं ने इस बात की दुहाई दी कि हरिजन महिलाओं पर अत्याचार होने की घटनाओं के पीछे यह सब बातें हो रही हैं। मैं समझता हूं, इतिहास इस बात का साक्षी है, बहुत नयी बात नहीं है, ढाई-तीन, साढ़े तीन साल पहले की घटनायें, बेलछी, नारायणपुर की घटनायें हैं। इस प्रकार की घटनायें हमारे सामने हैं कि हरिजन महिलाओं के साथ बलात्कार सामूहिक रूप से हुए हैं। उनके साथ क्या क्या हुआ, इसका इतिहास सामने है। हरिजन महिला की दुहाई देकर इस प्रकार बात को जोड़ लेना निश्चित रूप से राजनीति से प्रेरित नहीं हो सकता, घृणित से घृणित हो सकता है। राजस्थान का आम जन जीवन विशेष तौर से महिला समाज इस बात को घृणा की दृष्टि से देखता है। मैं समझ कर चलता हूं कि माननीय सदस्य की यह घटना नयी नहीं है। विधान सभा में यह किसी न किसी रूप में कुछ न कुछ घटनायें प्रस्तुत करते रहे हैं, उनकी सबसे महान्, अत्यन्त घृणित पराकाष्ठा की बात सामने आयी है। मैं समझता हूं कि जिस घटना को जिस रूप से प्रदर्शित करके आज राजस्थान की जनता का जो अपमान किया है, उसके सम्बन्ध में मुख्य सचेतक महोदय ने प्रस्ताव रखा है, उसके औचित्य को मैं भी अपनी ओर से समर्थन देता हुआ यह मांग करना चाहता हूं कि इस सदन में प्रस्ताव रखा है वह सर्वसम्मति से स्वीकार होना चाहिए। अलग अलग दल के लोग, अलग अलग विचार के लोग उसको अलग अलग ढंग से रखना चाहते हैं। मैं समझता हूं यह एक ऐसी घटना है जिस पर सर्व सम्मति से निर्णय होना चाहिए, इस प्रकार का निर्णय होना चाहिए जिससे संसदीय इतिहास में राजस्थान का अपना महत्वपूर्ण स्थान बने। मैं चाहूंगा, इस घटना को बहुत गम्भीरता से लिया जाना चाहिए। जिस रूप में यह घटना प्रस्तुत की गयी है, यह कोई अचानक या यकायक नहीं है, इसके पीछे नीयत का सवाल है; नीयत बहुत दूषित, घृणित है। घृणित नीयत के साथ आज यह तख्ती प्रदर्शित की गयी है। बिल्कुल साफ तौर पर बात सामने आ चुकी है। इसलिए मैं चाहूंगा कि जो प्रस्ताव रखा है उस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाना चाहिए।

(2.38 म.प.)

(श्री पूनमचन्द विश्नोई, अध्यक्ष, पदासीन)

श्री अध्यक्ष : श्री घनश्याम तिवाड़ी,

श्री घनश्याम तिवाड़ी (चौमूं):माननीय अध्यक्ष महोदय, जैसा कि विपक्ष के नेता ने कहा कि माननीय देवीसिंह जी तख्ती लगाकर आये, उसमें जो कुछ लिखा हुआ था उससे सारे सदस्यों को ठेस लगी। माननीय माथुर साहब की लड़की मेरी भी बहन है। किसी भी परिवार के सदस्य के नाते अगर आप देखें तो सबको समान रूप से दुःख होगा लेकिन, अध्यक्ष महोदय, दुःख के साथ-साथ हमको यह भी साथ में देखना पड़ेगा कि उसके पीछे इन्टेंशन क्या थी। माथुर साहब के परिवार में किसी भी लड़की का नाम मंजू नहीं है। अध्यक्ष महोदय, अगर माथुर साहब के स्वाभिमान को, व्यक्तित्व को, या उनके परिवार के किसी भी व्यक्ति को ठेस पहुंचाने

(श्री घनश्याम तिवाड़ी)

का मन में दुराग्रह होता, दुर्भावना होती तो यह उस से मेल खाता। माथुर साहब के परिवार से उनका मतलब नहीं है। उनका मतलब इससे है कि उनके क्षेत्र में लगातार इस प्रकार से घटनायें घटती रहीं हैं। उस से व्यथित होकर जिस तरीके से प्रदर्शन किया उस तरीके से प्रदर्शन करना सही नहीं, गलत था, पार्लियामेण्ट्री डेमोक्रेसी में जिस प्रकार का व्यवहार होना चाहिए उसके खिलाफ रहा है। इस प्रकार के कृत्य की हर व्यक्ति निन्दा करेगा। लेकिन, अध्यक्ष महोदय, जब न्यायालय के रूप में हम बैठें, जब हम ये फैसला करें, उन माननीय सदस्यों की सदन की सदस्यता समाप्त कर दी जाये, जब हम यह फैसला करने के लिए बैठें और उनको 85 तक, जो 7 वीं विधान सभा का पूरा का पूरा कार्यकाल है, हटाने की बात करें, उस समय गम्भीरतापूर्वक विचार करना पड़ेगा कि किस प्रकार की बात हम कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मै नम्रतापूर्वक निवेदन करना चाहूंगा, जिस समय बहस चल रही थी, उस बहस के अन्दर जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया गया, जिस प्रकार की भावनायें प्रकट की गयीं, माननीय विपक्ष के नेता ने यह कहा था कि माथुर साहब की बेटी मेरी भी बेटी है, लेकिन जिस प्रकार की भावनायें प्रकट की गयीं कि×××

श्री अध्यक्ष : वह एक्सपंज कर दिया।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : आपके जाने के बाद××शब्द आया था, अध्यक्ष महोदय, वह एक्सपंज नहीं किया। सेणचा जी ने कहा था अध्यक्ष महोदय, इस प्रकार की भावनायें प्रकट करके धमकियां दीं, अगर इस बात पर यह तलवार लटकायें कि अगर आप सरकार के कृत्यों को, जो गलती करती है उनको सदन में रखोगे, अपने क्षेत्र की भावनाओं को अगर आप सदन में रखोगे तो हम बहुमत के आधार पर या अन्य किसी आधार पर आपको सदन की सदस्यता से निलम्बित कर देंगे तो इस धमकी के आधार पर हमको यहां नहीं सोचना चाहिए। अगर यह धमकी की मंशा है तो, माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय देवी सिंह जी को निकालें, घनश्याम तिवाड़ी को निकालें, किसी को भी निकाल सकते हैं, निकालने की आज इनके पास शक्ति है। किन्तु, अध्यक्ष महोदय, इतिहास इस बात का साक्षी है कि इस प्रकार निकालने से पार्लियामेण्ट्री डेमोक्रेसी की इज्जत नहीं बढ़ने वाली है। सबको ध्यान है कि हमको 19 महीने बंद कर दिया गया था, बंद करने के बाद जनता ने हमे चुना है। चुनने का फैसला जनता को करना है। इतने बड़े बहुमत के बावजूद अगर देवीसिंह जी जीतकर आये हैं तो अपने बलबूते पर, अपने काम के आधार पर जीतकर आये हैं। अध्यक्ष महोदय, यहां से निकालने के पश्चात् क्या दुबारा जीतकर नहीं आ सकते। तो जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का हमको कोई अधिकार नहीं है। अगर वह इस प्रकार का कृत्य करते हैं जिससे पार्लियामेण्ट्री डेमोक्रेसी लज्जित हो, जबकि उनकी भावनायें ऐसी नहीं थी, उनके मन में जो भावना थी उस भावना का जिस प्रकार प्रगटीकरण किया उसके लिये इतना बड़ा कदम जो उठाया जा रहा है उसका हम तहेदिल से समर्थन करते लेकिन

××× अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई।

(७४)

(श्री घनश्याम तिवाड़ी)

अध्यक्ष महोदय, उन्होंने जो भावना व्यक्त की इसमें, अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्रीजी की लड़की के प्रति या उनके परिवार के प्रति उनके मन में किसी प्रकार की दुर्भावना नहीं थी। उनके परिवार के व्यक्ति हमारे परिवार के व्यक्तियों के समान हैं लेकिन उन्होंने तरीका गलत चुना जिससे हमारी भावनाओं को ठेस पहुंची है। सवाल तरीके का है।

दूसरी बात मैं, अध्यक्ष महोदय, यह निवेदन करना चाहूंगा कि यह परम्परा बहुत ही गलत परम्परा पड़ेगी। यह एक तरह से डराने की परम्परा हो गयी है। कोई भी व्यक्ति अपनी भावना, अपनी बात सदन में रखना चाहेगा, उसमें कुछ उत्तेजना आ जायेगी, उसमें कुछ ऐसी बात आ जायेगी जो आ भी जाती है क्योंकि व्यक्ति अपनी बात कुछ निर्भयतापूर्वक करना चाहता है, जिस दिन ऐसा हो जायेगा कि बहुमत इस बात के लिये कटिबद्ध है कि कोई भी बात सदन में निर्भयतापूर्वक कोई भी आदमी अपनी नहीं कह सके तो उस समय पार्लियामेन्ट्री डेमोक्रेसी का क्या होगा। अध्यक्ष महोदय, भय पैदा करने के लिये, कोई व्यक्ति स्वाभिमानपूर्वक या निर्भयतापूर्वक कोई बात कह सके, उसको समाप्त करने के लिये बहुमत का उपयोग किया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, श्री देवीसिंह अपने क्षेत्र की भावनाओं को ठीक प्रकार से रख सके लेकिन रखने का तरीका गलत हो गया। क्षेत्र की भावना को ध्यान में रखते हुए अगर उन्होंने कोई कदम उठाया तो यह पार्लियामेन्ट्री डेमोक्रेसी पर देवीसिंहजी के कृत्य को कलंक बता रहे हैं। मैं, अध्यक्ष महोदय, यह निवेदन करना चाहूंगा कि अगर हमने हीन भावना से ग्रसित होकर कोई कदम उठाया तो वह हमारे लिये, इस विधान सभा के लिये और संसद के लिये भी एक बहुत बड़ा कदम होगा और इतिहास हमें इस कदम के लिये कभी माफ नहीं करेगा।

अध्यक्ष महोदय, मैं संक्षेप में एक बात और निवेदन करना चाहूंगा। मैं आपको एक उदाहरण दूंगा। यहां श्री देवेन्द्रसिंहजी ने यह तर्क दिया कि श्रीमती इन्दिरा गांधी को लोक सभा से निकाल दिया। अध्यक्ष महोदय, वैसे इसकी कोई तुलना उससे नहीं फिर भी अगर वह इसकी तुलना उससे करना चाहते हैं तो करें। आज हमें तो बैठ कर इस परिप्रेक्ष में सोचना होगा कि किस प्रकार की घटना हुई और उस घटना के बारे में किस तरह से उन्होंने यह बात कही। जहां तक तरीके का सवाल है मेरा मानना यह है कि उनकी भावनाओं के प्रकटीकरण का तरीका गलत था। किन्तु उस तरीके से सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने या माननीय माथुर साहब की गरिमा को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा उनका नहीं था। इसलिये उनके इन्टेन्शन को न देखते हुए इस प्रकार की गम्भीर सजा उनको देना मैं समझता हूं कि उपयुक्त नहीं है। अगर यह परम्परा बनाई गई तो किसी भी व्यक्ति को निकाला जा सकता है। उसके केवल हम ही भुक्त भोगी होंगे, ऐसी बात नहीं। अगर ऐसी परम्परा बन गई तो आगे आने वाले समय में, अध्यक्ष महोदय, आज चाहे हम इधर बैठें और वह उधर बैठें किन्तु अब हमको निकाल कर कल जनता के सामने वोट के लिये जायेंगे तो ?

(श्री घनश्याम तिवाड़ी)
सकता है कल वह इधर आ सकते हैं। अगर निकालने का सिलसिला हमने चालू कर दिया तो एक प्रस्ताव पास करके किसी भी माननीय सदस्य को निकाल सकते हैं तो निकालने का जो प्रस्ताव पास करने का अधिकार है उसका कहीं पर दुरुपयोग नहीं होने लग जाय।

श्री रेवतराम चौधरी (रानीवाड़ा): यह किसी माननीय सदस्य की गरिमा को ठेस पहुंचायें। यह किसी माननीय सदस्य को अधिकार नहीं है कि सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाये।

(व्यवधान)

श्री घनश्याम तिवाड़ी : गरिमा के बारे में मैं पहले ही निवेदन कर चुका हूं।

श्री रेवतराम चौधरी: माननीय सदस्य सफाई पेश कर रहे हैं।

श्री अध्यक्ष : आर्डर आर्डर।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : अध्यक्ष महोदय न तो मैं सफाई दे रहा हूं और न ही उदारता की भीख ही मांग रहा हूं। मुझे इनकी उदारता की आवश्यकता ही नहीं है। मैं तो निवेदन कर रहा हूं कि फैसला करते समय हमारी न्यायिक बुद्धि से इसका विश्लेषण करना चाहिये और न्यायिक बुद्धि के आधार पर हमको फैसला करना चाहिये। उत्तेजित होकर, अध्यक्ष महोदय, न्यायालय में कई बार जजेज को अपराधी गाली दे देते हैं। गाली निकालने के बाद भी जज फैसला करता है तो वह उसको बरी कर देता है। जज को गाली निकाल दी। उससे उत्तेजित होकर किसी जज ने अपराधी को फांसी पर लटकाने का फैसला दिया हो, यह आज तक मैंने नहीं देखा, यह आज तक मेरे देखने में कहीं पर भी नहीं आया। इसलिए जज की कुर्सी पर जब हम बैठे हैं तो उत्तेजित होकर उत्तेजना की भावना से हमको काम नहीं करना चाहिये। हमको उनकी भावना को देखना चाहिये। उनके इन्टेन्शन को देखना चाहिये। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं, मैंने उदाहरण देकर बताया कि अगर माथुर साहब की लड़की का नाम मन्जू होता या माथुर साहब के परिवार में किसी लड़की का नाम मन्जू होता तो मैं मान सकता था कि उनके मन में भावना वह थी।

अध्यक्ष महोदय, दूसरा पाइन्ट और है। बलात्कार की इतनी छोटी सी बात से यह इतना उत्तेजित हो गये हैं। हमें भी दुःख हुआ क्योंकि माथुर साहब के परिवार की लड़की मेरे परिवार की बहन है किन्तु जब इस बात पर हम उत्तेजित होकर कोई फैसला करते हैं तो, अध्यक्ष महोदय, आप अन्दाज लगा सकते हैं कि कान्स्टीट्यूएन्सी में जब ऐसी दो तीन घटनायें लगातार घट जायें तो कितनी उत्तेजना हो सकती है। पट्टी पर केवल बलात्कार लिख देने से हम उत्तेजित हो गये लेकिन जिस कान्स्टीट्यूएन्सी में बलात्कार किया जा चुका है उस कान्स्टीट्यूएन्सी में रहने वाले जिस एम.एल.ए. का वह निर्वाचन क्षेत्र है, जहां का वह प्रतिनिधि है, उनकी भावना क्या हुई होगी, इसको भी हमें देखना चाहिये। तरीका जो उन्होंने अपनाया वह गलत तरीका था, निन्दनीय था। विपक्ष के माननीय नेता

(श्री घनश्याम तिवाड़ी)

महोदय ने सर्वप्रथम यह कहा कि मुख्य मन्त्री जी की लड़की मेरी लड़की है और मेरी भी बहिन है। उनका जो भावना के प्रकटीकरण का तरीका था वह गलत था। उसकी सजा उनको दें वहां तक तो ठीक है लेकिन भावना के प्रकटीकरण के तरीके को अगर हम मोटिवेट करके, हीन भावना से ग्रसित होकर और बदले की भावना से ग्रसित होकर कोई भी कार्यवाही करना चाहें तो इस आधार पर कि आप कुछ बोलें या आप कोई भी बात उठायें तो आप लोगों के लिये यह हो सकता है, यह अपनी बात है। अध्यक्ष महोदय, अगर यह बात है तो उसके लिये हम तैयार हैं। इस प्रकार की धमकी के आधार पर चुनौतियों के आधार पर, हीन भावना के आधार पर, बदले की भावना से कोई कार्यवाही की गई तो न्यायिक बुद्धि पर आधारित नहीं होगी। इसलिये विनम्रतापूर्वक आपसे और सदन से मेरा निवेदन है कि न्यायिक दृष्टि से उनके इन्टेन्शन को देखते हुए इसमें कदम उठाना चाहिये।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं निवेदन करना चाहूंगा कि माननीय श्री मुख्य सचेतक जी ने जो प्रस्ताव रखा है उस पर पुर्नविचार करें और कठोर सजा के लिये जो प्रावधान किया है वह सजा न दी जावे। इसी के साथ आपने जो मुझे बोलने का समय दिया उसके लिए धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष : नाथूसिंह।

श्री नाथूसिंह (बांदीकुई) : अध्यक्ष महोदय, आज हम एक बहुत ही गम्भीर मामले पर विचार कर रहे हैं। मैं यह समझता हूं कि इसकी गम्भीरता को केवल सत्ता पक्ष ही समझता हो वह बात नहीं है। ऐसा मामला सदन में आता है तो सदन के प्रत्येक सदस्य को दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर सोचना चाहिये। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भावनाओं को प्रकट करने का अधिकार होता है लेकिन उन भावनाओं को सदन में प्रकट करने के लिए सदन के नियम बने हुए हैं, उसके अन्दर कुछ पाबन्दियां भी लगाई गई हैं सदन में माननीय सदस्य किसी बात पर भी बोलें उसके लिये नियम बने हुए हैं और नियमों में प्रोविजन्स दिये हुये हैं ताकि बहुत ही आसानी से हो सके और जनता के मुद्दों पर सदन में बिना समय गंवाये विचार हो सके। लेकिन, अध्यक्ष महोदय, जनता की भावनाओं को प्रकट करने के लिये सदन में कई बार उत्तेजना का वातावरण स्वतः ही बन जाता है। इसके लिये कोई एक व्यक्ति दोषी हो, वह बात नहीं है। एक माहोल ऐसा बन जाता है; जनता के अन्दर जो घटनायें होती हैं उनको लेकर सदन का वातावरण गर्म हो जाता है और कई ऐसे मौके आते हैं, अध्यक्ष महोदय, कोई माननीय सदस्य उत्तेजित होकर, उत्तेजना में आकर, भावनाओं में आकर कुछ बातें कह डालते हैं उसके पश्चात् सदन में उन मामलों पर बड़ी गम्भीरता से विचार करते हैं, जैसा कि पहले कई माननीय सदस्यों ने कहा, उन माननीय सदस्य को भावना क्या थी उसके पीछे, उस पर विचार करना चाहिये। अध्यक्ष महोदय, जब कोई बड़ा फैसला करना होता है तो उस समय सदस्य की गरिमा का सवाल होता है उससे भी बड़ा सवाल सदन की गरिमा का होता है। प्रत्येक सदस्य की गरिमा का सवाल होता है उससे और सदन की गरिमा से भी बड़ा सवाल होता है जनता का। आज जनता बड़ी है। हम जनता

(श्री नाथू सिंह)

की भावनाओं को देखते हैं, जनता की गरिमा सबसे बड़ी होती है।

(व्यवधान)

श्री रेवतराम चौधरी : इसका मतलब,

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आॅर्डर आॅर्डर।

श्री नाथूसिंह : आप बोलना चाहते हैं तो बोल लें। आप बोल लीजिये। आप बोलना चाहें तो बोल लें मैं बैठ जाता हूं।

श्री रेवतराम चौधरी : तख्ती लगा कर बैठने के लिये विधान सभा में भेजा गया था उनको ? उनको कहा था कि वहां जाकर इस प्रकार के काम कराइये? आपको इसलिये चुनकर भेजा था ? इस प्रकार की तख्ती लगाकर बैठने के लिये जनता ने सदन में नहीं भेजा था। क्या जनता ने यह कहा था कि सदन में आप इस तरह का तमाशा करें ? इसलिये थोड़े ही भेजा था।

(व्यवधान)

उसका तो निर्णय 85 में हो जायेगा।

श्री अध्यक्ष : आर्डर आर्डर। माननीय सदस्य, श्री नाथूसिंह।

श्री नाथूसिंह (बांदीकुई) : अध्यक्ष महोदय, यह तो मैंने पहले कहा था कि ऐसे जब विषय आते हैं तो हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठना होगा, भावनाओं से ऊपर उठना होगा, उग्र भावनाओं को हमें जीतना होगा, हमें दलगत राजनीति की भावनाओं की दीवार को तोड़ना होगा। यह पहले की बात है। आपको जो निर्णय लेना है वह सदन की गरिमा के अनुसार लेना होगा। यह सदन कैसा निर्णय लेता है उससे सदन की गरिमा बनेगी। मैं यह पहले ही कह देना चाहता हूं, अध्यक्ष महोदय, आप आज जब यहां पर विराजमान थे उस समय एक माननीय सदस्य ने उत्तेजना में कुछ शब्द कहे और आपने उनको एक्सपन्ज करने के आदेश दिये। मैं समझता हूं कि यह मोरेलिटी का तकाजा है। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य कोई ऐसे शब्द कहें जो शब्द कानून की किताब, जो किताब बनाई हुई है, तो उनके खिलाफ प्रिविलेज का मोशन बनाता है। लेकिन हमने इनके खिलाफ प्रिविलेज का मोशन नहीं बनाया। यह सदन उग्र भावना से ग्रसित था उस वक्त। अध्यक्ष महोदय, अभी पिछले दिनों का मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। मैं बोल रहा था तब एक माननीय सदस्य, जो कि आज भी सदन में बैठे हुए हैं, ने आवेश में आकर बार बार हाथ से कागज़ छीन लिये पर मैंने उनको कुछ नहीं कहा। मैं भी चाहता तो उनका गिरेबान पकड़ सकता था लेकिन मैंने वह नहीं किया। मैं भी प्रिविलेज का मोशन उनके खिलाफ में ला सकता था पर मैंने वह नहीं किया, कारण मैंने उनकी भावनाओं को देखा। उनकी भावना मेरी बेइज्जती करने की नहीं थी। उनका इरादा मेरी बेइज्जती करने का नहीं था। मैंने उस भावना के कारण प्रिविलेज मोशन नहीं दिया। माननीय सदस्य अभी भी यहीं हैं आप पूछ सकते हैं उनसे मैंने उस वक्त एक भी शब्द नहीं कहा, मैंने सिर्फ एक लाइन ही कही कि आप को इतना उत्तेजित नहं होना चाहिये। यह हमारी भारतीय संस्कृति नहीं है।

78

(श्री नाथू सिंह)

भारतीय संस्कृति का उदाहरण लेंगे तो उस संस्कृति में सबसे बड़ा लोकतन्त्र मिलेगा आपको, उस संस्कृति में सबसे बड़ी गरिमा मिलेगी। वह गरिमा क्या है, अध्यक्ष महोदय, क्षमा बड़न को चाहिये, जो बड़ा आदमी हुए, जिनका हम रोज नाम लेते हैं, अध्यक्ष महोदय, जिनका नाम लेकर के हम सदन में बैठे हैं, जिनके नाम के और जिनके प्रयास के कारण भारत में लोकतन्त्र आया, भारत को आजादी मिली है, इस सदन का निर्माण हुआ, उन महात्मा गांधी ने क्या उपदेश दिया? अध्यक्ष महोदय, कोड आफ कण्डक्ट से मैं आपको निवेदन करना चाहता हूं मेरे पास समय नहीं है, विधान सभाओं के अन्दर इस तरह के मामले पहले भी सामने आये हैं, जब कि कागज फाड़े गये, कागज छीने गये, धक्का मुक्की की गई, हाथा पाई हुई है, धरणे दिये गये हैं, इस तरह के हम रोज समाचार पत्रों में पढ़ते हैं, अध्यक्ष महोदय, इतना ही नहीं, कई छोटे छोटे समाचार पत्रों में कई माननीय सदस्यों के बारे में, सरकारी पक्ष के माननीय मन्त्रियों के बारे में और सदन के बारे में कई कमेन्टस ऐसे किये जाते हैं जो कमेन्ट्स इस से भी भयंकर होते हैं। कई बार ऐसा किया जाता है, अध्यक्ष महोदय, किसी को सदन में कोट कर दिया कई बार माननीय सदस्यों ने तो वह कोट करने से सदन की प्राप्रटी बनता है लेकिन फिर भी उस चीज को लेकर के सदन में या तो प्रिविलेज मोशन मूव नहीं किया गया और मूव किया गया तो सदन ने एक मत से कह दिया कि सदन कोई छुई-मुई का पोधा नहीं, माननीय सदस्य कोई छुई-मुई नहीं हैं, जो अंगुली छुआते ही मुरझा जायं। हम जनता के द्वारा चुन कर आये हैं, हम छुई मुई नहीं कि किसी ने हमारी तरफ अंगुली कर दी और हम मुरझा गए। हम खड़े रहते हैं उस समय और कह देते हैं कि माफ किया, छोड़ दिया और कई बार हम इग्नोर करते हैं। तीन तरीके होते है, एक आप माफ कर दें, एक आप इग्नोर करें, एक आप सजा दें, तो सजा कितनी दे। माफ करें, इग्नोर कर दे और सजा दे, जितने भी प्रिविलेज के सवाल आते हैं, माननीय अध्यक्ष महोदय, आप तो स्वयं जानते हैं, जितने भी प्रिविलेज के सवाल मूव होते हैं उनके तीन परिणाम सामने आते हैं, कई बार इग्नोर कर दिया जाता है, पहली स्टेज, मोशन मूव कर दिया तो कई बार माफ कर दिया जाता है, दूसरी स्टेज, तीसरी स्टेज आती है, कोई ऐसा भयंकर अपराध हो गया हो जिसके कारण सदन चलना असम्भव हो जाय, सदन के अन्दर से बाहर निकलते ही सदस्य को मुंह दिखाना मुश्किल हो जाय, या कोई बहुत बड़ा भयंकर अपराध किया गया हो तो, अध्यक्ष महोदय, उसके लिये दण्ड का प्रोविजन है। दण्ड यह सदन तय करता है। लेकिन मैं समझता हूं कि आज माननीय सदस्य जो कमेन्ट्स किये, यह कोई ऐसा अपराध नहीं हैं। मैं यह मानता हूं वैसे उनको मैंने स्वयं यह कहा था कि यह उचित नहीं है, मैंने स्वयं आपसे पहले कहा था कि उचित नहीं है।

(व्यवधान)

अब मैं क्या कह रहा हूं, आप सुन क्या रहे हैं। इसलिये, अध्यक्ष महोदय······

(व्यवधान)

श्री भैरूसिंह गुर्जर : आर. एस. एस. वालों की तकदीर उनको लाई थी।

श्री नाथू सिंह : मैंने स्वयं उनसे कहा था, यह बात उचित नहीं है लेकिन उनकी भावना थी। अध्यक्ष महोदय, वह जनता के प्रतिनिधि हैं। मैं नहीं कहता कि जनता के प्रतिनिधि होने के नाते उनको यह अधिकार दे दिया गया हो कि वह किसी की बेइज्जती करें जिससे इस सदन की गरिमा घटे लेकिन, अध्यक्ष महोदय, वह जनता के प्रतिनिधि हैं, जब जनता का आक्रोश बढ़ता है तब स्वतः ही उस आक्रोश का प्रभाव इस सदन के सदस्य, जो जनता को रिप्रजेन्ट करते हैं, के मस्तिष्क पर पड़ना स्वाभाविक है। आज मैं जानता हूं माननीय सदस्यों का कान्स्टीट्यूएन्सी में घेराव होता है तो उस घेराव से परेशान हो करके कोई माननीय सदस्य जेल जाते हैं, भूख हड़ताल पर बैठ जाते हैं, अध्यक्ष महोदय, आमरण अनशन पर बैठ जाते हैं, अपने जीवन की बलि देने के लिये तैयार हो जाते हैं, ऐसे उदाहरण सामने आये हैं। तो जो उत्तेजना पैदा हुई उसका कारण है एक हरिजन की लड़की थी उसके साथ बलात्कार हुआ, माननीय सदस्य आवेश में आ गये और आवेश में आकर उन्होंने ऐसा कदम उठाया।

अध्यक्ष महोदय मैं एक और निवेदन करना चाहता हूं यह रूल्स की बुक है, वैसे मैं कानून में, रूल्स में ज्यादा नहीं जाना चाहता लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रत्येक माननीय सदस्य का यह कर्तव्य है कि रूल्स की पुस्तक को पढ़े। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या प्रत्येक माननीय सदस्य को इसके एक एक रूल, एक एक नियम और एक एक नियम की पेचीदगियों का पता है? अध्यक्ष महोदय, कुछ ही लोग एक्सपर्ट होंगे, कुछ ही माननीय सदस्य को इन नियमों की पेचीदगियों की जानकारी होगी।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य अभी बोल रहे हैं।

श्री नाथूसिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन कर रहा था रूल्स की पेचीदगियों के बारे में। माननीय सदस्यों को कई बार भावना में बह कर यह पता ही नहीं रहता कि वह जो कृत्य करने जा रहे हैं उसका इफेक्ट क्या होगा, रूल्स में इसका प्रोविजन क्या है। कई बार ऐसा होता है, कई बार नोटिस आपको देते हैं, अध्यक्ष महोदय, मुझे दो-ढाई साल का समय हो गया लेकिन फिर भी नोटिस में गलती रह जाती है। माननीय सदस्य हर नियम की पेचीदगियों में अन्दर तक नहीं जाते इसलिये गलती रह जाती है। अध्यक्ष महोदय, मैं पालियामेन्ट में भी रहा हूं, यहां भी रहा हूं, लेकिन अभी तक भी सारे नियमों की पेचीदगियां मुझे मालूम हों, मैं इसका दावा नहीं करता। अध्यक्ष महोदय, रूल्स में भी लिख रखा है, कन्डक्ट आफ दी मेम्बर्स, कण्डक्ट ऑफ दी मेम्बर्स ऑफ दी हाउस। अध्यक्ष महोदय, इसके अन्दर लिखा है-

Rules to be observed—it is fifth—

"A member while speaking shall not reflect upon the conduct of persons in high authority....

Person of high authority में माननीय सदस्य आते हैं, आनरेबल स्पीकर आते हैं, आनरेबल राज्यपाल महोदय आते हैं, महामहिम राष्ट्रपति जी आते हैं। रूल्स में यह है :

(80)

(श्री गंगू सिंह)

"conduct of persons in high-authority...."

रूल को भी पढ़े तो भी यह बात क्लियर नहीं हो सकती, हायर ग्रांथोरिटीज का रूल्स में प्रोविजन है, इन पर कोई रिफ्लेक्शन हाउस के अन्दर, सदन में कर दे, अध्यक्ष महोदय, उस स्थिति में प्रिविलेज मोशन आ सकता है। मैं यह मानता हूं, इन्होंने जो एक रिफ्लेक्शन किया वह गलत है। अध्यक्ष महोदय, वैसे मैं पहले कह चुका हूं वह उचित नहीं था लेकिन रूल्स के अन्दर प्रोविजन के हिसाब से देखें, अध्यक्ष महोदय, तो माननीय मुख्य मन्त्रीजी के कण्डक्ट पर कोई रिफ्लेक्शन नहीं किया। एक हरिजन की लड़की थी उसके साथ वहां पर बलात्कार हुआ, उसका मर्डर हुआ उसको केवल मुख्य मन्त्रीजी के साथ जोड़ने का प्रयास किया लेकिन कण्डक्ट पर रिफ्लेक्शन नहीं किया। अध्यक्ष महोदय, माननीय अध्यक्ष महोदय, कोई सदस्य यदि इस तरह का व्यवहार करे अपने क्षेत्र की परेशानियों का रिफ्लेक्शन करे....

(व्यवधान)

मैं तरीका नहीं बता रहा हूं। फिर कह रहा हूं जो तरीका है उसको बता करके सदन का समय नहीं लेना चाहता। अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं, यह बहुत गम्भीर मामला है। माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यों को और सदन को निवेदन करना चाहता हूं कि हमें उत्तेजना में कोई भी ऐसा निर्णय नहीं करना चाहिये जो राजस्थान विधान सभा की गरिमा को नीचा करे। अध्यक्ष महोदय, लोक सभा के अन्दर कई बार ऐसे-ऐसे मुद्दे आये, इस तरह के प्रश्न आये है तो लोक सभा के माननीय सदस्यों ने और उस महान सदन ने, अध्यक्ष महोदय, यह कहते हुए या तो इग्नोर किया या माफ किया लेकिन कोई बहुत बड़ी सजा इस तरह की नहीं दी, अध्यक्ष महोदय।

माननीय अध्यक्ष, सदस्य कई बार हमारी आनरेबल प्राइम मिनिस्टर का उदाहरण देते हैं। अध्यक्ष महोदय, मुझे मालूम है कि उस समय जनता पार्टी के शासन में जब श्रीमती इन्दिरा गांधी को लोकसभा से बाहर निकाला तो क्या आप लोगों ने उसको गलत नहीं ठहराया? इन्होंने स्वयं उसको गलत ठहराया। अगर आपने स्वयं उसको गलत ठहराया तो आप उसी तरह से माननीय सदस्य का निष्कासन करेंगे तो आपके ही तर्क को आप नकार देंगे। अध्यक्ष महोदय, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आपने जो पहले बात कह दी उस पर कायम रहें और इस तरह का कोई भी कृत्य न कर जो उस समय गलत था और आज भी गलत है ताकि आपकी शान बढ़े, सदन की शान बढ़े, सदस्यों की शान बढ़े।

अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि इस समय हम एक निर्णय करने जा रहे हैं, हम जज की हैसियत से बैठे हैं यहां। जज का मस्तिष्क निर्णय लेते समय बहुत कूल होता है, बहुत ठंडा होता है। मैं समझता हूं कि सदन उत्तेजना में आकर के, इतनी सजा का प्रावधान न करे कि लोग यह कहें कि नहीं, यह तो ऐसा हो गया कि सारा सदन मुरझा गया, छुईमुई है सदन, सदन के बाहर निकल कर हम यह नहीं कह सकें कि सदन से कोई ऐसी बात हो गई है।

(श्री नाथूसिंह)
अगर माननीय सदस्य ने जान बूझ कर किया होता तो मैं सबसे पहले कहता कि इससे भी ज्यादा कठोर कदम उठाइये। लेकिन, अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूँ कि माननीय सदस्य ने अनजाने के अन्दर एक तरीका जो अपनाया अपनी प्रोब्लम को रिफ्लेक्ट करने का वह तरीका गलत अवश्य था लेकिन इसके पीछे माननीय सदस्य की भावना ऐसी नहीं थी। कानून और नियम भावना को आधार मान कर बनते हैं। जितने भी माननीय सदस्य वकील हैं वह जानते हैं कि लॉ बनता है वह भावना को आधार मानकर बनता है। नियमों को लागू करते समय देखते हैं कि आदमी की इन्टेन्शन क्या है। अध्यक्ष महोदय, इन्टेन्शन माननीय सदस्य की ऐसी नहीं थी कि वह सदन की गरिमा को नीचा करना चाहते थे। सदन की गरिमा गिराने में माननीय सदस्य की गरिमा गिरती है। ऐसी कोई भावना उनकी नहीं थी इसलिए परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए, नियमों को ध्यान में रखते हुए, संस्कृति को ध्यान में रखते हुए, हमारे लोकतन्त्र को ध्यान में रखते हुए, इस सदन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए और महात्मा गांधी के उपदेशों को ध्यान में रखते, अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करूंगा कि सदन को इस पर गम्भीरतापूर्वक विचार करना चाहिये। इस मामले पर उत्तेजना में आकर इतना बड़ा निर्णय नहीं लिया जाय। जो भी कदम उठाया जाय इससे पहले माननीय सदस्य को पूछें तो वह भी उस कदम की प्रशंसा नहीं करेंगे।

अध्यक्ष महोदय, कोई माननीय सदस्य अपने कदम को गलत बता दें तो इससे बड़ी सजा मैं समझता हूं कि कोई नहीं होती है इससे बड़ी कोई सजा हो तो आप बता दें। स्वयं व्यक्ति अपने कदम को गलत बता दें, रिग्रेट कर ले, तो मैं कहता हूं कि माफी से बड़ी कोई दुनिया में सजा नहीं है। आप चाहें तो कोर्टस के निर्णय देख लीजिये, सदन के जितने भी निर्णय हैं उनको देख लीजिये, आदमी माफी मांग ले, रिग्रेट कर ले या खुद के निर्णय को आदमी गलत समझने लग जाय या अपने आप में सुधार कर ले, तो, अध्यक्ष महोदय, इससे बड़ी कोई सजा नहीं हो सकती है। इसलिए मैं निवेदन करता हूं कि सदन इन सब बातों को ध्यान में रखते हुये उत्तेजना में आकर के कोई निर्णय नहीं ले।

श्री अध्यक्ष : श्री हरिसिंह।

श्री हरिसिंह (महुआ) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आज राजस्थान विधान सभा का सदन अनप्रिसीडेन्टेड घटना के ऊपर चर्चा कर रहा है। मामला इसलिये गम्भीर बन गया है कि एक माननीय सदस्य ने अपने गले में पट्टी लटकाई उस पर उन्होंने स्पष्ट शब्दों में जो कुछ अंकित किया हुआ था, मुझे तो यह कहते हुए शर्म आ रही है, माननीय अध्यक्ष जी, यहां प्रश्न यह है कि विरोध पक्ष के हमारे कुछ माननीय सदस्य इसको उत्तेजना का मुद्दा बतला रहे हैं। अपराध जो उत्तेजना के वशीभूत होकर किया गया हो वह निश्चित् रूप से क्वान्टम आफ पनिशमेंन्ट को कम कर देता है लेकिन जो अपराध सोच-समझकर किया गया हो वह क्वान्टम आफ पनिशमेंट को बढ़ा देता है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरी समझ में यह कई दिन पूर्व की घटना है। इसके

(श्री हरिसिंह)

लिये लॉ एण्ड ऑर्डर मेन्टेन करने की सरकार की जिम्मेदारी है। सवाल इस बात का था कि माननीय सदस्य को उत्तेजना क्यों हुई ? क्या अपराधियों के खिलाफ कोई एफ. आई. आर. दर्ज नहीं हुई, या किसी थानेदार ने एफ. आई. आर. दर्ज करने से मना कर दिया, या एफ. आई. आर दर्ज करने के बाद भी किसी प्रकार का कोई कानूनी एक्शन नहीं हुआ ? अगर ऐसा होता तो माननीय सदस्य इतने उत्तेजित होते लेकिन उत्तेजना के प्रगटीकरण का जो माध्यम उन्होंने अपनाया है वह निश्चित रूप से निन्दनीय है। माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन कर रहा हूं, यह मसला मारवाड़ जंक्शन से आने वाले माननीय सदस्य, श्री भैरूंसिंह जी गुर्जर ने यहां उठाया। मैं उनको धन्यवाद पेश करता हूं, आप कल्पना करिये यह सदन इस सारी बात को चुपचाप देख लेता लेकिन प्रेस हमारी ऊपर है, माननीय अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान भर के अखबारों में यह घटना मोटे-मोटे अक्षरों में छप जाती, यह सदन बिल्कुल कुछ नहीं करे तो प्रेस अंधी नहीं है, प्रेस के माध्यम से हिन्दुस्तान की 70 करोड़ जनता के पास यह घटना पहुंच जाती तो क्या उस समय सदन के माननीय नेता एक एक व्यक्ति को जाकर अपनी सफाई देते कि यह घटना मेरी बेटी से सम्बन्धित नहीं है। मैं माननीय सदस्य श्री भैरूंसिंह जी को धन्यवाद पेश करता हूं कि सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित करवाया। माननीय अध्यक्ष महोदय, यद्यपि यह अपनी किसी प्रकार की भावनाओं की अभिव्यक्ति का कोई अच्छा माध्यम नहीं है, मैं तो कम से कम यह नहीं मानता मुझे माफ कर दे सदन, और माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे भी माफी चाहता हूं, यह अकेले श्री देवीसिंह जी भाटी का कृत्य नहीं है, इसके पीछे विरोध पक्ष के मुख्य नेताओं की साजिश है···

श्री भगवानदास शास्त्री (अजमेर पश्चिम) : अध्यक्ष महोदय, मुझे बिल्कुल आपत्ति है, यह अपने शब्द वापिस लें। जिस समय महादेवसिंह के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही की थी तो महादेवसिंह को बचाने के लिये आप नहीं आये। उनको बचाया हमारे नेता श्री भैरोंसिंह जी ने। उस समय आप कहां गये थे···

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर आर्डर। माननीय सदस्य, मैं आपको अवसर दूंगा उस समय···

(व्यवधान)

आप कह दें···

श्री भगवानदास शास्त्री : उस समय आप कहां गये थे···

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज।

श्री भगवानदास शास्त्री : हम लोगों ने बचाया उनको···

श्री अध्यक्ष : कृपया बैठ जायं।

श्री हरिसिंह : माननीय अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मैं आपसे निवेदन कर रहा था, मैं इस प्रकार से जोर जोर से बोलने से अपने शब्दों को वापस नहीं ले सकता। स्पष्ट रूप

(श्री हरिसिंह)

से मैं यह तो सदन के सामने पेश नहीं कर सकता कि किन-किन सदस्यों का इसमें हाथ है लेकिन जिस ढंग से अपराध और अपराधियों की वकालत की जा रही है उससे आपको स्पष्ट हो जायगा कि इस अपराध के पीछे कुछ बड़े नेताओं का हाथ है। माननीय अध्यक्ष महोदय, इस साजिश के पीछे और कुछ नहीं है। इन्होंने देखा कि कोई ऐसा सदस्य तलाश करें जो विचार शून्य हो, माननीय अध्यक्ष महोदय, जिसके मस्तिष्क में विचार नहीं हो · · ·

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे आशंका है कि आज यह तख्ती लटकी। अगर आपने माफ कर दिया तो कल श्री भैंरोसिंह जी, श्री देवीसिंह जी माननीय सदस्य को विरोध में नंगा करके इस सदन में खड़ा कर देंगे और वह कहेंगे कि कोई अपराध नहीं है · ·

श्री घनश्याम तिवाड़ी : माननीय अध्यक्ष महोदय, श्री भैंरोसिंह जी का नाम क्यों लिया जा रहा है ? उनका कोई हाथ नहीं है · ·

(व्यवधान)

श्री हरीसिंह : अध्यक्ष महोदय, मैंने नहीं कहा · · ·

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर आर्डर। बैठ जायं। उत्तेजना न फैलायें।

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज। बैठ जायं, माननीय सदस्य।

श्री हरिसिंह : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि माननीय सदस्यों को उत्तेजना हुई है, मेरे मुंह से भैंरोसिंह जी का नाम स्लिप हो गया। मैं उनका नाम नहीं ले रहा था इसलिए आपको उत्तेजना की कोई बात नहीं है, मैं खुद उसकी आगे सफाई दे रहा था। श्री देवीसिंह जी भाटी का नाम लेते लेते श्री भैंरोसिंह जी का नाम निकल गया · · ·

(व्यवधान)

श्री घनश्याम तिवाड़ी : यह शब्द वापस लिये जायं।

श्रीमती उजला अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, श्री हरिसिंह जी ने जो शब्द कहे वह कार्यवाही से निकाल दिये जायें।

(व्यवधान)

श्री हरिसिंह : माननीय अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मैं आपके माध्यम से सदन से निवेदन कर रहा था, माननीय सदस्य का प्रेस में छपाने के लिये, कालम बनाने का एक प्रकार से दुष्कृत्य है। माननीय सदस्य ने प्रेस में अपना स्थान बनाने के लिए, अखबारों में नाम छपाने के लिए इस प्रकार का दुष्कृत्य किया है

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इस सदन से निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रकार की अवांछनीय घटनाओं को सदन में शक्ति से नहीं रोका तो कल किसी भी प्रकार की वेश-भूषा में माननीय सदस्य आ सकते हैं, किसी भी प्रकार का आचरण कर सकते हैं, किसी भी प्रकार का कृत्य इस सदन में कर सकते हैं। स्पेशली मैं यह कहता हूं कि कांग्रेस (आई) के सदस्यों द्वारा नहीं होता है कांग्रेस विरोध में बैठी थी तो भी इस तरह के आचरण

(84)

(श्री हरिसिंह)

नहीं हुए। विरोधी पक्ष का इस तरह के आचरण करने का परम्परागत स्वभाव है···

श्री गोपाल पचेरवाल : महादेवसिंहजी को पुलिस ने मारा···

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य श्री पचेरवाल, कृपया बाधा नहीं डालें।

श्री त्रिलोकसिंह : ···सदन का मामला है···

श्री अध्यक्ष : आर्डर आर्डर। माननीय सदस्य श्री त्रिलोकसिंह जी।

श्री हरिसिंह : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय श्री पचेरवाल जी की भावना से सम्पूर्ण सहमति प्रकट करता हूं, वह इसलिए कि चाहे बेटी एक गरीब की हो चाहे किसी धनाढ्य की हो, चाहे किसी सवर्ण की हो या किसी हरिजन की हो वह निश्चित रूप से हमारी बेटी है। हम कानून के निर्माता हैं। यह सदन और इसके बनाये हुए कानूनों की पालना कराने की जिम्मेदारी सरकार की है। इस राजस्थान की चार करोड़ आबादी में जितनी भी नारी हैं, बेटी हैं निश्चित रूप से हम सब की बेटी हैं, इसमें कोई दो बात नहीं है लेकिन, माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे दिमाग में सिर्फ एक प्रश्न चिन्ह खड़ा हुआ है कि राजस्थान में कल कोई हत्या का अगर मामला दर्ज होता है और विरोधी पक्ष से कोई माननीय सदस्य अपने गले में ऐसी पट्टी बांध कर आ जायं कि राजस्थान के मुख्य मंत्री श्री शिवचरण माथुर के बेटे ने हत्या कर दी। अगर किसी जेब कतरे को पकड़ा जाय और कोई माननीय सदस्य अपने गले में पट्टी बांध कर चले आयें कि राजस्थान के मुख्य मंत्री का बेटा जेब काटते हुए पकड़ा गया। माननीय अध्यक्ष महोदय, इन बातों का कोई अंत नहीं है। मैं मानता हूं और माननीय पचेरवाल जी की भावनाओं की कद्र करता हूं, हरिजन की बेटी हमारी बेटी है, आपकी भी बेटी है और भी निश्चित रूप से शिवचरण जी माथुर की भी बेटी है। श्री शिवचरणजी माथुर का फर्ज है कि कानून की सख्ती से पालना करायें। शिवचरण जी माथुर और उनकी सरकार ने कानून की सख्ती से पालना करवाई है। अपराधी पकड़ा गया है उसके बावजूद भी, माननीय अध्यक्ष महोदय, समझ में नहीं आ रहा है कि माननीय सदस्य ने यह नाटक क्यों किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं विशेष समय सदन का नहीं लूंगा। मैं केवल एक बात आपके माध्यम से सदन से निवेदन करूंगा कि चाहे पक्ष के हों चाहे विपक्ष के हों सभी माननीय सदस्यगण इस बात को महसूस करते हैं अन्तरात्मा से from the heart of their heart वह यह महसूस कर रहे हैं कि यह अपराध हुआ है और यह अशोभनीय घटना हुई है। सवाल इस बात का है, मतभेद इस बात पर है कांग्रेस और विरोध के बीच में कि क्वान्टम आफ पनिशमेन्ट ..,

श्री अध्यक्ष : इसमें आपका सुझाव क्या है ?

श्री हरिसिंह : मैं उसी पर आपके माध्यम से निवेदन कर रहा हूं। मैं निश्चित रूप से इस बात का हामीदार हूं कि अभी

(श्री हरि सिंह)

हिन्दुस्तान के कानून से फांसी की सजा को नहीं हटाया गया है। वह सिर्फ इसलिए रखा गया है, हत्या करने वाले अपराधी को फांसी की सजा सिर्फ इसलिए मिलती है कि दूसरे लोग उससे सबक सीखें। इसी लिए यह डेटरेन्ट पनिशमेन्ट है। इस तरह की हरकत बाद में नहीं हो, इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो इसलिये निश्चित रूप से मैं सदन से यह निवेदन करूंगा कि सदन के पास जो कठोर से कठोर सजा है वह निश्चित रूप से दे देनी चाहिए। हमारे माननीय सचेतक महोदय ने जो प्रस्ताव पेश किया है उसका मैं समर्थन करता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री राजबहादुर!

श्री राजबहादुर (भरतपुर) : अध्यक्ष महोदय, निस्सन्देह जो हरकत देवीसिंह जी ने पट्टिका अपनी गरदन में लटका कर की, वह निन्दनीय है। उसकी भर्त्सना करने से कोई चूका नहीं है...

श्री अध्यक्ष : आपस में बातें नहीं करें।

श्री राजबहादुर : और किसी के नहीं चूकने के साथ में किसी का कोई रिजर्वेशन भी नहीं है। ऐसा नहीं होना चाहिए था। फर्क इतना है कि उस हरकत के पीछे एक जो दूसरी घटना है उससे वह कितने प्रभावित थे। मुझे कम से कम नहीं मालूम था...

श्री अध्यक्ष : यह किस ने कहा कि दूसरी घटना से प्रभावित हुए हैं वह।

श्री राजबहादुर : यह सब ने कहा है।

श्री अध्यक्ष : सुनी सुनाई बात है यह।

श्री राजबहादुर : कम से कम मेरे ख्याल से तो यहां पर जरूर यह कहा गया...

श्री अध्यक्ष : वह सुनी सुनाई है। आप तो स्वयं वकील रह चुके हैं। सुनी सुनाई बात का आधार क्या है?

श्री राजबहादुर : मैंने यह बात नहीं कही। मैं यह बात साफ साफ कह रहा हूं जो उन्होंने हरकत की वह निन्दनीय थी। उसकी भर्त्सना करनी चाहिए, इसमें तो कोई सन्देह नहीं है। दूसरी बात यह है उसके पीछे जो घटना घटी थी उससे प्रभावित होकर उन्होंने काम किया, वह भी स्पष्ट है, उसमें कोई दो राय नहीं हो सकती। मैं खुद मानता हूं, इसमें माननीय कल्ला साहब ने और मुख्य मंत्रीजी ने यह नहीं कहा कि जो रेपिस्ट था मंजू का उसे पकड़ लिया गया है। मुझे नहीं मालूम था कि पकड़ लिया गया है। यह हम जानते हैं कि जहां रेप की घटना होती है, खास तौर परगना जाति, जो गरीब हैं, निर्धन हैं, शोषित हैं उनके साथ यदि होती है तो और भी उसके साथ सहानुभूति होती है। इसमें भी सन्देह नहीं हो सकता। मैं देवीसिंह जी की वकालत करने या समर्थन के लिए कोई बात नहीं कह रहा हूं...

श्री अध्यक्ष : आपको किसी न किसी पक्ष में कोई बात कहनी है। दण्ड दें, तो क्या दें? आप तो बहुत अनुभवी हैं।

श्री राजबहादुर : मैं उसी पर आऊंगा लेकिन उसके पहले कुछ बोलना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष : ऐसा है कि आप वयोवृद्ध इस सदन के सदस्य हैं। हमारे सामने एक

(86)

(श्री राजबहादुर)

प्रस्ताव है दण्डित करने का किसी माननीय सदस्य को। आप दोनों तरफ की बात कह दें उससे तो काम चलेगा नहीं। दण्ड हो तो कितना हो, या नहीं हो, इसके बारे में, माननीय सदस्य, काफी लम्बी डिबेट चल चुकी है और करीब करीब निर्णय की स्थिति में मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं।

श्री राजबहादुर : अध्यक्ष महोदय, मैं कोई लाग लपेट की बात नहीं करूंगा। जो मुझे न्यायोचित लगेगा वही कहूंगा। लेकिन इतना कहता हूं कि मुझे अपने विचार रखने की स्वतन्त्रता है, इसमें तो कोई सन्देह नहीं है। इसलिए मैं कुछ बातों पर कहना चाहता हूं।

यहां सबसे पहले मोशन लाया गया है श्री भैरूंसिंह गुर्जर ने कहा कि नियम 291 के तहत इनके खिलाफ एक्शन लिया जाये। उस पर बोलने के बाद यह बात आई कि प्रिविलेज मोशन नहीं है। प्रिविलेज मोशन दिया गया इसमें कहा गया कि इनको निष्कासित किया जाए। आपने नियम 157 का हवाला देकर तुरन्त कहा कि मैं प्रिविलेज मोशन को रखने की इजाजत देता हूं। उस प्रिविलेज मोशन के रखने के बाद जो भी बोलना है या नहीं बोलना है उसके बाद नियम 161 आता है। अगर कोई आब्जेक्शन होता है तो नियम 160 आता है और आब्जेक्शन नहीं होता है तो 161 आता है। 161 में साफ लिखा हुआ है :

"If leave under rule 160 is granted, the House may consider the question and come to a decision or refer it to the Committee of Privileges on a motion made either by the member who has raised the question of privileges or by any other member.

मतलब यह है कि डिसीजन कब होगा। जब पहले क्वेश्चन डिस्कस हो जायेगा। मैं समझता हूं कि क्वेश्चन डिस्कस हो रहा है। इसके बाद जो डिसीजन लेंगे वह डिसीजन होगा। इन्होंने जो प्रस्ताव रख दिया It is little before time क्वेश्चन डिस्कस करने के बाद फिर होगा। फिर एक बात है कि आप किस एक्शन से उसकी परिभाषा को, उसकी आन्तरिक परिभाषा को, वेल्यू देंगे। उसे मिस-कन्डक्ट मानेंगे या क्या मानेंगे ? इससे ज्यादा क्या है नियम 291 में साफ है। जो नियम 291 का हवाला दिया है भैरूंसिंह जी गुर्जर ने वह इसलिए दिया था कि उसमें था :

"The speaker may direct any member, whose conduct is, in his opinion, grossly disorderly ....

तो इस कन्डक्ट को आसली डिस्आर्डरली मानेंगे या कि इसको डिस्क्वालिफिकेशन की एक और परिभाषा मानते हुए डिस्क्वालिफाई कर देंगे ? डिस्क्वालिफिकेशन के लिए भी एक प्राविजन है कान्सटीट्यूशन में, डिस्क्वालिफाइड मैम्बर कब हो सकता है : A member is entitled to sit in the House until he is disqualified. अब डिस्क्वालिफिकेशन की परिभाषा पांच है, कौन कौन सी दशा में अवस्थाओं में कोई मैम्बर डिस्क्वालिफाई हो सकता है, मैम्बरशिप से वंचित किया जा सकता है...

श्री अध्यक्ष : वह तो कान्सटीट्यूशन के प्राविजन हैं कि वह कब डिस्क्वालिफाई हो जाता है। यह नहीं। लेकिन विशेषाधिकार के हनन के तहत जो कार्यवाही की जाये,

(श्री अध्यक्ष)

उसका यह प्रस्ताव है। उसमें कई तरह के दिये हुए हैं। आप जो डिस्आर्डरली बिहेवियर का कहते हैं, वह तो सदन में अव्यवस्था फैला रहे हों तो तत्काल आसन को अधिकार है कि उस बैठक से उनको निष्कासित कर दे। तत्काल यदि डिस्आर्डरली बिहेवियर की बात होती है वह उसका है। यह डिसआर्डरली बिहेवियर का ही नहीं है। ब्रीच आफ प्रिविलेज के तौर पर उन्होंने प्रस्ताव दिया है। अशोभनीय और जिस तरह का उनका व्यवहार था इसलिए यह प्रस्ताव लाया गया है। डिसआर्डरली की बात नहीं है।

श्री राजबहादुर : इसका मतलब यह है...

श्री अध्यक्ष : डिस्क्वालिफिकेशन का आप जो फर्मा रहे हैं, योग्यता और अयोग्यता किन किन कारणों से हो सकती है, कौन व्यक्ति डिस्क्वालिफाइड हो सकता है, कौन सदन का सदस्य हो सकता है इसके लिये कुछ क्वालिफिकेशन्स हैं। वह विषय अलग है।

श्री राजबहादुर : जी हां, वह नियम 191 में है। मैं सुनाना चाहता था...

श्री अध्यक्ष : आप सुना दीजिए, कोई एतराज नहीं।

श्री राजबहादुर : मैं इसलिये सुनाना चाहता था कि यदि आप किसी मेम्बर को मेम्बरशिप से वंचित करते हैं, वह मेम्बरशिप से हट जाये, उसको हटा दिया गया, 5 साल की अवधि में से 3 साल मेम्बर के रूप में बैठा रहे, दो साल के लिये निकाला जाये तो वह प्रिविलेज आफ दी हाउस के ब्रीच के लिये ही किया जा सकता है। उसके लिये कोई प्रामाणिक कानून का हवाला नहीं है, रूल्स का हवाला नहीं है, किसी का नहीं है।

श्री अध्यक्ष : अशोभनीय व्यवहार। आपको तो मालुम ही है, तुलमोहनराम को निकाला था, भूतपूर्व प्रधान मन्त्री इन्दिरा जी को निकाला था उसमें यह क्वालिफिकेशन डिस्क्वालिफिकेशन वाला प्रश्न नहीं आया...

श्री राजबहादुर : श्री तुलमोहनराम का केस वर्षों तक प्रिविलेज कमेटी में रहा है।

श्री अध्यक्ष : कृपया एक मिनट बिराजें।

प्रिविलेज मोशन का जहां तक प्रश्न है, सदन के सामने दो विकल्प होते हैं, उस मामले को तत्काल सुन सकता है, निर्णय दे सकता है। यदि वह घटना सदन के समक्ष हुई हो, उसमें अन्य किसी साक्ष्य की आवश्यकता न हो उस अवस्था में सदन उस प्रश्न पर या इस तरह के प्रस्ताव पर विचार कर सकता है। यदि सदन के समक्ष घटना नहीं घटती है उस स्थिति में सदन को एक तरह से अदालत की तरह से बैठना होता है, साक्ष्य एकत्रित करनी होती है उसका जवाब लेना होता है। क्योंकि सदन के सामने घटना नहीं घटी है उस अवस्था में आम तौर से विशेषाधिकार समिति को उसका मामला सुपुर्द किया जाता है। अगर सदन के समक्ष घटना हुई हो तो सदन या तो खुद तत्काल निर्णय दे सकता है या फिर आवश्यक समझे तो विशेषाधिकार समिति को सदन दे सकता है। यदि सदन के सामने घटना हुई हो तो इसमें कोई असंवैधानिक बात नहीं होगी कि

(श्री अध्यक्ष)

तत्काल इस प्रश्न पर विचार कर लिया जाय क्योंकि साक्ष्य सदन के सभी माननीय सदस्य हैं। यह हैं इसमें।

श्री राजबहादुर : हर हालत में आपको एनेलेसिस करना पड़ेगा, मूल्यांकन करना पड़ेगा कि जो ग्राफेन्स किया गया है उसका मूल्यांकन क्या है? इसको किये बिना न सुप्रिम कोर्ट के फैसले की तरह हाउस फैसला कर सकेगा, न हम कर सकेंगे। यह निश्चित बात है जो भी अपराध हुआ है, अपराध तो हुआ है उसका मूल्यांकन करने के बाद, the punishment should be commensurate with the gravity of the offence. जो पनिशमेंट देना है आपको वह कम में कम समानान्तर तो हो उस आफेंस के। इस केस में यह निश्चित बात है कि उन्होंने जो शब्द इस्तेमाल किये हैं, जो तरीका इस्तेमाल किया है वह घोर निन्दनीय है, भर्त्सना के योग्य है, सारी कुछ बात हैं इसीलिये उनके खिलाफ मोशन आया है लेकिन क्या यह अच्छा उदाहरण बनेगा? क्या पर्पज है पनिशमेंट का। पनिशमेंट का आप जानते हैं, punishment should be commensurate with the gravity of the offence.

श्री अध्यक्ष : पनिशमेंट की कोई सीमा नहीं है इस सदन के सामने।

श्री राजबहादुर : जी नहीं, सीमा सदन के सामने तो नहीं है लेकिन यहां तो सीमा है।

श्री अध्यक्ष : इस तरह का वाद-विवाद इसीलिये होता है कि अपराध है तो किस-किस श्रेणी में उसे दण्ड दिया जाये, क्या दण्ड दिया जाये। उसी के लिये सब चर्चा हो रही है।

श्री राजबहादुर : उसी संदर्भ में मैं निवेदन कर रहा हूं। यही मेरी अपील है।

जैसा सब मानते हैं हाइएस्ट कोर्ट आफ जस्टिस है, जहां तक मैम्बर्स के राइट का सवाल है इसमें ग्रेविटी आफ दी आफेंस का मूल्यांकन करना पड़ेगा। ईश्वर न करे अगर बुद्धि और खराब हुई होती देवी सिंह जी की, मन्जू का नाम भी नहीं लिखा होता तो शायद और भी ग्रेव हो जाता आफेंस लेकिन मन्जू का नाम लिख कर उन्होंने अपने माइण्ड का इन्क्लीनेशन जरूर दिया है कि he never meant the Chief Minister's daught.r. He wanted to highlight an offence that has been committed. इससे तो इन्कार नहीं हो सकता कि मूल्यांकन तो करना पड़ेगा। इसके अन्दर पनिशमेंट जो हो उसके लिये चीफ व्हिप ने खुद कहा है कि ऐसे इर्रेस्पांसिबल एक्शन न हों। यह वर्ड्स तो इनके हैं कि डिसिप्लीनरी एक्शन होना चाहिये और रेमेडियल होना चाहिये। यह शब्द मेरे नहीं हैं, यह शब्द तो चीफ व्हिप के हैं जो प्रस्तावक हैं। मैं कहना चाहता हूं, बिल्कुल ठीक है, पनिशमेंट के के तीन पर्पजेज होते हैं। रेमेडियल होता है, जिसके साथ आफेंस हुआ है उसको रेमेडी मिल जाये। दूसरा पीनेटिव होता है, ऐसा पनिशमेंट मिल जाये। तीसरा होता है प्रिवेन्टिव। इन तीनों पर आप सोच लें इस दृष्टि से कि क्या ऐसा अपराध है जिसमें मैक्सीमम पनिशमेंट मिलना चाहिये। आप न्यायोचित फैसला करेंगे तो निश्चित बात है आपका मूल्यांकन कुछ और होगा। मैं जानना चाहता हूं कि क्या आफेन्स की

(श्री राजबहादुर)

पराकाष्ठा हो गई है। इस केस में ? एक आफेन्स का मूल्यांकन यह होता है। extreme penalty for extreme offence, एक्सट्रीम आफेंस है क्या यह ? आफेंस तो मानते हैं हम लोग, ग्रेव आफेंस मानते हैं। बहुत क्रूड बिहेवियर है, अनडिजायरेबल बिहेवियर है, इसमें कोई शक नहीं है लेकिन हवाला अब तो यह भी दिया जा रहा है कि बड़े अधिकार हैं हाउस के। हाउस के अधिकार तो हैं लेकिन जितने बड़े अधिकार होते हैं उतनी बड़ी जिम्मेदारी भी होती है, जितने भी अधिकार होते हैं उनके आधार पर जिम्मेदारी के हिसाब से एक्शन लिये जाते हैं।

कई मैम्बरों ने और आपने स्वयं भी कहा, वैसे मैं नहीं कहना चाहता था, इन्दिरा जी को लोक सभा से निकाला गया, ब्रीच आफ प्रिविलेज के मामले में निकाला गया। मैरिट्स में नहीं जाना चाहता but that made her a hero and a martyre. अगर वह गलती नहीं होती तो शायद दुबारा नहीं आती। अगर आप हीरो बनाना चाहते हैं देवीसिंह जी को, मैंने पहले कहा था पैमाने से ज्यादा सजा देते हैं, जो आफेंस है उससे कहीं ज्यादा सजा देते हैं तो ठीक है दो। लेकिन मेरी निश्चित राय यह है ग्रेविटी आफ दी आफेंस को देखते हुए मैक्सीमम पैनल्टी नहीं होनी चाहिये।

शुरू में एक माननीय सदस्य ने कहा था, कहने को तो आपने एक्सपंज कर दिया, आपने ठीक किया, उन्होंने जो शब्द कहे उनको मैं दोहराना चाहता था, यह किया जाये, वह किया जाये, मैं उन शब्दों को नहीं दोहराऊंगा किन्तु वह भी एक आफेंस था। आपने एक्सपंज कर दिया, ठीक है। हम सब मानते हैं आपका राइट है एक्सपंज करने का, पर जो उन्हें कहना था वह कह चुके। इसलिये आफेंस के आधार पर पनिशमेंट को देख लीजिये। यह सही है इनडारेक्टली ऐसा एक्शन, इस प्रकार का बिहेवियर नहीं करना चाहिये था। आप इसके बाद···

श्री अध्यक्ष : उन्होंने पनिशमेंट ऐसा सजेस्ट किया था जिसको यह सदन अडाप्ट करने को तैयार नहीं था।

श्री राजबहादुर : मगर पनिशमेंट सजेस्ट करने का था, अपमान भी तो था, इन्सल्ट भी तो थी, घोर अपमान था··

श्री अध्यक्ष : इसलिये एक्सपंज कर दिया उसको।

श्री राजबहादुर : प्रिविलेज मोशन होना चाहिये था। क्या उन्होंने जिम्मेदारी से बात की ? कहां जा रही है जिम्मेदारी ?

अभी हरिसिंह जी को सुना, मुझे अफसोस है वह यहां पर नहीं है। उन्होंने यह कहा था कि इस सारी घटना के पीछे जितने अपोजीशन के लीडर्स हैं उन सब का हाथ है···

एक माननीय सदस्य : यह नहीं कहा··

एक माननीय सदस्य : बिल्कुल यही कहा।

एक माननीय सदस्य : कुछ ने कहा··

श्री राजबहादुर : आप प्रोसीडिंग्स देख लीजिये। किसी ने भी कहा, किसी एक आदमी का नाम लेना क्या उचित था?

(९१)

(श्री राजबहादुर)
क्या रेस्पांसिबिलिटी है यह ? क्या इर्रेस्पांसिबल बात नहीं है। देवी सिंह जी का बिहेवियर निहायत इर्रेस्पांसिबल था। अध्यक्ष महोदय, आप हम सब के अधिकारों की रक्षा करते हुए और हमारे सब के हितों को देखते हुए इस पर निर्णय करें। जैसा उन्होंने कहा, तोतली भाषा है, अनुभव नहीं है, नये नये आये हैं, पहली बार आये हैं इसलिये ऐसी बात कर दी। पहला अपराध है इसके लिये क्या इतना गम्भीर दण्ड देंगे कि उनको यहां से निष्कासित कर दें, हटा दें उनकी मैम्बरशिप खतम कर दें ? मैं तो यह समझता हूं कि न तो यह कान्स्टीट्यूशन की मन्शा है, न रूल्स की स्प्रिट है। इनका ग्रास डिस्आर्डरली मिस बिहेवियर हो सकता है। यह मैं मान सकता हूं। इसके लिये आप जो सजा उचित समझें दें। लेकिन यह कहें कि इनकी मैम्बरशिप खतम कर दी जाये, यह न हमारे साथ न्याय होगा, न उनके साथ न्याय होगा, न इस सदन के साथ न्याय होगा, न परम्पराओं के साथ न्याय होगा, न जनतन्त्र के साथ न्याय होगा। मैं निवेदन करना चाहता हूँ यह बहुत बुरा उदाहरण होगा। केवल बहुमत के आधार पर आप फैसला करना चाहें, करें, हम लोग उस फैसले में शामिल नहीं हो सकते। हम पैनल्टी के खिलाफ नहीं हैं। पैनल्टी दी जाये, पैनल्टी जो उचित हो वह दी जाये। उसकी मात्रा बहुत अधिक होती है तो कोई इसको विन्डीकेट नहीं कर सकता।

श्री अहमद बक्श सिंधी : आप कहां तक पनिशमेंट दिये जाने के लिये तैयार हैं ?

(व्यवधान)

श्री राज बहादुर : आप विचार कर लीजिये। प्रस्ताव करेंगे आप। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं the punishment should be commensurate with the gravity of the offence. अगर कानून के इस सिद्धांत से हमारे मिनिस्टर साहब सहमत हैं तो मुझसे कह दें। अगर नहीं है तो निश्चित बात है ग्रेवेटी आफ दी आफेंस हम सब मानते हैं लेकिन ग्रेविटी एक्सट्रीम डिग्री की नहीं है, एक्सट्रीम लेवल की नहीं है। यह देखने का है। मैं तो यह कहना चाहता हूं लीडर ऑफ दी हाउस को यहां होना चाहिये था, प्रिविलेज के मामले में लीडर आफ दी हाउस को डाइरेक्शन देने चाहिये, गाइडेंस देनी चाहिये सारी बात के लिये। उनकी क्या राय है, अध्यक्ष महोदय, वह भी तो हम सुन लें।

श्री अध्यक्ष : माननीय देवी सिंह जी की भी राय तो सुन ले सदन..

श्री राजबहादुर : उनकी राय भी सुन लें। मैं तो उनकी राय भी आवश्यक मानता हूं। मुझे इसमें कोई आपत्ति ही नहीं है।

श्री अध्यक्ष : उनकी क्या राय है। मैंने सुना है जैसा पूर्व में निवेदन किया कई माननीय सदस्यों ने कि कोई दूसरी घटना थी उससे वह प्रभावित थे। लेकिन जब तक वे स्वयं कुछ नहीं कहते हैं तब तक दूसरे माननीय सदस्यों की कही हुई बात को केवल कयास ही माना जा सकता है।

श्री राजबहादुर : ठीक है, मैं मानता हूं उनको बुलायें। उनकी बात को भी सु ना।

(श्री राजबहादुर)

(व्यवधान)

उस नाते जिसने अपराध किया है..

श्री अध्यक्ष : बातें नहीं करें, माननीय सदस्य।

(व्यवधान)

गंभीर विषय है। सुनें।

श्री राजबहादुर : अध्यक्ष महोदय, मैं पहला आदमी था जो यहां से उठा, वहां गया और उनसे कहा। स्वयं मैंने उनके मुंह दर मुंह कहा है। इस बात पर मुझ से एक-दो माननीय सदस्य तो नाराज भी हुए। उन्होंने जो मुझे बताया, वह यह है कि एक कन्या के साथ बलात्कार हुआ है। मैंने कहा, जो कुछ भी हरकत है सदन की गरिमा के खिलाफ है, बहुत गलत है और उनको नहीं करना चाहिये था। उनको माफी मांगनी चाहिये..

(व्यवधान)

मेरी विनती सुन लें। तो मैं कहना चाहता हूं, एक्स्ट्रीम पनिशमेंट नहीं होना चाहिये। जब मेरी राय लेंगे तो मैं भी प्रपोज कर दूंगा कि यह होना चाहिये, वह होना चाहिये लेकिन यह मेरा मानना है बिना किसी लिहाज से कि जो आफेन्स हुआ है वह ग्रेव है किन्तु इतना ग्रेव नहीं है कि...

(व्यवधान)

मै यह कहूंगा, क्षमा मांगें। अपराध तो उन्होंने किया है लेकिन क्षमा मांगने से...

(व्यवधान)

जो अपराध किया है वह माफ हो जाय। यह सदन का अधिकार है इसलिये ला की हैसियत से कहना चाहता हूं कि अगर क्षमा मांग लेते हैं तो कम पनिशमेंट के अधिकारी हो जाते हैं। लेकिन यहां जो इर्रेस्पान्सिबल शब्द कहे गये हैं उसके लिये भी हरिसिंहजी को खेद प्रकट करना चाहिये। उन्होंने कहा हमारा सब का हाथ था, उसमें तो हमारी भी आपत्ति है।

श्री हरिसिंह (महुवा) : मैं किसी प्रकार का खेद प्रकट करने के लिये तैयार नहीं हूं। मैं आपका सम्मान करता हूं और मैंने आपका थैला उठाकर राजनीति में प्रवेश किया है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि××× आप चाहे जो कुछ कह दें।

श्री यदुनाथसिंह : अध्यक्ष महोदय, ×××बोल रहे हैं। यह कौनसा शब्द है। बोलना भी नहीं आता है माननीय सदस्य को।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। बातें नहीं करें।

श्री राजबहादुर : भाई, ठहरिये न दो मिनट।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे, मुख्य सचेतक महोदय से निवेदन करूंगा, मुख्य मंत्री जी आ जायें, उनकी गाइडेन्स मिलना भी अनिवार्य है। इसको ऐसा उदाहरण न बनायें जिसको कोट किया जाय।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : मैं तो यहां पर जो वोट की गिनती होती है...

××× शब्द माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित किया गया।

(92)

(श्री अध्यक्ष)

(व्यवधान)

श्री भालू खां ।

श्री भालू खां (चूरू) : अध्यक्ष महोदय, जिस विषय पर सदन में चर्चा चल रही है वह बहुत ही घटिया स्तर की बात है कि. .

(व्यवधान)

अनेक माननीय सदस्य : यह तो सदन का अपमान है, घटिया स्तर की चर्चा बताना. .

श्री भालू खां : इस पर काफी माननीय सदस्यों ने प्रकाश डाला है . . .

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात आपके मार्फत सदन को बताना चाहता हूं . .

श्री नाथू सिंह : आन ए पाइन्ट आफ आर्डर, सर ।

श्री भालू खां : . . जब देवीसिंह जी अपने घर से चले . . .

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : पाइन्ट आफ आर्डर आ गया । शान्त रहें, माननीय सदस्य ।

(व्यवधान)

बातें नहीं करें, माननीय सदस्य ।

श्री नाथूसिंह : अध्यक्ष महोदय, सदन इतने गंभीर विषय पर चर्चा कर रहा है, सदन में बहुत महत्वपूर्ण मामला है, जिस महत्वपूर्ण मसले पर सदन विचार कर रहा है उसके लिये यह कहना कि घटिया चर्चा है, अध्यक्ष महोदय, यह तो सदन का अपमान है..

(व्यवधान)

अनेक माननीय सदस्य : ऐसा नहीं कहा है••।

श्री नाथूसिंह : अध्यक्ष महोदय, आप प्रोसीडिंग्स उठाकर देख लें, यही कहा है ।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप धैर्य रखें ।

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज । श्री भालू खां ।

(व्यवधान)

आर्डर, आर्डर । माननीय सदस्य, आसन के माध्यम से कहें । मैं आपके पाइन्ट आफ आर्डर को समझ गया हूं ।

श्री नाथूसिंह ; आप प्रोसिडिंग्स उठाकर देख लें, घटिया स्तर की चर्चा कहा है । क्या यह सदन का अपमान नहीं है ?

श्री राजबहादुर : सारे हाउस का कन्टेम्प्ट है ।

श्री अध्यक्ष : कोई कन्टेम्प्ट नहीं है ।

श्री भालू खां : माननीय अध्यक्ष महोदय, देवी सिंह जी जिस वक्त हाउस में आये तो उनके गले में तख्ती लटकी हुई थी। हमारे विरोधी दल के भाई सब यहां बैठे हुए थे, देख रहे थे उसकी तरफ और हंस रहे थे। हम लोगों ने पूछा, बतावो भाई, क्या बात है, काहे की तख्ती है...

(व्यवधान)

लाल-लाल खून सा क्या लग रहा है...

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर !

श्री भालू खां : तो लोगों ने कहा, यह हमेशा ही करता है ऐसा, इसकी आदत है...

श्री अध्यक्ष : इनकी आदत है।

श्री भालू खां : फिर, यह मेरा कहना है कि देवीसिंह जी जब अपने घर से चले तब वह तख्ती उनके गले में थी। वहां से प्रदर्शन करते हुए यहां आये। तो इस आदमी ने सोच समझ कर अपने अकेले की राय से तो ऐसा किया नहीं है। इनके साथी है, उनको मालूम है, ऐसा करना है। ऐसी बात नहीं है कि उनको मालूम ही नहीं हो। कहते हैं, मालूम नहीं है तो यह सफाई देने की जरूरत नहीं है। सदन में जान-बूझकर ऐसा किया है यह सबको मालूम है।

श्री यदुनाथसिंह : अध्यक्ष महोदय, यह हमारे प्रिविलेज का सवाल है। इसका क्या मतलब हुआ, कुछ भी कह दें।

(व्यवधान)

श्री भालू खां : ढाई घंटे से चला, रहे हैं इस चर्चा को। यह बात गलत है।

श्री यदुनाथसिंह : अध्यक्ष महोदय, हमारा प्रिविलेज बनता है।

(व्यवधान)

श्री मेघराज तावड़ : अध्यक्ष महोदय, यह हमारे अधिकारों पर कुठाराघात है..

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। कृपया भाषा में संयम बरतें। काफी गंभीर कानूनी मसला है, संसदीय परम्पराओं का है।

श्री भालू खां : एक घंटे तक किसी ने यह नहीं कहा कि यह क्या कर रखा है। हम तब भी मानते जब विरोधी दल के सदस्यों ने कहा हो, भाई, आपने क्या कर रखा है, बहुत बुरी बात है। तो हम मान लेते। उन्होंने किसी ने नहीं कहा। इसलिये हम तो यह मानते हैं कि उन सबको मालूम था और जान-बूझकर ऐसा किया गया है। इनको ज्यादा से ज्यादा सजा दी जाए, मेरी तो यही राय है।

एक माननीय सदस्य : फांसी की सजा दे दो।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : सुश्री पुष्पा जैन।

सुश्री पुष्पा जैन (आमेर) : अध्यक्ष महोदय, कोलायत से जीत कर आने वाले माननीय सदस्य...

(९५)

(सुश्री पुष्पा जैन)

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, ऐसा लगता है कि बहुमत के आधार पर फैसला तो करेंगे ही लेकिन आप बहुमत के आधार पर क्या हमारी जबान पर भी ताला लगाना चाहते हैं? अगर ऐसा शासन का आदेश है तो हमें कुछ नहीं कहना है। आप चाहे जो कुछ कर दीजिये, फांसी लगा दीजिये..

श्री अध्यक्ष : गंभीर विषय है, सदन के सामने। कृपया इसको मखौल में नहीं लें।

सुश्री पुष्पा जैन : माननीय देवीसिंह जी, जो कोलायत से जीतकर आये हैं···

(व्यवधान)

उन्होंने अपनी भावना की अभिव्यक्ति का एक तरीका अख्तियार किया उसको लेकर सदन में एक सनसनी पैदा हो गई। उस पर इस सदन को विचार करना पड़ा।

(3.40 म. प.)

(श्री मार्गवसिंह दीवान, सभापति, पदासीन)

मुझे खुशी है, सभापति महोदय, यह प्रस्ताव इस सत्ता दल की तरफ से आया जिस सत्ता दल की सरकार ने हिन्दुस्तान में डाकू माखनसिंह और फूलनदेवी, जो दुनियां में सबसे बड़े गुनहगार थे, को सारे गुनाहों की माफी दी। हिन्दुस्तान में न सिर्फ उनको माफी दी बल्कि हीरो और हीरोइन बना दिया। उसी सत्ता दल की तरफ से जो माननीय देवीसिंह जी ने जब भावना अभिव्यक्ति का यह साधन अख्तियार किया उस पर बहुत बड़ी आपत्ति प्रकट की और उसको संगीन मानते हुए बड़ी से बड़ी सजा देने की तजवीज की। अध्यक्ष महोदय, जिन माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये, करीब-करीब सभी माननीय सदस्यों ने यह माना कि हर बाप की इज्जत बेटे की अपनी इज्जत होती है, हर बेटे की इज्जत बाप की अपनी इज्जत होती है। सभापति महोदय, एक मिनट के लिए यदि मान लिया जाय कि मुख्य मंत्री की बेटी कहने से आपको आपत्ति हुई, आपको पीड़ा हुई, मुख्य मंत्री जी को पीड़ा हुई, तो जरा अन्दाज लगाइये उन मां बाप की पीड़ा का जिसकी लड़की के साथ बलात्कार हुआ, और न सिर्फ बलात्कार हुआ, उसका कत्ल हो गया। उनकी पीड़ा का अन्दाज लगाइये।

सभापति महोदय, यह सदन सर्वोच्च है, यह सब कहते हैं लेकिन मैं जानती हूं यहां बहुमत के आधार पर फैसला होगा, हम कितनी भी दलील दें, कितने भी तर्क दें, चाहे हमारी बात वाजिब हो या नहीं हो फैसला वही होगा जो आप चाहेंगे। अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान के लोकतन्त्र में बहुमत के आधार पर फैसला होता है, किन्तु लोकतन्त्र में बहुमत आते हैं, चले जाते हैं, जनता इन्साफ की मोहताज नहीं होती, अच्छी परम्पराओं की मोहताज होती है। यदि आज इस सदन में बैठकर हमने अच्छी परम्पराओं का निर्वहन नहीं किया, यदि जल्दबाजी में, ज्यादा उग्रता से कोई ऐसी परम्परा कायम कर दी तो हिन्दुस्तान का भावी इतिहास इसे दोहरायेगा। मालूम नहीं, कल बहुमत किसके हाथ में आयेगा। सभापति महोदय, जैसा कि

(सुश्री पुष्पा जैन)

मैं पहले ही कह चुकी हूं यहां मैरिट डिमैरिट के हिसाब से निर्णय नहीं होगा, यहां कोई लॉ पाइन्ट के हिसाब से फैसला नहीं होगा, यहां जो फैसला होगा, बहुमत के आधार पर होगा, लेकिन फिर भी हमें अपनी बात कहने का जो अधिकार है आसन के माध्यम से उसके तहत ही मैं कहना चाहूंगी कि माननीय देवीसिंह जी ने गुनाह क्या किया। सभापति महोदय, 14-2-83 को बीकानेर में गिरजादेवी के साथ रेप हुआ, किन्तु, सभापति महोदय, उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसके बाद 7-3-83 को मंजूदेवी के साथ रेप हुआ और उसके बाद उसको कत्ल कर दिया। सभापति महोदय, जो कांग्रेस (आई) सदन में आज बहुमत की दुहाई दे रही है कि उनके मुख्य मंत्री का अपमान हुआ, उनका अपमान हुआ, मैं आप लोगों से पूछना चाहती हूं कि क्या उस समय आपका अपमान नहीं हुआ था जब 14-2-83 को एक घटना हुई और 7-3-83 को दूसरी घटना हुई? उस समय सदन चुप रहा और सदन के मुख्य मंत्री की यह हिम्मत नहीं हुई कि खड़े होकर कह देते, यह जो घटना हुई है उसके लिए उनको खेद है, उस पर हम कार्यवाही कर रहे हैं और मुलजिमों को गिरफ्तार कर रहे हैं। ऐसा कोई स्टेटमेंट नहीं आया सरकार की तरफ से। सभापति महोदय, मैं बताना चाहूंगी, आज जब घटना हुई तो सवाल आया, उसके पहले आपको कुछ कहने की जरूरत नहीं हुई, कुछ कहने की हिम्मत नहीं हुई। सभापति महोदय, यही नहीं अब अपोजीशन ने अपनी ड्यूटी अन्जाम दी, उन्होंने स्थगन प्रस्ताव दिया, स्थगन प्रस्ताव को माननीय अध्यक्ष महोदय ने सरकार के पास जानकारी देने के लिए भेजा लेकिन सरकार की तरफ से बराबर उसको टाला गया। बार-बार चैम्बर में जाकर यह पूछा गया कि हमने स्थगन प्रस्ताव दिया था बीकानेर की दुर्घटनाओं पर उसमें क्या हुआ तो माननीय अध्यक्ष महोदय ने बेबसी से कहा कि सरकार की तरफ से अभी कोई जवाब नहीं आया। सभापति महोदय, उनकी पीड़ा का कोई आपको अन्दाज नहीं, आपको अन्दाज अपनी पीड़ा का है। आपने बहुत बड़े आरोप लगाये कि विपक्ष के माननीय नेताओं का हाथ है। सभापति महोदय, मैं क्षमा चाहती हूँ, पर कहना चाहूंगी एक मिनट के लिए कि सत्ता दल के कुछ विधायकों का इसमें हाथ है, देवीसिंह जी को मोहरा बनाया गया है, आप शायद यह दिखला कर मुख्य मंत्री के करीब आना चाहते हैं और आप सरकार में शामिल होना चाहते हैं।

श्री हरिसिंह (महुआ) : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

श्री सभापति : कृपया, माननीय सदस्य बोलें। आप बोलिये।

सुश्री पुष्पा जैन : सभापति महोदय, मैंने पहले ही कहा कि आप बहुमत के आधार पर फैसला करेंगे। आप सारे तर्क और दलीलों को नहीं सुनेंगे और न उन्हें एक्सेप्ट करेंगे।

श्री हरिसिंह (महुआ) : पाइण्ट आफ आर्डर।

सुश्री पुष्पा जैन : हां हां कहिये।

श्री अहमदबक्श सिंधी : शास्त्री जी को थोड़ा इधर भेज दीजिये।

श्री हरिसिंह (महुआ) : माननीय सभापति महोदय, पूरा सदन यहां पर विचार कर रहा है। मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। आप लोग किसी के गाल पर थप्पड़ मार दें तो क्या उसकी आजादी है ?

श्री सभापति : आप कृपया, माननीय सदस्य ...

श्रीमती उजला अरोड़ा (जयपुर ग्रामीण): आप किस नियम के तहत बोल रहे हैं ? आपने किस नियम के तहत व्यवस्था का प्रश्न रखा है ? किताब आपके सामने रखी है।

श्री हरिसिंह (महुआ) : आपका कानून से कोई वास्ता नहीं रहा। मैंने कानून पढ़ा है इसलिए पाइन्ट आफ आर्डर उठा सकता हूं। क्यों रूल बताऊं, आप लॉ की क्लास जोइन करिए।

श्रीमती उजला अरोड़ा : मैंने लॉ किया है, चेलेन्ज करती हूं।XXX

श्री जनार्दन सिंह गहलोत (करौली) : माननीय सदस्य हरीसिंह जी ने एक व्यवस्था का प्रश्न उठाया है उस पर व्यवस्था दें।

श्री भगवान दास शास्त्री : ....सुनायी देता है, कभी कभी गोद में बच्चे को लेने से बच्चा बाप की मूंछ को भी पकड़ लेता है। उसका कहना बेकार है। ...

श्रीमती उजला अरोड़ा : कौन से नियम के तहत बोल रहे हैं ?

(3.47 म. प.)

(श्री पूनमचन्द विश्नोई, अध्यक्ष, पदासीन)

श्री अध्यक्ष : आर्डर। बैठ जायें। माननीय सदस्यगण, जैसा मैंने प्रारम्भ में ही निवेदन किया था, सदन के सामने बहुत ही गम्भीर विषय विचारणीय है। तत्काल इस विषय को इसलिए लिया गया है कि इसमें ..

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज। बातें नहीं करें, माननीय सदस्य। कृपया बैठ जायें। आसन पैरों पर है। बैठ जायें, माननीय सदस्य। आर्डर प्लीज।

श्री दीपेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, आपने घटना को देखा ही नहीं इसलिए जानकारी नहीं है।

श्री अध्यक्ष : मैं यही निवेदन करने खड़ा हुआ हूं।

श्री दीपचन्द : अध्यक्ष महोदय, सदन में एक घटना और घटी है।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। बैठ जायें। आज जो विचारणीय विषय है, उसको तत्काल इसलिए लिया गया कि इसमें अपने सदन की प्रतिष्ठा, मान मर्यादा, गरिमा ..

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज, माननीय सदस्य।

यह सब निहित है इसलिए इस प्रश्न को ...

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज।

इस प्रश्न को साधारण कार्य सूची को छोड़ करके इसलिए लिया गया,

XXX अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई।

(श्री अध्यक्ष)
जैसा मैंने पहले बताया, यह महत्वपूर्ण प्रश्न था। बहुत से माननीय सदस्य आवेश में आ गये। जब मैं अभी वेश्म में गया, उसके बाद में कुछ शब्द ऐसे XXX

(व्यवधान)

माननीय सदस्य, आर्डर प्लीज ! माननीय सदस्यगण अपने 4 करोड़ लोगों के प्रतिनिधि हैं, हम जो कुछ कहते हैं, जनता गैलेरीज में से देखती है, प्रेस देखता है, रेडियो टेलीविजन सब में आता है। जो कुछ भी हम करते हैं प्रेस के माध्यम से प्रसारित होता है। इसलिए हमें खास तौर से इस तरह के अवसरों पर बहुत ही संयम से काम लेना चाहिए और जो भाषा प्रयुक्त करें, वह शिष्ट भाषा होनी चाहिए। मुझे बहुत खेद है कि माननीय सदस्यों का ध्यान मैं बार-बार इस ओर आकर्षित कर रहा हूं। लेकिन यह मामला जैसे बहुत ही तुच्छ मामला हो और तुच्छ विषय हो विचारणीय, इस तरह से हम ले रहे हैं। कोई हंस रहा है, कोई कैसे ही बैठा है, कोई कैसे इशारा कर रहा है, यह हमारे लिए शोभनीय बात नहीं है, माननीय सदस्यगण। इसलिए हमको चाहिए कि जो हमारे नियम हैं सभा के उनका पालन करें। इस सभा में उठने-बैठने, आने-जाने बोलने सब के नियम और परम्परायें बनी हुई हैं। हमारे देश में ही नहीं संसार भर में बहुत से देशों ने संसदीय प्रणाली, बहुत कुछ सोच समझकर प्रक्रिया और नियम बनाये गये हैं इसलिए मैं माननीय सदस्यों से पुनः निवेदन करूंगा कि विषय की गम्भीरता को देखें। ऐसे क्षण आ जाते हैं कई दफा जब कि कुछ हंसी-मजाक की बात कही जा सकती है। इसके लिए भी उपयुक्त अवसर चाहिए। मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करूंगा कि हमारी प्रक्रिया के नियम हैं उनका पालन करें। आज विषय ऐसा है कि सहज ही माननीय सदस्य उत्तेजना में आ सकते हैं, इसलिए अपनी जिम्मेदारी को समझ कर कार्य करें।

तो अब कौन माननीय सदस्य बोल रहे हैं ?

श्री जनार्दनसिंह गहलोत : व्यवस्था का प्रश्न है।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष। व्यवस्था का प्रश्न वास्तव में व्यवस्था का ही होना चाहिए।

श्री जनार्दनसिंह गहलोत : व्यवस्था का ही प्रश्न है। अध्यक्ष महोदय, आपने जो मार्ग दर्शन दिया है उस प्रक्रिया के तहत ही हम निश्चित तौर से कार्यवाही करना चाहेंगे। लेकिन एक तथ्य पर हम आपका मार्ग दर्शन चाहेंगे कि क्या इस विधान सभा का कोई माननीय सदस्य दूसरे सदस्य की अनुमति से उसे पीट सकता है। इस पर व्यवस्था आप जरा दे दें।

श्री अध्यक्ष : मैं ऐसे ही कुछ शब्द सुन कर · · ·

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज !

(व्यवधान)

मैं कुछ ऐसे ही शब्द सुन कर सदन में वापस उपस्थित हुआ। मैं माननीय सदस्य

XXX माननीय अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार अपलोपित किये गये।

(श्री अध्यक्ष)

और सदस्याओं से खास तौर से निवेदन करूंगा कि उनको संयम से काम लेना चाहिए। संयत भाषा का प्रयोग करना चाहिए और विषय की गम्भीरता को देखते हुए विषय पर विचार व्यक्त करने के उद्देश्य से वाद-विवाद में हिस्सा लेना चाहिए।

सुश्री पुष्पा।

सुश्री पुष्पा जैन : अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मैंने पहले कहा कि हर बात को सोचने का अलग-अलग तरीका होता है, अभिव्यक्ति का अलग-अलग अन्दाज होता है। दूसरा व्यक्ति उसको किस रूप में ले उसका भी अपना एक तरीका होता है। अध्यक्ष महोदय, माननीय देवीसिंहजी ने जो आज पट्टी लगाई, जहां तक मेरी जानकारी है उसमें लिखा था मुख्य मंत्री की लड़की मंजू के साथ सामूहिक बलात्कार। अध्यक्ष महोदय, इस बात से तो सत्ता दल के माननीय सदस्य भी इत्तफाक करते है कि मंजू के साथ बीकानेर में सामूहिक बलात्कार हुआ। उस पर सरकार द्वारा कुछ एक्शन लेने की कार्यवाही भी की गई। अध्यक्ष महोदय, सवाल सिर्फ इतना आता है, "मुख्य मंत्री की लड़की" इन शब्दों पर मैं समझती हूं कि माननीय सदस्यों ने आपत्ति उठाई है। उसका जो दूसरा पार्ट है, "मंजू के साथ सामूहिक बलात्कार" उस पर किसी को आपत्ति हो ही नहीं सकती। वह कटु सत्य है। "मुख्य मंत्री की लड़की" क्यों लिख दिया, इस पर माननीय सदस्यों ने बहुत बड़ी आपत्ति उठाई है। न सिर्फ आपत्ति उठाई, इस हद तक चले गये कि एक प्रस्ताव रख दिया कि माननीय देवीसिंह जी को आगे के लिए हमेशा-हमेशा के

(3.53 म. प.)

(श्री माधवसिंह दीवान, सभापति, पदासीन)

लिए इस सदन से उनकी सदस्यता समाप्त कर दी जाय। सभापति महोदय, 'मुख्य मंत्री की लड़की' यदि मंजू कह दिया तो मैं समझती हूं कि कौन सा बहुत बड़ा अत्याचार हो गया? कौन सा गुनाह हो गया? एक हरिजन की लड़की को यदि एक मुख्य मंत्री की लड़की कहने पर आपको एतराज है तो मुझे कुछ नहीं कहना है। यह निश्चित बात है, यह सर्वविदित बात है कि मंजू एक हरिजन की लड़की है, एक हरिजन की बेटी है। अगर आप यह मानते हैं कि उस हरिजन की लड़की को मुख्य मंत्री की लड़की कह कर माननीय सदस्य ने एक बहुत बड़ा मुख्य मंत्री का अपमान किया है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। सभापति महोदय, बात को अभिव्यक्ति जिस तरह से माननीय देवीसिंह जी ने की उसके लिए भी यह सदन अपने आप में विचार कर ले, क्या देवीसिंह जी ने बहुत बड़ा गुनाह कर दिया? उस अभिव्यक्ति को हमने दूसरे नजरिये से अख्तियार किया। कम से कम इतना तो सोचते माननीय सदस्य प्रस्ताव लाने से पहले, माननीय सदस्य, जो कोलायत से आये हैं, को सदन में बुलाया जाता। उनसे पूछा जाता कि इस तरह की पट्टी लगाने के पीछे उनका मंतव्य क्या है? किस बात से वशीभूत होकर, किन विवशताओं से मजबूर होकर उनको इस पट्टी को लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। सभापति महोदय, माननीय सदस्य आज इतनी सी बात पर बहुत बड़ा प्रस्ताव लाये। मैं पूछना चाहती हूं कि आज राज्य में जिस तरह की दुर्घटनायें हो रही हैं उनके लिए भी कभी इस सदन ने चिन्ता प्रगट की? हमारे इस

(सुश्री पुष्पा जैन)

सदन के माननीय सदस्य रंगजी मीणा को पार्लियामेंट के सदस्य ने मारा। न सिर्फ मारा बल्कि उनके हाथ की हड्डी तोड़ दी, उनके दूसरे हाथ में फ्रेक्चर कर दिया। सदन में किसी ने इस पर चिन्ता व्यक्त नहीं की। इन सारी बातों की चिन्ता नहीं है। कई स्थगन प्रस्ताव आए, कई स्थगन प्रस्ताव यहां पर रखे गए, भरतपुर के बारे में मैंने भी एक स्थगन प्रस्ताव रखा था कि वहां मारापट्टी के साथ बलात्कर हुआ, सरकार ने उस बारे में कोई चिन्ता व्यक्त नहीं की। माननीय सदस्यों ने कोई चिन्ता व्यक्त नहीं की। महज चिन्ता इस बात पर व्यक्त की कि मंजू, जो हरिजन की पुत्री है, को मुख्य मंत्री की पुत्री क्यों बना दिया। बड़ी अजीबो-गरीब बात है। सभापति महोदय, मैं यह तजवीज करूंगी और यह निवेदन करूंगी कि सदन कोई तर्क के आधार पर या कानून के आधार पर फैसला नहीं करेगा, इसे आप भी जानते हैं और मैं भी जानती हूं, आप बहुमत के आधार पर फैसला करेंगे पर याद रखिये, बहुमत के आधार पर यदि आज हमने किसी गलत परम्परा को यहां कायम कर दिया तो वह हमेशा-हमेशा के लिए कानून के इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा। राजस्थान की जनता उन्हें अच्छी नजरों से नहीं देखेगी बल्कि याद करेगी कि इस विधान सभा में सत्ता दल ने एक काला कानून पास किया था।

सभापति महोदय, इसलिए मैं निवेदन करना चाहूंगी कि इस प्रस्ताव पर बाकी की बहस हो, तर्क और वितर्क यहां प्रस्तुत किये जावें उससे पहले माननीय सदस्य, जो कोलायत से जीत कर आये हैं, को बुला कर कम से कम इतना तो पूछा जाय कि इस पट्टी को लगाने के पीछे वे कौन सी भावनायें थीं जिनके वशीभूत होकर उन्होंने यह पट्टी लगाई? अध्यक्ष महोदय, उत्तेजना में आकर यदि कोई कातिल कत्ल कर देता है तो अदालत फैसला करते समय इस बात को मद्‌नजर रखती है कि कातिल ने जब कत्ल किया उस समय उसकी दशा क्या थी। सडन प्रवोकेशन में आकर अगर कर दिया कत्ल तो माननीय सदस्य, जो कोई वकालत करते हैं, जानते हैं कि अदालत उसके लिए सजा नहीं देती...

श्री भैरूसिंह गुर्जर : पागलों को नहीं देती।

सुश्री पुष्पा जैन : पागलों को भी नहीं देती। आपकी जानकारी के लिए आपके पास वकील बैठे हैं।

श्री भैरूसिंह गुर्जर : पागल हाउस का मैम्बर भी नहीं होता है। चुनाव भी नहीं लड़ सकता है।

(व्यवधान)

श्री भैरोंसिंह शेखावत : पागल तो सदस्य होते हैं लेकिन सर्टीफाइड पागल सदस्य नहीं होते।

सुश्री पुष्पा जैन : तो, सभापति महोदय, जैसा कि सदन के सभी माननीय सदस्यों ने भावना प्रगट की है, मां बेटी की इज्जत सब की इज्जत होती है। बेटी सबकी बेटी है, मां सबकी मां है, पिता सबका पिता है। मुख्य मंत्री सबके पिता है, राजस्थान के पिता हैं, अगर एक हरिजन की बच्ची

(सुश्री पुष्पा जैन)

को मुख्य मंत्री की बेटी कह कर एक पट्टी लगा दी गई तो इतना बड़ा गुनाह नहीं हो गया कि जिसके लिए आप उन्हें सदस्यता से निलम्बित कर दें। माननीय सभापति महोदय, माननीय देवी सिंह जी को बुलाया जावे, उनसे पूछा जावे, अगर भावना वही है, उनकी पीड़ा वही है उसी पीड़ा के वशीभूत होकर वह पट्टी लगाने पर मजबूर हो गए तो वह कोई गुनाह नहीं बल्कि उनकी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। उनकी भावनाओं की अभिव्यक्ति का अन्दाज गलत हो सकता है। इसके लिए सदन उन्हें आगाह कर सकता है भविष्य के लिए कि भविष्य में कभी भी अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति करें तो कम से कम ऐसा तरीका अख्तियार न करें।

इसके साथ मैं अपनी बात समाप्त करूंगी। मैं सदन से निवेदन करूंगी कि बहुमत का फायदा उठा कर किन्हीं गलत परम्परा को इस सदन में कायम न करें वरना जनता के समक्ष हमें लज्जित होना पड़ेगा।

श्री सभापति : श्रीमती मल्होत्रा।

श्रीमती सूरज देवी मल्होत्रा (पुष्कर) : सभापति महोदय जी, यह आज जो मैटर चल रहा है यह कोई हंसी मजाक का मैटर नहीं है। यह बड़ा सीरियस मैटर है। हम लोग इसको बहुत हंसी मजाक का माध्यम समझकर हंस रहे हैं। बड़े दुःख के साथ मुझे कहना पड़ता है कि हम सारे सदस्य इस बात को मानते हैं कि जो श्री म.टीजी ने कहा है यह गलत कहा है। सदन एक मत है और सदन ने माना भी है कि यह बात गलत है लेकिन अभी कई बातें ऐसी आई हैं, जैसे कहा गया उनकी भावना का, अर्थात् यह भावना के साथ उन्होंने पट्टी लगाई है। तो, सभापति जी, आप यह बताइये कि जब पट्टी लगाई तो मुख्य मंत्री की बेटी का नाम ही क्यों लिखा? क्या वह अपनी बेटी का नाम नहीं लिख सकते थे, अपनी बहिन का नाम नहीं लिख सकते थे और जिस मां की कोख से पैदा हुए हैं उनका भी नाम लिख कर नहीं आ सकते थे। उनके नाम से वह अपनी भावना बता सकते थे। आखिर क्या कारण था कि मुख्य मंत्री की बेटी का नाम लिखा? वे अपनी भावना जताने के लिए अपने घर की बेटी और बहू का भी नाम लिख सकते थे। उन्होंने पट्टी बांध कर मुख्य मंत्री की बेटी का नाम लिखा। अपनी बेटी का नाम लिखकर आते तो शायद ज्यादा अच्छा होता। उनके क्षेत्र की बात जल्दी सुनी जाती। विरोधी पक्ष के सदस्यों ने बार-बार यह कहा है कि यहां पर जो फैसला होगा बहुमत के आधार पर होगा, यह बात उनकी गलत है। क्योंकि अगर बहुमत के आधार पर फैसला होना होता तो आपकी और हमारी बात यहां पर क्यों सुनी जाती? हमारी बात यहां इसलिये सुनी जाती है ताकि हम जो ठीक है उसको ठीक बतायें और जो गलत है उसको गलत बतायें। फैसला करना अपने अध्यक्ष जी के ऊपर है। जो भी चीज होगी, जो सदन का फैसला होगा वह माना जायगा। आज इस सदन में जो घटना हुई है, मेरे ख्याल से राजस्थान विधान सभा में आज तक ऐसी घटना कभी नहीं हुई होगी। यहां पर बहू-बेटियों की इज्जत की बात बराबर विपक्ष के सदस्य रेप केसेज को लेकर उठाते हैं। वे यदि यहां पर मुख्य मंत्री की बेटी के लिये पट्टी बांध कर ऐसी शर्मना

(श्रीमती सूरज देवी मल्होत्रा)

बात करें, यह कोई विपक्ष के नेता को शोभा नहीं देता। देवीसिंह, विपक्ष के सदस्य को भी शोभा नहीं देता। यहां पर सजा की बात कही है कि इनको सजा दी जाय या नहीं दी जाय। यह तो विधान सभा का जो नियम है, जो उसका कायदा है उसके अनुसार ही देखा जायगा। मेरा तो आपको यह कहना है; अपने क्षेत्र में क्या बतायेंगे कि हम अपनी बहू-बेटियों की इज्जत यहां बचाते हैं, हम सदन में उनके लिये क्या प्रोपेगंडा करते हैं। दूसरा, मेरी सदन से दरख्वास्त है, इनको ऐसी सजा दी जाय जिससे कि राजस्थान के इतिहास में दुबारा कोई माननीय सदस्य यह हरकत नहीं करे। इस प्रकार से उन्होंने राजस्थान विधान सभा में हमारे राजस्थान का नाम, विधान सभा का नाम खराब कर दिया। लोग ऐसा कहेंगे, हमारे सदस्य इतने गिरे हुए हैं जिस तरह की यह हरकतें करते हैं और बहू-बेटियों की इज्जत नहीं बचाते। मुझे तो यही कहना था, इनको ऐसी सजा दी जाय जिससे कि राजस्थान के इतिहास में आगे कभी यह हरकत नहीं हो।

श्री सभापति : श्रीमती उजला अरोड़ा।

श्रीमती उजला अरोड़ा (जयपुर ग्रामीण): सभापति महोदय, इस घटना के तीन पहलू मेरी नजर में आते हैं। जो माननीय देवीसिंह जी ने तरीका अपनाया उस तरीके को अच्छा नहीं समझती हूं। विधान सभा में मुद्दे उठाये जाते रहे हैं दुःख के, दर्द के, अभाव के, अन्याय के और अत्याचार के, लेकिन तरीके उठाने के दूसरे रहे हैं। मैं कहना चाहूंगी कि आज की इस घटना के परिप्रेक्ष में हम तीन विषय ले सकते हैं। एक तो यह कि घटना जो सात तारीख को घटी, जिसमें मंजू, जो कि एक हरिजन की बेटी थी, को सफाई के बहाने घर में बुलाकर उससे बलात्कार किया गया और मार करके बाहर फेंक दिया गया। इस सारी घटना के पीछे सरकार की अकर्मण्यता भी है। मैला ढोने की व्यवस्था आज भी है। सरकार की नीति में था कि मैला ढोना बंद किया जायेगा। आज तक मैला ढोना बंद नहीं किया गया। सन् 1975 में 15 अगस्त के दिन माननीय छंगानीजी, जब यहां मिनिस्टर हुआ करते थे, ने कहा था कि 15 अगस्त से मैला ढोना बंद हो जायगा। अगर मैला ढोने के लिये महिला औरों के घरों में जाती नहीं होती तो इस तरह की घटना नहीं घटती। मैं कहना चाहूंगी; वह घटना घटी उसमें सरकार की अकर्मण्यता एक ओर, वह घटना घटी दूसरी ओर। तीसरी ओर उसकी अभिव्यक्ति की बात कही गई। माननीय ललितजी ने परसों के दिन इस बात पर स्थगन प्रस्ताव रखा। यह जानकारी चाही कि इस बारे में सरकार ने क्या कदम उठाया। सरकार ने कोई कदम उठाया, इस बात की सूचना सदन को नहीं दी गई। सदन को यह सूचना दे दी जाती तो आज देवीसिंहजी इतने उत्तेजित होकर इस तरह की घटना नहीं करते। मान्यवर, यह एक पुरुष की पाशविक प्रवृत्तियों की कहानी है। जिसके ऊपर सरकार की ओर से नियन्त्रण लगाने की बात नहीं की गई। मुझे दुःख है कि यहां पर दो महिला सदस्या सत्ता पक्ष की बोली हैं लेकिन उन्होंने राजस्थान की महिलाओं के संरक्षण के बारे में नहीं कहा. उनकी अत्याचार की कहानी नहीं कही बल्कि उन्होंने केवल अपनी सरकार को बचाने

102

(श्रीमती उजला अरोड़ा)

के लिये बात कही है : मैं कहना चाहूंगी कि महिलायें अभी भी दूसरी श्रेणी में गिनी जायं, आजादी हरिजनों के लिए नहीं आये, यह इस सरकार की अकर्मण्यता है जिसने 35 साल राज किया उनको आजादी नहीं मिली। मैं एक बात कहना चाहूंगी, अभी सूरज देवीजी मल्होत्रा यहां पर कह रही थीं, उन्होंने मुख्य मंत्री का नाम क्यों लिखा। मुख्य मंत्री का नाम यों लिखा कि मुख्य मंत्री की जिम्मेदारी है कि वह समाज को सुरक्षा दें, समाज की रक्षा करें और उस वर्ग के साथ न्याय करें जिस वर्ग के साथ न्याय नहीं हो रहा है। मान्यवर, शांति व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था करना, दोनों सरकार का कर्तव्य है। हम लोगों ने कई बार इन मामलों को यहां पर उठाया है। बलात्कार के मामले में अगर किसी को कड़ी से कड़ी सजा दे दी जाती तो आज पुरुष की पाशविक प्रवृत्ति जागृत नहीं होती। आज जगह जगह बलात्कार की घटनायें, स्त्रियों के अपमान की घटनाएं बराबर घट रही हैं। यह सरकार कुर्सी बचाने के चक्कर में जो वास्तविक रूप से काम करने चाहिये उसको नहीं कर रही है, यह मेरा आरोप है। देवीसिंहजी की घटना, जो उन्होंने मैथड अपनाया यह तो एक उसका प्रतीकारात्मक स्वरूप है। लेकिन इसके पीछे सजा उनको दी जानी चाहिये जिन्होंने मैला ढोने के लिये आज भी हरिजनों को बाध्य किया है। दूसरों के घर में जाकर मैला ढोयें। दोषी तो वह सरकार है जिसमें एक महिला बैठी है सर्वोच्च पद पर, जिसने आने के बाद महिलाओं को संरक्षण देने के लिये, महिलाओं पर होते हुए अन्याय को समाप्त करने के लिये कुछ नहीं सोचा। मैं कहना चाहती हूं, सारी व्यवस्था दोषी है पुरुष समाज की। यह पुरुष समाज की व्यवस्था है जो यहां पर की जा रही है। हम तो यहां पर अल्पमत में हैं हम जितनी भी बहिनें यहां पर बोल रही हैं, पुरुष समाज अपनी व्यवस्था में महिलाओं के प्रति अत्याचार को आज यहां दोहराना चाहेगा तो मैं समझती हूं, समाज कभी माफ नहीं करेगा। आज मंजू हरिजन की बेटी थी, कल किसी कांग्रेसी की बेटी होगी तो? यह कहा गया, यहां पर देवीसिंहजी भाटी ने तख्ती क्यों लटकायी। माननीय सभापति महोदय, ऐसी घटनाएं, निरन्तर बलात्कार की घटनाएं किसी की कांस्टीट्यूएंसी में हो जायं तो अपना आपा खो बैठता है। तीन दिन तक सरकार जवाब नहीं दे। मैंने तीन चार स्थगन प्रस्ताव रखे जिसमें एक कत्ल का मामला है, एक को अनावश्यक रूप से थाने में पीटा गया उसका मामला है, सरकार उसे जवाब के लिए बार-बार टाल रही है। 18 तारीख से आज तक मेरे स्थगन प्रस्ताव पर व्यवस्था नहीं हुई। सरकार की ओर से उत्तर नहीं दिए गये। सरकार बचना चाहती है। पिछले दिनों मैंने प्रश्न के माध्यम से पूछा था, 617 मामले हरिजनों की पिटाई के थे जिसमें 107 मृत्यु के मामले थे। जिन्हें मारा गया यहां पर गये साल। हरिजनों के मामले में जब हरिजन अपनी समस्याओं को लेकर आये तो तत्कालीन स्वायत्त शासन मंत्री ने उन पर घोड़े दौड़ा दिये, 14 महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया जो अपनी मांगों को लेकर आयी थीं। तो मैं निवेदन करना चाहूंगी, इस सरकार से न्याय की क्या अपेक्षा की जा सकती है। माननीय श्री भाटी साहब ने न्याय की अपेक्षा की थी, तीन दिन तक इन्तजार किया, उसके बाद उन्होंने

(श्रीमती उज्वला अरोड़ा)

यह मैथड अपनाया जो, मैं समझती हूं ठीक नहीं किया। उन्हें किसी और तरीके से रखना चाहिए था नियमों के अनुसार, लेकिन वह रख नहीं पाये। हाउस में वह इस ढंग को अपना गये। उनके प्रति इस तरह की कड़ी व्यवस्था के लिए इन सबका आचरण और यह कहना कि उनको हमेशा के लिए यहां से निकाल दिया जाय, निष्कासित किया जाय और मुख्य सचेतकजी का यह प्रस्ताव लाना, मैं समझती हूं, उचित नहीं है। उदारता होती मुख्य मंत्री यहां आते और कहते कि कोई बात नहीं अगर मेरी बेटी कह दिया तो। जो राजा होता था उसको ही कहा करते थे। यह राजा है और समस्त प्रजा अर्थात् राजस्थान की सारी संतान, जितने यहां के नागरिक हैं, जो आज यहां मुख्य मंत्री हैं वे उनके पुत्रवत् हैं, जो महिलाएं हैं वे पुत्रीवत हैं केवल एक को छोड़ कर। मैं कहना चाहूंगी कि इस तरह का आचरण करें। इस ढंग से व्यवहार करें। अपनी गलतियां सुधारें, जो सरकार ने व्यवस्था नहीं की, उसके लिये खुद क्षमा याचना करें। मंजू को न्याय मिलना चाहिये था, बेचारी मर गई। न्याय तो क्या मिलेगा! मुझे लगता है, पता नहीं कितनी मंजू इस तरह से पाशविक प्रवृत्तियों का शिकार होंगी, उनकी हत्याएं कर दी जायेंगी। मैं समझती हूं अभी मुझे कुछ नहीं कहना, मैं न्याय की भीख नहीं मांगती हूं, मैं कहना चाहती हूं कि आप अपने अपराधों को देखिये, आपने जो काम नहीं किये उनकी अवस्थाओं को देखिये। आगे से व्यवस्था ठीक कीजिये। माननीय देवीसिंहजी भाटी को सुझाव यदि वे अपनी बात पर खेद प्रकट करें, उनको करना भी चाहिये, तो मामला यहीं खतम कर देना चाहिये।

श्री सभापति : श्रीमती विद्या पाठक।

श्रीमती विद्या पाठक (सांगानेर) : सभापति महोदय, आज जीरो आवर्स से ही इस विषय पर चर्चा हो रही है। बड़ी खुशी की बात है कि हम सभी माननीय सदस्य महिलाओं की समस्याओं के प्रति बहुत सेंसिटिव हैं। यह हमारी संस्कृति का प्रतीक है। यह हमारी संस्कृति की इज्जत है इसलिये प्राथमिकता के रूप में महिलाओं की समस्या देखी ही जानी चाहिये। पहली बार यह गम्भीर सीन विधान सभा के पटल पर देखने में आ रहा है। परन्तु, माननीय सभापति महोदय, यह संवेदनशीलता बड़ी कंडीशनल है, सापेक्षिक संवेदनशीलता है वरना क्या कारण है कि रोज विधान सभा में स्थगन प्रस्तावों के माध्यम से महिलाओं पर बलात्कार की चर्चा होती है, प्रेस व अखबार इससे भरे पड़े हैं। पर आज तो हम इतने सेंसिटिव हो उठे, यह बड़ी खुशी का विषय है। मैं तो यह भी कहना चाहूंगी कि सरकार ने इस पर एक्शन ले लिया, अच्छा किया। अगर सूचना मिलते ही ले लेती तो और अच्छा होता। सवाल इस बात का नहीं है कि वह लड़की हरिजन या सवर्ण लड़की थी, अमीर या गरीब वर्ग की थी। जहां तक हरिजन लड़कियों का सवाल है, उसके लिये सरकार की नीति स्पष्ट है। पिछले डेढ़ साल से नियम बना दिया है कि जिस हरिजन लड़की के साथ बलात्कार होगा उसको दो हजार रुपये दिये जायेंगे वे कम्पेनसेशन के फोर्म में हैं या यह फीस के फोर्म में होंगे? यह सब इन्होंने एक्सप्लेन नहीं किया है,

(१०५)

(श्रीमती विद्या पाठक)

परन्तु जहां तक हरिजन और गरीब तबके के प्रति रेस्पांस का सवाल है, वह तो इससे स्पष्ट होता ही है। परन्तु आज राजस्थान की जनता यहां की कार्यवाही को देख कर, यहां सदन के दृश्य, सीन को देख कर यह सोचने के लिये बाध्य होगी, विशेष तौर से, महिलाएं सोचती होंगी कि यदि हम को विधान सभा के दो सौ सदस्यों का रेस्पान्स व संवेदना चाहिये तो मुख्य मंत्री की बेटी ही बन कर पैदा होना होगा अन्यथा हमारी सुनवाई नहीं होगी यों ही रोज ऐसे अनेक केसों में एफ. आई. आर. लगेंगे, रोज अखबारों में आया होगा, रोज स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार किये जायेंगे और सरकार के जवाब आते रहेंगे कि कुछ तथ्य नहीं पाये गये, अगर कोई सबूत है तो आप दे दीजिए। सभापति महोदय, यह सब आज सरकार के लिये चिन्तन का विषय होना चाहिये। यह दर्द सिर्फ एक महिला का नहीं है, समस्त महिलाओं का दर्द है। आज कुछ सदस्य सेंसिटिव हो उठे, एक सिम्बोलिक मसले पर जो कि मुख्य मंत्री की बेटी भी वास्तव में तो नहीं है मंजू, एक कल्पना में मुख्य मंत्री का नाम उसके नाम के साथ जोड़ दिया गया तो मुख्य मंत्रीजी का अपमान हो गया? उनकी शान व एक प्रिविलेज के अगेन्स्ट हो गया? पर ऐसी कितनी ही कन्याएं हैं जिनके लिए सदस्य क्या सेंसिटिव होते हैं। क्यों नहीं होते? हर लड़की का प्रिविलेज होना चाहिये कि उसकी बात इतनी गम्भीरता से सुनी जाय। माननीय सभापति महोदय, सरकार को इस पर चिन्तन करना चाहिये था। आज महिलाएं इस डिस्क्रिमिनेशन को देख कर, इस पक्षपात से जरूर फ्रस्ट्रेटेड होंगी आज के दिन सोचेंगी कि हमारी सदस्याएं जो विधान सभा में बैठी हैं उनका क्या रिएक्शन रहा। यह अच्छी बात है कि आज कमलाजी को दर्द तो जागा श्रीमती सूरज देवी को दर्द तो जागा। परन्तु दर्द उस महिला का नहीं, दर्द महिला समस्या के प्रति नहीं, दर्द इस बात का है कि उस अभागी मंजू से मुख्य मंत्री का नाम क्यों जोड़ा गया, पार्टी का नाम क्यों जोड़ा गया। इसलिये बात बहुमत या बिना बहुमत की नहीं है, यह बात है मोरल की, आपके करेज और कन्विक्शन की जिसका पर्दाफाश आज आपके डिसीजन से होगा। सभापति महोदय, अभी चर्चा के दौरान एक बात कही गई कि इनकोXXX। किनको? दी पर्सन इन क्वेश्चन, दी सदस्य इन क्वेशचन के, उनकोXXX। और सभापति महोदय, आसन की तरफ से यह व्यवस्था हो कि इसको एक्सपन्ज कर दिया जाय। हर बार सदस्य बोले उसके बाद भी अन्य माननीय सदस्यों ने कहा कि यह गिरोह है, गिरोह की साजिश है। यह कहा कि यह घटिया चर्चा है। एक सदस्य माननीय भाटीजी के लिये यह कहा जाय कि XXX और उसको एक्सपन्ज करा कर हम सन्तोष कर लें! माननीय सभापति महोदय, एक्सपन्ज क्यों हो? एक्सप्लेनेशन क्यों नहीं? सवाल इस बात का उठता है। सभापति महोदय, इस प्रकार की व्यवस्था है। महिलाओं की समस्या को लाइटली लेने की आवश्यकता नहीं है। प्रश्न मुख्य मंत्रीजी की प्रेस्टिज का भी नहीं है, प्रश्न हम लोगों की नाक का भी नहीं है। आज प्रश्न 50 प्रतिशत आपकी और हमारी माता बहिनों का है आज उनकी प्रेस्टिज का सवाल दांव पर लगा है।

XXXअभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई।

(श्रीमती विद्या पाठक)

माननीय सदस्यगण, वह बेटी किसी की भी हो सकती है। आपसे जनता प्रार्थना करती है और मैं स्वयं महिला सदस्य होने के नाते प्रार्थना करती हूँ कि महिलाओं की समस्याओं के प्रति आपकी यह सेंसटिविटी बनी रहे तो हम महिलाओं का कुछ कल्याण होने की संभावना है।

जहां तक माननीय सदस्य के कण्डक्ट का सवाल है, सभापति महोदय, स्ट्रिक्ट सेंस में, किसी भी सेंस में इसका डिफेंस नहीं है। उनके कण्डक्ट का डिफेंस ही नहीं है। यह प्रवृत्ति अच्छी नहीं है। हमारी एक व्यवस्था है, हमारा एक पार्लियामेंट्री सिस्टम है उसको हमने आघात पहुंचाया तो उसे हम कहां ले जायेंगे और हमारी समस्या क्या नहीं सड़कों पर आ जायेगी ! अभी दो दिन पहले जनता ने अखबारों में एक अपील निकाली है, माननीय सदस्य, यह सीन जो आप यहां पर करते हो, हम पर मेहरबानी करो। हम सब आपको ही तो फोलो करते हैं ! सभापति महोदय, मेरा निवेदन यह है कि माननीय सदस्य का जो कण्डक्ट रहा उसके लिये मैं पैरवी नहीं कर रही। उसके लिये मैं यही कहना चाहती हूं कि सदन में बार बार प्रश्न मना किया जाय, बार बार स्थगन प्रस्ताव मना किया जाय, सरकार का जवाब अगर गैर जिम्मेदारी का कहा जाय तो, माननीय सदस्य, यद्यपि यह कण्डक्ट एक्स्ट्रीम पर हो गया मगर फ्रस्ट्रेशन में यह ध्याना-कर्षण का भी एक तरीका हो जाता है। मैं फिर कह रही हूं इस कण्डक्ट का डिफेंस नहीं है और मैं इसको डिफेंड नहीं कर रही। यह तरीका सही नहीं है पर यह एक लास्ट रिसोर्ट के रूप में फ्रस्ट्रेट होकर माननीय सदस्य ने अपनाया। उसको मैं इस परसंपेक्टिव से देखती हूं। उनकी भावना किस प्रकार की तीव्र रही उसके अनुकूल उनको वार्निंग देकर उनसे अपोलोजी टेण्डर करवाते बजाय इस सजा के, यद्यपि इसके लिये रेप्रिमेण्ड किया जाना जरूरी है, इसके लिये उनको रेप्रिमेण्ड करना तो आवश्यक समझती हूँ मगर इतना सोचा-विचारा, गम्भीर अपमान नहीं; यह तो केवल भावावेश में किया मुझे सरकार के बहुमत की चिन्ता नहीं। हम जनता के आसरे जीते हैं और महिलाओं के वोट पर हमारा विश्वास है। मैं आप सबको निवेदन करना चाहती हूं कि इसे इस पर्सपेक्टिव में देखें और आसन इसके अनुकूल अपने विवेक से और हम लोगों से जो राय प्राप्त होती है, उसके अनुकूल व्यवस्था करे। धन्यवाद।

श्री सभापति : अन्य कोई सदस्य। विपक्ष के माननीय नेता।

श्री भैरोंसिंह शेखावत (नेता प्रतिपक्ष) सभापति महोदय, मैं सबसे पहले माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहूंगा कि उन्होंने आज इस प्रश्न को सदन के सामने प्रस्तुत कर विधायक से ऊपर एक न्यायाधीश के रूप में अपना दर्जा बनाया। इसलिये मैं चाहूंगा कि जिस स्तर पर हमने अपने आपको पहुंचाया है उसी स्तर पर हम कायम रहें, सदन की इस प्रकार की चेष्टा होनी चाहिये। सभापति महोदय, इस सदन में कई बातें कही गई, आरोप-प्रत्यारोप भी हुए। कई माननीय सदस्यों ने यहां तक कह दिया माननीय सदस्य के आचरण को लेकर कि उनके ×××सभापति महोदय, इससे बहुमत के

×××अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई।

(106)

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

आचरण का आप सही अनुमान लगा सकते हैं। यह न्यायाधीश किस प्रकार का न्याय करने वाले हैं। इससे आप प्रिज्यूम कर सकते हैं। सभापति महोदय, यदि कोई न्यायालय होता और उसका न्यायाधीश यदि किसी भी मामले को लेकर तनिक भी इन्टेशन शो करता तो तुरन्त ही ट्रांसफर एप्लीकेशन दे दी जाती और किसी दूसरे जज के पास मामला रेफर कर दिया जाता।

(4.20 म.प.)

(श्री पूनमचन्द विश्नोई, अध्यक्ष, पदासीन)

मगर, अध्यक्ष महोदय, हम इस अधिकार से वंचित हैं। यहां इस प्रकार का कोई साधन नहीं कि हम इस सदन के निर्णय की अपील कहीं और कर सकते हैं। इस आधार पर, अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि सत्ता पक्ष की ओर से जिस प्रकार का इन्टेशन शो किया गया है वह न्यायाधीश के अनुकूल नहीं है। इस कारण मैं अपील करना चाहूंगा, आप किसको कितनी सजा दें, यह आपका अधिकार है। यह सदन सर्वोच्च है। जहां तक 200 विधायकों के आचरण का प्रश्न है, यह सदन सुप्रिम कोर्ट से किसी हालत में कम नहीं है। इसलिये, अध्यक्ष महोदय, जैसे आपने बार-बार इस सदन में व्यवस्था के नाते कुछ बातें कही, उन बातों का असर निश्चित रूप से होना चाहिये था। मुझे खुशी होगी कि यदि माननीय सदस्य इस प्रकार से व्यवहार करें।

अध्यक्ष महोदय, प्रस्ताव क्या है ? जिस प्रस्ताव के ऊपर इतनी लम्बी चौड़ी बहस हो रही है, वह प्रस्ताव क्या है ? वह प्रस्ताव मैं पढ़ कर सदन की जानकारी के लिये सुनाना चाहूंगा। प्रस्ताव यह है कि "आज दिनांक 10-3-1983 को सदन में कोलायत से आने वाले माननीय सदस्य श्री देवीसिंह जी भाटी अपने गले में एकतख्ती लटकाकर आये थे जिसमें सदन के नेता के परिवार के विषय में निम्न बातें अंकित हैं।" मैं सदन के सत्तारूढ़ दल के माननीय सदस्यों से पूछना चाहूंगा कि क्या यह मंजू मुख्य मंत्रीजी के परिवार की सदस्य है ? आप किस प्रकार का प्रस्ताव करना चाहते हैं ? आपने क्या इस मंजू को मुख्य मन्त्रीजी के परिवार का सदस्य माना है ? जैसा आपने प्रस्ताव में लिखा है, जिसमें सदन के नेता के परिवार के विषय में निम्न वाक्य हैं। कोई सदन का सदस्य कह सकता है कि यह मंजू मुख्य मन्त्री जी के परिवार की सदस्य है ?

(व्यवधान)

श्री देवीलाल : पाइन्ट आफ आर्डर।

श्री अध्यक्ष : आप बैठ जाइये, माननीय सदस्य। आपको अवसर दे दूंगा।

(व्यवधान)

शांत रहें, माननीय सदस्य

श्री भैरोंसिंह शेखावत : .... अध्यक्ष महोदय, इसलिये मैं सदन के माननीय सदस्यों से यह पूछ रहा था कि आपने मंजू को मुख्य मंत्रीजी के परिवार का सदस्य कैसे माना ? वह परिवार की सदस्य नहीं है। आप मुख्य मन्त्री जी के बहुत ही हितैषी हैं। मुख्य

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

मन्त्री जी का अपमान हुआ, इस कारण आप चिन्तित हैं···

श्री सुरेन्द्र व्यास : अध्यक्ष महोदय, मंजू मुख्य मन्त्री जी के परिवार से सम्बन्धित है, यह प्रस्ताव नहीं है।····

श्री अध्यक्ष : ····आप इनको व्याख्या करने दीजिये। माननीय मंत्रीजी, मैं आपको भी अवसर दूंगा।

श्री सुरेन्द्र व्यास (राज्य मंत्री, शिक्षा): वे पूछ रहे हैं, अध्यक्ष महोदय···

श्री अध्यक्ष : आॅर्डर प्लीज। वे एक प्रश्न को पोज कर रहे हैं। किसी माननीय सदस्य से पूछ नहीं रहे। वे क्लेरिफिकेशन स्वयं दे रहे हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, जो प्रस्ताव श्री खेतसिंह जी ने रखा है उसको····

श्री सुरेन्द व्यास : स्टेटमेंट आफ फैक्ट है, प्रस्ताव नहीं है।

श्री अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, यह माननीय सदस्य इसको प्रस्ताव नहीं मानते हैं तो चर्चा किस पर हो रही है? काहे पर चर्चा हो रही है?

श्री सुरेन्द्र व्यास : अतः मैं प्रस्ताव करता हूं कि···

श्री भैरोंसिंह शेखावत : इसको यदि प्रस्ताव नहीं माना···

श्री अध्यक्ष : इनको अपने ढंग से बात कहने दीजिए।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, इनकी शंका के निवारण के लिए मैं यहां पर इसको पढ़कर सुनाना चाहता हूं।

(व्यवधान)

मंत्री एक ही बात है। मंत्री सदस्य से बड़ा नहीं होता।

"आज दिनांक 10-3-1983 को सदन में कोलायत से आने वाले सदस्य श्री देवीसिंह भाटी अपने गले में एक तख्ती लटका कर आये जिसमें सदन के नेता के परिवार के विषय में निम्न बातें अंकित थीं :

राजस्थान के मुख्य मंत्री माथुर की बेटी मन्जू के साथ सामूहिक बलात्कार सेना के जवानों द्वारा।

यह बातें अत्यधिक अशोभनीय हैं और सदन की गरिमा को गिराने वाली हैं। अतः मैं प्रस्ताव करता हूं कि कोलायत से आने वाले माननीय सदस्य श्री देवीसिंह भाटी को सप्तम विधान सभा की सदस्यता से शेष अवधि के लिए निष्कासित किया जाये।

"यह प्रस्ताव है। आपने प्रस्ताव वर्ड के ऊपर जो बात लिखी है क्या उसको प्रस्ताव का अंश नहीं माना जाये? जो नीचे आपने चार लाइन लिखी हैं।

अतः मैं प्रस्ताव करता हूं कि कोलायत से आने वाले माननीय सदस्य श्री देवी सिंह भाटी को सप्तम विधान सभा की सदस्यता की शेष अवधि के लिये निष्कासित किया जाये।

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

इसके ऊपर जो 9 लाइनें लिखी गई हैं, क्या माननीय राज्य मंत्री की दृष्टि से इन नौ लाइनों को प्रस्ताव से बिलकुल रिडण्डेंट मानूं।...

श्री अध्यक्ष : आप आसन को सम्बोधित करें।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं, माननीय अध्यक्ष महोदय, इनकी शंका का निवारण कर रहा था।

मैं इसलिये कहता हूं कि यह प्रस्ताव इन टोटेलिटी भी लिया जायेगा, इस परिप्रेक्ष्य में क्या है, इसके कन्टेक्स्ट में क्या है, किस आधार पर प्रस्ताव आया है ? आधार प्रस्ताव का यह है कि मुख्य मंत्री जी के, सदन के नेता के परिवार के विषय में निम्न बातें अंकित थीं। पहले तो मैं सदन को यह कहना चाहूंगा, अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी के परिवार के सम्बन्ध में किसी प्रकार की बात नहीं है। अध्यक्ष महोदय, इस सदन में कई माननीय सदस्य कई न्यायालयों में अधिवक्ता के रूप में काम करते हैं। अध्यक्ष महोदय, आपको भी अधिवक्ता के रूप में काम करने का अवसर मिला है। मैं समझता हूं कि जिसने अधिवक्ता का काम किया है वह मेरी इस बात का विरोध नहीं कर सकता कि इसमें मुख्य मंत्री जी के परिवार के सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई संकेत नहीं है। कोई उनके परिवार के ऊपर किसी प्रकार का लांछन नहीं लगाया है। उनके परिवार के लिये किसी प्रकार की अपमानजनक बात नहीं कही है। उनका परिवार इस प्रस्ताव में आता ही नहीं है। इसलिये मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि यह प्रस्ताव गलत है, प्रस्ताव तथ्यहीन है, प्रस्ताव आधारहीन है, प्रस्ताव बेबुनियाद है और प्रस्ताव एक रंजिश के कारण इस सदन में प्रस्तुत किया गया है, इसलिये मैं इसका विरोध करता हूं। अध्यक्ष महोदय, इस सदन में···

(व्यवधान)

यह आपके समझने की बात नहीं है। थोड़ी गंभीरता से सुनिये।····

श्री दिनेश डांगी (राज्य मंत्री, आयुर्वेद): इसके पहले खेद प्रकट किया था।

श्री अध्यक्ष : माननीय मंत्रीजी, बाधा नहीं डालें। बैठ जाइये।··

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज। कृपया बैठ जायं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि प्रस्ताव लाने में जिस प्रकार का तकाजा और जिस प्रकार की तेजी दिखायी गयी है, इस प्रस्ताव को ड्राफ्ट करने में माननीय सदस्य विवेक का थोड़ा परिचय देते तो ज्यादा अच्छा होता। मैं समझता हूं कि इस प्रस्ताव को आप पारित करेंगे तो क्या दुनिया हमारा मजाक नहीं उड़ाएगी ? क्या आप यह समझते हैं कि मुख्य मंत्री जी इस प्रस्ताव से किसी भी रूप के अन्दर प्रभावित होंगे ? क्या हिन्दुस्तान के लोकतंत्र के तीन तारे इस प्रस्ताव से पर लगा देंगे ? मैं कहता हूं, माननीय सदस्यों

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

से कि इस प्रस्ताव की जो भाषा है, इस प्रस्ताव के पीछे भाव क्या है, इसके ऊपर आपको चिन्तन करना पड़ेगा । अध्यक्ष महोदय, इस सदन में कई माननीय सदस्य ऐसे हैं जो पिछली विधान सभाओं के सदस्य भी रहे हैं। मैं कई वर्षों से इस विधान सभा का सदस्य रहा हूं। इस प्रकार की घटना कोई आज हुई हो और इस सदन में इस प्रकार की घटना पहले नहीं हुई हो, ऐसी बात नहीं है। मैं एक ऐसी घटना का उल्लेख करना चाहता हूं जो इससे ज्यादा गंभीर है। अध्यक्ष महोदय, विरोध पक्ष में हम थे। श्री रघुनाथ विश्नोई, जो सांचोर से चुन कर आये थे, मेरी समझ में जहां माननीय हनुमान प्रभाकर बैठते हैं वहां बैठते थे। यहां से एक माननीय सदस्य बोल रहे थे । आज तो ठीक है माइक ऐसे लगे हुए हैं । उस समय माइक ऐसे लगे हुए थे जिसका यह माउथ पीस यदि निकाला जाये तो निकल सकता था । कई माननीय सदस्यों की आदत है, बोलते बोलते उसको हाथ में ले लिया करते हैं और हाथ में लेने के बाद, मैं आज भी कहता हूं, मेरी स्मरण शक्ति के अनुसार, श्री रामानन्द अग्रवाल का हाथ से फेंकने का कोई इरादा नहीं था लेकिन कई माननीय सदस्य बोलते हैं तो कई हाथ यूं करते हैं, तो कई यूं करते हैं, ज्यों-ही उनका हाथ ऊंचा गया तो माइक का माउथ पीस सीधा श्री रघुनाथ विश्नोई के सिर में लगा। अध्यक्ष महोदय, उस समय सदन के कई माननीय सदस्यों ने यह आरोप लगाया कि यह माउथ पीस फेंका गया

(व्यवधान)

मैं समझता हूं कि आप गम्भीरता से सुनें।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैंने आपको कहा, मैं यह निवेदन करना चाहता था, अध्यक्ष महोदय, उस समय मेरी दृष्टि से श्री रामनिवास मिर्धा अध्यक्ष थे। जब यह प्रश्न आया सदन में एक प्रस्ताव के रूप में कि माननीय सदस्य को सजा दी जाये। जो उस समय सदन में भावनाएं प्रकट हुई थीं उससे सदन बड़ा उत्तेजित था, सब लोगों ने जैसे संकल्प कर लिया हो कि श्री रामानन्द अग्रवाल को विधान सभा की सदस्यता से निष्कासित करना है । अध्यक्ष महोदय, उस समय भी सदन में उस बात की चर्चा हुई। मुझे सबसे ज्यादा खुशी उस समय हुई जिस समय रघुनाथ विश्नोई स्वयं ने खड़े होकर कहा कि चोट मेरे लगी है, मैं इस चोट के माध्यम से लोकतन्त्र पर चोट नहीं मारना चाहता। चोट मेरे लगी है मेरे खून आये या नहीं आये, मुझे पीड़ा हो या नहीं हो, मैं अपनी पीड़ा भुगतने के लिए तैयार हूं, लोकतन्त्र को पीड़ित नहीं करना चाहता। अध्यक्ष महोदय, सारा सदन स्तब्ध रह गया। उस स्तब्धता के वातावरण में वह प्रस्ताव पास नहीं हुआ बल्कि प्रताड़ना मिली। मैं समझता हूं कि सदन वही है, सदन में उसी प्रेस, उसी बड़प्पन, उसी प्रकार की गरिमा का हम परिचय दें, इस प्रकार की भावना होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, उन्होंने जो तख्ती पर लिखा, मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहता हूं। तख्ती नहीं लटकानी चाहिए, तख्ती पर नहीं लिखना चाहिए उसके लिए

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

मैं पहले कह चुका हूं, खेद प्रकट कर चुका हूं। मैं अब भी तख्ती लटकाने की बात की कोई तारीफ नहीं करता, उसका समर्थन नहीं करता हूं। उस तख्ती पर इस प्रकार की इबारत लिखी जाय, मैं उसका भी समर्थन नहीं करता लेकिन, अध्यक्ष महोदय, बात पैदा क्यों हुई ? क्या देवीसिंह पागल हैं ? मैं समझता हूं, कोई इस बात को नहीं मानेगा कि देवीसिंह इतने मूर्ख हैं कि देवीसिंह तख्ती लगाकर यहां आये ? अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं, इस सदन के कई माननीय सदस्य जानते हैं, मैं समझता हूं, आप सब जानते हैं, हम कोई ऊपर से नहीं आते हैं। आप और हम सब जनता से चुन कर आते हैं। एक लाख, डेढ़ लाख व्यक्तियों के आप व हम प्रतिनिधि हैं। हम उनकी समस्याओं को लेकर यदि सदन में चर्चा करें, सरकार का ध्यान आकर्षित करें, सरकार के काम से या सरकार के एक्शन से हमें किसी प्रकार का संतोष नहीं हो तो हमें निश्चित रूप से वेदना होती है, शिकायत होती है। यह ठीक है कि शिकायत प्रकट करने का तरीका नियमों में प्रतिबद्ध है। हम नियमों का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं, यह बात निश्चित है। अध्यक्ष महोदय, एक घन्टा हो जाय, दो घण्टे हो जायं, तीन घण्टे हो जायं एडजोर्नमेन्ट मोशन रख दिया जाय, काल अटेन्शन मोशन का नोटिस दे दिया जाय, प्रश्न रख दिया जाय उनका तो समाधान नहीं हो और मेम्बर समस्याओं को लेकर रोज इस बात का झगड़ा करता है, झगड़ा करने का तरीका गलत है, रेफरी ने फाउल कह दिया, फाउल कह दिया तो मेम्बरशिप से निकाल दिया, यही कोई तरीका हो तो मैं समझता हूं कि इस तरीके की कोई प्रशंसा नहीं करेगा। अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं, और मुझे खेद हुआ कि सत्ता पक्ष के किसी भी माननीय सदस्य ने इस घटना की निन्दा नहीं की कि उस हरिजन की लड़की मंजू के साथ बलात्कार करके उसकी हत्या कर दी। आप सबने देवीसिंह जी की आलोचना कर ली, आपने विरोधी दल के सदस्यों की आलोचना कर ली लेकिन क्या आपकी जुबान पर ताला लगा हुआ था जो उस हरिजन की लड़की के साथ बलात्कार हुआ और आपकी जुबान नहीं खुली ? एक मेम्बर भी नहीं बोला। अध्यक्ष महोदय, इसलिए कहना चाहता हूं कि किसी ने जुबान नहीं खोली।

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मुझे दिक्कत यह आती है, मुझे समझ में नहीं आता कि उस लड़की के साथ बलात्कार हो जाय, मेहतर की लड़की के साथ बलात्कार हो जाय और बलात्कार का प्रश्न उठाने वाला दोषी है लेकिन बलात्कार जिसके राज में हो जाय, उस राज्य का मुख्य मंत्री दोषी नहीं है। मैं कहता हूं, अध्यक्ष महोदय, शिवचरण माथुर दोषी है जिसके राज में महिलाओं के साथ बलात्कार होते हैं। जिसके राज में गरीबों के साथ बलात्कार होते हैं वह माथुर दोषी है।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज ! आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य, शान्त रहें।

एक माननीय सदस्य : कौन सी बात के बारे में आप फर्मा रहे हैं, इतना तो बता दें।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आप बोलना चाहेंगे तो मैं आपको अवसर दे दूंगा, माननीय सदस्य।

श्री मेघराज तावड़ : पहले अपना दामन साफ करके बोला करें, दामन साफ नहीं है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, न्यायाधीश हैं, आप अनुमान लगा लीजिये किस प्रकार का न्याय होता है। मैं निवेदन करना चाहता हूं, माननीय सदस्य यह कह रहे थे कि मेरे राज में बलात्कार हुआ। मैं दोषी हूं। आप कहलवायें शिवचरण माथुर की जुबान से, शिवचरण माथुर के जमाने में बलात्कार होते हैं तो मुख्य मंत्री दोषी है। कहलवाइये। कोई बोलता नहीं है।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। बैठे बैठे ना बोलें, माननीय सदस्य।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं इसलिए निवेदन करना चाहता हूं कि आप लोग यदि प्रारम्भ से यही प्ली लेते कि उस महिला के साथ बलात्कार हुआ, महिला की हत्या हुई, इसका हमें दुःख है; यदि आपके भाषण का श्री गणेश इन्हीं शब्दों के साथ होता कि उस गरीब महिला के साथ जो अन्याय किया गया, उस अन्याय के प्रति हमें चिन्ता है, दुःख है, उस अन्यायी को सजा मिलनी चाहिए लेकिन मैंने जैसा कहा,

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। आर्डर। लेकिन यह घटना सदन को पहले बताई नही गई थी। कृपया बैठ जायें।

श्री हरिसिंह (महुआ) : कोई बलात्कार से संबंधित मामला नहीं हुआ; अध्यक्ष महोदय, विरोधी दल के नेता सदन को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

श्री अध्यक्ष : कृपया, आप बैठ जायें। विपक्ष के नेता महोदय।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मुझे इस बात की खुशी है कि माननीय सदस्य बड़े जोर शोर से बोल गये, उनको घटना का पता ही नहीं है, और अध्यक्ष महोदय, ये ही न्याय करेंगे! आप इन न्यायाधीशों से हमको बचाइये वरना ऐसा न्याय करते करते आज तो विरोधी दल पर हाथ डाल रहे हैं, कल कहीं कुर्सी पर हाथ न डाल दें। ऐसे न्यायाधीशों से भगवान बचाये। मैं इस आधार पर निवेदन करना चाहता हूं। अध्यक्ष महोदय, दूसरा प्रश्न...

श्री अध्यक्ष : आप जज को इस तरह प्रिजुडिस नहीं कर सकते।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं नहीं करता लेकिन, अध्यक्ष महोदय जो जज पहले से प्रिजुडिस्ड बैठे हैं उनका मैं क्या कर सकता हूं? मैं तो उनको सही रास्ते पर लाने की कोशिश कर रहा हूं।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : शान्त रहें, माननीय सदस्य।

(व्यवधान)

कृपया बैठ जायें। शान्त रहें, माननीय सदस्य।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : इन न्यायाधीशों से कहिये, मेरी बात सुनें।

(व्यवधान)

(112)

श्री अध्यक्ष: शांत रहें, माननीय सदस्य।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, दूसरी बात, माननीय सदस्यों ने बहुत जबर्दस्त आपत्ति की जिसका अपने भाषणों में भी उल्लेख किया है, मुख्य मंत्री जी की पुत्री क्यों कहा, मुझे खेद है, अध्यक्ष महोदय, सदन के नेता को एक हरिजन की बेटी को अपनी पुत्री कहने में संकोच होता है।

(व्यवधान)

मुझे बोलने देंगे या नहीं ?

श्री अध्यक्ष : कृपया शान्त रहें, माननीय सदस्य। आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य, बीच में बाधा न डालें।

एक माननीय सदस्य : अध्यक्ष महोदय, आसन को ये सम्बोधित कर रहे हैं! ये तो मजाक कर रहे हैं।

श्री अध्यक्ष : सदन के समक्ष विचार व्यक्त करने के अपने अपने स्वयं के तरीके होते हैं। धैर्य रखना चाहिये। अगर कोई माननीय सदस्य इनका जवाब देना चाहे तो मैं उनको बारम्बार अवसर दूंगा। लेकिन बीच बीच में बाधा उपस्थित करने से इनके भाषण का प्रवाह समाप्त हो जाता है। इसलिये मेहरबानी करके आप सुनें।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं इस बात को दोहराना चाहूंगा कि उस हरिजन की लड़की मंजू को सत्ता पक्ष के माननीय सदस्य और मुख्य मंत्री जी अपनी पुत्री मानने को तैयार नहीं हैं। अध्यक्ष महोदय, अब भी हां नहीं कहते, अब भी कोई हो और वह कहे कि हमारी लड़की है।

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : मैंने कहा है।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। आर्डर प्लीज। कृपया बैठ जायं माननीय हरिसिंह।

श्री देवदत्त तिवाडी (बाड़मेर) : अध्यक्ष महोदय, यदि यह कहलवाना चाहते हैं....

श्री अध्यक्ष: माननीय सदस्य, बैठ जायं। कृपया आपस में बातें नहीं करें। आर्डर प्लीज।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं आपका कहना मान लेता हूं कि इस सदन के सब माननीय सदस्य चाहे सत्तारूढ़ दल में बैठे हों, चाहे इस पक्ष में बैठे हों, उस लड़की को अपनी पुत्री मानने में कोई संकोच नहीं करते।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य बैठ जायं। यह डिबेट का कौनसा तरीका है, माननीय सदस्यगण। गम्भीर विषय है। मैंने बार बार निवेदन कर दिया आप जवाब देना चाहें तो मैं आपको फिर अवसर दे दूंगा, ऐसी क्या बात है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, सब ने, उस पक्ष ने भी यह स्वीकार किया कि वह मंजू हमारी बेटी है, मुझे इस बात की खुशी है। किसी ने इन्कार किया हो तो अभी कह दे ..

(व्यवधान)

श्री चन्दनमल वैद (राजस्थान नहर परियोजना मंत्री) : पुत्री जैसी कहा है।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर आर्डर।

श्री भैरोंसिह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन कर रहा था कि माननीय सदस्यों ने अपनी गरिमा के अनुसार इस बात को स्वीकार किया कि मंजू हमारी पुत्री थी। मुझे अफसोस इस बात का है कि हम उसको पुत्री मानें और उसके साथ किसी प्रकार की दुर्घटना हो जाये तो हम दुर्घटना पर मौन रहें। यह दो दो बात समझ में नहीं आती है। यही कारण है कि माननीय सदस्य श्री देवीसिंह जी इतने उत्तेजित हुए हैं। यही कारण है, अध्यक्ष महोदय, कि उन्होंने ऐसा तरीका अपनी अभिव्यक्ति का अपनाया है जो उचित नहीं था। लेकिन कोई यह समझे कि जो तख्ती लटकायी गयी उसको लटकाने का उद्देश्य मुख्य मंत्री का अपमान करने का था तो मैं समझता हूं कि सदन का कोई भी माननीय सदस्य इसको स्वीकार नहीं करेगा।

श्री चन्दनमल वैद : सदन का अपमान किया है।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज।

श्री भैरोंसिह शेखावत : आप भी सही हैं। यह बात सही है कि मुख्य मंत्री का अपमान करने का कोई कारण नहीं था, आधार नहीं था, कोई बात नहीं थी। सदन का अपमान है।

श्री चन्दनमल वैद : सदन का अपमान उनका अपमान नहीं है क्या ?

श्री भैरोंसिह शेखावत : सदन का अपमान है। मैं बताता हूं। मेरा और आपका बराबर का है। मुख्य मंत्री कोई खुदा नहीं है, सदन में कोई छोटा या बड़ा नहीं है, सब सदस्य बराबर हैं। सदन के सदस्य होने के नाते हम सब बराबर हैं। अगर किसी एक सदस्य का अपमान होता है तो वह सब सदस्यों का अपमान होता है। एक सदस्य का अपमान होता है तो पूरे सदन का अपमान होता है। जो कुछ प्रक्रिया अपनायी गयी है उससे सब को आपत्ति होगी, इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता है। लेकिन माननीय सदस्य जिस जोश के साथ भाषण दे रहे थे कि मुख्य मंत्रीजी का अपमान किया, मैं पुन: निवेदन करना चाहता हूं कि मुख्य मंत्री जी की लड़की उसको नहीं माना किन्तु बाद में उसको सब अपनी लड़की मान कर चलते हैं तो फिर अपमान किसका हुआ है और किस बात का हुआ है, मुझे यह समझ में नहीं आता है। राजस्थान की तीन करोड़ जनता में से एक हरिजन की लड़की को मुख्य मंत्री की बेटी बता दिया, मुख्य मंत्री को उसका पिता बना दिया, इस पर यह सारा सदन और सत्तापक्ष के लोग उत्तेजित होकर कह रहे हैं कि मुख्य मंत्रीजी का अपमान हुआ है। मुझे तो इसमें कोई अपमान नजर नहीं आता है। प्रश्न यह है कि यह अभिव्यक्ति ठीक प्रकार से हुई है या नहीं, ठीक प्रकार से की गयी है या नहीं की गयी है। अध्यक्ष महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि आज कई माननीय सदस्यों ने तुल मोहन राम का उल्लेख किया और कई बातों का उल्लेख किया। मैं निवेदन करना चाहूंगा, अध्यक्ष महोदय, हर घटना की

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

भूमिका अलग होती है। किस भूमिका के अन्दर किस प्रकार का निर्णय लिया जाता है, अध्यक्ष महोदय, अध्यक्ष के नाते आपने अन्य विधान सभाओं की कार्य प्रक्रिया, जो वहां चल रही है, का कई बार अध्ययन जरूर किया होगा। त्रिपुरा में क्या हुआ? जिस समय राज्यपाल महोदय अभिभाषण देने आये तो विरोधी पक्ष के सदस्यों ने उनके साथ जिस प्रकार का आचरण किया हिन्दुस्तान के इतिहास में आज तक न लोकसभा में और न विधान सभाओं में हुआ होगा। अध्यक्ष महोदय, विपक्ष में जो बैठे हुए थे वे लोग कौन थे? वे लोग कोई भारतीय जनता पार्टी या जनता पार्टी के लोग नहीं थे, उसके सदस्य नहीं थे जो सत्ताधारी पक्ष था। सी. पी. आई. (एम) और विरोधी पक्ष में बैठे थे कांग्रेस के माननीय सदस्य उनका गवर्नर के साथ जिस प्रकार का आचरण था सबने कंडेम किया। कंडेम करने के बाद जब यह प्रश्न वहां के मुख्य मंत्री के सामने आया तो उन्होंने यह कहा कि इन्होंने जो किया उसको तो दुनिया देखेगी, मैं सदन में इनको कोई सजा देना नहीं चाहता। एक तो प्रेस उन्होंने दिखाया था और एक प्रेस यहां पर दिखाया जा रहा है कि सदन से निष्कासित किया जाय, एक दिन के लिये नहीं, दो दिन के लिये नहीं, विधान सभा की शेष रही अवधि के लिये निष्कासित किया जाय। मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहता हूं कि उधर बैठना आपकी मोनोपोली नहीं है। इसको ठेकेदारी समझकर मत चलो····

(व्यवधान)

श्री चन्दनमल बैद : आप भी तो बैठे थे।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य।

श्री चन्दनमल बैद : ढाई दिन का झौंपड़ा आपने भी बनाया था।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, शान्त रहें।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि आज जो फैसला करें वह यह समझकर नहीं करें कि उधर बैठने का हमारा ठेका हो गया है और जब तक हम जिन्दा हैं उधर ही बैठेंगे।

(व्यवधान)

श्री दुलाराम : अगर हम तख्ती लगाकर आयें तो बदला निकाल लेना।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अरे! आप तख्ती क्या अगर ढोल लटका कर आ जायेंगे तो भी बदला नहीं लूंगा।

(व्यवधान)

श्री चंदनमल बैद : हाउस में तो कम से कम सपने मत देखा करो।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर। शान्त रहें, माननीय सदस्य।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री समाज कल्याण का बड़ा आभारी हूं कि उन्होंने एक बात की कि हम तख्ती लगाकर आयें तो बदला निकाल लेना। इसके पीछे भी एक रहस्य है कि हम बदला निकाल रहे हैं · · ·

(व्यवधान)

श्री दुलाराम : हम क्या बदला निकालेंगे। आपने किया ही क्या है जो हम बदला निकालेंगे। यह तो फैक्ट है · · ·

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : मंत्री महोदय, कृपया शांत रहें।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैंने तो बड़ी शांति से सुना है। ये क्यों अशांत हो रहे हैं पता नहीं · · · ·

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी (राज्य मंत्री) : इसलिये कि पहले जो फर्माया उससे अलग हो रहे हैं। चार घण्टे पहले जो भाषण दिया और अब जो भाषण दे रहे हैं उसमें चैंज आफ थाट है पालिटिकल वे आ गया है।

श्री अध्यक्ष : कृपया, माननीय मंत्री, बैठ जायें।

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी : आपने यह कहा था कि माननीय देवीसिंह जी ने जो कहा है वह गलत किया है मुझे शर्म आती है · · · ·

श्री अध्यक्ष : कृपया, मंत्री जी, बैठ जाइये।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मेरी बदलने की आदत नहीं है · · · ·

श्री चन्दनमल बैद : लेकिन आज तो बदल रहे हैं।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : शान्त रहें, माननीय सदस्य।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मेरी बदलने की आदत नहीं है। जब शिवचरणजी दिल्ली जायें तो उस वक्त उनके साथ हो जायें। ऐसे मैं नहीं बदल सकता हूं, ऐसा मैं नहीं हो सकता हूं · · ·

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी : यह आपके बूते की बात नहीं है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं कभी इस तरह की अदला बदली नहीं करता, मैं कभी इस तरह से नहीं बदलता। अध्यक्ष महोदय, मैंने जो बात कही, मैंने अनेक बार रिपीट किया कि जो कुछ किया उसको कंडेम करता हूं, किसी भी प्रकार से समर्थन नहीं करता हूं। मैं समझता हूं, उनका मूड उस समय दिल्ली के ऐसे मकान की तरफ लग रहा था जहां राज बदलने की प्रक्रिया चलती है। मेरी बात शायद सुनी नहीं · · · ·

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी : अच्छी तरह सुना है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं इसलिये निवेदन करना चाहता हूं, अध्यक्ष महोदय, प्रश्न यह आता है कि एक माननीय सदस्य तो यहां तक कह गये कि विरोधी दल के

116

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

कुछ नेताओं का हाथ इसमें है। मुझे ऐसा लगता है, अध्यक्ष महोदय, देवीसिंह जी को सजा देना नहीं चाहते हैं, सारे विरोधी दल को सजा देना चाहते हैं। श्री देवी सिंह को सजा देने के लिये माननीय सदस्य ऐसे बोले जैसे विरोधी दल को भय-भीत किया जाय कि अगर विरोधी दल के लोग सरकार के विरुद्ध कुछ बोलते हैं तो शायद इसी प्रकार की प्रक्रिया अपनाने की तैयारी हो जाय···

एक माननीय सदस्य : यह आपकी गलतफहमी है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : ठीक है, मैं ऐसा समझता हूं। गलतफहमी हमारी भी है।

श्री अहमद बक्श सिन्धी : कम से कम आपको पाइन्ट आउट तो करना चाहिए था जब वे इस तरह से आये। वहीं आये क्या ? आपको पाइन्ट आउट तो करना चाहिये था परन्तु आपकी खामोशी बता रही थी···

श्री राजबहादुर : हमको क्या पता था?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : इसके बारे में विधि मंत्रीजी···

श्री राजबहादुर : हमारे पीछे भी आंखें हैं क्या ? आपकी तो आगे हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं बता रहा हूं।

श्रीमान् विधि मंत्रीजी वहां बैठे हैं, वे श्रीमान् यहां बैठे थे तो ड्यूटी किसकी थी ? ड्यूटी किसकी थी···

श्री राजबहादुर : हमारे तो पीछे थे। यह आपकी ड्यूटी थी ···

श्री अहमद बक्श सिन्धी : यहां जो बैठा हुआ है वह तो नहीं देख सकता है। आप भी आइये और देखिये। I challenge you.

(व्यवधान)

यहां आकर देखो··

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर। माननीय सदस्य।

श्री जनार्दन सिंह गहलोत : अध्यक्ष महोदय, इन्हें यहां आने में तो बहुत टाइम लगेगा।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज। माननीय सदस्य।

श्री चन्दनमल बैद : जब तक गहलोत जी हैं तब तक तो नहीं आ सकते हैं इधर से उधर।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, नाराज हों तो हो लें। लेकिन इस न्यायालय के मुख्य प्रवक्ता विधि मंत्रीजी को ही गुस्सा आ जाये तो मैं समझता हूं कि इस सदन का क्या निर्णय होगा, इसके बारे में कोई अनुमान लगाने में कोई गलती नहीं हो सकती है। अध्यक्ष महोदय, विधि मन्त्री जी गुस्से में कह गये कि यहां से नहीं देख सकते। गुस्सा करने से पहले अपना चश्मा उतार लिया, यह कौन सा तरीका है....

(व्यवधान)

श्री चन्दनमल बैद : आपने भी तो उतार रखा है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं तो चश्मा उतार कर भी आपको देख सकता हूं। मैं आपको चश्मे से नहीं देखना चाहता हूं।

तो, अध्यक्ष महोदय, मैं यह निवेदन कर रहा था कि जो यह कहा कि इसमें विरोधी दलों के नेताओं का हाथ है। मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहूँगा कि इसमें किसी विरोधी नेता का हाथ नहीं है।

श्री अहमदबख्श सिन्धी : तो इसमें किसका हाथ है ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अगर किसी का हाथ है तो आपका है और किसी का हाथ नहीं है। अगर आपका हाथ नहीं है तो आप कह दीजिये कि आपका हाथ नहीं है।

श्री अहमद बक्श सिन्धी: आपने सस्पेक्ट किया।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन कर रहा था····

(विराम)

अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन यह है कि यहां पर एक प्रश्न आया तुलमोहन राम का। माननीय सदस्यों को जानकारी होगी कि तुलमोहन राम उस समय, उस सदन के सदस्य थे जिस समय मैं भी राज्य सभा का सदस्य था। आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि तुलमोहनराम का मामला मेरे और पांच अन्य साथियों के प्रश्न के आधार पर उठा था। यह बात सही है कि जिस समय प्रश्न पूछा गया था उस समय उस प्रश्न की पूरी जानकारी हमें नहीं थी। लेकिन जिस समय प्रश्न का उत्तर दिया गया और लोक सभा और राज्य सभा के कई माननीय सदस्यों के मन्त्री महोदय द्वारा नाम पढ़ कर सुनाये गये तो चन्द्रशेखर जी ने आपत्ति की थी कि नाम सुनाने से पहले क्या इन सदस्यों से पूछ लिया गया है, कि जिस रिकमण्डेशन के मामले का उल्लेख किया जा रहा है उस रिकमण्डेशन पर उनके हस्ताक्षर जिनाइन हैं या फोर्सबली कराये गये हैं। उस तुलमोहनराम के मामले में, अध्यक्ष महोदय, सारा रिकार्ड जब्त किया गया। जब्त किया हुआ रिकार्ड देखने के लिए मुझे भी राज्य सभा की तरफ से एक सदस्य मनोनीत किया गया था। उसमें सारी प्रक्रिया पूरी हुई है। प्रिविलेज कमेटी के सामने मामला गया। मामला अदालत में गया। हाई कोर्ट, सुप्रिम कोर्ट में गया; केस काफ़ी लम्बा चला। लम्बा चलने के बाद उसको कुछ दण्ड दिया गया। लेकिन यह नहीं हो सकता था कि सदन में मुख्य सचेतक महोदय एक प्रस्ताव पेश कर देते, उसे पास कर दिया जाता और एक सदस्य को निकाल दिया जाता।

मैं कहना चाहता हूं, प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी के सम्बन्ध में आज लोग कह रहे हैं, उनको भी यों ही नहीं निकाला गया। वह मामला भी प्रिविलेज कमेटी के सामने गया था। प्रिविलेज कमेटी ने रिकमण्डेशन की थी। उस रिकमण्डेशन के ऊपर हाउस में चर्चा हुई थी। चर्चा होने के बाद निर्णय लिया गया था।

यह तो पहला मौका है, अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान के इतिहास के अन्दर पहला अवसर है कि 11 बजे विधान सभा की कार्यवाही आरम्भ हो और डेढ़ बजे विधान सभा

(श्री भैरोंसिह शेखावत)

में प्रस्ताव रखा जाये, उस प्रस्ताव पर उसी दिन चर्चा हो और चर्चा होने के साथ ही मैम्बर का निष्कासन हो जाये। मैं समझता हूं, राजस्थान की विधान सभा एक ऐसा निर्णय लेगी जिसका उदाहरण हिन्दुस्तान में नहीं होगा, हिन्दुस्तान के बाहर नहीं होगा। अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान ब्रिटिश पार्लियामेण्ट के एक केस की ओर दिलाना चाहता हूं, मुझे दुख है क्योंकि यह केस अकस्मात आया इसलिये मैं वह किताब ला नहीं सका। लेकिन आपके सामने उद्धरण रखना चाहता हूं। ब्रिटिश पार्लियामेण्ट में जब किसी आदमी को सजा मिलती थी उस आदमी को सामने बुलाया जाता था। सामने आता वह आदमी तो उस समय खुले रूप में खड़ा नहीं हो सकता था। एक तख्ती थी जिस पर दोनों हाथ रखे जाते थे, गले के अन्दर, अध्यक्ष महोदय, लकड़ी का ढांचा फंसा दिया जाता था। वह इस प्रकार खड़ा होता, खड़ा होने बाद उसे रेप्रीमेण्ड किया जाता था, उस पर जो चार्जेज होते थे, उनकी चार्जशीट पढ़कर सुनाई जाती थी। प्रीवि कौंसिल के जज ने एक प्रेस स्टेटमेण्ट दे दिया, पार्लियामेण्ट के सदस्य सब चोर हैं। रिटायर जज थे, रिटायरमेन्ट के बहुत वर्षों बाद उन्होंने एक स्टेटमेण्ट दे दिया। उस स्टेटमेण्ट को लेकर पार्लियामेण्ट में उत्तेजना पैदा हुई। पार्लियामेण्ट में सब प्रकार की जो कार्यवाही विधिवत होनी थी, वह कार्यवाही की गयी। कार्यवाही करने के बाद जज साहब को पार्लियामेण्ट में बुलाया गया। बुलाकर उनको कहा कि आपने ऐसा क्यों कहा तो मुझे, एक्चुअल वर्ड्स तो याद नहीं हैं लेकिन उन्होंने कहा "I am not prepared to defend. . . ."

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी : एक्चुअल वर्ड्स, भैरोंसिह साहब, मैंने पढ़ कर बताये थे, आपको वाजपेयी जी के खिलाफ, प्रिविलेज मोशन आया था उस समय आपको याद होना चाहिए। आज पहली बार आप यह नहीं रख रहे हैं।

श्री भैरोंसिह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, जिस किताब का मैं उद्धरण दे रहा हूं "ब्रिटिश पार्लियामेण्ट प्रजेण्ट और पास्ट" इस की यदि आपने शक्ल भी देखी हो...

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी : मैंने आपको खुद पढ़कर सुनाया था। वापस मैं रिपीट करूंगा, आपको उस बुक का रंग भी पता नहीं है। अब आप कहेंगे, आपके चेहरे जैसा...

श्री भैरोंसिह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने किताब पढ़ कर भी सुना दी, और यहां उस किताब का उल्लेख कर रहे हैं। मैं ऐसा समझता हूं कि वह किताब लाइब्रेरी में तो अवेलेबल है नहीं...

श्री चन्दनमल बैद : उस से क्या हुआ ?

श्री भैरोंसिह शेखावत : वह नहीं कह रहा हूं, भाटी साहब की तारीफ कर रहा हूं।

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी : आप वह किताब चाहते हैं ? रात को भेज दूं ?

श्री भैरोंसिह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, सारी पोल खोल दी मेरी, ये रात को किताब कागज भेजते हैं, यह यहां क्यों कहा आपने।

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी : इसलिए कि मेरे को पता है कि आपके जितने भी डिस्कशन्स होते हैं, भैरोंसिंह साहब, वह रात को ही होते हैं, कल जो कागज क्वोट कर रहे थे, रात को ही· · ·

(व्यवधान)

यह भी मैं अर्ज कर दूं कि अपने डिस्कशन्स यहां होते हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मुझे इस बात की खुशी है कि मेरे पास रात को कितने कागज, किताबें आती हैं, कौन आती है, उनकी सारी जानकारी भाटी साहब को है।

श्री चन्दनमल बैद : कौन आती हैं ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं इसलिये कहना चाहता हूं, अध्यक्ष महोदय, अब चिंता मुझे करने की आवश्यकता नहीं है· · ·

श्री भैरूंसिंह गुर्जर : गवर्नमेंट प्रेस और स्टेशनरी इनके पास है इसलिए· · ·

श्री भैरोंसिंह शेखावत : स्टेशनरी थोड़े ही लाते हैं, स्टेशनरी तो बाजार में मिल जाती है।

श्री भैरूंसिंह गुर्जर : नहीं आपने बात कहा, वह कह रहा हूं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मुझे खुशी है कि आज इन्होंने सबके सामने बड़ी बहादुरी के साथ स्वीकार कर लिया।

सदन की कार्यवाही

विधान सभा की बैठक के निर्धारित समय में वृद्धि

श्री खेतसिंह राठौड़ : मैं निवेदन करूंगा कि सदन का समय आज की कार्य सूची समाप्त हो, तब तक के लिए बढ़ा दिया जाये।

श्री अध्यक्ष : सदन की अनुमति से बैठक का समय एक घण्टे के लिए बढाया जाता है।

विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

श्री देवीसिंह भाटी के गले में लटकी हुई तख्ती व उस पर अंकित इबारत के संबंध में विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, आपने मुख्य सचेतक जी का प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। मुख्य सचेतक जी का प्रस्ताव तो यह था कि आज की लिस्ट आफ बिजनेस खतम नहीं हो तब तक के लिये समय बढ़ा दिया जाय। कौन सी लिस्ट आफ बिजनेस है आज की ?

श्री खेतसिंह राठौड़ : आज एजूकेशन की डिमाण्ड है। उससे पहले स्टेटमेण्ट है, इसके बाद एजूकेशन डिपार्टमेण्ट, जिसमें सब आती है, पूरी की पूरी डिमाण्ड 2 अरब और कुछ करोड़ रुपये की पास करनी है· · ·

श्री भैरोंसिंह शेखावत : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं समझ गया, माननीय मुख्य सचेतक ने शायद इसी प्रस्ताव को बिजनेस मान लिया।

अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन कर रहा था कि ब्रिटिश पार्लियामेण्ट में जब उन जज को बुलाया गया और उनको कहा गया कि आपने इस प्रकार आपत्तिजनक बात क्यों संसद सदस्यों के लिए कही तो उन्होंने कहा, I don't want to defend myself before this gang of theives. यह उन्होंने कहा। अब आप अन्दाज लगा लें कि इस सदन में खड़े होकर हमको कोई चोर बता दे तो क्या हाल हो। सब उत्तेजित

(120)

(श्री भैरोंसिह शेखावत)

हो गये और उत्तेजित होकर सजा सुना दी कि फांसी दे दो। आप तो उत्तेजित नहीं होते हो···

श्री चन्दनमल बैद : आप हो जाते थे···

श्री भैरोंसिह शेखावत : यह तो बड़प्पन है आपका, अध्यक्ष महोदय उत्तेजित हो गये। सदन में उत्तेजना होने के बाद उस आदमी को हैंग करने की सजा सुना दी। दूसरे दिन जब सजा होने लगी, पार्लियामेण्ट मीट कर रही थी तो कुछ माननीय सदस्यों ने विचार किया और सदन में खड़े होकर बोले और कहने लगे कि प्रीवि कौंसिल का जज रहा वयोवृद्ध आदमी है, विद्वान है, न पागल हुआ, न मूर्ख हुआ, इस आदमी ने यह बात क्यों कही, इसके पीछे राज क्या है, उनका मोटिव क्या है, उनका इन्टेन्शन क्या है ? जब उस पर चर्चा हुई तो लोगों ने देखा कि उसका इन्टेन्शन तो हीरो बनने का है। पर पार्लियामेण्ट को जनता के अन्दर कन्डेम करने वाले इस आदमी, जिसकी 70-75 की उम्र हो गई है, को यदि फांसी के तख्ते पर लटका दिया तो ब्रिटिश पार्लियामेण्ट में और ब्रिटिश डेमोक्रेसी में वह इस रूप में एक हिस्ट्री-क्रियेट करेगा कि ब्रिटिश पार्लियामेण्ट के मैम्बर्स को "गैंग आफ थीव्ज" कहा गया। वह अपने आप को फांसी के तख्ते पर लटका कर हमेशा इतिहास में अपना नाम अमर रखना चाहता है। अध्यक्ष महोदय, पार्लियामेण्ट दुबारा बैठी···

श्री अहमद बक्श सिंधी : कहीं आपने तो उनको यह राज नहीं दे दिया ?

श्री भैरोंसिह शेखावत : आपके समझने की बात नहीं, आप क्यों बोल रहे हैं ? मैं तो समझा, शिवचरण जी माथुर···

श्री अहमद बक्श सिंधी : आपने माटी जी को तो यह राज नहीं दे दिया कि हीरो बन जाने का तरीका यह है····

श्री भैरोंसिह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, विधि मंत्री जी को चुप कराइये।

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर प्लीज।

श्री भैरोंसिह शेखावत : भाग्य से मुख्य-मंत्री जी ने आपको ले लिया। कम से कम आप बैठे रहें। आप जितना बोलते हैं उतनी आपकी पोल खुलती है। अध्यक्ष महोदय, एक अंग्रेजी लेखक ने कहा है कि आदमी की पहचान किस तरह से होती है, पर्सनलिटी का अनुमान कैसे लगाया जाता है।

श्री अध्यक्ष : विषयान्तर हो रहे हैं।

श्री भैरोंसिह शेखावत : बिल्कुल नहीं हो रहा हूं। वह कर रहे हैं। मैं नहीं होना चाहता, मैं तो अब तक भाषण खतम कर देता। अध्यक्ष महोदय, बीच में बराबर बोल रहे हैं।

श्री अध्यक्ष : यह भी विषय, विधि मंत्री जी, थोड़े ही है। मुख्य विषय दूसरा है।

श्री भैरोंसिह शेखावत : मैं यह निवेदन करना चाहता था कि एक तरफ उस पार्लियामेण्ट ने जिस प्रकार से विवेक दिखाया, समझा, क्या हम इस बात को नहीं समझ पाते ? क्या आप प्रस्ताव को पास करेंगे, देवी सिंह जी को सजा देंगे ? क्या आप यह समझते हैं कि सदन से बाहर

(श्री देवीसिंह भाटी)
निकालने से देवीसिंह जी को सजा होगी, वह हीरो बनें, या नहीं बनें आप उनकी आत्मा पर चोट करेंगे, उन हरिजनों की आत्माओं पर चोट करेंगे, जो कहेंगे कि देवीसिंह जी ने हमारी लड़की का मामला उठाया इसलिए सदन से बाहर निकाल दिया। क्या आपके फैसले का परिणाम यह होना चाहिये कि हरिजनों की लड़कियों के साथ बलात्कार हो, उनकी हत्या कर दी जाय और विधान सभा में कोई सदस्य बोले तो उसको सदन से बाहर निकाल दिया जाय ? अध्यक्ष महोदय, मैं इसलिये निवेदन करना चाहता हूं कि इसके रिपरकर्शन्स क्या होंगे, इसका अनुमान लगा लें। आपके प्रस्ताव के रिपरकर्शन्स यह होंगे कि आज हरिजनों की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है, विधान सभा में बोलेगा तो उसको सजा मिलेगी। मैं तख्ती लटकाने की बात को तो फिर एप्रूव नहीं करता, मैं इसको दुबारा स्पष्ट करना चाहूंगा ताकि विधि मंत्रीजी को बार-बार चश्मा लगाने की आवश्यकता नहीं हो। लेकिन मैं, अध्यक्ष महोदय, यह कहना चाहता हूं कि इस प्रस्ताव के रिपरकर्शन्स यह होंगे कि बलात्कार के लिए यदि कहीं रॉ-मैटीरियल है तो हरिजनों की लड़कियां हैं। मैं इस सदन से निवेदन करना चाहूंगा कि ऐसा प्रस्ताव पास मत करो जिससे हिन्दुस्तान में नहीं, राजस्थान में हरिजनों की लड़कियों को बलात्कार का रॉ-मैटीरियल समझकर उनके साथ बलात्कार लोग करें। मैं कहना चाहता हूं कि आप जो सजा देंगे उसका मतलब यह नहीं होगा कि आप किसी सदस्य को निकाल देंगे, उसका जीवन खतम कर देंगे, उसका राजनीतिक जीवन खतम कर देंगे। न उसका राजनीतिक जीवन खतम होगा, न जीवन खतम होगा, वरन् इस सदन की गरिमा खतम होगी। अध्यक्ष महोदय, सदन की गरिमा इसी में रहती है कि सदन का जो बड़प्पन बना हुआ है उसको बनाकर रखें। गलती एक आदमी ने की, सजा पूरे सदन को देना चाहते हैं, गलती एक देवीसिंह ने की और पूरे लोकतन्त्र की हत्या करना चाहते हैं। देवीसिंह ने गलती की, हरिजनों की लड़कियों को बलात्कार का आप रॉ-मैटीरियल बनाना चाहते हैं। मेरी समझ में नहीं आता, अध्यक्ष महोदय, किस आधार पर माननीय सदस्य कह रहे हैं कि देवीसिंह को सजा दी जाय····

(व्यवधान)

इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि···

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आप गम्भीरता से इस प्रश्न के ऊपर विचार करेंगे, मैं ऐसा समझता हूं। माननीय सदस्य, इसमें प्रतिष्ठा का कोई सवाल नहीं है। इसमें किसी की भी प्रतिष्ठा नहीं रहती है। इस सदन की कार्यवाही हिन्दुस्तान में जायेगी, समाचार-पत्रों में प्रकाशित होगी, समाचार-पत्रों में यह तथ्य भी आयेगा। इस तथ्य को प्रकाशित करने से समाचार-पत्र को आप रोक नहीं सकते, बैन नहीं लगा सकते, सेन्सर नहीं कर सकते। यह तथ्य भी आयेगा कि देवीसिंह तख्ती लटकाये हुये बैठे हुये थे। यह तथ्य भी आयेगा कि सदन की गरिमा को उन्होंने घटाया। लेकिन यह तथ्य भी उजागर होगा कि राजस्थान में एक हरिजन लड़की के साथ बलात्कार किया

(श्री भैरोंसिह शेखावत)

गया और उसकी हत्या कर दी गई। अध्यक्ष महोदय, यह तथ्य भी आयेगा, बलात्कार और हत्या का मामला, प्रक्रिया चाहे कुछ भी रही हो, विधान सभा में उठाया, उसके कारण सदस्य का निष्कासन हुआ। इसलिये मैं कहना चाहता हूं...

(व्यवधान)

श्री दिनेश डांगी : अध्यक्ष महोदय, हरिजन लड़की का प्रश्न तो गोपाल पचेरवाल ने उठाया था। न आपने उठाया और न देवी सिंह भाटी ने उठाया। मैं आपकी जानकारी के लिये बताना चाहता हूं कि जनता पार्टी के शासन में कितनी हरिजन महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया और कितनों की हत्यायें की गईं...

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : मैं आपको अवसर दूंगा।

श्री मेघराज तावड : माननीय मन्त्रीजी, आपको तो घटना का पता ही नहीं है...

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। विपक्ष के नेता महोदय बोल रहे हैं। सुनें।

श्री दिनेश डांगी : अध्यक्ष महोदय, विपक्ष के नेता महोदय के बाद में आप मुझे मौका देंगे बोलने का...

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : जो माननीय सदस्य, अवसर लेना चाहेंगे मैं उनको अवसर दूंगा...

श्री दुलाराम (समाज कल्याण मंत्री) : माननीय अध्यक्ष महोदय, सवाल कहां माननीय श्री देवीसिंह जी का है और कहां हरिजनों को लेकर सदन...

(व्यवधान)

श्री मेघराज तावड़ : हरिजन होकर हरिजनों के...

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। बैठ जायं।

श्री मेघराज तावड़ : बलात्कार हुआ है, हत्या हुई है...

एक माननीय सदस्य : XXX

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज।

श्री दुलाराम : अध्यक्ष महोदय, मुझे आसन से यह निवेदन करना है कि यह हरिजन शब्द बार-बार में रिपीट कर रहे हैं...

श्री अध्यक्ष : हर एक माननीय सदस्य को विचारों की स्वतन्त्रता है। वह जिस रूप में चाहे कह सकता है लेकिन असंसदीय और इस तरह की भाषा के प्रयोग के ऊपर अवश्य बन्धन है। आकी सही कहते हैं, गलत कहते हैं, किस तरह से कहते हैं यह कहने का अधिकार है। माननीय सदस्य, बाधा...

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : माननीय अध्यक्ष महोदय, दो मिनट तक मुझे भी अपने विचार व्यक्त करने के लिये...

XXX अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई।

श्री अध्यक्ष : मैं आपको अवसर दूंगा विपक्ष के नेता महोदय के बाद में···

श्री छोगालाल कंवरिया (दूदू) : पाइन्ट आफ आर्डर, सर।

श्री अध्यक्ष : पाइन्ट आफ आर्डर।

श्री छोगालाल कंवरिया : पूर्व में माननीय विपक्ष के नेता महोदय ने जो विचार व्यक्त किये थे···

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। माननीय सदस्य।

श्री यदुनाथसिंह : कौन से नियमों के तहत पाइन्ट आफ आर्डर है ?

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर।

श्री छोगालाल कंवरिया : उसके लिये आपने अफसोस जाहिर किया था, यह जो कुछ भी घटना हुई यह बहुत ही निन्दनीय है और इसके लिये मैं बहुत अफसोस जाहिर करता हूं। उस तख्ती में स्पष्टतः यह शब्द लिखे हुये हैं कि राजस्थान के मुख्य मंत्री, शिवचरण माथुर की पुत्री मंजू के साथ सामूहिक बलात्कार। अगर उसमें मुख्य मत्री शिवचरण माथुर की हरिजन लड़की लिखा हुआ होता तो हम सब इस बात को स्वीकार कर लेते लेकिन सदन को गुमराह किया गया है। "हरिजन" शब्द वहां नहीं लिखा हुआ है....

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। मेरा नम्र निवेदन है कि अब यदि इन्होंने बात कह दी है और उसमें किसी तरह की त्रुटि है तो आप इस बात को कह सकते हैं, अवसर ले सकते हैं मेरे से बोलने के लिये लेकिन बीच में उसकी व्याख्या करें यह अच्छा नहीं लगता। वाद-विवाद के नियम हैं, यह नियम के प्रतिकूल चीज है। इसलिये मैं माननीय सदस्यों से फिर निवेदन करूंगा कि वह कृपया शांतिपूर्वक सुनें। उसके बाद में जो माननीय सदस्य इस वाद-विवाद में फिर से हिस्सा लेना चाहेंगे तो मैं उनको फिर अवसर दूंगा"

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, दूदू से आने वाले माननीय सदस्य ने कहा कि उस तख्ती पर यह लिखा हुआ होगा कि श्री शिवचरण जी माथुर की हरिजन लड़की। यह रहस्य आपको ही मालूम है मुझे मालूम नहीं है...

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : हरिजन लड़की है तो सभी मानने के लिये तैयार हैं..

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं उसका ज्यादा विश्लेषण नहीं करना चाहता....

श्री श्रीराम गोटेवाला (राज्य मंत्री, पशुपालन) : अध्यक्ष महोदय, विपक्षी दल के नेता महोदय बहुत बड़े पुराने, बुजुर्ग, तजुर्बेकार, सारी परम्पराओं के पूरी तरह से जानकार हैं। जिस प्रकार से इन्होंने माननीय दूदू से आने वाले सदस्य से प्रश्न पूछा है कृपया बतायें इनकी भावना उनके अन्दर क्या है ?

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। माननीय सदस्य।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : एक बात कही माननीय श्री दूलाराम जी ने, और कुछ माननीय सदस्यों ने एक बात कही कि यह प्रश्न देवीसिंह जी भाटी ने उठाया है। मुझे इस बात की तो खुशी है, माननीय अध्यक्ष महोदय, आधे घन्टे के परिश्रम के बाद कुछ माननीय सदस्यों की इस बात को लेकर देवीसिंह के प्रति सहानुभूति पैदा हुई कि उन्होंने एक हरिजन महिला का मामला उठाया...

(व्यवधान)

श्री छोगालाल कंवरिया : यह मैंने नहीं कहा...

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : यह आपने कहा..

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर आर्डर। उनको अपने ढंग से कहने दीजिये। आर्डर। माननीय सदस्य

श्री भैरोंसिंह शेखावत : हर सेन्टेन्स पर कमेन्ट्स करने लगते हैं...

श्री अध्यक्ष : यह ठीक नहीं है, माननीय सदस्य। बैठे-बैठे बोलें और बीच में बोलें उनकी आलोचना, टीका-टिप्पणी करते रहें, यह उचित तरीका नहीं है। अगर कोई माननीय सदस्य वाद-विवाद में हिस्सा लेना चाहते हैं तो मैंने निवेदन किया, मैं आपको अवसर दूंगा

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, यहां हम पर यह भी आरोप लगाया गया है कि इस मामले को किसी ने नहीं उठाया। मुझे खेद है कि जिन माननीय सदस्यों को यह आपत्ति है अगर वह सदन में उपस्थित रहते तो उनको पता रहता कि यह मामला श्री ललितकिशोर चतुर्वेदी ने उठाया। अध्यक्ष महोदय ने व्यवस्था दी है कि तथ्यों की जानकारी की जा रही है...

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, इसलिए यह भ्रान्ति नहीं रहनी चाहिये कि इस के सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई मामला नहीं उठाया। अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं, क्या इस घटना से ज्यादा गम्भीर घटना सदन के इस सत्र मतलब 1983-84 में, विधान सभा 1980 से आरम्भ हुई उस समय से लेकर सदन के परिसर में इससे भी ज्यादा शर्मनाक घटना नहीं हुई ? क्या, अध्यक्ष महोदय, आपकी नालेज में नहीं है और क्या सदन की नालेज में नहीं है ? अभी दूदू से आने वाले माननीय सदस्य बोल रहे थे, हमारे सामने एक सदस्य ने उनको थप्पड़ मारा उस समय सदन क्यों चुप था

(व्यवधान)

सदन नहीं, सदन के परिसर का प्रश्न है यह...

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज।

श्री रामरघुनाथ चौधरी (डेगाना) : किसी ने नहीं मारा।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, उस समय किसी ने चिन्ता नहीं की। हमारे विधि मन्त्रीजी को जोधपुर में एक सदस्य ने थप्पड़ मारा। वह उस अदालत में गये।

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

उस समय किसी को शर्म नहीं आई। बोलिये, विधि मन्त्रीजी, मारा कि नहीं मारा? अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं . .

श्री अहमद बक्श सिन्धी : क्या कह रहे हैं, बिल्कुल XXX

श्री अध्यक्ष : XXX शब्द एक्सपन्ज किया जाय।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, बड़ी खुशी है, विधि मन्त्रीजी भी असंसदीय भाषा का प्रयोग करते हैं। इससे इस सरकार के स्तर का अनुमान लगाया जा सकता है।

श्री अहमद बक्श सिन्धी : यह तो आदत है आपकी, हरएक पर नाजायज और गलत इलजाम लगाने की।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आपको बताऊं··

श्री अहमद बक्श सिन्धी : आप अपने शब्द वापस लीजिये।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आप तो यह बता दीजिये, मानसिंह देवड़ा के खिलाफ आपने दावा प्रस्तुत किया था या नहीं किया था?

श्री अहमद बक्श सिन्धी : कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं साबित करूंगा। अध्यक्ष महोदय, यह तो आप जानते हैं, समाचार पत्रों में खबरें छपी हैं, इस प्रकार की बात हुई है।

श्री श्रीराम गोटेवाला : यह सारे तथ्य तोड़ मरोड़ कर कह कर पता नहीं क्या फायदा उठा रहे हैं..

(व्यवधान)

माननीय मानसिंहजी भी विराज रहे हैं।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य, आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य, कृपया..

(व्यवधान)

पाइन्ट आफ आर्डर।

श्री नरेन्द्र सिंह भाटी : माननीय विपक्ष के नेता महोदय, पिछले डेढ़ घण्टे से हाउस को गुमराह तो कर ही रहे हैं। मैं श्रीमान् को गुमराह होने से बचाना चाहता हूँ। मैं इनको चैलेन्ज करता हूं, इन्होंने अभी चैलेन्ज जो किया है वह साबित कर दें तो या तो वह इस्तीफा दे दें या मैं दे दूं।

(व्यवधान)

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन यह कर रहा था..

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : जवाब दो।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : जवाब दिया हुआ है, मानसिंहजी देवड़ा बैठे हैं।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर। आर्डर प्लीज। आर्डर, आर्डर।

XXX शब्द माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित किया गया।

श्री मानसिंह देवड़ा (सरदार शहर) : कोई थप्पड़ नहीं मारा।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं तो पूछना चाहता हूं, घटना क्या हुई. .

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। कृपया बाधा नहीं पहुंचायें। उनको आप अपनी बात कहने दीजिये। यदि आपको कोई आपत्ति हो तो मैं आपको अवसर दूंगा।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय अब नहीं बोल रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन यह कर रहा था कि माननीय सदस्य बड़े उत्तेजित हो रहे हैं सिन्धी साहब बड़े उत्तेजित हुए, मैं तो उनकी सहानुभूति में बोल रहा था। मैंने उनका विरोध नहीं किया। उनके साथ जो घटना हुई उस पर खेद प्रकट कर रहा था और वह उत्तेजित हो रहे थे। मैं, अध्यक्ष महोदय, इसलिए निवेदन करना चाहता हूं कि अय्याज. . .

(व्यवधान)

मैं, अध्यक्ष महोदय, उन बातों का जिक्र नहीं करना चाहता, कई घटनायें हुईं, कई घटनायें इस सदन के परिसर में हुईं। मैं इसलिए निवेदन करना चाहता हूं, अध्यक्ष महोदय. . .

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इसको आइसोलेटेड रूप में नहीं लिया जाय, इस रूप में नहीं लिया जाय कि श्री देवीसिंहजी तख्ती लगा कर आ गये। इन्होंने सदन का इतना बड़ा अपमान कर दिया कि इस सदन के अपमान के कारण इस सदन से इनका निष्कासन किया जाय। अध्यक्ष महोदय, इसकी गम्भीरता को देखा जाय. .

श्री अहमद बक्श सिंधी : यह तो आप मान चुके हैं।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष। आर्डर प्लीज। मंत्री महोदय।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, आप कितना ही कहो इन पर कोई असर नहीं होता।

(व्यवधान)

श्री मेघराज तावड़ : अध्यक्ष महोदय, XXX

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय हमारी भी स्थिति देखिये। अध्यक्ष महोदय, जो सदन में घटना हुई माननीय कंवरियाजी के साथ में हम उसे सदन में उठा सकते थे। जो सिन्धी साहब के साथ घटना हुई वह भी हम उठा सकते थे। अध्यक्ष महोदय, उन सब लोगों के साथ जो घटनायें हुईं वह भी हम सदन में उठा सकते थे। हमें कोई नहीं रोकता, हम भी विशेषाधिकार का प्रश्न ला सकते थे। अध्यक्ष महोदय, हम भी सदस्य के खिलाफ कार्यवाही करने की इस सदन में मांग कर सकते

XXX अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई।

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

थे लेकिन हमने मांग नहीं की। हमने इसलिए मांग नहीं की, आवेश में किसी सदस्य द्वारा कुछ कर दिया जाय, आवेश में कोई आदमी कुछ कह जाय, आवेश में किसी प्रकार की कोई घटना हो जाय तो उसका मेन्सरिया देखना पड़ेगा, इन्टेन्शन क्या है, देखना पड़ेगा, उसका बैक ग्राउण्ड क्या था वह देखना पड़ेगा, क्या उसने किसी प्रवोकेशन के अन्दर यह काम किया, यह देखना पड़ेगा। अध्यक्ष महोदय, उस समय हम भी अगर यही करते, एक सदस्य ने एक मन्त्री के थप्पड़ मार दिया उस सम्बन्ध में हाउस में प्रस्ताव रखा जाता . .

श्री हरिसिंह (महुआ) : यह मामला उठाया था।

(व्यवधान)

श्री भैरोंसिंह शेखावत : उठाया ना।

श्री हरिसिंह (महुआ) : उसकी सफाई हुई। माननीय सदस्य कंवरियाजी ने कहा कोई थप्पड़ नहीं मारा और भैरू सिंहजी ने कहा, कोई घटना नहीं हुई।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मुझे खुशी हुई कि अभी तक तो इन्कार कर रहे थे कि कोई घटना नहीं हुई और अब कहते हैं मामला भी उठा था।

श्री हरिसिंह (महुआ) : मामला उठने का मतलब घटना होना नहीं है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं इसलिए निवेदन करना चाहता हूं आप सब लोगों से, सदन के माननीय सदस्यों से और मन्त्रिमण्डल के सदस्यों से, मैं इस आधार पर निवेदन करना चाहता हूं कि जिस रूप में आप इस प्रस्ताव को लाकर पारित करवाना चाहते हैं उससे न आपको लाभ होगा, न जिसको सजा देना चाहते हैं उसको सजा मिलेगी, न सदन की गरिमा बढ़ेगी और न सदन अपने स्तर को ऊंचा करके जैसे एक न्यायालय के रूप में उसने कोई निर्णय किया है उस प्रकार की स्थिति पर पहुंचेगा। मैं इस आधार पर, अध्यक्ष महोदय, निवेदन करना चाहूंगा कि जब बहुमत के आधार पर कोई निर्णय लिया जाता है, पाशविक बहुमत के आधार पर कोई सदन फैसला करता है तो मैं बहुमत के अधिकार को तो चुनौती नहीं देता लेकिन उस बहुमत और अल्पमत के बीच में आसन है, आसन से हमेशा यह आशा की जाती है, अध्यक्ष महोदय, आप अल्पमत को प्रोटेक्शन दें, अल्पमत को संरक्षण दें। अध्यक्ष महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं . . .

श्री अध्यक्ष : संरक्षण कैसे दूं ? मत ज्यादा हो जायं तो कम कर दूं, यूं ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : नहीं, यह कभी नहीं। अध्यक्ष महोदय, बहुमत को अल्पमत में तो आप परिणत नहीं कर सकते, यह तो बिल्कुल निश्चित बात है लेकिन बहुमत को आप सही दिशा दे सकते हैं। वह नहीं देना चाहें तो आपकी मर्जी की बात है। मार्ग दर्शन आप बहुमत का कर सकते हैं। मेरा विश्वास है, अध्यक्ष महोदय, बहुमत लोकतन्त्र की परम्परा में विश्वास करता है। यदि आपने उनका सही मार्गदर्शन किया तो वह मानेंगे। अगर आपकी नीयत नहीं है, अध्यक्ष महोदय, तो हमको भगवान बचायेगा। मैं इसलिए निवेदन करना चाहता हूं, अध्यक्ष महोदय, . . .

128

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष - ऑर्डर प्लीज, माननीय सदस्य ।

श्री भरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं इसलिए निवेदन करना चाहता हूं कि श्री देवीसिंहजी ने जो कुछ किया है अच्छा नहीं किया, उसके लिए प्रारम्भ में, जब यह डिबेट प्रारम्भ हुई थी उस समय भी मैंने खेद प्रकट किया और अब भी खेद प्रकट करता हूं देवीसिंह जी की तरफ से ही नहीं, विरोधी दल में अन्य दल की ओर से विरोधी दल में जो अन्य दल हैं उन सबके नेता बोल चुके हैं और सबने खेद प्रकट किया है। हम सब खेद प्रकट करें और आप इस बात पर डटे रहें कि जो हमने प्रस्ताव पेश किया है वह तो ब्रह्म वाक्य है, इसमें किसी भी प्रकार का कोई संशोधन नहीं हो सकता तो, अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि यह प्रस्ताव डिफेक्टिव है। यह प्रस्ताव डिफेक्टिव है इसलिये दुरुस्त करने का तो आप मुख्य सचेतकजी को मौका दें। मैं ऐसा समझता हूं, डिफेक्टिव प्रस्ताव यदि सदन में पारित हो गया तो छीछालेदारी जबरदस्त होगी। वह छीछालेदारी इतनी होगी, अध्यक्ष महोदय, लोग इस घटना को भूल जायेंगे और सारे 200 विधायकों की बुद्धि पर लोगों को तरस आयेगा। इसलिए मैं यह निवेदन करना चाहता हूं ....

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं सत्ता पक्ष के माननीय सदस्य जो बैठे हैं उनसे, और मुख्य सचेतक जी, जो सरकार के प्रवक्ता हैं, से कि इस सारे प्रश्न के ऊपर देवीसिंहजी को आइसोलेट करके नहीं देखें।

अध्यक्ष महोदय, श्री देवीसिंह भाटी के हाथ से जो भी घटना हो गयी इस घटना को आइसोलेट करके इस विषय पर चिन्तन नहीं करें। इस तरह चिन्तन करें कि इसके परिणाम क्या होंगे। उन परिणामों को सामने रख कर इस पर चिन्तन करें और इस आधार पर ही निर्णय करें।

अध्यक्ष महोदय, मैं अन्त में यह निवेदन करना चाहूंगा कि आप सत्तारूढ़ दल का इस प्रकार से मार्ग दर्शन करें कि विधान सभा द्वारा की गई कार्यवाही कोई ऐसी कार्यवाही नहीं है कि जिस कार्यवाही को लेकर हम जनता में चर्चा का विषय बन जायं, दुनिया उसकी चर्चा करें, आलोचना करे। बाकी तो जो कुछ बहुमत को करना है वह करेगा लेकिन मेरा विश्वास है कि कई माननीय सदस्य, जो पुराने हैं, नये हैं, अनुभवी हैं, इस सारे प्रश्न पर गम्भीरता से चिन्तन करके निर्णय लेंगे। इस आधार पर जो कुछ भी यहां पर, अध्यक्ष महोदय, आपकी व्यवस्था होगी उसके अनुसार कार्य हो और वह कार्य सदन की गरिमा के अनुकूल हो। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री देवीसिंह भाटी।

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : मैं बोलना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री देवीसिंह भाटी। आप माननीय सदस्य, बाद में बोल लें। श्री देवी सिंह भाटी।

श्री देवीसिंह भाटी : अध्यक्ष महोदय, मैंने पूर्व में भी एक स्थगन प्रस्ताव दिया था वह आपकी जानकारी में भी है उस समय भी आपने मुझे बोलने की इजाजत नहीं दी। मैं अपनी बात दो मिनट में कह दूं। किस्सा यह है कि बीकानेर में खारा गांव में मरजा देवी के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ।

एक माननीय सदस्य : किसके साथ? क्या नाम है?

श्री देवीसिंह भाटी : मरजा देवी। अध्यक्ष महोदय, उसके बाद में यह दूसरी घटना है। यह घटना मंजु देवी से सम्बन्धित है। इसकी मुझे मेरे क्षेत्र के लोगों द्वारा एक प्रकार से भावनात्मक तरीके से जानकारी दी और आतंकित होकर इस प्रकार की भावना प्रकट की कि हमारे साथ इस प्रकार से सामूहिक बलात्कार हो रहे हैं। हम उन फोर्सेज का नाम नहीं लेना चाहते हैं जिनकी वजह से ऐसा कुछ हो रहा है इसलिये हमें कृपया आप सरकार की ओर से ऐसा प्रोटेक्शन दिलायें कि जिससे हमें कम से कम इतना विश्वास हो जाय कि निश्चित तौर पर सरकार इस सम्बन्ध में चिन्तित है, हम लोग अपनी इज्जत लिये बैठे रहें।

अध्यक्ष महोदय, भावनाओं में आकर जल्दी में जो भी कार्य मैंने यहां पर किया जिस प्रकार से सदन में सभी माननीय सदस्यों को अपनी बात कही उसमें मेरी नीयत कतई ऐसी नहीं थी कि श्रीमान माथुर साहब के परिवार के प्रति अपनी कोई ऐसी भावना प्रकट करूं जिससे उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचे। मेरी भावना कतई ऐसी नहीं थी कि सदन की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उसके उपरान्त भी, अध्यक्ष महोदय, सदन यह समझता है कि उनकी भावनाओं को ठेस पहुंची है तो मुझे उसके लिए खेद है।

श्री अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया जाय। कल तक के लिये।

श्री खेतसिंह राठौड़ : तो फिर आज डिमाण्ड का क्या होगा।

श्री अध्यक्ष : आज की डिमाण्ड आगे किसी दिन ले ली जायेगी।

श्री खेतसिंह राठौड़ : तो आप आज अब स्थगित कर रहे हैं।

श्री अध्यक्ष : एजुकेशन की इतनी बड़ी डिमाण्ड है।

श्री बृजसुन्दर शर्मा (वित्त मंत्री) : आधे घन्टे तक के लिये अभी स्थगित कर दिया जाय। उसके बाद में ले लें।

श्री अध्यक्ष : आधा घन्टे के लिये कौन से विषय पर चर्चा करें।

श्री बृजसुन्दर शर्मा : इसके बारे में कर लें। आप जब सन्तुष्ट हो जावें तो फिर उसके बाद··

श्री अध्यक्ष : तत्काल इस विवादास्पद विषय पर फैसला नहीं करें। इस पर सोच विचार कर निर्णय करें।

(व्यवधान)

(श्री अध्यक्ष)

इस पर तत्काल निर्णय नहीं होगा। सोच कर निर्णय होगा।

श्री बृजसुन्दर शर्मा : तो एक और आल्टर-नेटिव है। यह विषय जो है इस पर तो चर्चा यहीं पर समाप्त कर दी जाय और आज की डिमाण्ड को ले लिया जाय। उस पर वाद-विवाद हो जाय।

श्री अध्यक्ष : आज माननीय सदस्य मेरे ख्याल से इस मूड में नहीं है कि अब इस पर चर्चा करें। एक दो माननीय सदस्य बोलना चाहें तो बोल लें।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैंने आपसे पहले ही निवेदन किया था कि जब सभी कांग्रेसी सदस्य बोल लें उसके पश्चात् मुझे बोलने का मौका दें।

श्री अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही · · ·

श्री दिनेश डांगी : अध्यक्ष महोदय, आप इस पर निर्णय नहीं कर रहे हैं। अगर आप निर्णय नहीं कर रहे हैं तो मुझे बोलने का मौका दें। आप निर्णय कर रहे हैं तो मुझे नहीं बोलना। विपक्ष के नेता महोदय ने जिस प्रकार से हरिजनों के नाम का फायदा उठाने की कोशिश की · · ·

श्री अध्यक्ष : तो ऐसा है कि अब तनाव की स्थिति है अब कार्यवाही स्थगित कर दी जाय।

सदन की कार्यवाही कल प्रात: 11 बजे तक के लिये स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की कार्यवाही म. प. 5.26 बजे शुक्रवार दिनांक 11 मार्च, 1983 के म. प. 11.00 बजे तक के लिये स्थगित हुई)

परिशिष्ट–1

तारांकित प्रश्न संख्या 399 की सूची

परिशिष्ट "अ"

पिछले वर्ष का पाटा को एडवान्स जमा रुपया 13,925.00

माह	खनिज निर्गमन खनिज	डम्पर ट्रिप्स	प्राप्त रायल्टी की राशि (रु. में)
अप्रैल, 77	53600	5360	1,20,075.00
मई, 77	54680	5488	1,37,200.00
